॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

२२

आदर्श-
हिन्दी-संस्कृत-कोशः

डॉ० रामसरूप 'रसिकेश'

शास्त्री, एम० ए०, एम० ओ० एल० (संस्कृत), एम० ए०
पी-एच० डी० (हिन्दी), विद्यावाचस्पति (धर्म०)
पूर्व-प्राध्यापक, डी० ए० वी० कालेज (लाहौर), हंसराज कालेज
(दिल्ली) तथा दिल्ली विश्वविद्यालय

चौखम्बा विद्याभवन

वाराणसी २२१००१

चौखम्बा विद्याभवन
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक-विक्रेता)
चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे),
पोस्ट बाक्स नं० ६९
वाराणसी २२१००१

द्वितीय संस्करण
१९७९

अन्य प्राप्तिस्थान—
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक-विक्रेता)
के० ३७/११७, गोपाल मन्दिर लेन
पोस्ट बाक्स नं० १२९
वाराणसी २२१००१

मुद्रक—
श्रीजी मुद्रणालय
वाराणसी

THE

VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA

32

ĀDARSA-

HINDĪ-SANSKṚT-KOŚA

By

Dr Ramsarupa 'Rasikesha'

Shastri M A, M O L (San), M A Ph D, (Hindi), Vidyavachaspati (Dharmashastra)

Ex Professor

D A V College (Lahore), Hansraja College (Delhi) and Delhi University

THE

CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

VARANASI

समर्पणम्

दिवङ्गतां जननीं

सीतां

प्रति

नमस्कृत्य वदामि त्वां यदि पुण्य मया कृतम् ।
अन्यस्यामपि जात्यां मे त्वमेव जननी भव ॥

प्राक्कथन

प्रोफेसर विश्वबन्धु शास्त्री

M A, M O L., d'A Kt, C. T.

आदरणीय संचालक, विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान

संस्कृत भाषा का विशाल, सर्वतोमुख साहित्य ही, निःसंदेह, वह सर्वोत्तम बपौती है, जो प्राचीन भारत से नवभारत को मिली है। संस्कृत-भाषा अतीव चिरंजीविनी है, वस्तुतः, अमिट और अमर है। सहस्रों वर्ष पूर्व के हमारे पुरखा इसी देववाणी के द्वारा अपना सब वाग्व्यवहार चलाते थे। धीरे-धीरे फिर वह समय आया, जब शिक्षित जन ही इसका शुद्ध प्रयोग कर पाते थे और शेष-सर्व-साधारण लोग इसके अनेक विकृत रूपों का प्रयोग करने लगे थे। वही विकृत रूप, पीछे—पाली, प्राकृत तथा अपभ्रंश कहलाए और बोल-चाल एवं साहित्य-सृष्टि के समुन्नत माध्यम भी बने। परन्तु, उस समय भी, साधारण जनता भले ही शुद्ध संस्कृत न बोल सकती हो, वह, अवश्य, उसे समझ लेती थी। संस्कृत की वही अमिट छाप हमारी आधुनिक भारतीय भाषाओं पर भी पड़ी हुई है, जिसके कारण, हमारे आज के विभिन्न प्रादेशिक वाग्व्यवहार के अन्दर ४०-५० से लेकर ८०-९० प्रतिशत तक, मानो, स्वयं संस्कृत-भाषा ही बोली और लिखी जा रही है। शुद्ध संस्कृत के माध्यम से होने वाली साहित्य-सृष्टि तो कभी रुकी ही नहीं। प्राचीन तथा मध्यकालीन युगों की बात तो अलग रही, आज के युग में भी संस्कृत-भाषा के सभी प्रकार के साहित्य की सृष्टि बराबर चालू है। आशा प्रतीत होती है कि देश की स्वतन्त्रता के साक्षात् फलस्वरूप राष्ट्रीय चेतना इस ओर प्रतिदिन अधिकाधिक जागरूक होती जायेगी।

यह प्रसन्नता की बात है कि देश-भर में जहाँ-तहाँ अभियुक्त जन इस समय संस्कृताध्ययन के रङ्ग-ढङ्ग को सरलतर बनाने के प्रयत्न में लग रहे हैं। एतदर्थ कई प्रकार के अभिनव शिक्षण-क्रमों का आविष्कार तथा साधन-भूत सहायक साहित्य का निर्माण किया जा रहा है। प्रस्तुत 'आदर्श-हिन्दी-संस्कृत-कोश' उक्त सहायक साहित्य के ही अन्तर्गत एक उत्तम रचना है। इसके सुयोग्य लेखक ने इसे सब प्रकार से उपयोगी बनाने के लिए सफल प्रयास किया है।

एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करना सुकर नहीं होता। जब तक दोनों भाषाओं के प्रयोग-स्वारस्य का अच्छा बोध प्राप्त न किया हो, तब तक मक्खी पर मक्खी मारने के अतिरिक्त और कुछ सिद्ध नहीं किया जा सकता। एतदर्थ छात्रों को चाहिए कि दोनों भाषाओं के सत्साहित्य के सागर में स्वतन्त्र रूप से खुला अवगाहन करें। कोई भी व्याकरण या कोश का ग्रन्थ इस प्रधान साधन का स्थान नहीं ले सकता। परन्तु उक्त विस्तृत पठन के साथ-साथ, प्रतिदिन के कार्याभ्यास में प्रस्तुत कोश ऐसे सहायक ग्रन्थों का निश्चय ही अपना स्थान एवम् उपयोग है।

इस कोश में जिन सुविपुल विशेषताओं का आधान करते हुए इसे गुणवत्तर बनाया गया है, इसको 'प्रस्तावना' में उनका विवरण भली प्रकार से कर दिया गया है। छात्रों को चाहिए कि इसकी 'प्रस्तावना' के पाठ द्वारा उन विशेषताओं का परिज्ञान प्राप्त करते हुए इसका सदुपयोग करते रहें, जिससे उन्हें पूर्ण सफलता प्राप्त हो सके।

साधु आश्रम, होशियारपुर
१६-६-५७

—विश्वबन्धु

डॉ० राम सरूप 'रसिकेश'

प्रस्तावना

(द्वितीय संस्करण)

'आदर्श हिन्दी-संस्कृत कोश' की उपयोगिता व लोकप्रियता इसी से प्रमाणित है कि इसका प्रथम संस्करण शीघ्र ही समाप्त हो गया और इसकी माँग, शुक्ल पक्ष के चाँद के समान, निरन्तर बढ़ती ही गई। संस्कृत प्रेमियों, पुस्तक विक्रेताओं, प्रकाशक व लेखक सभी की उत्कट इच्छा थी कि द्वितीय संस्करण यथाशीघ्र प्रकाशित हो, जिससे देववाणी की अधिकाधिक उन्नति हो। परन्तु, इस संसार में परिस्थितियाँ कभी-कभार ऐसा प्रतिकूल रूप धारण कर लेती हैं कि उन पर विजय पाना दुष्कर हो जाता है। यही कारण है कि संस्कृत प्रेमियों को सुदीर्घकाल तक अप्रत्याशित प्रतीक्षा करनी पड़ी, जिसके लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं। अस्तु।

सभी भाषा शास्त्री जानते हैं कि कोई भी जीवन्त भाषा वर्षों तक एक ही रूप में नहीं रहती। उसके शब्द भंडार आदि में परिवर्तन होता ही रहता है। इसी नियमानुसार दो दशाब्दियों में हिन्दी शब्द भंडार का पर्याप्त विस्तार हुआ और परिणामत: हमने भी कोश का परिवर्द्धित संस्करण ही प्रकाशित करना समीचीन समझा। प्रथम संस्करण में कुछ अशुद्धियाँ भी रह गई थीं। उनका संशोधन भी अपना पवित्र कर्तव्य था। इस कार्य में हमें अपने मित्र प्रो० गोपालदत्त पाण्डेय, पूर्व-उपनिदेशक, शिक्षाविभाग, उत्तर प्रदेश, ने स्तुत्य सहयोग दिया है, जिसके लिए हम उनके ऋणी हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने 'संस्कृत-कोशों का उद्भव और विकास' शीर्षक अनुसन्धानात्मक निबन्ध भी लिखा है, जिससे संस्कृत प्रेमियों को इस विषय की रोचक व मूल्यवती जानकारी भी उपलब्ध होगी। कोश के सम्बन्ध में जिन विश्रुत विद्वानों ने स्वामूल्य सम्मतियाँ प्रदान की हैं उनके प्रति हम हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। साथ ही कृतज्ञ हैं चौखम्बा विद्याभवन के संचालक श्री वल्लभदास गुप्त के जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी कोश को प्रस्तुत सुन्दर रूप में प्रकाशित किया है। हमें विश्वास है कि प्रस्तुत संस्करण पूर्व की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

पाठकों से निवेदन है कि प्रथम संस्करण की प्रस्तावना को भी सावधानता से पढ़ने की कृपा करें, क्योंकि इसके बिना वे कोश से यथेष्ट लाभ न उठा सकेंगे।

अन्त में, विद्वज्जनों व अध्यापक-वर्ग से सादर निवेदन है कि प्रस्तुत संस्करण की त्रुटियों की ओर हमारा ध्यान अवश्य आकर्षित करें ताकि कोश के आगामी संस्करण शुद्धतर रूप में प्रकाशित हो सकें। धन्यवाद।

डी-२४२
नया राजेन्द्रनगर
नई दिल्ली—११००७०
वैशाखी—२०३६ वि०

विनीत,
रामसरूप

प्रस्तावना

(प्रथम संस्करण)

संस्कृत का अध्ययनाध्यापन करते समय और कभी हिन्दी शब्दों के संस्कृत पर्यायों की जिज्ञासा के समय अनेक बार हिन्दी-संस्कृत-कोश की आवश्यकता प्रतीत होती थी। बाजार में कोई भी ऐसा कोश प्राप्य न था जो स्कूलों, कालेजों, गुरुकुलों, ऋषिकुलों आदि की उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों तथा संस्कृताध्ययन के इच्छुक प्रौढ़ सज्जनों और अध्यापकों की आवश्यकताएँ पूर्ण कर सके। यह देखकर दुःख भी होता था और आश्चर्य भी कि सात समुद्र पार से आई हुई अंग्रेजी भाषा के कुछ लाख ज्ञाताओं के लिए तो अंग्रेजी-संस्कृत-कोश प्रकाशित हो चुके हैं परन्तु करोड़ों हिन्दी प्रेमियों के पास ऐसा कोई कोश नहीं जिससे वे संस्कृताध्ययन में सहायता प्राप्त कर सकें। संस्कृतानुराग और उक्त अभाव की प्रबल प्रेरणा से मैं १९४३ ई. में कोश संकलन में लग गया और लगभग चार वर्ष के परिश्रम से इस बृहत्कार्य को सम्पन्न कर पाया। देश का विभाजन न होता तो सम्भवतः यह कोश दस वर्ष पूर्व ही प्रकाशित हो जाता, परन्तु परिस्थितियों की प्रतिकूलता के कारण यह अब प्रकाशित हो रहा है— 'दैवी विचित्रा गतिः'।

जिन दिनों मैंने कोश का संकलन आरम्भ करने को था उन दिनों हिन्दी-उर्दू-हिन्दुस्तानी का प्रश्न जोर शोर से छिड़ा हुआ था। प्रत्येक भाषा के प्रेमी स्व-स्व पक्ष की पुष्टि के लिए अनेक युक्तायुक्त युक्तियाँ प्रस्तुत करते थे। तब मेरे सम्मुख प्रश्न यह उठा कि मूल (अनूद्य) शब्दों में विशुद्ध हिन्दी के ही शब्द रखे जाएँ या विदेशी शब्द भी। सोच विचार के पश्चात् मैंने यही उचित समझा कि इसके मूल शब्दों में फ़ारसी, अरबी, तुर्की, अंग्रेजी आदि विदेशी भाषाओं के भी प्रचलित शब्द अवश्य रखने चाहिए। उसी निश्चय का परिणाम यह है कि कोश के प्रायः प्रत्येक पृष्ठ पर पाँच-सात विदेशी शब्द, जो शताब्दियों के प्रयोग से स्वदेशी बन गये हैं, आपको मिल ही जाएँगे। इसका सुफल यह होगा कि हिन्दी के राष्ट्रभाषा बन जाने और परिणामतः प्रत्येक भारतीय के हिन्दी से परिचित हो जाने के कारण उन अन्यमतावलम्बियों को भी संस्कृत सीखने में अधिक सुविधा हो जाएगी, जिनकी भाषाओं के प्रचलित शब्द इस कोश में संगृहीत कर लिये गये हैं। मूल शब्दों के चुनाव के समय दूसरी समस्या पारिभाषिक शब्दों की थी। प्रत्येक कला और विज्ञान से सम्बन्धित सहस्रों पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग प्रायः उन्हीं विषयों के विद्यार्थियों और अध्यापकों तक ही सीमित रहता है। प्रस्तुत कोश में उन सबका संकलन न सम्भव था, न वाञ्छनीय। इसीलिए मैंने भौतिकी, रसायन, भूगोल, गणित, ज्योतिष, वैद्यक आदि के उन्हीं अत्यन्त प्रसिद्ध शब्दों को संगृहीत किया है जो जन सामान्य या सामान्य शिक्षित जनता द्वारा प्रतिदिन प्रयुक्त होते हैं। कोश के मूल शब्दों की संख्या लगभग ३०००० है जिनमें ४००० के लगभग तथाकथित विदेशी शब्द, पारिभाषिक शब्द तथा मुहावरे भी सम्मिलित हैं।

कई कोशों में सम-रूप विभिन्न शब्द एक ही शब्द के नीचे मुद्रित रहते हैं। प्रस्तुत कोश में ऐसा नहीं किया गया। कारण, जब स्रोत (आकर भाषा) और व्युत्पत्ति पृथक्-पृथक् हों तो शब्दों के पार्थक्य में सन्देह नहीं रहता। ऐसी दशा में उन्हें, केवल रूपसाम्य के कारण, एक ही शब्द के अन्तर्गत रखना मुझे उचित नहीं जँचा। ऐसे समरूप शब्दों के ऊपर १, २, ३, ४ आदि के चिह्न लगा दिये गये हैं जिससे उनमें से किसी की ओर निर्देश करते समय कठिनता न हो, उदाहरणार्थ 'आम' और 'आया' शब्द देखिये। इस कोश में प्रत्येक मूल शब्द को तो स्वतन्त्र स्थान दिया गया है परन्तु उससे बने हुए समस्त शब्दों या मुहावरों को अधिकतर मूल शब्दों के नीचे ही

१९४७ की मई में जब साम्प्रदायिक दंगों के कारण डी ए वी कालेज, लाहौर, पूर्व वर्षों की अपेक्षा कुछ शीघ्र ही बन्द हो गया तब कालेज के छात्रावास को अपने घर से अधिक सुरक्षित समझ मैं कोश की पांडुलिपि को एक बक्स में बन्द कर वहीं छोड़ बैजनाथ (पूर्वी पंजाब) चला आया। बाद में वहाँ जो लूट-मार हुई, उसके वृत्त सुन-सुनकर यही विचार आता था कि मेरा 'कोश' भी लुट ही गया होगा। मैं इसकी खोज में, जान जोखिम में डालकर, सितम्बर १९४७ में लाहौर गया परन्तु कुछ पता न चला। दूसरी बार जब दिसम्बर १९४७ में फिर गया तो सौभाग्यवश यह सुरक्षित मिल गया। उन दिनों लाहौर का डी ए वी कालेज और उसका छात्रावास शरणार्थी-कैम्प बना हुआ था। किसी शरणार्थी भाई ने बक्स को तो छोड़ा न था, परन्तु कोश को छेड़ा न था। कैम्प के स्वयंसेवकों ने इसे कोई काम की वस्तु समझ, सँभाल रखा था। इस अवसर पर मैं उस अज्ञात शरणार्थी भाई को जिसने इसे ज्यों-का-त्यों रहने दिया और उन अपरिचित स्वयंसेवकों को जिन्होंने इसे कई मास तक सँभाले रखा, हार्दिक धन्यवाद देना अपना पवित्र कर्तव्य समझता हूँ।

कोश के प्रूफ, मेरे मित्र श्री हरिवल्लभ शास्त्री यदि परिश्रमपूर्वक न देखते तो इस सूक्ष्म बृहत्काय में बहुत त्रुटियाँ रह जातीं। दो परिशिष्टों के सम्पादन में मेरे मित्र प्रो० लाजपतराय एम ए ने मेरा हाथ बँटाया है। इन दोनों सज्जनों के प्रति भी मैं कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। अन्त में कोश के प्रकाशकों के प्रति भी अपना आभार प्रदर्शित करता हूँ जिन्होंने इसे सुन्दर रूप में थोड़े ही समय में प्रकाशित कर दिया है।

मनुष्य को अपनी तथा अपनी कृतियों की त्रुटियाँ स्वभावतः ही कम दिखाई देती हैं। इसी नियम के अनुसार मैं भी प्रस्तुत पुस्तक की न्यूनताओं और भ्रान्तियों से अज्ञात ही परिचित हूँ। अतः सब ज्ञाताज्ञात भूलों के लिए क्षमा-याचना करता हुआ मैं विद्वद्वृन्द से निवेदन करता हूँ कि वे कृष्णकवि की निम्नांकित सूक्ति—

दोषाक्षिरस्य गृह्णन्तु गुणमस्या मनीषिणः ।
पांसूनपास्य मत्वया मकरन्दमिवालयः ॥

के अनुसार मिलिन्दवत् अरविन्द के मकरन्द का पान और पराग का परित्याग कर मुझे मेरी त्रुटियों से परिचित करायें तथा ऐसे अमूल्य सुझाव भेजें जिनसे कोश का आगामी संस्करण अधिक निर्दोष और उपयोगी हो सके। प्रभु से प्रार्थना है कि उस देववाणी संस्कृत का भूतल पर अधिकाधिक प्रसार हो जिसकी साहित्य-सुधा का आनन्द आज भारतभूमि के भी इने गिने इने-गिने लोग ले रहे हैं।

डी-१४१
शारदानिकेतन
राजेन्द्र नगर, दिल्ली
दीपावली सं० २०१४

विनीत,
रामसरूप

विद्वत्सम्मतिसार

M ANANTHASAYANAM AYYANGAR

SPEAKER LOK SABHA)

I went through a portion of the Hindi-Sanskrit Dictionary prepared by Prof Ram Saroop, Prof of Hindi and Sanskrit, Hans Raj College, Delhi The pages have been taken at random from the middle of the book Almost every word in Hindi in ordinary use and even those that are rarely used has been noticed in this book

There are many Sanskrit-Hindi Dictionaries, but correspondingly there is practically no Hindi-Sanskrit Dictionary. Sanskrit is the mother of Hindi and all the northern Indian Languages Any new expressions have to be coined from Sanskrit source It is therefore necessary that any body who desires to have a proficiency in Hindi should have equally good knowledge of Sanskrit All Hindi writers and those in regional languages have been great Sanskrit scholars In fact they did not read regional language by itself at any time After acquiring proficiency in Sanskrit they automatically and without any special attempt, and with little or no effort, became proficient in their own respective language.

I welcome such a book and I hope and trust that it will be found useful not only by scholars but also by laymen who ought to have a working knowledge of Sanskrit if they want to acquire a good knowledge of Hindi A Dictionary of this type is worth having in every library

Prof VISHVA BANDHU, M A, M O L.

(Director, V. V. R. Institute, Hoshiarpur.)

It has given me real satisfaction to find that he has taken pains in this behalf and succeeded in producing a handy work which should be of great help to those who may be learning the somewhat difficult art of translating modern Hindi originals into the ancient language of gods

Dr SURYA KANT SHASTRI, D Litt, D Phil

(Hindu University, Varanasi)

In my opinion this dictionary will prove of great help to the students of Hindi and Sanskrit, since a dictionary of this type and size is not available in the market

Dr N N CHOWDHURI, M A, D Litt.

(Reader in Sanskrit, University of Delhi)

I have read with great interest a part of the manuscript copy of your Hindi-Sanskrit dictionary A book of this type is urgently needed in these days I congratulate you on this excellent work you have under-taken

श्री एन वी गाडगिल, एम पी

श्री रामसरूप शास्त्री द्वारा सम्पादित 'हिन्दी संस्कृत कोश' के कुछ मुद्रित पृष्ठ पढने का अवसर प्राप्त हुआ। सूक्ष्म दृष्टि से उन पत्रों को देखकर इस बात से प्रसन्नता हुई कि प्रियवर शास्त्रीजी ने इतना सुन्दर, सुव्यवस्थित और उपयुक्त कार्य किया है कि इस कार्य से वे समाज के ऋण से उऋण ही नहीं हुए, वरन उन्होंने समाज को उपकृत भी किया है।

लेखक महोदय को इस महत्त्वपूर्ण स्तुत्य कार्य के लिए बधाई देता हूँ।

केदारनाथ शर्मा, सारस्वत

सम्पादक—'संस्कृतरत्नाकर'

मन्त्री, अखिलभारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन

श्रीयुत रामसरूप शास्त्री एम ए, एम ओ एल, विद्यावाचस्पति, प्रोफेसर, हंसराज कालेज, देहली द्वारा सम्पादित हिन्दी संस्कृत कोश का कुछ भाग देखने का अवसर मिला है। मैं जो कुछ देख सका उसके आधार पर यह कह सकता हूं कि यह इस युग के अनुकूल और आवश्यक प्रयत्न है।

इस समय ऐसे प्रामाणिक कोश का अभाव जबकि देश का ध्यान संस्कृत की ओर आकृष्ट हो रहा हो, बहुत खटक रहा था। *मुझे विश्वास है—इस अभाव की बहुत कुछ पूर्ति इस कोश से* हो सकेगी। सम्पादक महोदय का यह प्रयत्न सर्वथा स्तुत्य और श्लाघ्य है। इसके अधिकाधिक प्रयोग और प्रचार की कामना करता हूं।

महामहोपाध्याय श्री प० परमेश्वरानन्द शास्त्री, विद्याभास्कर

(ओरिएण्टल कालेज, जालधर, पूर्व प्रिंसिपल, सनातनधर्म संस्कृत कालेज, लाहौर)

प्रोफेसर श्रीरामसरूप शास्त्री, एम ए, एम ओ एल, विद्यावाचस्पति विरचित 'हिन्दी संस्कृत कोश' को देखकर मेरा हृदय अत्यन्त प्रसन्न हुआ। मूल हिन्दी शब्दों के संस्कृत में पर्याय देने वाला कोश मेरी दृष्टि में यह पहला ही है। ऐसे कोश की बहुत समय से बड़ी भारी आवश्यकता समझी जा रही थी। संस्कृत के विद्वान अपने छात्रों को अनुवाद की शिक्षा देते हुए बड़ा कठिनाई अनुभव करते थे और करते हैं। संस्कृत भाषा का व्यवहार में प्रचलन न होने के कारण हिन्दी शब्दों के संस्कृत पर्याय ढूँढने में उन्हें बड़ी मुश्किल पड़ती है। इस मुश्किल को विद्यावाचस्पति श्रीरामसरूप शास्त्रीजी ने हिन्दी-संस्कृत कोश की रचना करके बहुत अंशों में हल कर दिया है। इस उपकार के लिए संस्कृत के अध्यापक और उनके शिष्य प्रोफेसर महोदय के अत्यन्त आभारी होंगे, ऐसी आशा है।

हिन्दी माध्यम के द्वारा संस्कृत शिक्षार्थियों के लिये तथा हिन्दी मार्ग में अग्रसर होने के लिए संस्कृत के विद्वानों के लिए भी—यह कोश अत्यन्त उपयोगी है। स्कूल कालेजों में, संस्कृत

पाठशालाओं में सस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद करने में यह कोश अच्छा सहायक सिद्ध होगा—ऐसी मुझे पूर्ण आशा है।

इस कोश ने केवल हिन्दी की ही नहीं, अपितु सस्कृत की भी श्रीवृद्धि की है, अतः दोनों भाषाओं के प्रेमियों की ओर से विद्वान् ग्रन्थकार धन्यवाद के पात्र हैं।

प्रो० इन्द्र विद्यावाचस्पति एम पी

(चन्द्रलोक जवाहरनगर, दिल्ली)

हंसराज कालेज, दिल्ली के प्रो. रामसरूप एम ए, एम ओ एल. ने अपने आदर्श हिन्दी-संस्कृत कोश का कुछ भाग मुझे दिखाया है। कोश में हिन्दी के तीन हजार शब्दों के व्युत्पत्ति-सहित संस्कृत पर्याय दिये गये हैं। अभी तक ऐसे कोश का अभाव था। प्रो रामसरूपजी का यह प्रयत्न उस अभाव की पूर्ति कर देगा। "इसमें सन्देह नहीं कि इतनी ज्ञातव्य बातों से यह कोश अत्यन्त उपयोगी होगा।

श्री० दा० सातवलेकर

(अध्यक्ष, स्वाध्याय मंडल, पारडी जि० सूरत)

आपका यह कोश संस्कृत सीखने वालों के लिए तथा संस्कृत शिक्षकों के लिए अत्यन्त उपयोगी होगा, इसमें सन्देह नहीं है।

पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु

(मोतीझील, वाराणसी)

'यह ग्रन्थ संस्कृत के छात्रों तथा अध्यापकों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। हिन्दी से संस्कृत बनाने वालों को बहुत लाभ होगा। इस विषय पर आगे काम करने वालों को भी इससे बहुत सहायता मिलेगी। इससे इस विषय में उत्तरोत्तर उन्नति का मार्ग खुलेगा। इस दृष्टि से इस ग्रन्थ की उपादेयता और बढ़ जाती है।'

प्रो० चारुदेव शास्त्री

एम. ए., एम. ओ. एल.

(पूर्व प्राध्यापक, डी ए वी कालेज, लाहौर)

प्राध्यापकेन श्रीरामसरूपशास्त्रिणा प्रणीतो हिन्दी-संस्कृतकोशो मया केषुचित्स्थलेष्वालोचित । इदम्प्रथमः प्रयास इति प्रशस्य.। महानत्र शब्दराशि सगृहीत.। प्रतिहिन्दीशब्दमनेकं संस्कृतमभिधानमुपन्यस्तम्। तत्रोपन्यासेऽपि प्रसिद्धमपेक्ष्य विशिष्टानुपूर्वी समाश्रिता येनैतदुपयोक्तारः परपरतराञ्छब्दान् विहाय पूर्वपूर्वतरान् प्रयोक्ष्यन्ते प्रसिद्धि च नातिक्रमिष्यन्ति। सर्वस्मिन् भारते व्यवहारमवतीर्णायां हिन्द्यामीदृक्ष कोशोऽत्यन्तमपेक्षितोऽभूदिति स्थाने प्रयत्त शास्त्रिवर्येण विदांवरेण।

वासुदेव द्विवेदी शास्त्री

(सार्वभौम संस्कृत प्रचार कार्यालय, वाराणसी)

प्रो० रामसरूप शास्त्री द्वारा सङ्कलित एवं सम्पादित "आदर्श हिन्दी संस्कृत कोश" के द्वितीय संस्करण को देखकर हार्दिक प्रसन्नता हुई। हिन्दी-संस्कृत कोश के क्षेत्र में यही एक ऐसा कोश था जो आकार, शब्दसंख्या एवं उपयोगिता की दृष्टि से सर्वोत्तम था और इसीलिये इसका अभाव बहुत दिनों तक खटक रहा था। सैकड़ों जिज्ञासुओं को तो मैंने ही इस कोश की सूचना दी होगी पर जब उन्हें यह मालूम हो जाता था कि यह कोश सम्प्रति उपलब्ध नहीं है तो वे हार्दिक दुःख प्रकट करते थे और चाहते थे कि यह कोश किसी प्रकार उन्हें उपलब्ध हो जाय। आज माननीय शास्त्रीजी ने इसका पुनः सम्पादन तथा चौखम्बा विद्याभवन ने इसका प्रकाशन कर जो असंख्य लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति की है इसके लिये ये दोनों हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

यह कहने की आवश्यकता नहीं कि हिन्दी संस्कृत कोश का सम्पादन संस्कृत हिन्दी कोश के सम्पादन की अपेक्षा एक कठिन कार्य है। कारण कि आज की हिन्दी में अरबी, फारसी एवं अंग्रेजी के भी बहुत से शब्द प्रचलित हो गये हैं। इसके अतिरिक्त देशी तथा लोकभाषाओं के शब्दों की भी संख्या कुछ कम नहीं है। फारसी, अरबी तथा अंग्रेजी के पारिभाषिक शब्दों का एक विशाल भण्डार अलग ही है। इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द पुरानी संस्कृत में नहीं मिलते अतः उनके लिये नये संस्कृत शब्दों का निर्माण करना पड़ता है जो साधारण विद्वान् से संभव नहीं है।

यही स्थिति उन सभी शब्दकोशों में पाई जाती है जो अंग्रेजी, बँगला, मराठी, गुजराती, तमिल एवं तेलगू आदि भाषाओं से संस्कृत में लिखे गये हैं। मेरे कार्यालय में ऐसे अनेक कोश हैं। इन शब्दकोशों में भी पर्याप्त संख्या में नये संस्कृत शब्द बनाये गये हैं।

अब कठिनाई यह है कि विभिन्न कोशों में जो नये शब्द बनाये गये हैं उनमें एकरूपता नहीं है। लेखकों ने अपने अपने ज्ञान एवं रुचि के अनुरूप शब्दों का निर्माण किया है। किन्हीं-किन्हीं कोशों में उत्तर एवं दक्षिण भारत के प्रादेशिकता का भी प्रभाव परिलक्षित होता है। ऐसी स्थिति में नवीन संस्कृत शब्दों से अन्य भाषाओं के तत्तद् शब्दों के तत्तद् अर्थों का सहज बोध होना या कराना वक्ता एवं श्रोता दोनों के लिये असम्भव या कठिन होता है। संस्कृत के आधुनिक लेखकों एवं वक्ताओं के लिये यह एक समस्या है जिसका समाधान होना परम आवश्यक है।

प्रस्तुत कोश में शास्त्रीजी ने उक्त कठिनाइयों के निवारण के लिये भी पर्याप्त प्रयत्न किया है जो उनकी भूमिका पढ़ने से अच्छी तरह विदित होता है। यदि कोई संस्था या शब्द-निर्माण समिति विभिन्न कोशकारों द्वारा नवनिर्मित संस्कृत शब्दों को अखिल भारतीय विद्वत्समाज की दृष्टि में सर्वमान्य और सर्वत्र समानरूप से प्रचलित करने की योजना बनाये तो उसकी सफलता में इस कोश से बड़ी सहायता मिल सकती है। परन्तु जब तक इस प्रकार की कोई योजना नहीं बनती, और जिसके बनने की संभावना भी कम ही दीखती है, तब तक इसी कोश को आदर्श कोश माना जा सकता है। इस दृष्टि से इसका 'आदर्श हिन्दी-संस्कृत कोश" नाम मैं सर्वथा यथार्थ मानता हूँ।

संस्कृत का प्रत्येक विद्वान् एवं विद्यार्थी इस कोश की एक प्रति अपने पास रखकर और इससे सहायता लेकर संस्कृत बोलने एवं लिखने में अबाधगति से आगे बढ़ सकता है, इसमें कोई सन्देह नहीं।

संकेत-सूची

(क) पदपरिचयसंबंधी संकेत

अ०, अव्य —अव्यय।
उप —उपसर्ग।
क्रि अ —क्रिया, अकर्मक।
क्रि प्रे —क्रिया, प्रेरणार्थक।
क्रि वि —क्रिया विशेषण।
क्रि स —क्रिया संयुक्त।
क्रि स —क्रिया सकर्मक।
प्रत्य —प्रत्यय।
मु —मुहावरा।
वि —विशेषण।
सं पु —संज्ञा पुंलिंग।
संबो —संबोधन।
सं स्त्री —संज्ञा स्त्रीलिंग।
सर्व —सर्वनाम।

(ख) स्रोतसंबंधी संकेत

(अं = अँग्रेजी)
(अ = अरबी)
(अनु = अनुकरणात्मक)
(अप = अपभ्रंश)
(अल्प = अल्पार्थक)
(गु = गुजराती)
(ग्रा = ग्रामीण)
(ता = तातारी)
(तु = तुर्की)
(देश = देशीय)
(पं = पंजाबी)
(पा = पालि)
(पुर्त = पुर्तगाली)
(पु हिं = पुरानी हिंदी
(पूर्व = निर्वचन पूर्ववत्)
(प्रा = प्राकृत)
(फ़ा = फ़ारसी)
(फ्रां = फ्रांसीसी)
(बं = बंगाली)
(यू = यूनानी)
(ले = लेटिन)
(सं = संस्कृत)
(स्पे = स्पेनिश)
(हिं = हिंदी)
(म रिन् = महाचारिन् इ)

(ग) धातुसंबंधी संकेत

(अ प से = अदादि परस्मैपदी सेट)
(क्र आ अ = क्र्यादि आत्मनेपदी अनिट)
(चु उ वे = चुरादि उभयपदी वेट)
(जु – – = जुहोत्यादि – –)
(त – – = तनादि – –)
(तु – – = तुदादि – –)
(दि – – = दिवादि – –)
(भ्वा – – = भ्वादि – –)
(रु – – = रुधादि – –)
(स्वा – – = स्वादि – –)
(कर्तृ = कर्तृवाच्य)
(कर्म = कर्मवाच्य)
(ना धा = नामधातु)
(प्रे = प्रेरणार्थक रूप)
(भाव = भाववाच्य)
(सन्न = सन्नन्त रूप)

(घ) शास्त्रीय संकेत

(ज्यो = ज्योतिषशास्त्र)
(धर्म = धर्मशास्त्र)
(न्या = न्यायशास्त्र)
(मी = मीमांसाशास्त्र)
(यो = योगशास्त्र)
(रा नी = राजनीतिशास्त्र)
(वे = वेदान्तशास्त्र)
(वै = वैशेषिकशास्त्र)
(व्या = व्याकरणशास्त्र)
(संगी = संगीतशास्त्र)
(सां = सांख्यशास्त्र)
(सा = साहित्यशास्त्र)

(ङ) सामान्य संकेत

अ(ना)वर्षणम् = अवर्षणम्, अनावर्षणम् ।
अप्रचरि(लि)त = अप्रचरित, अप्रचलित ।
अनु, गमन-करण सरणम् = अनुगमन, अनुकरण, अनुसरणम् ।
क्रोड -ड्डा = क्रोड, क्राड, क्रोडा ।
स्पष्टी विशदी कृ = स्पष्टीकृ, विशदीकृ ।
वि, लेपन } विलेपनम्, लेपनम् ।
वि, लेपन
राज— = समास का अन्तिम पद अपेक्षित है ।
—परायण = समास का पूर्वपद अपेक्षित है ।
इ = इत्यादि ।
उ = उदाहरण ।
एक = एकवचन ।
दे = देखिए ।
द्वि = द्विवचन ।
ब = बनाइए ।
बहु = बहुवचन ।
मि = मिलाइए ।
+ = योगचिह्न ।
= = समानतासूचक ।
* = स्वरचित शब्द ।

(च) सप्तम परिशिष्ट की संकेत सूची

(विंशति) अवदान ।
(जैनेन्द्र) अवस्था ।
अश्वघोष (बुद्धचरित)
उत्तर (काण्ड, रामायण)
उदयगिरि (चन्द्र तथा स्कन्दगुप्त के शिलालेख)
कालिका (पुराण)
किराता(र्जुनीय)
कूर्म (पुराण)
गरुड (पुराण)
जातक (माला)
त्रिकाण्ड (शेष)
दशकुमार (चरित)
देवी (पुराण)
देवीभा(गवत)
पद्म (पुराण)
पाणिनि (अष्टाध्यायी)
प्रबोध (चन्द्रोदय)
बदरी वशाल (यात्रा)
बृहत्क(था)
बृहत्सं(हिता)
मत्स्य (पुराण)
ब्रह्मवै (वर्तपुराण)
ब्रह्माण्ड (पुराण)
भवभूति (उत्तररामचरित)
भविष्य (पुराण)
भागवत (पुराण)
मत्स्य (पुराण)
मनुसं(हिता)
मनु(स्मृति)
महा(भारत)
(चन्द्रका) महरौली (अभिलेख)
मेघ(दूत)
रघु(वंश)
राजत(रंगिणी)
रामा(यण)
ललितविस्तर
लिंग (पुराण)
वराह (पुराण)
वामन (पुराण)
विक्रमाङ्क (देवचरित)
विष्णु (पुराण)
शतपथ (ब्राह्मण)
शिव (पुराण)
स्कन्द (पुराण)
स्वयम्भू (पुराण)
हरिवंश (पुराण)
(समुद्रगुप्त की) हरिषेण (प्रशस्ति)

संस्कृत-कोषग्रन्थों का उद्भव एवं विकास

संस्कृत-वाङ्मय की अन्य शाखाओं के समान 'कोषविद्या' का भी अपना विशेष महत्त्व है। वैदिक युग से लेकर अद्यावधि कोषग्रन्थों की रचना होते रहना ही इसका ज्वलन्त प्रमाण है। आरम्भ में कोषग्रन्थों का निर्माण विशेष उद्देश्य को अभिलक्षित कर प्रारम्भ हुआ था। यह उद्देश्य भी व्यावहारिक था। इस कारण शब्दों के समाकलन की इस विधा में कोषकारों को सफलता मिलती चली आ रही है। जनसाधारण की शब्दज्ञानसम्बन्धी पिपासा को शान्त करने में कोषग्रन्थों ने सुमधुर स्रोतस्विनी के समान अपनी सार्थकता सिद्ध की है। कोषकारों ने 'शब्द' की इयत्ता निर्धारित करने के अनेक प्रयत्न किये किन्तु वे इसका अन्त न पासके। 'शब्द' 'वस्तुत नित्य है। नित्य शब्द का अन्त कहाँ? 'शब्द' की व्यापकता का एक मात्र कारण उसके विस्तृत प्रयोग का होना है। इस सम्बन्ध में महाभाष्यकार पतञ्जलि ने इस ओर संकेत भी किया है कि शब्दों के प्रयोग का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। सात द्वीपों से युक्त विशाल भूखण्ड में भारतीय वाङ्मय का विस्तार कुछ कम नहीं है। वेदों की ही कई शाखायें हैं। इनमें से यजुर्वेद की १०१ शाखायें हैं। सामवेद की एक हजार शाखाएँ हैं। ऋग्वेद के इक्कीस प्रकार हैं। अथर्ववेद नौ शाखाओं का है। इसके अतिरिक्त इतिहास, पुराण, वैद्यक इत्यादि सभी विषयों में शब्दों के प्रयोग का ही क्षेत्र है— "महान् हि शब्दस्य प्रयोगविषयः। सप्तद्वीपा वसुमती। त्रयो लोका। चत्वारो वेदाः साङ्गाः सरहस्याः बहुधा विभिन्नाः। एकशतमध्वर्युशाखाः, सहस्रवर्मा सामवेद, एकविंशतिधा बाह्वृच्यं, नवधाऽथर्वणो वेदः, वाको वाक्यम्, इतिहासः, पुराणम्, वैद्यकम्—इत्येतावान् शब्दस्य प्रयोगविषयः" (महाभाष्य पस्पशाह्निक)।

यह जानते हुए भी प्राचीन समय में शब्द की इयत्ता निर्धारित करने का प्रयत्न अवश्य किया गया होगा। इसी को पतञ्जलि ने इस अर्थवाद गर्भित वाक्य के द्वारा यह सिद्ध कर दिखाया है कि शब्द का प्रतिपद पाठ सम्भव नहीं है। तदनुसार उन्होंने इस आख्यान की ओर ध्यान आकृष्ट किया कि 'बृहस्पति ने इन्द्र को देवों के एक हजार वर्ष तक प्रत्येक शब्द का उच्चारण कर शब्दशास्त्र पढाया, फिर भी शब्द समाप्त नहीं हुए'। इस प्रसङ्ग में भाष्यकार ने दूसरा आख्यानक प्रस्तुत करते हुए यह बताया है कि जब बृहस्पति सदृश ख्यातनामा व्याख्याता, इन्द्र जैसा विज्ञ शिष्य, देवों के एक सहस्र वर्ष की अवधि अध्ययन-काल नियत किया गया तो भी शब्दों का अन्त ज्ञात नहीं हुआ। फिर आजकल की बात ही क्या? जो सब तरह निरोगी रहकर चिरायु होता है,

अधिक से अधिक वह सौ वर्ष तक जीता है। इसके अतिरिक्त आगे निरूपण करते हुए उन्होने कहा कि विद्या की सार्थकता चार प्रकार से होती है— (१) गुरुमुख से समझ लेते समय, (२) मनन के समय, (३) दूसरो को सिखाते समय और (४) व्यवहार करने मे—"एवं हि श्रूयते। बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच, नान्तं जगाम। बृहस्पतिश्च प्रवक्ता, इन्द्रश्च अध्येता, दिव्यं वर्षसहस्रमध्ययनकालः, न च अन्तं जगाम। किं पुनरद्यत्वे? य. सर्वथा चिरं जीवति स वर्षशतं जीवति। चतुर्भिश्च प्रकारैर्विद्योपयुक्ता भवति आगमकालेन, स्वाध्यायकालेन, प्रवचनकालेन, व्यवहारकालेनेति।" अतः प्रायोगिक शब्दो के समाकलन को व्यावहारिक दृष्टि से उपयोगी समझ कोषकारो ने उन्हे ग्रन्थो के रूप मे प्रस्तुत कर संस्कृत वाङ्मय के इतिहास मे एक नया अध्याय जोड़ा है। इस प्रकार शब्दो के संग्रह करने मे 'कोष' शब्द रूढ़ हो गया है।

वैदिक काल मे कोष 'निघण्टु' के नाम से विख्यात रहे। 'निघण्टु' से अभिप्राय उन वैदिक शब्दो के संग्रह से है, जिनमें संज्ञाशब्दों के साथ क्रियापदों को भी एकत्र कर लिया गया था। निघण्टु का उद्देश्य वैदिक शब्दो के अर्थ समझने मे सहायता पहुँचाना भी रहा है। इसके विपरीत लौकिक 'कोषों' म अधिकतर संज्ञाशब्दो का समाकलन हुआ है। नामसंग्रह के अनन्तर परिशिष्टरूप मे अव्ययो के अर्थ का संग्रह भी इन कोषग्रन्थो मे उपलब्ध होता है। लौकिक कोष पद्यमय होने के कारण कविजनो के परिश्रम को कम करने मे उपयोगी सिद्ध हुए हैं। फलतः कण्ठस्थ करने मे सरलता होने के कारण इनका प्रचार होने मे बड़ी सुविधा हुई है। अतः विद्यार्थियो को काव्यशिक्षा देने के साथ ही 'कोष' कण्ठस्थ कराने की परिपाटी रही है। अर्थ की दृष्टि से प्राचीन काल मे कोषो का विभाजन दो प्रकार से किया गया था—(१) समानार्थक कोष तथा (२) नानार्थक कोष। लिङ्ग-निर्धारण करने की समस्या को कोषकारो ने बड़ी बुद्धिमत्ता से सुलझाया है। इसके लिये उन्होने कई विधियाँ अपनाई हैं। कहीं-कहीं तो शब्दो के प्रथमान्त प्रयोग से उनका लिङ्ग-निर्देश किया है और कहीं 'पु' 'स्त्री' 'क्लीब' आदि लिङ्गद्योतक शब्दो का प्रयोग कर इस विशिष्टता का परिचय दिया है। शब्दचयन के भी अनेक सिद्धान्त हैं। समानार्थक कोषों मे विषयों के अनुसार शब्दो का संकलन कर पूरे कोषग्रन्थ को अनेक वर्गों मे विभक्त कर दिया है। नानार्थ-कोषो मे अन्तिम वर्णों के अनुसार शब्दों का संकलन कर कान्त, खान्त, गान्त आदि शब्दों का चयन किया गया है। कहीं आदिम वर्णों को भी महत्त्व दिया गया है। कहीं आदिम तथा अन्तिम दोनो वर्णों को दृष्टि मे रखकर शब्द-चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई है।

निघण्टु—यह 'निघण्टु' ग्रन्थ यास्क से प्राचीन है, क्योंकि इसी के आधार पर यास्क ने 'निरुक्त' लिखा है। महाभारत के अनुसार प्रजापति कश्यप इस निघण्टु के रचयिता हैं। इसमें पाँच अध्याय हैं। आदि के तीन अध्यायों में 'पृथ्वी' आदि के बोधक समानार्थ शब्दों का सकलन है। इस प्रकरण को 'नैघण्टुक-काण्ड' कहा जाता है। चतुर्थ अध्याय में अव्युत्पन्न तथा गूढार्थक शब्दों का चयन किया गया है। इसे 'नैगम-काण्ड' की सज्ञा दी गई है। पाँचवें अध्याय (दैवतकाण्ड) में भिन्न-भिन्न देवताओं के रूप तथा स्थान का विस्तृत निरूपण है। 'निघण्टु' के प्रमुख व्याख्याता देवराज यज्वा हैं। ये सायण से प्राचीन अवश्य हैं, क्योंकि सायण के ऋग्वेद-भाष्य में एक स्थान पर निघण्टुभाष्य के वचनों का उद्धरण मिलता है। देवराज ने अपने भाष्य में क्षीरस्वामी को अपने पूर्ववर्ती भाष्यकार के रूप में स्मरण किया है। क्षीरस्वामी 'अमरकोष' के सुप्रसिद्ध टीकाकार हैं। अत. देवराज यज्वा का समय १२ वी तथा १३ वी शताब्दी के मध्य प्रमाणित होता है।

वैदिक कोष—प्राचीन परिपाटी के अनुसार भास्कर राय ने वैदिक-कोष की रचना तात्रिक कोषों के ढग पर की है। इस कोष के सकलित शब्द तो वे ही हैं जो निघण्टु में हैं, किन्तु उन शब्दों का अर्थ 'अनुष्टुप् छन्द' द्वारा अभिव्यक्त किया गया है। इस कोष का रचना-काल १७७५ ई० है। भास्कर राय ने अपनी गुप्तवती टीका में अनेक स्थलों पर नागेश की सप्तशती-टीका का खण्डन किया है। अत ये नागेश के समकालीन अथवा उनसे कुछ ही समय के अनन्तर हुए होंगे।

पुरुषोत्तम देव ने अपने लौकिक-सस्कृत के पुराने कोषकारों का उल्लेख 'हारावली' कोष के अन्त में वाचस्पति, व्याडि तथा विक्रमादित्य का नाम लेकर किया है। तदनन्तर केशव ने कात्य, व्याडि, वाचस्पति, भागुरि, अमर, मङ्गल, साहसाङ्क, महेश तथा हेमचन्द्र का नामोल्लेख किया है। इनके अतिरिक्त किसी हस्तलेख के आधार पर १८ प्रसिद्ध कोषों के विषय में परिज्ञान होता है। इस प्रकार अमर-कोष को केन्द्रबिन्दु मानकर सस्कृत वाङ्मय के कोषग्रन्थों को आचार्य पं० बलदेव उपाध्याय जी ने तीन कालों में विभक्त किया है—(१) अमरपूर्व काल, (२) अमरकाल तथा (३) अमरोत्तर-काल।

अमर-पूर्व-कोषकार—अमर-पूर्व कोषकारों में व्याडि सर्वप्राचीन कोषकार हैं। व्याडि के कोषग्रन्थ का नाम 'उत्पलिनी' था। पुरुषोत्तम ने अपने हारावली कोष के अन्त में इसका उल्लेख किया है। इस कोष में समानार्थ शब्दों की प्रधानता थी। इन्होंने व्युत्पत्ति के द्वारा अर्थानुसन्धान की प्रक्रिया का दिग्दर्शन कराया है। जैसे 'निघण्टु' की व्याख्या इन्होंने इस तरह की है—"अर्थान् निघण्टयन्त्यस्मात् निघण्टुः परिकीर्तितः"। ये व्याडि कदाचित् पाणिनि के समकालीन सुप्रसिद्ध 'संग्रह' नामक ग्रन्थ के कर्ता ही हों।

कात्य—इनके कोषग्रन्थ का नाम 'नाममाला' था। क्षीरस्वामी, हेमचन्द्र आदि ने इनका उल्लेख किया है। इनके कोष की विशेषता यह थी कि इन्होंने कही-कही अर्थ का वर्णनात्मक परिचय भी दिया है—"क्षुद्रच्छिद्रसमुपेतं चालनं तितउ पुमान्"। इनका निश्चित समय ज्ञात नही हो सका।

भागुरि—यह त्रिकाण्ड-कोष के रचयिता हैं। अमरसिंह ने 'त्रिकाण्ड' की प्रेरणा इन्ही से प्राप्त की होगी। इन्होने केवल समानार्थ शब्दो का ही उल्लेख किया है। व्याकरण के प्रसिद्ध ग्रन्थो मे भागुरि के मत का अनेक स्थलो पर उल्लेख मिलता है। विशेषत हलन्त वाच्, निश्, दिश् आदि शब्दो को आकारान्त बनाने मे इनके नाम का उल्लेख मिलता है "वष्टि भागुरिरल्लोपमवाप्योरुपसर्गयो। आप चैव हलन्ताना यथा वाचा निशा दिशा"। सायण आदि वेदभाष्य-कर्ताओ ने इनके कोष ग्रन्थ से पर्याप्त सहायता ली है।

रत्नमाला के अज्ञात-नामा लेखक का उल्लेख सर्वानन्द ने अपनी "अमरकोष" की टीका मे किया है। तदनुसार इस कोष के परिच्छेदो का वर्गीकरण लिङ्ग के आधार पर था। इसमे समानार्थ-शब्दो का चयन था।

अमरदत्त—इन्होने 'अमरमाला' नामक कोषग्रन्थ की रचना की। हलायुध ने अपने कोषग्रन्थ का उपजीव्य 'अमरमाला' को माना है। सर्वानन्द ने इस कोष से अनेक उद्धरण अपनी अमर-टीका मे दिये है। इनका समय भी अनिश्चित ही है।

वाचस्पति—यह सुप्रसिद्ध 'शब्दार्णव' कोष के रचयिता थे। यह 'अनुष्टुप्-छन्द' मे विरचित विशाल कोष था। इसकी विशेषता यह थी कि एक शब्द के विभिन्न रूपो का तथा वर्तनी का भी इसमे उल्लेख है। हेमचन्द्र ने इनके कोष से पर्याप्त सहायता ली है। इनका वास्तविक समय भी अज्ञात है।

धन्वन्तरि—यह वैद्यक-निघण्टु के रचयिता हैं। वैद्यक निघण्टुओ मे यह कोष सब से प्राचीन है। क्षीरस्वामी ने अपनी अमर-टीका मे यह उल्लेख किया है कि अमरसिंह के 'अमरकोष' के वनौषधि-वर्ग का उपजीव्य यही कोष रहा है। विक्रम के नवरत्नो मे इनका भी उल्लेख है। उस दृष्टि से तो यह भी अधिक प्राचीन है।

महाक्षपणक—इनके नाम से दो कोष-ग्रन्थ हस्तग्रन्थो मे उल्लिखित मिलते है। ये दोनो अनेकार्थ-ध्वनिमञ्जरी तथा अनेकार्थमञ्जरी नाम से प्रसिद्ध है। ये दोनो ग्रन्थ एक ही होगे, क्योकि अधिकतर टीकाकर्ताओ ने 'अनेकार्थमञ्जरी' नाम का ही उल्लेख किया है। 'रघुवंश' की टीका मे वल्लभदेव ने 'अनेकार्थमञ्जरी' का अवतरण उद्धृत किया है। महाक्षपणक काश्मीरी थे। इनके समय का भी कोई निर्णय नही हो सका है। यदि यह भी विक्रम के नवरत्नो मे से एक हो तो विक्रमादित्य अथवा चन्द्रगुप्त द्वितीय के राज्यकाल के आसपास इनकी स्थिति के विषय मे अनुमान किया जा सकता है।

अमरसिंह—सुप्रसिद्ध "नामलिङ्गानुशासन" कोष के रचयिता अमरसिंह की ख्याति कोषकर्ता के रूप मे सबसे अधिक है। इनके नाम से ही यह ग्रन्थ अमरकोष प्रसिद्ध हो गया। इनसे पूर्व प्राचीन कोषकारो ने दो प्रकार की शैलियाँ अपनायी थी। कतिपय कोष केवल नामो का ही निर्देश करते थे और कुछ कोष लिङ्गो के ही विवेचन को अपना मुख्य विषय मानते थे। अमरसिंह ने दोनो का समन्वय कर अपने कोष को सर्वाङ्गपूर्ण बनाया। तीन काण्डो मे विभक्त कर इस ग्रन्थ को 'त्रिकाण्ड' सज्ञा भी दी गई। इसका उपविभाग 'वर्गों' के नाम से किया गया है। 'अमरकोष' पद्यबद्ध रचना है। 'अनुष्टुप्' छन्द के १५३३ श्लोको मे यह रचना सम्पूर्ण हुई है। ग्रन्थ का छठा भाग नानार्थ के वर्णन मे है। शेष भाग मे समानार्थ शब्दो का निरूपण किया गया है। समानार्थ-भाग मे एक विषय के वाचक नामो का एकत्र सकलन है। नानार्थ-खण्ड मे अन्तिम वर्ण के अनुसार पदो का सग्रह है। अव्ययो का वर्णन एक स्वतन्त्र वर्ग मे किया गया है तथा ग्रन्थ के अन्त मे लिङ्गो के साधक नियमो का उल्लेख किया गया है।

अमरसिंह के समय का निर्णय भी एक समस्या बना हुआ है। इतना तो अवश्य निश्चय है कि यह ग्रन्थ छठी शताब्दी से पहले ही रचा गया था। गुणरात द्वारा चीनी भाषा मे इसका अनुवाद किया जाना उस समय की पश्चिम (अन्तिम) अवधि है। इसकी लोकप्रसिद्धि का सबसे अधिक प्रमाण यह है कि इस पर लगभग ४० टीकायें लिखी गई हैं। इनमे क्षीरस्वामी और रामाश्रम (भानुदीक्षित) द्वारा लिखित टीकायें बहुत उपयोगी सिद्ध हुई हैं। इन दोनो मे से रामाश्रमी का पदव्युत्पत्ति-प्रदर्शन अधिक सूक्ष्म तथा परिनिष्ठित है। अमरसिंह बौद्ध थे। इनके समय की पूर्वसीमा २२५ ई० के आसपास निर्धारित की जाती है।

कोष ग्रन्थो मे अमरकोष का प्रचलन अद्यावधि सर्वाधिक है। सस्कृत के विद्यार्थियो को बाल्यावस्था मे ही इसे कण्ठस्थ कराया जाता रहा। यह परम्परा अब भी थोडी-बहुत दिखाई पडती है। सरल भाषा एवम् अनुष्टुप्-छन्द मे विरचित होने के कारण इसे हृदयङ्गम करने मे कठिनाई नही होती। अमरकोष के अतिरिक्त शब्द-ज्ञान का लघुभूत उपाय दूसरा कोई नही है। इस प्रकार अमरसिंह अपने पश्चाद्वर्ती कोषकारो के प्रेरणा स्रोत बन गए। इसी कारण उनकी सरणि को अधिक प्रशस्त बनाने मे आगे के कोषकार तत्पर होते हुए दिखाई पडते हैं।

अमरसिंह के पश्चाद्वर्ती कोषकार—बाद के कोषकार शब्दो के वैशिष्ट्य का निदर्शन कराने मे बडे सिद्धहस्त प्रतीत होते हैं। उनके प्रकरण भले ही सीमित हो किन्तु उनका क्षेत्र अधिक विस्तृत है। कतिपय कोषकारो ने केवल नानार्थ-कोषग्रन्थो की ही रचना स्वतन्त्र रूप मे की है, किन्तु उन्होंने शब्दों की सूक्ष्म

समीक्षा कर अपने पाण्डित्य तथा अर्थ-निर्णय करने की क्षमता का परिचय दिया है। इस दृष्टि से निम्नलिखित विद्वान् प्रसिद्ध कोषकारों के रूप मे सर्वमान्य हैं।

शाश्वत—इनका समय भी छठी शताब्दी के आस-पास माना जाता है। इन्होने स्वयम् अपने विषय मे यह लिखा है कि मैंने तीन व्याकरणो को देखा तथा पांच लिङ्गानुशासनो का अध्ययन किया। केवल इतना ही नही किन्तु शिष्ट-प्रयोगो के देखने मे भी कोई कमी नही होने दी।[1] इनका विरचित कोष अनेकार्थ-समुच्चय है। इस कोष मे केवल अनेकार्थ शब्दो का विस्तृत चयन है। शब्दो के चयन मे अमरकोष की अपेक्षा अधिक विस्तार तथा प्रौढता दृष्टिगोचर होती है। प्रकृत कोष के अन्तिम पद्य से यह सकेत मिलता है कि ग्रन्थकार ने कवि महाबल तथा वराह से भी इस सम्बन्ध मे परामर्श किया था[2]। अनेक विद्वानो के सहयोग से इस कोष की रचना होने के कारण इसमे व्यापकता होना स्वाभाविक है।

धनञ्जय—शाश्वत के लगभग दो शताब्दी पश्चात् धनञ्जय ने 'नाममाला' कोष की रचना की। यह कोष व्यवहार मे आने वाले लोकप्रचलित संस्कृत शब्दो का उपयोगी कोष है। इसे लघुकोष कहना ही उचित है। इसमे केवल २०० श्लोक हैं। विशेषता इस बात मे है कि ग्रन्थकार ने शब्दो की रचना के सुन्दर उपाय बताये है। उदाहरणार्थ पृथ्वीवाचक शब्दो मे 'धर' लगा देने से पर्वतवाची शब्दो का बोध होता है (मही + धर, पृथ्वी + धर आदि)। इसी प्रकार मनुष्यवाची शब्दो मे 'पति' शब्द जोड देने से राजा के नाम (नर + पति, नृ + पति) तथा वृक्षवाची शब्दो मे 'चर' शब्द जोडने से बन्दर के समानार्थक शब्द बन जाते है (द्रुम + चर, वृक्ष + चर आदि)। इस कोष की यही विशेषता है कि शब्दो के चयन मे लोकव्यवहार को विशेष महत्त्व दिया गया है। 'अनेकार्थनाममाला' इसका पूरक अङ्ग है। कोषकार के अतिरिक्त धनञ्जय कवि भी हैं। इनका 'द्विसन्धान' काव्य द्वयाश्रय काव्यो मे बड़ा प्रसिद्ध है। इस काव्य मे श्लिष्ट पदो के द्वारा रामायण और महाभारत के कथानकों का विशद वर्णन प्रस्तुत किया गया है। इनका समय आठवी शताब्दी का उत्तरार्ध निश्चित-प्राय है। इस विषय मे वीरसेन स्वामी द्वारा 'षट्खण्डागम' की धवला नामक टीका मे 'अनेकार्थनाममाला' का उद्धृत एक श्लोक ही पर्याप्त प्रमाण माना जा

---

१ दृष्टशिष्टप्रयोगोऽहं दृष्टव्याकरणत्रयः।
अधीती मदुपाध्यायात् लिङ्गशास्त्रेषु पञ्चसु ॥

—शाश्वतकोष—आरम्भ का ६ श्लोक

२. महाबलेन कविना वराहेण च धीमता।
सह सम्यक् परामृश्य निर्मितोऽयं प्रयत्नतः ॥

सकता है। धवला टीका ८७३ विक्रमी संवत् (=८१६ ई०) में लिखी गई थी। अतः धनञ्जय ७४०–७९० ई० के मध्य अवश्य रहे होंगे।

पुरुषोत्तमदेव—धनञ्जय के लगभग ४०० वर्षों के उपरान्त पुरुषोत्तमदेव ने तीन कोष-ग्रन्थों की रचना की। ये ग्रन्थ हैं—(१) त्रिकाण्ड कोष, (२) हारावली तथा (३) वर्णदेशना। इनमें से प्रथम तो 'अमरकोष' का पूरक ग्रन्थ है। इसका क्रम 'अमरकोष' के समान है। तदनुसार इसमें भी तीन काण्ड तथा पच्चीस वर्ग हैं। इसमें भी लोकव्यवहार में प्रयुक्त शब्दों के साथ ही 'अमरकोष' में अनुपलब्ध शब्दों का भी संग्रह किया गया है। हारावली में अप्रचलित तथा असामान्य शब्दों का समाकलन किया गया है। २७० पद्यात्मक 'लघुकोष' होने पर भी यह दो भागों में विभक्त है—(क) समानार्थक तथा (ख) नानार्थक। समानार्थक भाग के तीन अंश हैं—पहले में पूरे श्लोक में समानार्थक शब्द हैं, दूसरे में अर्थ श्लोक में तथा तीसरे में एक चरण में ही। नानार्थक खण्ड की भी यही सरणि है। वर्तनी अर्थात् शब्दों की शुद्धता बतलाना वर्णदेशना का मुख्य ध्येय है। इस ग्रन्थ की उपादेयता इस कारण सुविदित है। स्वयं ग्रन्थकार ने यह उल्लेख किया है कि गौड-लिपि में भिन्नता होने के फलस्वरूप शब्दों के रूपों में भ्रान्ति होना सम्भव है। इसके निराकरण-हेतु 'वर्णदेशना' की उपयोगिता है। अमरसिंह की भाँति पुरुषोत्तमदेव भी बौद्ध थे। इन्होंने सर्वप्रथम बुद्ध को 'मुनीन्द्र' रूप में नमन किया है। इस कार्य में यह अमरसिंह से और आगे बढ़े। देवताओं के सम्बन्ध में इन्होंने बुद्ध के बाद बुद्ध के पुत्र राहुल का, अनुज देवदत्त का मायादेवी का तथा प्रत्येक बुद्ध का क्रमशः उल्लेख किया है। यह बंगाल के शासक राजा लक्ष्मणसेन ११७०–१२०० के समकालिक थे। इन्हीं के आदेश से पुरुषोत्तम देव ने पाणिनि की अष्टाध्यायी पर 'भाषावृत्ति' नामक वृत्ति लिखी। अतः इनका समय बारहवीं शती का उत्तरार्ध मानना युक्तिसंगत है।

हलायुध—इनकी रचना अभिधान-रत्नमाला के नाम से प्रसिद्ध है। इस कोष में पाँच काण्ड हैं—स्वर्, भूमि, पाताल, सामान्य तथा अनेकार्थ। इनमें से प्रथम चार काण्डों में समानार्थक शब्दों का वर्णन है तथा अन्तिम काण्ड में नानार्थ एवं अव्ययों का। इन्होंने अमरसिंह को ही अपना आदर्श माना है। यह मान्यखेट के राजा कृष्णराज तृतीय ९५० ई० के समकालिक थे। अतः इनका समय दशम शती का उत्तरार्ध माना गया है।

यादवप्रकाश द्वारा विरचित वैजयन्ती कोष बड़ी महत्त्वपूर्ण रचना है। यह दो खण्डों में विभक्त है—समानार्थ तथा नानार्थ। समानार्थ-खण्ड में पाँच भाग हैं—स्वर्ग, अन्तरिक्ष, भूमि, पाताल तथा सामान्य। नानार्थ-खण्ड में तीन भाग हैं, जिनमें ग्रन्थकार द्वारा शब्दों का चयन अक्षरक्रम से किया गया है।

वर्णक्रम से शब्दसग्रह किया जाना इसकी नवीनता है। दूसरी विशेषता यह है कि इसम वैदिक शब्दो का सकलन भी किया गया है। रामानुजाचार्य (१०५५–११३७ ई०) के यह गुरु थे। अत इनका स्थितिकाल ११ वी शती का उत्तरार्ध निश्चितप्राय है।

महेश्वर—इनका विश्वप्रकाश-कोष नानार्थ-शब्दो का सकलनात्मक ग्रन्थ है। इस कोष मे शब्दो का चयन अन्तिम वर्ण के आधार पर किया गया है। रूपभेद का निर्देश भी इसमे किया गया है। ग्रन्थान्त मे अव्ययो का सकलन विद्यमान है। ग्रन्थकार ने स्वयम् अपना परिचय इस कोष के अन्त मे दिया है। तदनुसार *इस कोष की रचना सन् ११११ ई० में हुई थी। मल्लिनाथ ने इस कोष का* उपयोग अपनी टीकाओ मे विशेषतया किया है।

अजयपाल—यह बौद्धमतावलम्बी थे। इनकी रचना नानार्थसग्रह नाम से प्रसिद्ध है। इस कोष मे १७३० शब्द हैं। इस कोष मे भी वर्णक्रमानुसार शब्दो का चयन किया गया है। इनके मत का उल्लेख अमरकोष के टीकाकार सर्वानन्द ने टीकासर्वस्व (११५९ ई०) मे बहुधा किया है। इसके अतिरिक्त वर्धमान ने अपने व्याकरण ग्रन्थ 'गणरत्नमहोदधि (रचना ११४० ई०) मे इनका बहुश उल्लेख किया है। फलत यह बारहवी शती से कुछ पहले हुए होगे। इन्होने 'ब' तथा 'व' मे अन्तर नही माना है। इस कारण इनके बगदेशीय होने का अनुमान किया जाता है।

मेदिनिकर—इनका ग्रन्थ 'मेदिनीकोष' के नाम से प्रसिद्ध है। यह भी नानार्थ कोष है। मेदिनिकर ने शब्दो के चयन मे दो प्रकार अपनाये हैं—ककारादि वर्णक्रम तथा अन्तिम वर्णक्रम। मेदिनी ने विश्वप्रकाश को 'बहुदोष' बतला कर अपना महत्त्व सूचित किया है। मेदिनीकोष शब्दो की सख्या मे तथा चयन की व्यवस्था म विश्वप्रकाश की अपेक्षा अधिक विशद एव सुव्यवस्थित है। कविशेखराचार्य (लगभग १३०० ई०) के मैथिली भाषा मे लिखित वर्णरत्नाकर ग्रन्थ मे मेदिनीकर का उल्लेख होने से डा० गोडे ने इन्ह १२००—१२७५ ई० के मध्य माना है।

मङ्ख—इन्होने भी अन्तिम व्यन्जनो के आधार पर अनेकार्थ-कोष की रचना की है। इसमे १००७ पद्य हैं। इसका विभाजन परिच्छेदो मे नही किया गया है। इनका स्थितिकाल ११२८–११४९ के मध्य माना गया है। यह काश्मीर के राजा जयसिंह के राज्यकाल मे विद्यमान थे। इस कोष मे प्राय. काश्मीर के कवियो द्वारा प्रयुक्त शब्दो का चयन किया गया है।

हेमचन्द्र—कोषग्रन्थो के इतिहास मे यह सर्वाग्रणी हैं। इन्होने चार कोषग्रन्थ *लिखे हैं—अभिधानचिन्तामणि (समानार्थकोष)*, अनेकार्थसग्रह (नानार्थ-

कोष), निघण्टुकोष (वैद्यक) तथा देशीनाममाला (प्राकृतकोष)। इनमें से अभिधानचिन्तामणि को छह काण्डों में विभक्त किया गया है—देवाधिदेव, देव, मर्त्य, भूमि, नरक तथा सामान्य। यह कोश नानावृत्तों में निबद्ध १५४२ पद्यों में समाप्त हुआ है। इस पर स्वयं ग्रन्थकार ने ही टीका लिखी है। अनेकार्थसंग्रह भी छह काण्डों में विभक्त है। इसमें १८२९ श्लोक हैं। शब्दों का संग्रह दो प्रकार से है—अन्तिम अक्षरों द्वारा तथा आदिम अक्षरों द्वारा। इन्होंने व्यवहार में आने वाले संस्कृत शब्दों का यथावत् संगृहीत कर उनके प्रति निष्ठा व्यक्त की है। यह ग्रन्थ महाराष्ट्र के राजा सोमदेव के ग्रन्थ मानसोल्लास (रचना ११३० ई०) का समकालिक प्रतीत होता है। हेमचन्द्र का प्रभाव अवान्तरकालीन कोषकारों पर विशेष रूप से पड़ा है।

केशव स्वामी—इनके द्वारा विरचित नानार्णव-संक्षेप नानार्थ शब्दों का सबसे बड़ा कोष है। इसमें लगभग ५८०० श्लोक हैं। अक्षरों की गणना के आधार पर यह कोष भी छह काण्डों में विभक्त है तथा प्रत्येक काण्ड लिङ्ग के अनुसार पाँच भागों में विभक्त है। इसमें वैदिक शब्दों का संकलन भी विद्यमान है। यह ग्रन्थ चोलवंशी नरेश राजराज चोल के आश्रय में रहकर लिखा गया है। इनका समय १२०० ई० के आस पास माना जाता है। इस ग्रन्थ के छह काण्डों में प्रति-काण्ड पाँच अध्याय हैं। काण्डों का विभाजन एकाक्षर से लेकर षडक्षर तक है। अध्यायों का विभाजन लिङ्ग के अनुसार किया गया है—स्त्रीलिङ्ग, पुंलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग, वाच्यलिङ्ग तथा संकीर्णलिङ्ग। प्रत्येक अध्याय में शब्दों का चयन अक्षरक्रम से किया गया है। आधुनिक कोश-ग्रन्थों में यही क्रम स्वीकृत है।

केशव—अद्यावधि ज्ञात समानार्थ कोषों में केशव का कल्पद्रुकोष सबसे विशाल है। इसमें लगभग ४०० श्लोक हैं। इसके तीन स्कन्ध हैं—भूमि, भुव तथा स्वर्ग। प्रत्येक स्कन्ध प्रकाण्डों में विभक्त है। ग्रन्थकार के अनुसार इसकी रचना १६६० में हुई। इस कोष के शब्दचयन में बड़ी विविधता है। अनेक ज्ञातव्य तथ्यों के संग्रह ने इसे विश्वकोष का रूप दिया है। इसमें समानार्थ शब्दों के साथ प्रयुक्त विषयों का विस्तृत वर्णन भी विद्यमान है।

शाहजी—यह विश्वविख्यात छत्रपति शिवाजी के भतीजे थे। तंजौर के इतिहास के अनुसार शाहजी का राज्य-समय (१६८४–१७१२ ई०) विद्योन्नति के लिये प्रसिद्ध रहा है। इनकी सभा में ४७ विद्वान् रहते थे। इनका विरचित शब्दरत्नसमन्वय-कोष शब्दचयन की दृष्टि से बड़ा महत्त्वपूर्ण है। इस कोष में प्रत्येक वर्ग के भीतर अक्षर-क्रम से शब्दों का विन्यास किया गया है। शब्दों का अवान्तर क्रम भी अकारादि क्रम के अनुसार विद्यमान है। यह विशेषता संस्कृत के बहुत कम कोषों में पाई जाती है। इन्होंने 'क्ष' को अलग वर्ण के रूप में

स्वीकार किया है। उसमे आरम्भ होने वाले शब्दो को अन्त मे रखा है। इस कोश मे लगभग ३५०० श्लोक हैं। इस कोश का दूसरा नाम राजकोश भी है।

हर्षकीर्ति—इन्होने समानार्थक शब्दो के शारदीयाभिधानमाला नामक कोश की रचना की। यह तीन काण्डो मे विभक्त है तथा प्रत्येक काण्ड को भी वर्गो मे विभक्त किया गया है। प्रथम काण्ड के तीन वर्ग है—देववर्ग, व्योमवर्ग तथा धरावर्ग। द्वितीय काण्ड चार वर्गों मे विभक्त किया गया है—अङ्गवर्ग, मयोगादिवर्ग, सगीतवर्ग तथा पण्डितवर्ग। तृतीय काण्ड के पांच वर्ग हैं—ब्रह्म, राज, वैश्य, शूद्र तथा सकीर्ण। पूरे ग्रन्थ मे केवल ४३५ श्लोक है। कोश के अतिरिक्त हर्षकीर्ति ने अनेक (शास्त्रीय विषयो पर) ग्रन्थो की रचना की। यह जैनधर्मावलम्बी थे। इनके गुरु चन्द्रकीर्ति रहे, जिन्होने जहांगीर (१७ वी शती) से विशेष सम्मान प्राप्त किया। इन्होने एक दूसरे कोश को भी रचना की। उस कोश का नाम है—शब्दानेकार्थ। इण्डिया आफिस लाइब्रेरी मे इस पुस्तक का रचनाकाल वि० स० १६६५ लिखा है। अत इनका समय सत्रहवी शती का आरम्भिक चरण मानना युक्तिसगत प्रतीत होता है।

नवीन ढंग के कोष

विदेशी भाषाओ के सम्पर्क मे आने पर कुछ विद्वानो ने विशिष्ट कोशो का सस्कृत मे सकलन किया। इस पद्धति का सर्वप्रथम प्रयोग शब्दकल्पद्रुम नामक प्रख्यात कोष मे किया गया। इस कोष को सुप्रसिद्ध मनीषी राजा राधाकान्तदेव ने मान्य पण्डितो की सहायता से अनेक खण्डो मे १८२२ तथा १८५८ ई० के बीच प्रकाशित किया। इसमे शब्दो का चयन वर्णक्रम से है तथा पुराण, धर्मशास्त्र आदि प्रमाण ग्रन्थो के उद्धरणो का समावेश होने से इसकी प्रामाणिकता बहुत बढ गई है। वस्तुत यह सस्कृत का विश्वकोष है। इसमे वैदिक शब्दो का प्राय अभाव है। शब्दों की व्युत्पत्ति देने से इस कोष की उपादेयता बढ गई है। प्रस्तुत कोष मे रचना क्रम से आये हुए शास्त्रोपयोगी शब्दो के प्रसङ्ग मे प्रमाणो के अतिरिक्त उनकी प्रायोगिक उपयोगिता को भी बतलाया गया है। उन पदार्थों के लक्षण, स्वरूप तथा चित्रादि देकर कोष को सर्वाङ्गपूर्ण बनाया है। इन सब विषयो का समावेश सात काण्डो मे किया गया है। राजा राधाकान्तदेव ने कोष के आरम्भ मे 'मुखबन्धन' (भूमिका) लिखते हुए प्रसङ्गवश यह सूचित किया है कि लौकिक कोषो का आदिम स्वरूप 'अग्नि-पुराण' मे वर्णित कोष-प्रकरण है। इस प्रकरण का क्रम इस प्रकार है—स्वर्ग-पातालादिवर्ग, अव्ययवर्ग, नानार्थवर्ग, भूवर्ग, पुर-वर्ग, अद्रि-वर्ग, वनौषधिवर्ग, सिंहादिवर्ग, मनुष्यवर्ग, ब्रह्मवर्ग, क्षत्रियवर्ग, वैश्यवर्ग तथा शूद्रवर्ग। इसके अतिरिक्त शेष भाग मे सामान्य नामलिङ्गो का वर्णन है। राधाकान्त देव के

अनुसार अमरकोषकार ने अधिकतर अग्निपुराणोक्तक्रम ही अपनाया है। थोडा-बहुत परिवर्तन कर 'अमरकोष' की पूर्ति की है। जटाधर ने भी अमरकोष का अनुसरण किया है। शब्दकल्पद्रुम मे २९ कोषो का उपयोग किया गया है।

शब्दकल्पद्रुम के ढग पर आगे चलकर दो कोष और बनाये गये। इनमे प्रथम शब्दार्थचिन्तामणि तो उतना विशाल नही है। उसमे केवल चार भाग हैं। उसके रचयिता सुजानन्दनाथ रहे। कोष की रचना १८६४-१८८५ तक हुई। दूसरा कोष वाचस्पत्यम् बडा विशाल है। सर्वप्रथम यह कलकत्ता से २० भागो मे प्रकाशित हुआ (१८७३-१८८४ ई०)। इसके सकलनकर्ता तारानाथ तर्कवाचस्पति थे। इसने वैदिक शब्दो का भी समावेश है, किन्तु उनकी व्युत्पत्ति अधिकतर कल्पनाप्रसूत है।

इसी समय राथ तथा बोथलिंक नामक जर्मन विद्वानो द्वारा महान् सस्कृत कोष का प्रणयन हुआ, जिसमे वैदिक शब्दो का भी पूर्ण समावेश है। इसकी रचना भाषावैज्ञानिक रीति पर की गई है। जर्मन विद्वानो ने अनेक पण्डितो की सहायता से शब्दो के प्रयोगस्थलो का भी निर्देश किया है। इसके साथ ही शब्दो के अर्थविकास को अङ्कित करने का भी श्लाघ्य प्रयास किया है। उस समय तक प्रकाशित तथा अप्रकाशित समस्त सस्कृत ग्रन्थो का विधिवत् अनुशीलन कर इस विशाल कोष की रचना की गई है। आचार्य बलदेव उपाध्याय के अनुसार डा० राथ ने वैदिक शब्दो का तथा डा० बोथलिंक ने वैदिकेतर शब्दो का विवरण भाषाशास्त्रीय पद्धति पर प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है। डा० बोथलिंक ने इसका एक सक्षिप्त सस्करण भी जर्मन भाषा मे प्रकाशित किया था।

इसी क्रम मे डा० मोनियर विलियम्स ने एक सस्कृत-अग्रेजी कोष की रचना की। इनका परिश्रम श्लाघनीय है। शब्दो के चयन तथा अर्थनिर्देश मे बडा परिश्रम किया गया है। केवल कमी इस बात की है कि प्रयोगस्थलो का निर्देश नहीं किया गया है। इस कोष की रचना उपर्युक्त जर्मन कोषो के आधार पर हुई है। यह कोष समानार्थक शब्दो के सम्बन्ध मे बडा प्रामाणिक माना जाता है। इसका दूसरा स्वरूप अग्रेजो से सस्कृत मे भी है।

इस प्रकार के कोषो की रचना मे आगे चलकर भारतीय विद्वान् भी अग्रसर हुए, जिनमे वामन सदाशिव आप्टे का नाम विशेषतया उल्लेखनीय है। इन्होने भी संस्कृत-अग्रेजी तथा अग्रेजी-सस्कृत कोषो की रचना की। यह कोष विद्वानो तथा छात्रो के लिये समान रूप से उपकारक है। इस कोष मे वर्णक्रमानुसार शब्दो का चयन किया गया है। प्रयोगस्थलो के निर्देश मे पुराण तथा काव्यादि के उद्धरणो का उपयोग किया गया है। शास्त्रीय परिभाषाओ, छन्दो, प्राचीन

भौगोलिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का विवेचन भी यथास्थान किया गया है। हाल में इसका नवीन संस्करण तीन खण्डों में पुणे से प्रकाशित हुआ है। इसके अतिरिक्त छात्रोपयोगी संस्कृत हिन्दी लघु संस्करण भी प्रकाशित हुआ है। नवीन संस्करण में शब्दों के चयन में सम्पादकों ने वृद्धि की है।

शब्दपरायण की प्रक्रिया को अभिनव रूप देने वालों में महामहोपाध्याय पण्डित रामावतार शर्मा प्रमुख रहे हैं। उन्होंने एक विशाल कोष की रचना की। इस कोष का नाम है—वाङमयार्णव। शर्माजी (१८७७–१९२९ ई०) ने इस कोश का प्रारम्भ १९११ ई० में किया। जीवन भर वे इसमें परिवर्तन परिवर्धन करते रहे। आचार्य बल्देव उपाध्यायजी के अनुसार यह कोष नामलिङ्गानुशासन की परम्परा का सार्वभौम ग्रन्थ है। यह नानार्थक कोष है। इसमें शब्दों का चयन वैज्ञानिक वर्णक्रमानुसार किया गया है[१]। वैदिक तथा लौकिक दोनों प्रकार के शब्दों का इसमें समावेश है। इस कोष में प्रत्येक शब्द की व्युत्पत्ति के साथ उसके प्रयोगस्थलों का भी समुचित निर्देश किया गया है। इसमें २०,००० शब्द उपन्यस्त हैं। साथ ही इस कोष की रचना पद्यमयी है तथा ६७९९ अनुष्टुपों में समाप्त हुआ है। ग्रन्थ के आरम्भ में १६ पद्यों का उपक्रम है एवम् अन्त में ६ श्लोकों में समापन किया गया है। ग्रन्थकार के निधन के ३८ वर्षों के सुदीर्घ काल के पश्चात् सन् १९६७ ई० में ज्ञानमण्डल प्रकाशन द्वारा यह प्रकाशित किया गया है।

वर्तमान काल की कोष निर्माण प्रवृत्ति

जर्मन संस्कृत कोष के प्रकाशन के लगभग एक शतक के बाद नवीन वैदिक कोष की आवश्यकता प्रतीत होने पर होशियारपुरस्थ विश्वेश्वरानन्द वैदिक संस्थान से अनेक विद्वानों के सहयोग से एक बृहद् वैदिक कोष का प्रकाशन हुआ है। इस कोष ने वैदिक संहिताओं के सम्बन्ध में ऋचाओं के सन्दर्भ की समस्या हल कर दी है। यद्यपि इसे शब्दपारायण की दृष्टि से कोष के अन्तर्गत नहीं रखा जा सकता है तथापि इसमें वैदिक शब्दों की सूची विद्यमान होने से वैदिक मूल-शब्दों का परिचय सुलभ हो जाता है। इसके १६ खण्ड प्रकाशित हुए हैं। इसके

---

१ वर्णानुक्रमतः पदैर्लोकवेदोभयोद्भवैः ।
पद्यबद्धो महार्थोऽयं नानार्थो महान् ॥
विशेषतस्त्वायुर्वेदप्रभृतीनां पदैर्युतः ।
लोकयुक्तोदाहृतिभिर्विष्णवे समलङ्कृतः ॥
सचित्रः प्रचुरप्राच्यवैज्ञानिकपदोच्चयः ।
परिशिष्टैश्च बहुभिः कोष एष परिष्कृतः ॥
(उपक्रम श्लोक ७,८,९)

अतिरिक्त "संस्कृत का बृहत्तम कोष" प्रकाशन करने की योजना डेक्कन कालेज, पुणे के शोध-विभाग के निदेशक सुप्रसिद्ध विद्वान् डा० एस० एम० कात्रे ने भी प्रस्तुत की है। उनके साथ अनेक विज्ञ सहयोगी भी इस कार्य मे सलग्न हैं। अब तक इस कोश के ३ खण्ड प्रकाशित हुए हैं। इसके समग्र भाग प्रकाशित होने पर कोश-साहित्य का क्षेत्र अधिक विस्तृत हो जायगा। इसकी विशेषता यह है कि शब्दो का अर्थ देने मे भाषा-वैज्ञानिक पद्धति का आश्रय लिया जा रहा है तथा यह प्रयत्न किया जा रहा है कि अधिकाधिक प्रचलित शब्दो का विधिवत् समाकलन हो जाय।

शब्दराशि को समाकलित करने मे विद्वानो की प्रवृत्ति आज भी देखी जाती है। इस प्रवृत्ति मे शब्दो का प्रयोग एव प्रचलन ही मुख्य कारण है। शब्दो के प्रचलन एवं प्रयोग होने मे देश-काल की परिस्थिति मुख्य रूप से साधक होती है। अतः कोष-रचना की प्रक्रिया बराबर चलती रहती है। इसके फलस्वरूप वाराणसी से श्रीगोपालचन्द्र वेदान्तशास्त्री ने भी बृहत् सस्कृतकोष के प्रकाशन की योजना बनाई है। उसका एक खण्ड प्रकाशित हुआ है। इसके सम्पूर्ण प्रकाशित होने पर हिन्दी जगत् को संस्कृत-वाङ्मय मे अवगाहन करने के लिए अच्छा अवसर मिलेगा। वर्तमान समय के कोषकारो मे सुप्रसिद्ध विद्वान् डा० सूर्यकान्त का योगदान भी प्रशसनीय है। उन्होंने सस्कृत हिन्दी-अंग्रेजी कोश की रचना की है। इसके पूर्व चतुर्वेदी द्वारकाप्रसाद शर्मा का संस्कृतशब्दार्थकौस्तुभ (सस्कृत-हिन्दी) का अच्छा प्रचार हुआ है। इन्होने कोष लिखकर अनेक विद्वानो को कोष-रचना करने के लिए प्रेरित किया है।

विविध कोश

कुडौल, वि (स कु+हिं डौल) दुर्दर्शन, कदाकार, कुरूप।

कुढंगा, वि पु (स कु+हिं ढंग) अशिष्ट, असभ्य, दुःशील।

कुढ़न, स स्त्री (हिं कुढ़ना) मनस्ताप, चित्तव्यथा।

कुढ़ना, क्रि अ (स क्रुध >) दुर्मनायते (ना धा), क्षुभ् (दि प से), अन्त परितप् (दि आ अ)।

कुढब, वि (स कु+हिं ढब) कुरूप, दुर्द र्शन २ अदक्ष ३ कठिन।

कुढ़ाना, क्रि स (हिं कुढ़ना) सतप्-उद्विज् (प्रे) २ प्रकुप्-क्रुध (प्रे)।

कुतरना, क्रि स (स कर्तनम्) चर्वीन छिद् (रु प से), दन्तै खण्ड् (चु)।

कुतर्क, स पु (स) हेत्वाभास, मिथ्याहेतु, वितण्डा, प्रजल्प, विवाद।

कुतर्की, वि (स र्किन्) वितण्डावादिन्, मिथ्याहेतुवादिन् २ वाचाल, वावदूकः।

कुतिया, स स्त्री (हिं कुत्ती) सरमा, कुक्कुरी, शुनी, सारमेयी, भषी।

कुतुब, स पु (अ) ध्रुव, ध्रुवतारा।

—नुमा, स पु, दे 'किबलानुमा'।

कुतूहल, स पु (स न) उत्कण्ठा कौतूहल, कुतुक, कौतुक, जिज्ञासा २ अपूर्व दुर्लभ-अदृष्ट,-वस्तु (न) ३ विनोद ४ आश्चर्यम्।
कुत्ता, स पु (दश) कुक्कुर, श्वन्, शुनक, कौलयक, भषक, सारमय, मृगदशक, भषण, वक्रलांगूल वृकारि, शयालु ।
कुत्ते की हुड(ल)क, स स्त्री आल्कं, जल सत्रास, अलर्काभिभव ।
कुत्ती, स स्त्री (हिं कुत्ता) दे 'कुतिया ।
कुत्सित, वि (स) अधम, अवम, गर्ह्य निन्दित।
कुदरत, स स्त्री (अ) प्रकृति (स्त्री) माया, ईश्वरशक्ति (स्त्री) २ अधिकार, प्रभुत्वम् ३ संसार जगत् (न) ४ रचना।
कुदरती, वि (अ) नैसर्गिक प्राकृतिक मायामय २ स्वाभाविक सहज ३ दिव्य ऐश्वर (री स्त्री)।
कुदाँव, स पु (स कु + हिं दाँव) छल, विश्वासघात २ कुस्थिति (स्त्री) ३ कुस्थानम्।
कुदान¹, स पु (स न) गर्ह्यदानम् २ कुपात्राय दानम्।
कुदान², स स्त्री (हिं कूदना) कूर्दन, झप पा २ कूर्दनभूमि (स्त्री) झंपान्तरालम्।
कुदाना, क्रि स, कूदना' के धातुओं के प्रे रूप।
कुदाल, स पु (स कुद्दाल) कुठार, खन दारण, स्तम्बघ्न, खनित्रम् २ टक, पाषाणदारण ।
कुदिन, स पु (स न) आपत्काल, विपत्ति समय २ दुर्दिनम्, ऋतुविपरीत दिनम्।
कुदृष्टि, स स्त्री (स) पापदृष्टि (स्त्री) २ अमंगलदृष्टि ।
कुधर, स पु (स) पर्वत २ शेषनाग ।
कुनकुना, वि (स कदुष्ण) ईषदुष्ण, कोष्ण कवोष्ण मन्दोष्ण।
कुनबा, स पु, दे 'कुटुम्ब ।
कुनाम, स पु (स -मन् न) अप, ख्याति कीर्ति (स्त्री)।
कुपथ, स पु (स कुपथ) कापथ, कुमार्ग २ निषिद्धाचरणम् ३ कुमितमप्रदाय ।
कुपन्थी, वि (हिं कुपथ) कुपथिन्, कुमार्गिन्, कदाचारिन्।
कुपथ, स पु (स) दे 'कुपथ'।
—गामी, वि (स मिन्) दे 'कुपन्थी'।
कुपथ्य, स पु (स न) रोगजनको आहार विहारौ।
कुपात्र, वि (स न) अयोग्य अनर्ह, निर्गुण अनधिकारिन्।
कुपित, वि (स) क्रुद्ध, रुष्ट ।
कुपुत्र, स पु (स) दे 'कपूत'।
कुप्पा, स. पु (स कुतुप) कूपक कुतू (स्त्री) चर्ममय स्नेहपात्रम्।
—होना, मु आप्याम् स्फाय् (भ्वा आ मे) पीनीभू०।
कुप्पी, स स्त्री (हिं कुप्पा) चर्मकूपी लघु कुतुप -कुतू (स्त्री))
कुफ्र, स पु (अ कुफ्र) यवनेतरसम्प्रदाय २ यवनमतविरोधिवाक्यम्।
कुफल, स पु (अ) ताल, द्वारयन्त्रम्।
कुब, स पु (स कुब्ज >) ककुद द, कुद (स्त्री)।
कुबड़ा, वि (स कुब्ज) कुब्जक, न्युब्ज, वक्रपृष्ठ गडुल र, गडु। स पु कुब्ज इ ।
कुबड़ी, स स्त्री (हिं कुबड़ा) नतशीर्षा यष्टि (स्त्री) २ दे 'कुब्जा'।
कुबानि, स स्त्री, दे 'कुटव'।
कुबुद्धि, वि (स) मूर्ख, मन्दमति। स स्त्री, मौर्ख्य मूढता।
कुबेर, स पु (स कुबेर) धनद, यक्षराज, वैश्रवण, राजराज इच्छावसु नरवाहन निधीश्वर ।
कुबेला, स स्त्री (स कुवेला) कु,-समय काल २ अनवसर, अयोग्यकाल ।
कुब्ज, वि (स) दे 'कुबड़ा ।
कुब्जा, स स्त्री (स) कंसदासी २ मथरा नाम्नी कैकेयीदासी। वि वक्रपृष्ठा, कुब्जा।
कुभा, स स्त्री (स) काबुलनदी २ भूमिच्छाया।
कुमक, स स्त्री (तु) मैत्र, सहायता।
कुमकुम, स पु (स कुंकमम्) केसर रम, काश्मीरजम्।
कुमकुमा, स पु (तु० स) लाक्षा,-गोल-वर्तुल २ अलंकरणोपयुक्त काचगोल ३ संकीर्णमुख-कमंडलु -करक ।

कुमाच, सं पु (अ कुमाश) कौशेयवस्त्रभेद ।
कुमार, सं पु (सं) बाल, बालक २ पुत्र ३ राजपुत्र ४ युवराज ५ कार्तिकेय ६ अप्राप्तयौवन ८ सनत्कादय ऋषय ७, भारतवर्ष -र्षम्। वि, दे 'कुआरा'।
कुमारबाज, सं पु (अ+फा) धनकार, कितव ।
कुमारी, सं स्त्री (स) बाला, बालिका, कन्या २ पुत्री, ३ राजपुत्री ४ द्वादशवर्षा कन्या ५ मही, घृतकुमारी ६ सीता ७ पार्वती। वि दे 'कुँआरी'।
कुमार्ग, सं पु (स) दे 'कुपथ'।
कुमुद, सं पु (सं न) कैरव, चन्द्रकान्त, कल्हार, शीतल्क, इन्दुकमल, चन्द्रिकाम्बुज, गन्धसोम, कुवलयम् २ कर्पूर -र ३ रूप्यम्।
—बन्धु, स पु (सं) चन्द्र २ कर्पूर -रम्।
कुमुदिनी, सं स्त्री (स) दे 'कुमुद' २ कुमुदवत् सरस् (न)।
—पति, सं पु (स) चन्द्र ।
कुमेरु, सं पु (सं) दक्षिणध्रुव ।
कुमोदिनी, सं स्त्री, दे 'कुमुदिनी'।
कुम्मैत, स पु (तु) पिंग,-वर्ण -रग २ पिंगाश्व ।
कुम्हड़ा, सं पु (स कूष्माण्ड) दे 'काशीफल'।
कुम्हलाना, क्रि अ (स कुम्लान) म्लै-ग्लै (भ्वा प अ), विशॄ (कर्म), विशीर्णी भू।
कुम्हार, स पु (स कुम्भकार) कुलाल, चक्रिन्।
कुम्हारिन, सं स्त्री (हिं कुम्हार) कुलाली, कुम्भकारी, चक्रिणी।
कुरंग, स पु (स) हरिण, मृग २ कृष्णसार ।
कुरंग, वि कुवर्ण, निन्द्यरग।
कुरंगी, स स्त्री (स) मृगी, हरिणी।
कुरंड, स पु (स कुरुविंदम्) कावलवणम् २ माणिक्यम्।
कुरकुरा, वि (अनु कुरकुर) भंगुर, भिदुर।
कुरबान, वि (अ) इष्ट, हुत, बलित्वेन दत्त।
कुरबानी, सं स्त्री (अ) यज्ञ, याग २ बलि, उत्सर्ग, आलभ ३ समर्पण, परित्याग ।
कुरसी, स स्त्री (अ) आसदी, पीठ, आसनम् २ ४ स्तम्भ प्राकार भवन, मूलम् ५ वंशपरंपरा।
—नामा, सं पु (अ+फा) वंश, वृक्ष-परंपरा।
आराम—, सं स्त्री (फा+अ) विश्रामासदी।
कुरा, सं पु (अ) दे 'पाँसा'।
कुरान, स पु (अ) यवनधर्मपुस्तकम्।
कुराह, सं स्त्री (स कु+फा राह) दे 'कुपथ'।
कुरीति, सं स्त्री (स) कुप्रथा, कदाचार, कुव्यवहार ।
कुरु, सं पु (सं) नृपविशेष २ प्रान्तविशेष ३ कुरुवंशज ।
—क्षेत्र, स पु (स न) महाभारतसंग्राम भूमि (स्त्री)।
कुरूप, वि (सं) विरूप, कदाकार, दुर्दर्शन। स पु (सं न) वैरूप्य, कदाकार ।
कुरूपता, सं स्त्री (सं) दे 'कुरूप' सं पु।
कुरेद (ल) ना, क्रि स (सं कर्तनम्?) उद् वि, लिख् (तु प से), तक्ष् (भ्वा प से), तुद् (तु प से), घृष् (भ्वा प से) त्वक्ष् (भ्वा प वे) उत्खन् (भ्वा प से)।
कुर्क, वि (तु) ऋणहेतो अपहृत।
—करना, क्रि स ऋणहेतो अपहृ (भ्वा उ अ)।
—अमीन, स पु (तु+फा) ऋणादिहेतो द्रव्यापहर्ता, राजकर्मचारिन्।
कुर्की, स स्त्री (तु कर्क>) (राजाज्ञया) सम्पत्तिहरणम्।
कुर्ता, स पु (तु) चोल, उरोवस्त्रम्।
कुर्ती, स स्त्री (तु, कुर्ता>) आंगिक -क, कूर्पासक -कम्।
कुर्पर, स पु [स कु (कृ) पर] जानु (न) चक्रिका २ कफोणि (पु स्त्री) कफणी।
कुर्बानी, दे 'कुरबानी'।
कुर्री, स स्त्री (देश) कोमलास्थि (न)।
कुर्स, स पु (अ), गुटिका, गुलिका, वटिका।
कुर्सी, दे 'कुरसी'।
कुलंग, स पु (अ) रक्तशीर्षो धूसर खगभेद । २ कुक्कुट ३ दीर्घग्रीवो मनुष्य ।
कुलंजन, सं पु (सं) कुलन, कुलीन, गंध मूल २ नागला नागलता, मूलम्।
कुल, सं पु (सं न) वंश, अन्वय, वंशावली लि (स्त्री) २, जाति (स्त्री) ३ समूह ४ गृहम् ५ वाममार्ग ।

—**कलंक**, स पु (सं) कुलागार, कुलपांसन ।
—**कानि**, स स्त्री (स + हिं) कुल, गौरव मर्यादा।
—**तारण**, स पु (स) वंशोद्धारक ।
—**पति**, सं पु (स) गृहस्वामिन् २ दश सहस्रच्छात्राणां पोषकोऽध्यापकश्च ३ विश्वविद्यालयस्य उपप्रधानाधिकारिन् (अ॰ वाइस चांसलर)।
—**वती**, म स्त्री (स कुलवती) कुलीना, सद्वंशीना, आर्या।
कुल, वि (अ) सकल समस्त निखिल ।
कुलकुलाना, क्रि अ (अनु) कुलकुलध्वनिं कृ।
आँतें—, मु अतीव क्षुध (दि प अ)।
कुलक्षण, स पु (स न) अपलक्षण, दुश्चिह्न २ कदाचार, गर्ह्याचरणम्। वि दुराचारिन्।
कुलचा, स पु (फा कुलीचा) सकिण्वोऽपूप २ दे 'पूजी'।
कुलटा, स स्त्री (स) व्यभिचारिणी, पुंश्चली, बंधकी स्वैरिणी निशाचरी, नपारण्डा।
कुलत्थ, स पु (स कुलत्था) चक्षुष्या, लोचनहिता, दृक्प्रमादा।
कुलथी, स स्त्री (स कुलत्थ) धान्यभेद (शस्यभेद)।
कुलफ, स पु (अ कुफ्ल) दे 'ताला'।
कुल्फा, स पु (फा खुर्फ) बृहल्लोणी, घोलिका, शाकभेद। २ दे 'कुल्फी'।
कुल्फी, स स्त्री (हिं कुल्फ) धूमपान यन्त्रस्य भुग्ननाली २ हिमसन्तानीनिर्माणपात्रम् ३ हिमसन्तानी, घनमधुरदुग्धम्।
कुलबुलाना, क्रि अ (अनु कुलबुल) दुःखाद् अयानि आटृप (भ्वा प अ) २ अङ्गाणि गभीर स्वन् (भ्वा प से) ३ विसृप, सृप् (भ्वा प अ) ४ व्याकुल (वि) भू ५ दे 'खुजलाना'।
कुलबुलाहट, स स्त्री (पूर्व) शनैः सर्पण, कृमिसदृशी चेष्टा २ चञ्चलता कच्छुरता।
कुलहा, स पु (फा कुलाह) शङ्काकार शिरस्त्रम्।
कुलही, स स्त्री (हिं कुलहा) शिशुशिरस्त्रम्, दे 'कनटोप'।
कुलाँच, स स्त्री (तु कुलाच) दे 'छलांग'।

कुलाबा, स पु (अ) लोहपुट २ वडिश, मत्स्यवेधनम् ३ द्वारसंधि (पु) ४ शृङ्खला, अङ्कुश (स्त्री) ५ अर्गलम् ६ जलमार्ग, नाली।
कुलाल, सं पु (स) कुम्भकार २ वनकुक्कुट ३ उलूक ।
कुलिक, स पु (स) कलाविद् (पु) २ शिल्पिन् ३ कुलीन ४ कुलपति ।
कुलिश, स पु (स) वज्र, पवि २ विद्युत् (स्त्री) ३ कुठार ।
कुली, स पु (तु) भार, वाह हर, भारिक २ कर्मक (का) र श्रमजीविन्।
कुलीन, वि (स) महाकुल, अभिजात आर्य, सभ्य, सत्कुलीन।
कुलीनता, स स्त्री (स) आभिजात्य आर्यता।
कुलेल, स स्त्री (सं कल्लोल ~) क्रीडा, खेला, विहार केलि (पु स्त्री), विलास, लीला।
कुल्या, स स्त्री (स) क्षुद्रकृत्रिमनदी २ क्षुद्रनदी ३ पयःप्रणाली ४ कुलस्त्री।
कुल्ला, स पु (स कवल >) चलु, चलुक, चुलुक ।
कुल्हड़, स पु (स कुल्हरिका) करक, क्षुद्र मृत्पात्रम्।
कुल्हाड़ा, स पु (स कुठार, दे)।
कुल्हिया, स स्त्री (हिं कुल्हड़) क्षुद्रकरक, अतिक्षुद्रमृत्पात्रम्।
कुवलय, स पु (स न) नील, कुमुद कैरवराशिराजितम् २ नील, कमल-उत्पलम् ३ भूमण्डलम्।
कुवाच्य, वि (स) अश्लील, अशिष्ट, अवाच्य। स पु (स न) गाली, कुवचन अपशब्द ।
कुवेणी, स स्त्री (स) मत्स्यकरण्डी २ कुग्रथितवेणी।
कुवेर, स पु (स) कुबेर, दे ।
कुश, स पु (स) कुथ, दर्भ पवित्रम् २ जलम् ३ रामपुत्र ४ फाल ।
कुशन, स पु (अ) उपधान, उपबर्ह, उपबर्हणम्।
कुशल, वि (स) दक्ष, चतुर, प्रवीण, निपुण, विशारद, विचक्षण २ श्रेष्ठ, भद्र।
स पुं (स न) सुखं क्षेम, मङ्गलम्, भद्रं, शिवम् २ कुशमाहिन् ३ शिव ।

—क्षेम, स पु (सं न) सुख, क्षेम। मङ्गलम्।

कुशलता, सं स्त्री (स) पाटव, चातुर्य, निपुणता।

कुशा, स स्त्री (सं न्दर दम्) दर्भ, कुथ, पवित्र, याज्ञिक हस्वगर्भ, बर्हिस (पु न)।

कुशाग्र, वि (स) तीक्ष्ण, सूक्ष्म, तीव्र प्रखर।

—बुद्धि, वि (सं) तीक्ष्णमति। सं स्त्री, तीव्र-मति (स्त्री)।

कुशादगी, स स्त्री (फा) विशालता २ विस्तार, विस्तृति (स्त्री)।

कुशादा, स पु (फा) विस्तृत आवरण रहित।

कुशासन¹, स पु (स कुश+आसनम्) कुश विष्टर, दर्भासनम्।

कुशासन², स पु (स कु+शासनम्) दुःशासनम्, दुःसिन्राज्यव्यवस्था।

कुशील, वि (सं) दुराचार, दुर्वृत्त, दुःस्वभाव।

कुश्ता, स पु (फा न) धातुभस्मन् (न)।

कुश्ती, सं स्त्री (फा) नियुद्ध, मल्ल-बाहु-, युद्धम्।

कुष्ठ, स पु (सं न) श्वित्र श्वेत न, मण्डलक, दुश्चर्मन् (न) २ दे 'कूट'।

—नाशन, स पु (सं) वाराहीकन्द २ गौर सर्षप ३ क्षारीरवृक्ष।

कुष्ठी, वि (स कुष्ठिन्) श्वित्रिन्।

कुष्माण्ड, स पु (स) दे 'कुम्हड़ा'।

कुसंग, स पु (स) कुसंग, -सगति (स्त्री)।

कुसमय, सं पु (स) कुकाल, अशुभसमय २ अनवसर, असमय ३ विपत्काल।

कुसाइत, स स्त्री (स कु+अ साअत) अशुभमुहूर्त, अनवसर, कुसमय।

कुसीद, स पु (सं न) वार्द्धुष्य, वृद्धि (स्त्री)।

—जीवी, दे 'सूदखोर'।

—पथ, दे 'सूदखोरा'।

कुसुम्भ, स पु (स न) वह्निशिख, महारजनम् २ दे 'केसर'।

कुसुम्भा, स पु (स कुसुम्भम् >) कुसुम्भराग २ अहिफेनभागनिर्मित मादकद्रव्यम्।

कुसुम, सं पु (स न) पुष्प, प्रसून, सुम, सून, मणीवक, सुमनस (स्त्री, केवल बहु) २ लघुवाक्यमयग्रन्थम् ३ स्त्रीरजस् (न)।

—पुर, सं पु (सं न) पाटलिपुत्रम्।

—बाण, सं पु (सं) कामदेव।

कुसुमाञ्जलि, स स्त्री (स पु) पुष्पाञ्जलि।

कुसुमित, वि (स) पुष्पित, उत्फुल्ल, पुष्टित।

कुसूर, सं पु (अ) अपराध, स्खलितम्।

—वार, वि अपराधिन, दोषिन्।

कुहक, स पु (सं न) माया, अभिचार, इन्द्रजालम् २ ऐन्द्रजालिक ३ वंचक।

कुहकना, क्रि अ (अनु कुहू) कुहूरव कृ, कूज (भ्वा प से)।

कुहनी, स स्त्री (स कफोणि पु) कफणि (पु स्त्री), कफणा, कु (कू) र्पर।

कुहर, स पु (स न) छिद्र, विवर, बिल, रन्ध्रम्।

कुहरा, स पु (स कुहरी) तुषार, खवाष्प, धूमिका, कुहडिका, कुज्झटिका।

कुहराम, स पु (अ कहर+आम) विलाप, आक्रन्दन, परिदेवना २ महान् सङ्कुलम्।

कुही, स स्त्री (स कुधि) श्येन, शशान्तक, शशादन, कपोतारि।

कुहुक, पु, दे कुहू (२)।

कुहुकना, क्रि अ, दे 'कुहकना'।

कुहू, स स्त्री (स) अमावस्या २ कोकिल-मयूर,-आलाप।

कूँचा, सं पु (सं कूर्चम) शोधनी, समार्जनी, कूर्चकम्।

कूँची, स स्त्री (हि कूँचा) लघु-क्षुद्र,-शोधनी-कूर्चम् २ लोममयी मार्जनी ३ तूलिका, वर्ण-,तूली-तूलिका।

कूँच, स पु (स क्रुञ्च-ञ्चा) क्रौंच -चा, कलिक, कालिक।

कूँड, सं पु (सं कुण्डम्) सेचन नी २ सीता, हलरेखा ३ 'खोद'।

कूँडा, स पु (सं कुण्डम्), (जलार्थ) बृहन्मृत्पात्रम् २ द्रोणी-णि (स्त्री) ३ कुसुमपात्रम्।

कूँडी, सं स्त्री (हि कूँडा) लघुपाषाणद्रोणी-णि (स्त्री) २ पाषाणचषक-कम्।

कूक, स स्त्री (अनु) कोकिलकूजितम् २ केका, मयूरध्वनि ३ दीर्घमधुरध्वनि।

कूकना, क्रि अ (हि कूक) कूज् (भ्वा प से), कुहूरव कृ, केका कृ।

कूकर, स पु (सं कुक्कुर दे)।

कूच, सं पु (तु) प्रस्थान, प्रयाण, अपक्रम २ कटकत्याग ३ यात्रा।

—करना, क्रि अ, प्रस्था (भ्वा आ अ) प्रया (अ प अ)।

कूचा, स पु (फा च) वीथी, दे 'गली'।

कूजन, स पु (स न) कूजित, कलरव, खगध्वनि, विरुत, गुंजनम्।

कूजना, क्रि अ (सं कूजनम्) कूज् (भ्वा प से) कु (अ प अ), वि-रु (अ प से) २ गुंज (भ्वा प से), हु कृ।

कूजा, स पु (फा) सनालीक करक।

—मिसरी, स स्त्री, अर्द्धगोलाकारा घनीकृता सिता।

कूजित, वि (स) ध्वनित, स्वनित, गुंजित रुत, कलरवपूर्ण।

कूट[1], सं पु (स न) छल, कपट-ट, माया, वञ्चना, प्रतारणा २ असत्य ३ शृंग विषाणम् ४ उच्चशिखरम् ५ राशि ६ गूढार्थवार्ता, सनिंद उपालम्भ ७ प्रहेलिका, गूढप्रश्न ८ लौहमुद्गर ९ हरिणजालम् १० प्रच्छन्नवैरम् ११ नगरद्वारम् १२ भग्नशृंगो वृषभ।

वि, असत्यवादिन् २ प्रवञ्चक ३ कृत्रिम ४ श्रेष्ठ ५ निश्चल।

—नीति, स स्त्री (सं) कौटयकर्मन् (न)

—युद्ध, सं पु (सं न) कपटसंग्राम।

—योजना, स स्त्री (स) कुचक्रम्।

—साक्षी, स पु (स -क्षिन्) मिथ्यासाक्षिन्।

कूट[2], स स्त्री (हिं काटना वा कूटना) कर्तन, कृन्तनम् २ ताडन, कुट्टनम्।

कूटक, स पु (स न) छल, कपटम् २ उत्सेध, उत्तुंगता ३ फाल -ल, कुशिकम्।

कूटना, क्रि स (स कुट्टनम्) कुट्ट-चूर्ण्-यत् (चु), पिष् (रु प अ) २ प्रहन्-तड (चु)।

स पु तथा भाव, कुट्टन, चूर्णन, खण्डनम्, पेषणम् २ ताडन, प्रहरणम्।

—योग्य, वि, कुट्टनीय, चूर्णयितव्य।

—वाला, सं पुं कुट्टक, पेषक, ताडयितृ।

कूटा हुआ, वि., कुट्टित, पिष्ट, ताडित।

कूटस्थ, वि (सं) शिखरस्थ २ निश्चल ३ नित्य ४ गूढ।

कूटाक्ष, स पु (सं) कूट कपट-, अक्ष-देवन -सार।

कूटाख्यान, स पु (स न) गुप्तार्थ-गूढार्थ-कथा-उपाख्यानम्।

कूड़ा, स पु (स कूट = राशि >) अवस्कर, उच्छिष्ट, मल, निस्सारवस्तुसमूह।

—करकट, स पुं, दे 'कूड़ा'।

कूद, स स्त्री (हिं 'कूदना') प्लव, उत्, प्लुति (स्त्री) प्लवन झप -पा, वल्गनं, उत्प्लव।

—फाँद, स स्त्री कूर्दनप्लवनं, झपवल्गनम्।

कूदना, क्रि अ (सं कूर्दनम्) कूर्द् (भ्वा आ से), उत्प्लु (भ्वा आ अ), वल्ग (भ्वा प स) २ प्र मुद् (भ्वा आ से)।

स पु, दे 'कूद'।

—फाँदना, क्रि अ, इतस्ततः वल्ग। २ व्यायाम कृ।

कूप, सं पु (स) दे 'कुआँ' २ छिद्र, रंध्रम्।

—मण्डूक, स पु (सं) व्यवहारानभिज्ञ, अपक्वबुद्धि, अल्पदर्शिन्। २ अनुभव।

कूपन, स पु (अ) पत्रिका, *कूपनम्।

कूपी, स स्त्री (सं) कूपक, खातक २ दे 'कुप्पी' ३ नाभि (पु स्त्री), नाभी, तुन्दिका।

कूबड़, स पु (स कूबर >) ककुद -दम्।

कूर, वि (स क्रूर) निर्दय, निर्घृण, नृशंस २ भयंकर ३ दुष्ट ४ अलस ५ मूर्ख ६ कुलक्षण।

कूर्म, स पु (स) कच्छप, दे 'कछुआ' २ विष्णो कच्छपावतार ३ पृथिवी ४ ७ ऋषि प्राण-नाडी-आसन,-विशेष।

कूल, स पुं (स न) तट टी टं, तीरम् २ समीप, निकट ३ कुल्या ४ सरस् (न)।

कूल्हा, स पु (सं क्रोडम् >) नितम्बास्थि (न)।

कूष्माण्ड, स पु (स) दे 'कुम्हड़ा')।

कृच्छ्र, सं पुं (स न) दुःख, कष्टम् २ पापम् ३ मूत्रकृच्छ्ररोग ४ व्रतभेद। वि, दुष्कर, दुस्साध्य।

कृत, वि (स) विहित अनुष्ठित रचित सपादित, निर्मित। स पु सत्ययुगम् २ चतुर इति सख्या।

—कार्य, वि (स) सफल सिद्धार्थ।

—कृत्य, आप्तकाम मफलमनोरथ।

—युग, स पु (स न) सत्ययुगम्।

—विद्य, वि (स) विद्वम, पडित, बहुश्रुत।

कृतक, वि (स) कृत्रिम, अनैसर्गिक अस्वाभाविक २ अनित्य (न्याय०)।

—पुत्र, स पु (स) दत्तक, दत्रिम सुत।

कृतघ्न, वि (स) कृतज्ञतारहित अकृतवेदम्।

कृतघ्नता, स स्त्री (स) अकृतवेदिता उपकार विस्मरणम्, कृतज्ञतारहित्यम्।

कृतज्ञ, वि (स) उपकारज्ञ कृतविद्, कृतवेदन्।

कृतज्ञता, स स्त्री (स) उपकारज्ञता, उपकारस्मरण, कृतवादत्वम्।

कृताङ्क, वि (स) सचिह्न चिह्नित, अकित, साक।

कृताञ्जलि, वि (स) बद्धाञ्जलि, बद्धकर।

कृतात, स पु (स) मृत्यु २ यम ३ पापम् ४ देवता ५ पूर्वजन्मकमफलम् ६ सिद्धान्त ७, शनैश्चरवार।

कृतार्थ, वि (स) पूर्णकाम, द 'कृतकार्य' २ सतुष्ट ३ निपुण ४ मुक्त।

कृतास्त्र, वि (स) सशस्त्र सास्त्र सन्नद्ध २ अस्त्रविद्, शस्त्रनिपुण।

कृति, स स्त्री (स) चेष्टा, क्रिया २ कर्मन् (न) कार्यम् ३ इन्द्रजालम्, माया ४ रचना, ग्रथ ७ प्रहार ८ क्षति (स्त्री)।

कृती, वि (स कृतिन्) कुशल, दक्ष पटु २ पुण्यात्मन्, सुचरित्र।

कृतोदक, वि (स) स्नात, कृतस्नान, कृताभिषक

कृत्ति, स स्त्री (स) मृगचर्मन (न) २ त्वच (स्त्री) ३ भूर्ज ४ द 'कृत्तिका'।

—वासा, स पु (स-वासस) शिव।

कृत्तिका, स स्त्री (स) बहुला, आग्नेयदेवा, नक्षत्रविशेष।

कृत्य, स पु (स न) अनुष्ठेय, कर्तव्य, विधेय धर्म, आवश्यक कार्यम् २ कर्मन् (न)।

कृत्रिम, वि (स) कृतक, अनैसर्गिक।

कृदन्त, स पु (स) कृत्प्रत्ययान्तशब्द (उ पाचक, भोक्तृ इ) २ कृत्प्रत्ययविषयक व्याकरणप्रकरणम्।

कृपण, वि (स) कदर्य, द 'कंजूस' २ क्षुद्र।

कृपणता, स स्त्री (स) कदर्यता, दे 'कंजूसी'।

कृपया, क्रि वि (स) सदय, सकृप, सानुकप, सानुग्रहम्।

कृपा, स स्त्री (स) करुणा दया, अनुग्रह, प्रसाद उपकार, अनुकपा २ क्षमा, मर्षणम्।

—निधान, स पु (स न) दयानिधि। वि अत्यतकृपालु।

—पात्र, स पु (स न) प्रसादभाजन, अनुग्राह्य दयार्ह।

—सिंधु, स पु (स) दयासागर अति दयालु।

कृपाण, स पु (स) खड्ग असि २ दे 'कटार' ३ दडकवृत्तभेद (छन्द)।

कृपालु, वि (स) दयालु कारुणिक, कृपामय।

कृपालुता, स स्त्री (स) दयालुता, कारुणिकता।

कृमि, स पु (स) कीट, नीलाग, क्रिमि (पु) २ लाक्षा।

—कोश, स पु (स) पट्टकीट, कोष-गृह।

—नाशक, वि (स) कृमिघ्न, कृमिहर।

कृमिक, स पु (स) कीटक, लघु-कृमि-क्रिमि।

कृमिज, स पु (स न) अगुरु (न) राजार्ह २ कौशेय ३ दे 'हिरमिजी'।

कृमिजा, स स्त्री (स) कीटजा, लाक्षा।

कृमिल, वि (स) कृमिकुल चित-पूर्ण, कृमिमय।

कृमिला, स स्त्री (स) बहुप्रसू (स्त्री), बहुप्रजा।

कृश, वि (स) क्षीण, क्षाम, तन्वग-कृशाग (-गी स्त्री) प्र,तनु, दुर्बल २ अल्प, स्तोक, क्षुद्र, सूक्ष्म, अणु लघु।

कृशता, स स्त्री (स) क्षीणता, क्षामता, दुर्बलता २ अल्पता, सूक्ष्मता।

कृशांगी, स स्त्री (स) तन्वगी, क्षीणागी, तन्वी।

कृशानु, स पु (स) अनल, अग्नि (पु) २ चित्रक।

कृशोदरी, वि स्त्री (स) तनुक्षीण, मध्या मध्यमा।
कृषक, स पु (स) कृषीवल, कृषिक, कृषाण।
कृषि, स स्त्री (स) कर्षण, हलभृति (स्त्री)।
कृष्ण, स पु (स) वासुदेव, केशव, चक्रपाणि (पु) चक्रिन् (पु), जनार्दन, पीताम्बर, माधव, मधुसूदन, हृषीकेश, गोपाल, गोवर्धनधारिन् (पु) गोविंद, दामोदर, मुरारि (पु), राधारमण। २ कोकिल ३ काक ४ कृष्णपक्ष। वि, काल, असित, २ नील मेचक, श्याम ३ तिमिर, निष्प्रभ।
—जटा, स स्त्री (स) जटामांसी, सुगन्धिमूलभेद।
—जीरक, स पु (स) कृष्णा, काला, बहुगन्धा।
—द्वैपायन, स पु (सं) वेदव्यास, महाभारतकार।
—पक्ष, स पु (स) असितपक्ष, प्रतिपदा अमावस्यान्तानि पञ्चदश दिनानि।
—लवण, स पु (स न) रुचक, अक्ष, सौवर्चल।
—लोह, स पु (स न) अयस्कान्त, चुंबक।
—शार, —सारग, —सार, स पु (स) मृगभेद।
कृष्णता, स स्त्री (सं) कृष्णिमन् (पु), कालिमन् (पु), नीलत्व, श्यामत्व।
कृष्णा, स स्त्री (स) द्रौपदी, पांचाली २ कालीदेवी ३ दक्षिणदेशे नदीविशेष ४ कृष्णजीरक ५ कृष्णद्राक्षा ६ नयनतारा।
कृष्णाष्टमी, स स्त्री (स) श्रीकृष्णजन्मदिवस, जन्माष्टमी, भाद्रमासस्य कृष्णपक्षस्याष्टमी तिथि।
कृष्णी, स स्त्री (स) कृष्ण, रजनी रात्रि (स्त्री)।
कृष्य, वि (स) वर्षणीय, कृषियोग्य।
केंचुआ, स पु (स किंचुलुक) महीलता, गण्डूपद, किञ्चिलिक।
केंचुल, सं स्त्री (स कञ्चुक) निर्मोक, अहि भुजग-सर्प-त्वच् (स्त्री)।
केंचुली, वि (हिं केंचुल) कञ्चुक, सदृश-तुल्य। स स्त्री दे 'केंचुल'।
केंद्र, स पुं (स न) मध्य स्थ, मध्यभाग २ उदर, गर्भ ३ मुख्य प्रमुख, स्थानम्।
केंद्री, वि (स केन्द्र>) मध्यम, मध्यस्थ, मध्य, गत वर्तिन्, मध्य, केन्द्रीय।
—करण, स पु (स न) मध्यवर्तिन कृ, एकतत्री कृ।
कैंसर, स पुं (अ) कर्कट कर्कटिका, रोग, कर्कस्फोट।
के, प्रत्य, (हिं का) दे 'का'।
केकड़ा, स पु (स कर्कट) कर्कटक, कुलीर।
केकय, स पु (स) १ वर्तमानकाश्मीरान्तर्गतप्रदेशविशेष २ दशरथश्वशुर।
केकयी, स स्त्री (स कैकेयी)।
केका, स स्त्री (स) मयूरवाणी।
केकी, स पु (स किन्) मयूर, शिखिन्।
केत, स पु (स) भवन, गृह २ स्थान ३ ध्वज, केतन ४ बुद्धि (स्त्री) ५ सकल्प ६ मंत्रणा ७ अन्नम्।
केतक, स पु (स) केतकीवृक्ष २ तत्पुष्प।
केतक, वि (स कति+एक) दे 'कितने', 'कितना', बहुत'।
केतकी, स स्त्री (स) सूचीपुष्प, केतक, क्रकचच्छद, त्रिफला, क्रकचा, गन्धपुष्पा।
केतन, स पु (स न) भवन, गृहम् २ स्थान ३ चिह्न ४ ध्वज ५ निमंत्रण, आह्वानम्।
केतली, स स्त्री (अ केटल) उखा, स्थाली, लौह्या लौहभू (स्त्री)।
केतित, वि (स) आमन्त्रित, आहूत, आवारित २ जनाकीर्ण लोकाध्युषित।
केतु, स पु (स) ग्रहविशेष २ उल्का, उत्पात ३ ज्ञान ४ दीप्ति (स्त्री) ५ ध्वज ६ चिह्नम् ७ राक्षसविशेषस्य कबंध।
—तारा, स पु (स स्त्री) धूमकेतु (पुं), उल्का।
—मान्, वि (स मत्) तेजस्विन् २ ध्वजिन् ३ बुध।
—माल, सं पु (सं न) जबुद्वीपस्य नववर्षान्तर्गतखंडविशेष।
—रत्न, स पु (सं न) वैदूर्यमणि (पुं)।
केथीटर, स पु (अ) मूत्रशलाका।
केल्सियम, सं पुं (अ) चूर्णातु (न), खटिकम्।
केदार, सं पुं (सं) व्रीहिक्षेत्रं २ हिमालये

तीर्थविशेष ३ आलवाल ४ मेनराग्पुत्र ५ मनुष्य क्षत्रभाग ।

केन, स पु (स-'किं' का तृतीया एकवचन) उपनिषद्विशेष ।

केमरा, स पु (अ) छायाचित्रपेटिका ।

केमिस्ट्री, स स्त्री (अ) रसायनम् ।

केयूर, स पु (स पु न) अंगद-द, वलय य ।

केराना, स पु दे 'किराना' ।

केराना, स पुं (अ क्रिश्चियन >) मारो पाय २ लेखक, कायस्थ, लिपिकार ।

केराया, स पु दे 'किराया' ।

किराये की गाड़ी, स स्त्री पण्य साधारण वाहन-रथ ।

केला, सं पु (स कदल), (वृक्ष) कदली, रंभा, मोचा, काष्ठीला, सकृत्फला, गुच्छफला, निस्सारा, ऊरुस्तम्भा, मो(रो लो)चक, वारणवल्लभा । (फल) कदलीफल, मोच द ।

केलि, स स्त्री (स) क्रीडा, सल्ला २ रति (स्त्री), मैथुन ३ नर्मन् (न), परि (री) हास ४ पृथ्वी ।

—कला, स स्त्री शारदावीणा २ रतिविज्ञान ।

केलोरी, स स्त्री (अ) उष्मन् ।

केवट, स पु (स कैवर्त) नाविक, पोत वाह औडुपिक २ धीवर, कैवर्त जालिक, मत्स्याजीव ।

केवटी, स स्त्री (हि केवट) मिश्रद्विदल, वेल्लनकर ।

केवड़ा, स पु (स केतकिका) केवी, कदिका, सूचा (पु), महागन्धा नृपवल्लभा २ केवी पुष्प द ३ महागन्धासव ।

केवल, वि (स) एक, अद्वितीय २ विशुद्ध ३ श्रेष्ठ । क्रि वि, एव, केवलं,-मात्र (समास में) २ सामस्त्येन, सपूर्णतया ।

केवलात्मा, स पु (स-त्मन्) परमेश्वर, जग दीश्वर २ शुद्धसत्त्वमनुष्य, पुण्यात्मन् ।

केवली, स पु (स लिन्) मोक्षाधिकारी साधु २ तीर्थकर (जैन) ।

केवाँच, स स्त्री (स कच्छु >), (लता) कपिकच्छू (स्त्री) स्वयं-आत्मगुप्ता, कंडूरा, मर्कटी २ (फली)कपिकच्छू-बीजकोश शिंबी ।

केवाड़, स पु, दे 'किवाड़' ।

केश, स पु (स) बाल, कच, कुन्तल, चिकुर शिरोरुह, शिरसिज मूर्द्धज वृजिन २ किरण ३ वरुण ४ विष्णु ५ सूर्य ६ विश्व (७ ८) अश्व-सिंह,-स्कधकेश ।

—कर्म स पु, केशकर्मन् (न), कच, विन्यास प्रसाधनम् ।

—कलाप -पाश, स पु (स) प्रसाधितकेशा, अलक, कुरल ।

—प्रसाधनी, स स्त्री
—मार्जक, स पु } कंकतिका दे कघी' ।

—विन्यास, स पु (स) दे केशकर्म' ।

केशक, वि (स) केशकर्म-केशविन्यास कुशल, केशप्रसाधक ।

केशरी, स पु (स -रिन्) सिंह मृगेन्द्र २ घोटक (३-४) पुन्नाग नागकेशर वृक्ष ।

केशाकेशी, स स्त्री [स -शि(न)] अन्योन्य केशग्रहणपूर्वकप्रवृत्त युद्ध ।

केशिनी, स स्त्री (स) सुकेशी गा सुकची-वा ।

केशी, स पु (स केशिन्) सिंह २ घोटक ३ सुकेश (पुरुष) ३ राक्षसविशेष ।

केस, स पु, दे 'केश' ।

केस, स पु (अ) व्यवहारपद, कार्य २ दुर्घटना ३ कोष, पुट ।

केसर, स पु (स पु न) काश्मीर, काश्मीर रज, कुंकुम अग्निशिख, वर, वाह्नि (ह्री) क, पीतन, गौर, रक्त, लोहितचन्दन, वर्ण्य, सकोच, धीर, घस्र, घुसृण, घोरम् २ नागकेशरवृक्ष ३ अश्व-सिंह,-स्कधबाला ४ स्वर्ण ।

केसराचल, स पु (स) मेरु, सुमेरु, हेमाद्रि ।

केसरिया, वि (स केसर >) घनपीत, कुंकु मवर्ण ।

—बाना, स पु, कुंकुमवर्ण घनपीत, वेश - वेष ।

केसरी, स पु (स -रिन्) दे 'केशरी' ।

केसू, सं पु (स किंशुक) पलाश, रक्त पुष्पक ।

केहा स पु (स केका >) मयूर, दे 'मोर' ।

केहरी, स पु (स केसरिन्) सिंह २ अश्व ।

कैंची, स स्त्री (तु) दे 'कतरनी' ।

—करना, मु, अंगानि निरुद्ध (तु प से)- रुद्ध (कृ व से)-अवच्छिद् (रु प अ) ।

—सी जवान चलना, मु , शीघ्र-सत्वर-वेगेन नद् (भ्वा प से)-भाष् (भ्वा आ से)।
कैंचुली, स स्त्री, दे 'केंचुली'।
कै, वि (स कति) दे 'कितने', 'कितनी'। अव्य, वा, अथवा, यद्वा २ अन्यतर।
—दफा,—बार,—बेर, कतिकृत्व (अव्य), मतिवार।
कैंप, स पु (अ) दे 'कपू'।
कै, स स्त्री (अ) वात, वमनोद्गार २ वमन, वम, वमि (स्त्री), प्रच्छर्दिका, वमथु (पु)।
—आना, क्रि अ, वमनेच्छया पीड् (कर्म), विवमिषति (सन्नन्त)।
—करना, क्रि स उद्,-वम् (भ्वा प से) छर्द् (चु), उत्क्षिप् (तु प अ), उद्गृ (तु प से)।
कैतव, स पु (सं न) छल, कपट, वचन २ द्यूत ३ वैदूर्यमणि (पु) ४ धुस्तूर। वि, छलिन्, कापटिक २ शठ, धूर्त ३ अक्ष देविन्, कितव, (-वी स्त्री)।
कैथ-था, स पु (स कपित्थ) दधित्थ, मन्मथ, दधि-पुष्प-कुच-गन्ध-दन्त,-फल।
कैद, स स्त्री (अ) बन्धन, निग्रह, निरोध २ कारा,-निरोध -बन्धन-प्रवेश -वास, बंदी करण, प्रग्रह, आसेध ३ नियम, समय, प्रतिज्ञा, सकेत।
—करना, क्रि स, कारागृहे निक्षिप् (तु प अ)-बन्ध्(क्र् प अ)-निरुध(रु उ अ), बन्दीग्राह ग्रह (क्र प से), बदीकृ।
—होना, क्रि अ, कराया निक्षिप्-बन्ध्-निरुध् बन्दीकृ (सब कर्म)।
—खाना, स पु (फा) कारा, कारागार २, कारावास, बन्दि,-शाला-गृह, बन्धनालय, चार, चारक, गुप्तिस्थान।
—तनहाई, स स्त्री (अ+फा) एकान्त-विजन-निर्जन,-आसेध।
—महज, स स्त्री (अ) सरल सुगम,प्रग्रह आसेध।
—सख्त, स स्त्री (अ + फा) विषम-दुस्तर, आसेध, द।
कैदी, स पु (अ) बदी दि (स्त्री), बन्दिन् (पु), कारागुप्त, ग्रहक, प्रग्रह, बद्ध।
कैप, स पु (अ) दे 'टोपी'।

कैपिटल, पु (अ) मूल-धन द्रव्यम्, २ धन, पुञ्ज-राशि, पुंजि (स्त्री) ३ राजधानी।
कैपिटलिस्ट, स पु (अ) धनिक, कोटीश्वर, पुंजिपति।
कैबिनेट, स पु (अ) मन्त्रिमण्डलम् २ कोष्ठक ३ मन्त्रणागृहम्।
कैफियत, स स्त्री (अ) अवस्था, स्थिति (स्त्री), दशा २, विवरण, वर्णन ३ आश्चर्योत्पादकघटना।
कैरव, स पु (स न) कुमुद २ सितोत्पल, श्वेतकमल। (स पु) कितव २ शत्रु।
कैरी, स स्त्री (देश) दे 'अंबिया'।
—आख, स स्त्री, कपिल पिंगल,-नयन-नेत्र।
कैलास, स पु (स) पर्वतविशेष, शिवकुबेर, निवास।
—नाथ, पति, स पु (स) शिव।
—वास, स पु (स) मृत्यु।
कैवर्त, स पु (सं) दे 'केवट'।
कैवल्य, स पु (स न) एकत्व, असमत्ना २ अपवर्ग, मुक्ति (स्त्री) ३ उपनिषद्विशेष।
कैसर, स पु (लै० सीजर) सम्राज्, राजाधिराज, अधिराज, अधीश्वर।
कैसा, वि (स कीदृश) कीदृश, किंरूप, किंविध, किमाकार।
कैसी, वि स्त्री (सं कीदृशी) कीदृशी, किंरूपा, किमाकारा, किंविधा।
कैसे, क्रि वि (हिं कैसा) कथं, केन प्रकारेण, कया रीत्या।
कोंकण, स पु (स) दक्षिणदिशि प्रान्तविशेष।
कोंपल, सं स्त्री (स कोमल) पल्लव, अङ्कुर, प्ररोह, किस (ला) लय, य, उद्भिद (पुं), उद्भिज्ज।
—निकलना या फूटना, क्रि अ, प्ररुह् (भ्वा प अ), स्फुट् (तु प से) उद्भिद् (कर्म) फुल्ल् विकस् (भ्वा प से)।
को, प्रत्य (यह कर्म और सम्प्रदान कारक का प्रत्यय है, इसका अनुवाद प्राय द्वितीया और चतुर्थी के रूपों से होता है। (राम को भज = ज, राम भज, ब्राह्मण को दे = विप्राय देहि)।
कोआ, स पुं (स कोश-ष), (पट्टकीट-) कोश-ष २ दे 'कोया'। ३ पनसकंटक ४ दे 'महुआ' (फल)।

कोई, सर्व (स कोऽपि) कश्चन, कश्चित् (पु), का,-अपि-चन चित् (स्त्री) किं,-अपि-चन चित् (न)।
—कोई, वि स्तोका, कतिपया, परिमिता ।
—चीज, सं स्त्री किमपि (वस्तु)।
—दम में, क्रि वि, सपदेव, तत्काले, झटिति, द्राक् (सब अव्य)।
—दम का मेहमान, स पु, मुमूर्षु, आसन्न, मरण-मृत्यु, मरणाभिमुख, मरणोन्मुख।
—न कोई, एप वा परो वा, य कश्चिदपि, कश्चित्तु।
—नहीं, न कोपि-कापि किंचिदपि इ ।
कोक¹, सं पु (स) चक्रवाक, द्वन्द्वचर, रथाग, चक्र २ भेडक ३ विष्णु (पु) ४ वृक ५ खजूरीवृक्ष । [कोकी (स्त्री), चक्रवाकी, रथांगी इ]।
कोक², स पु (अ) न्यक्कार ।
—शास्त्र, स पु (सं न) कोकपंडितरचितो रतिविज्ञानग्रन्थ ।
साफ्ट, स पु, मृदुन्यक्कार ।
हार्ड, सं पु दृढन्यक्कार ।
कोकनद, स पु (स न) रक्तोत्पल २ रक्त कुमुदम्।
कोकनी, वि (दश) क्षुद्र, लघु।
कोका, स पु (अ) वृक्षभेद ।
कोका, स पु स्त्री (तु) धात्री-उपमातृ, पुत्र-पुत्री, धात्रेय यी।
—बेली, बेरी, स स्त्री (सं कोकनद + हिं बेला) नीलकुमुद।
कोकाह, सं पु (स) कर्क, श्वेतघोटक ।
कोकिल, स स्त्री (सं पु) पिक, पर, भृत-पुष्ट, काल, गन्धर्व, मधुगायन, कलकंठ, कुहूरव, काकलीरव, वसन्तदूत, वनप्रिय, ताम्राक्ष । दे 'कोकिला'।
—बैनी, वि स्त्री (स + हिं) सुकंठी, मधुर भाषिणी।
कोकिला, स स्त्री (स) मदनशलाका, पर, भृता पुष्टा, वनप्रिया, कलकंठी, ताम्राक्षी, वसन्त दूती।
कोकिलावास, सं पु (स) कोकिलोत्सव, आम्र, रसाल ।

कोकी, सं स्त्री (सं) चक्रवाकी, चक्री, रथां गनाम्नी।
कोकीन, सं स्त्री (अ कोकेन) कोकापत्र निर्मितमादकपदार्थ *कोकीनम्।
कोको, स स्त्री (अनु) काक, वायस २ काल्पनिकभयहेतु (पु)।
कोख, स स्त्री (सं कुक्षि) गर्भाशय, गर्भ कोश प ।
—जली, बन्द, वि, वध्या, सन्तानहीना।
—की आँच, स स्त्री, अपत्यप्रेमन् (पु), वात्सल्य, सततिस्नेह ।
—मारी जाना, मु, च्युतगर्भा भू, गर्भ पत् (भ्वा प से) च्यु (भ्वा आ अ)।
—खुलना, मु सन्तान उत्पद् (दि आ अ)।
कोचना, क्रि स, दे 'चुभाना', 'धँसाना'।
कोचबक्स, स पु (अ कोचबाक्स) सूतासन।
कोचवान, सं पु (अ कोच >) सारथि (पु), सूत, वाहक ।
कोजागर, सं पु (सं) आश्विनी पूर्णिमा, कौमुदी, शारदी, शरत्पर्वन् (न)।
कोट¹, स पु (सं) दुर्ग २ प्राचीर ३ राज प्रासाद ।
—पाल, स पु, कोटपाल, दुर्गाध्यक्ष ।
कोट², सं पु (अ) प्रावार रक, कंचुक ।
कोटर, स पु (स पु न) निष्कुह, तरु विवर, प्राकार २ कोटरावण, रक्षार्थं कृत्रिम वन ।
कोटि, सं स्त्री (सं) शतलक्षसंख्या, दे 'करोड' २ धनुरग्र ३ अस्त्रादे कोण ४ वर्ग, श्रेणी ।
कोटिक, वि (स कोटि स्त्री) कोटी टि (स्त्री) लक्षशतक २ असंख्य, अगणित। स स्त्री, उक्ता संख्या तदंकाश्च।
कोटिश, क्रि वि (स) बहुधा,-बहुधा २ अनेक-कोटिवार । वि, बहुसंख्याक, अनेक ।
कोटीश्वर, सं पु (सं) कोट्यधीश, अति धनाढ्य।
कोठरी-ड़ी, सं स्त्री (हिं कोठा) लघु क्षुद्र, कोष्ठ शाला, अन्त कोष्ठ, गर्भागार।
कोठा, स पु (सं कोष्ठ) गृह, सदन, आनि, वास, वेश्मन् सद्मन् (न) २ प्र,कोष्ठ, शाला ३ पण्यागार, पण्यावान ४ धान्यागार, कुशूल

५ चन्द्रशाला, अट्टालिका ६ पटल, छदिस् (स्त्री) ७ उदर ८ आमाशय ९ अन्त्राणि (न बहु) १० निभृतागार ११ पत्रभाग १२ गर्भाशय ।
—बिगड़ना, मु अजीर्णरोगेण पीड (कर्म)।
कोठार, स पु (हिं कोठा) दे 'भडार'।
कोठारी, स पु (हिं कोठा) दे 'भडारी'।
कोठी, स स्त्री (हिं कोठा) भवन, गृह, हर्म्य २ एकभूमिक हर्म्य ३ पण्य,-आगार-आधान ४ धान्यागार ५ भाडार, कोष ६ वणिग्जनसमवाय ७ बृहदापण, महती विक्रयशाला ८ गर्भाशय ९ गुलिकाक्षपण्या माग्नेयचूर्णाधान १० मृण्मय बृहद्धान्यपात्र ११ लोहमय ताम्रमय वा बृहज्जलपात्र।
—वाल, स पु, श्रेष्ठिन् (पु) वणिजश्रेष्ठ ।
कोड़ना, क्रि स, दे 'खोदना'।
कोड़ा, स पु (स कवर >) प्रतोद, कशा-शा, प्रतिकष -श, ताडनरज्जु (स्त्री)।
—मारना, क्रि स, कशया प्रतोदेन वा प्रहृ (भ्वा प अ)-तड् चुद्-दड (सब चु)-आहन् (अ प अ)।
कोड़ी, स स्त्री (अ स्कोर) विंशति (स्त्री), विंशतिवस्तुसमुदाय ।
कोढ़, स पु, दे 'कुष्ठ'।
—में खाज निकलना, मु, रन्ध्रोपनिपातिनोऽनर्था, छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति, गण्डे स्फोटकसजननम्।
कोढ़ी, वि, दे 'कुष्ठी ।
कोण, स पु (स) दे 'कोना'।
कोणि, वि (स) वक्र आकुञ्-कर हस्त ।
कोतल, स पु (फा) दर्शनीयघोटक २ राजाश्व ।
कोतवाल, स पु (स कोट्टपाल) पुररक्षक ।
कोतवाली, स स्त्री (हिं कोतवाल) कोटपाल पुररक्षक,-कार्यालय ।
कोताह, वि (फा) न्यून, अल्प, २. लघु, ह्रस्व ३ सकीर्ण, सकुचित।
—हिम्मत, वि, अल्प साहस विक्रम।
कोताही, स स्त्री (फा) त्रुटि (स्त्री), न्यूनता २ प्रमाद ।
कोथला, स पु (हिं गुथल) बृहद्, पुट कोष प्रसेव २ आमाशय ।
—भरना, मु उदर पूर् (चु)।
कोदंड, स पु (सं न) धनुस् (न)। (स पु) भ्रू (स्त्री) २ देशविशेष ।
कोदों दों, स पु (स कोद्रव) कोरदूष, कुद्रव, कुद्दाल ।
कोन, सं पु, दे 'कोना'।
कोना, सं पु (सं कोण) अस्र २ कोटि-अश्रि पालि (स्त्री) ३ निभृतस्थान ४ चतुर्थभाग ।
—दार, वि, अस्रोपेत, कोणविशिष्ट, अस्रिन्।
—कचोना, सं पु, प्रत्यस्र सर्वे कोणा ।
कोप, स पु (स) क्रोध, रोष ।
कोपन, वि (स) समन्यु, सरोष, क्रोधिन्।
कोपिनी, वि स्त्री (स) दे 'क्रोधिनी ।
कोपी, वि पु (स पिन्) दे 'क्रोधी'।
कोपीन, स पु, दे 'कौपीन'।
कोमल, वि (स) मृदु, मृदुक, स्निग्ध, श्लक्ष्ण, मसृण, सुखस्पर्श २ मृदुल, पेलव, सुकुमार, सौम्य ३ अपरिपक्व, अप्रौढ ४ मनोहर, अभिराम। (स पु) स्वरभेद (सगीत०)।
कोमलता, स स्त्री (स) मृदुता, स्निग्धता, सुकुमारता, पेलवता, अपरिपक्वत्व, मनोहारिता इ।
कोयल, स स्त्री दे 'कोकिल' २ लताभेद ।
कोयला, स पु (स कोकिल) कोकिल, दग्धकाष्ठ, अङ्गार ।
—लकड़ी का, स पु काष्ठ,-कोकिल अङ्गार ।
—पत्थर का, स पु, प्रस्तर-अश्म, कोकिल ।
कोया, स पु (सं कोण >) अपाग -गक, चक्षु कोण, नयनोपान्त ।
कोर, स स्त्री (स कोण) उपान्त प्रांत, परिसर, उपकठ २ कोण अस्र ३ द्वेष ४ दोष, अवगुण ५ अस्त्रादीना धारा। ६ पक्ति (स्त्री), श्रेणी णि (स्त्री)।
—कसर, स स्त्री (हिं + फा कसर) वैकल्य, दोष, छिद्र, न्यूनता २ न्यूनाधिकता।
कोरक, स पु (स) कलिका, दे 'कली २ मृणाल ३ चरनामकगन्धद्रव्यम्।
कोरा, वि (स केवल) अभि, नव, नवीन, नूतन, अव्यवहृत, अप्रयुक्त २ अधौत, अक्षालित ३ अरंजित ४ अचित्रित ५ अलि

रिक्त ६ वंचित, रहित, विहीन ७ निष्कलंक ८ मूर्ख ९ निर्धन १० केवल।
—जवाब, सं पु, एकांत अयत्त, निराकरण प्रत्याख्यान निषेध ।
—बचना, मु० अत्यन्त निर्गत मुच् विमुच (कर्म)।
—रहना, मु भग्नाश-अकृतार्थ मनोहृत (वि) स्था (भ्वा प अ)।
—कोरा सुनाना, मु, स्पष्ट वद् (भ्व प से), २ भर्त्स (चु आ से), आ-अधि, क्षिप (तु प अ)।
कोरि, वि, दे 'कोटि'।
कोरी, सं पु (सं कोल >) आर्य, पटकार कुविंद ।
कोर्ट, स पु (अ) न्यायालय, धर्माधिकरणम् २ राज-नृप सभा ३ न्यायासनम्।
—आव वार्ड्स, स पु, बालकविषयादि सपत्तिप्रबन्धक विभाग ।
—फीस, स स्त्री, न्यायशुल्क स्कम्।
—मार्शल, सैनिकन्यायालय २ सैनिक न्यायेन दण्डनम्।
—शिप, स स्त्री, विवाह, अनुनय याचना।
कोल[1] स पु (स) शू (सू) कर, किरि (पु) २ उपगूह, आलिंगन ३ क्रोड, अक ४ वन्यजातिविशेष ५ कृष्णमरिच ६ दे 'तोला' ७ बदरीफलभेद ८ दक्षिणदिशि देशविशेष ।
कोल[2], स पु (अ) अंगार, कोकिल ।
—गैस, स स्त्री (सं) अङ्गारवाति (स्त्री)।
—टार, स पु (स) कोलतार, तारकोल्म्।
चार—, स पु, काष्ठाङ्गार ।
स्टीम—, स पु, वाष्पाङ्गार ।
कोलाहल, स पु (स) कलकल, कालकोल, तुमुल, उत्क्रोश, निनाद, विराव ।
—मचाना, कि स, कोलाहल-कलकल-कृ, आ वि,-क्रुश (भ्वा प अ)।
कोली, स पु (स कोल >) तन्तुवाय, पटकार ।
कोल्हू, स पु (हिं कुल्हा ?) १ चक्र, तैलपेषणी, तिलपेषणयंत्र २ इक्षु-रसाल, पेषणी।
—काट कर मुंगरी बनाना, मु, अल्पलाभाय बहुहानिं कृ।
—का बैल, मु परम-उद्यमिन्-उद्योगिन्।
—में पिरवा देना, मु अत्यंत पीड् (चु)।
कोविद, सं पु (स) विद्स् (पु), पंडित ।
कोश, स पु (स कोशप), अभिधान, शब्दसंग्रह २ खड्गादि वेष्टन पुट कोष कोश ३ आवरण, पुट, पिधान, आच्छादन ४ अंड, पेशी दि (स्त्री) ५ मंजूष, सपुट टक ६ कलिका, मुकुल ७ मद्यपान, पात्र चषक ८ पुट ८, स्यूत ९ सचितधन १० समूह ११ अण्डकोष १२ योनि (स्त्री) १३ पट्टकीटगृहम् १४ आत्मन पञ्चावेष्टनानि (वेदान्त) १५ आकरोत्थ अभिनव सुवर्ण रजत वा १६ निधि (पु), निधान।
—कार, स पु (स) अभिधान शब्दसंग्रह, कार सपादक २ पट्टकीट ।
—पाल, स पु (स) कोश(पा)ध्यक्ष, कोशाधीश ।
कोशक, स पु (सं) अण्ड, पेशी २ अण्डकोष ।
कोशल, स पु (स) देशविशेष २ अयोध्या।
कोशलिक, सं पु (स न) दे 'कौशलिक'।
कोशागार, सं पु (स पु न) कोशगृह, भाण्डागार र ।
कोशिका, स स्त्री (स) चषक, शराव । २ कुसु, गल्वर्क ।
कोशिश, स स्त्री (फा) यत्न, उद्योग, परिश्रम ।
कोष, स पु (स) दे 'कोश'।
—अध्यक्ष, सं पु (स) दे कोष पाल -अधीश ।
कोष्ठ, स पु (स) उदरमध्य २ गर्भाशयादय आवरणविशिष्ट अवयवा ३ गृहमध्य ४ प्राकार ५ धान्यागार रम् ६ परिवेष्टित स्थानम्।
—बद्धता, स स्त्री. दे 'कब्ज'।
कोष्ठक, स पु (स) परिवेष्टकपदार्थ (दीवार, रेखादि) २ सारणी, अनेकगृहयुत चक्र अक अपर,-जाल ३ अर्द्धचंद्रद्वय [उ (), [ ], { },] ४ सारणीवर्गे।
कोस, स पु (स क्रोश) सहस्रधनुस् (न), चतु सहस्र (अष्टसहस्र) हस्तपरिमाण, द्विसहस्रदड, गव्यूत, मील-द्वय-युग्म।

कोसों दूर, क्रि वि, अति, दूर दूरे-दूरत, सुदूर।
कोसों दूर रहना, मु, सुदूर-पृथक् स्था (भ्वा प अ)।
कोसना, क्रि स, (सं कोशन >) आक्रुश (भ्वा प अ), गर्ह् (भ्वा आ से), अभिशप (भ्वा प से), शप् (भ्वा उ अ)।
पानी पी पी कर कोसना, मु, अत्यन्त आक्रुश् इ।
कोह, सं पु (फा) पर्वत, गिरि।
—नूर, स पु (फा + अ) हीरकविशेष।
कोहनी, स स्त्री, दे 'कुहनी'।
कोहरा, सं पु, दे 'कुहरा'।
कोहान, स पु (फा) उष्ट्रक्रमेलक, ककुद् ककुदम्।
कोहिस्तान, सं पु (फा) पर्वतीयप्रदेश, शैली स्थली।
कोहिस्तानी, वि (फा) पर्वतीय, शैल (ली स्त्री), पर्वतमय (यी स्त्री), नगप्राय, सपर्वत। सं पु, पर्वत गिरि-अद्रि, वासिन्, शैलाट।
कौंच, सं स्त्री [स कच्छु (स्त्री) >] रोमवल्ली, शूकशिंबी, वृष्या, २ तस्या बीनकोष।
कौंची, सं स्त्री (सं कचिका) वेणुशाखा, कुञ्चिका।
कौंध, सं स्त्री (हिं कौंधना >) विद्युद्विलास, तडिद्द्युति, (स्त्री) चचलास्फुरण।
कौंधना, क्रि अ (स कनन = चमकना + अप >) विद्युत् (भ्वा आ से) विद्युत् विस्फुर् (भ्वा प से), सहसा प्रकाश (भ्वा आ से) स्फुर् (तु प से)।
कौंधा, सं पु, दे 'कौंध'।
कौंसिल, स स्त्री (अ) सभा, मसद्, सदस् (सद स्त्री)।
कौआ, सं पु दे 'कौवा'।
कौच, सं पु (अ) खट्टिका, सन्दी, निषद्या, पेचक।
कौटिल्य, सं पु (सं) चाणक्य, चन्द्रगुप्तमौर्यस्य महामन्त्रिन्। (स न) वक्रता, कुटिलता २ दुष्टता, छल, कपटम्।
कौटुंबिक, वि (सं) कुटुम्ब-गृहजन परिवार, सम्बन्धिन् विषयक, कौल, पारिवारिक, गृह्य।

कौड़ा, स पु (सं कपर्दक) वराट, बाल क्रीडक।
कौड़ी, सं स्त्री (सं कपर्दिका) वराटिका, काकिनी पी। २ द्रव्य, धन ३ अक्षि नयन, गोल-गोल ४ मासग्रंथि (पु) ५ कृपाणाग्र ६ अधीननृपतिभ्यो ग्राह्य कर ७ उरोऽस्थि (न)।
(दो)—का,—काम का नहीं, मु अल्पमूल्य, तृणप्राय, निरर्थक, असार।
—भर, मु, अत्यल्प, किंचिद्, स्वल्प।
——को मुहताज या तंग होना, मु, अकिंचनत्व, अत्यन्तदारिद्र्य, नितान्तनिर्धनता।
——चुकाना, मु, ऋण नि शेष परिशुध् (प्रे)-अपाकृ।
——जोड़ना, मु, धन सचि (स्वा प अ)-सग्रह् (क्र् प से)।
कानी या फूटी कौड़ी, मु अत्यल्प-वित्तं द्रव्यम्।
कौड़ियों के मोल, मु, अत्यल्पमूल्येन।
कौतुक, स पु (स न) कु(कौ)तूहल, कुतुक, जिज्ञासा २ आश्चर्य ३ विनोद, नर्मन् (न) ४ हर्ष ५ खेल, क्रीडा।
कौतुकी, वि (सं-किन्) सलील, सोल्लास, क्रीडाप्रिय, विनोदप्रिय, नर्मगर्भ।
कौतूहल, सं पु, दे 'कुतूहल'।
कौन, सर्व (स को नु) 'किं' के तीनों लिंगों के रूप (क, का, किं इ)।
—कौन, क क इ। दो में से—, कतर, कतरा, कतरत् (पु सं न) बहुतों में से—, कतम, कतमा, कतमत् (पु स्त्री न)।
कौप, वि (सं) कूप-अवट, विषयक सम्बन्धिन्।
कौपीन, सं पु (सं न) मलमल्लक, धटी, घटिका, कच्छा, कच्छटिका, २ गुदलिंगे, गुह्यागानि ३ पाप ४ अकार्यम्।
कौबेरी, स स्त्री (सं) उत्तरदिशा, उदीची।
कौम, सं स्त्री (अ) वर्ण, जाति (स्त्री) २ कुल, वंश ३ देश, राष्ट्र, विषय।
कौमार, सं पु (सं न) कुमारावस्था (५ अथवा १६ वर्ष पर्यंत), बाल्यत्वम्।
कौमारिक, वि (सं) कुमार, विषयक सम्बन्धिन्। सं पुं, कन्यानामेव जनक।

कौमारिकेय, स पु (स) अनूढा-कुमारी कन्या पुत्र-तनय ।
कौमियत, स स्त्री (अ) राष्टियता, जातीयता।
कौमी, वि (अ) राष्ट्रि (री)य, देशीय जातीय।
—हुकुमत, स स्त्री, राष्ट्रियशासन, स्वराज्य।
कौमुदी, स स्त्री (स) ज्योत्स्ना, दे 'चाँदनी'।
कौर, स पु (स कवल) ग्रास, गुडक, पिंड ।
कौरव, स पु (स) कुरुराजसतान ।
—पति, स पु, दुर्योधन ।
कौल, वि (स) दे 'कुलीन'।
कौल, स पु, दे 'कौर'।
कौल, स पु (अ) प्रतिज्ञा, समय २ उक्ति (स्त्री)।
कौवा, स पु (स काक) वायस, ध्वांक्ष, मौकुलि (पु), एकाक्ष उलूकारि (पु), करट कुण, द्रोण २ अलिजिह्वा, शुण्डिका, लंबिका ३ धूर्त ४ वचक ।
—परी, स स्त्री, अतिकुरूपिणी नारी।
—उठाना, मु बालशुंडिका उत्स्था (प्रे)।
कौशल, स पु (सं न) चातुर्य, दाक्ष्य, नैपुण्य २ कुशल, मगलम्।
कौशलिक, सं पु (स न) उत्कोच, ढौकन लम्बा।
कौशिक, स पु (स) इन्द्र २ गाधिनृप ३ विश्वामित्र ४ कोषाध्यक्ष ५ कोशकार ६ उलूक ७ नकुल ८ कौशेयवस्त्र ९ मज्जा १० उपपुराणविशेष ।
कौशे(षे)य, वि (स) कौश(ष), कौशि(षि)क। स पु (स न) क्षौम, चीनांशुक पट्ट दुकूल, पट्टांशुक, दुकूल, चीनवासस् (न)।
कौस्तुभ, स पु (स) विष्णुवक्षःस्थो मणि (पु)।
क्या, सर्व (स किम्)।
वि, कियत्, २ अत्यधिक ३ कीदृश विचित्र ४ अत्युत्तम।
अव्य किम्।
—कहना है या—बात है, मु, साधु साधु साधु सुष्ठु, उत्तम (सब अव्य)।
—खूब, मु, साधु, सुष्ठु इ ।
क्यारी, स स्त्री (स केदार) राजिका।
क्यों, क्रि वि (सं किम्) किं, केन हेतुना-कारणन, किन्निमित्त, किमर्थं, कुत, कस्मात् २ कया रीत्या, कथम्।
—कर, कथ, केन प्रकारेण २ किमर्थं, किम्।
—कि,—यत, यत्, यस्मात्।
—नहीं, नि सदेह, नि सशय, अवश्य, ध्रुवम्।
क्रंदन, स पु (सं न) रोदन, रुदित, अश्रुपात २ परिदेवना न, आ वि, क्रोश ।
क्रतु, स पु (स) यज्ञ, याग २ सकल्प ३ अभिलाष ४ विवेक ५ इंद्रिय ६ जीव ७ विष्णु ८ आषाढ ९ श्रीकृष्णपुत्र ।
क्रम, स पु (स) अनुक्रम, आनुपूर्वी-र्व्य, पारपर्य, परपरा, विन्यास, व्यवस्था, सविधान, विरचन २ प्रकार, विधि (पु) रीति (स्त्री) ३ पादविन्यास ४ काव्यालकारभेद।
——करके या से, क्रि वि, अनुक्रम, यथाक्रम, अनुपूर्वश आनुपूर्व्येण २ शनै शनै, अल्पाल्पश, उत्तरोत्तरम्।
क्रमण, स पु (स) पाद, चरण २ अश्व, घोट । (स न) गमन चलनम् २ उल्लघनम्, अतिक्रमणम्।
क्रमश क्रि वि (स) दे 'क्रम क्रम करके'।
क्रमांक, स पु (स) क्रम, सख्या-गणना।
क्रमागत, वि (स) क्रम आनुपूर्व्येण, आगत प्राप्त २ आनुवशिक, परपरा प्राप्त ।
क्रमानुसार, क्रि वि (स-रम्) क्रमश, यथाक्रम आनुपूर्व्येण, अनुपूर्वश (सब अव्य)।
क्रमिक, वि (स) क्रम परम्परा, आगत आयात, अनुपूर्व, क्रमबद्ध, आनुक्रमिक (-की स्त्री) २ परम्परीयण पैतृक (-की स्त्री), पित्र्य ।
क्रमुक, स पु (स) दे 'सुपारी'।
क्रय, स पु (स) दे 'खरीद'।
—विक्रय, स पु, दे 'खरीद फरोख्त'।
क्रव्य, स पु (स न) दे 'मास'।
क्रव्याद, स पु (स) राक्षस, पिशाच २ सिंह ३ श्येन ४ मासाशिन् (पु)।
क्रान्ति स स्त्री (स) महत्परिवर्तन, परिवर्त, २ चरणन्यसन ३ सूर्यभ्रमणमार्ग ४ रान, द्रोह विरोध, राज्यविप्लव प्रजाक्षोभ ।
क्रिकेट, सं पु (अ) पट्टगेन्दुकम्।

क्रिया, स स्त्री (सं) कर्मन् (न), कार्य, व्यापार २ चेष्टा ३ आरम्भ ४ व्यापार निर्देशक शब्द (व्या) ५ नित्यकर्मन् (न) ६ श्राद्धादिकर्मन् ७ चिकित्सा।

—कर्म, स पु (सं न) अन्त्येष्टि मृतक-, क्रिया कर्मन्।

—विशेषण, स पु (सं न) क्रियाया भाव कालरीत्यादिद्योतक शब्द (व्या)।

—इन्द्रिय, सं स्त्री (स न) दे 'कर्मेन्द्रिय'

क्रिस्टल, सं पु (अ) स्फटम्।

क्रिस्ता(स्टा)न, स पु (अ क्रिश्चियन्), खिस्तानुयायिन्।

क्रीड़ा, सं स्त्री (स) खेला, लीला, कूर्दन, खेलन, विहार २ कौतुक, विनोद विलास।

क्रीत, वि (सं) क्रनकय, मूल्येन लब्ध।

क्रीतक, सं पु (स) क्रीतपुत्र।

क्रुद्ध, वि (स) कुपित, रुष्ट, कोपित्, सामर्ष, सकोप, सरोष, समन्यु, क्रोध–कोप,–युक्त।

क्रूर, वि (सं) निर्दय, कठोर, नृशस, पाषाण कठिन, हृदय, निघृण, क्रूरकर्मन्, निष्करुण २ परपीडक ३ कठिन ४ तीक्ष्ण ५ उष्ण ६ नीच ७ घोर।

—कर्मा, वि (स मंन्) घोर, निर्दय, दारुण।

क्रूरता, स स्त्री (स) निर्दयता, कठोरता, नृशसता इ। २ रौद्रता, तीक्ष्णता ३ दुष्टता।

क्रोड, स पु (स न) बाह्वोर्मध्य, भुजान्तर, उपस्थ, उत्सग, भोग, अक २ उरस्-वक्षस् (न), उत्तसम्।

—पत्र, स पु (स न) परिशिष्ट, अवपत्र, पूरकपत्रम्।

क्रोध, स पु (स) कोप, रोष, अमर्ष, मन्यु (पु), प्रतिघ, भीम, क्रुधा, रुषा, रुष्–क्रुध् (स्त्री) दे 'गुस्सा'।

—करना, क्रि अ, क्रुध् (दि प अ), कुप् (दि प से)।

क्रोधित, वि (स) दे 'क्रुद्ध'।

क्रोधी, वि (स-धिन्) कोपिन्, रोषिन्, अमर्षिन्, दे 'क्रुद्ध'।

क्रोश, स पु (स) दे कोस'।

क्रौंच, सं पुं (स) कुंच चा, क्रौंचा, कुच् (पुं), कलिक, कालि(ली)क।

क्लब, स पुं (अ) गोष्ठीगृहम्।

क्लर्क, स पु (अ) लिपि पजी, कार, लेखक, कायस्थ, चौर(ल)क।

क्लान्त, वि (स) म्लान, खिन्न, परि, श्रांत, जातखेद, आयस्त।

—मना, वि (सं-नस) दुर्मनस्क, विमनस्क, खिन्न।

क्लांति, स स्त्री (स) श्रम क्लम, आयास, श्रान्ति (स्त्री), खेद अवसाद।

क्लाक, सं पु (अ) कुड्य-भित्ति,-घटी।

—टावर, स पु, घटा,-आलय -गृहम्।

क्लिष्ट, वि (स) दुःखित, क्लेशित, आर्त, पीडित २ दुष्कर, कठिन, दुस्साध्य।

क्लीव, स पु (स) ष (श) ढ, सढ, शढ, नपुंसक, पुरुषविहीन २ दे 'कायर'।

क्लीवता, स स्त्री (सं) श(ष)ढता, नपुंसकता २ कातरता।

क्लेद, स पु (सं) आर्द्रता, स्तेम, तेम। २ प्रस्वेद।

क्लेश, सं पु (सं) दुःख, कष्ट, पीडा, व्यथा, वेदना, चिंता, आस्रव, आदीनव।

क्लेशित, वि (स) दे 'क्लिष्ट' (१)।

क्लैव्य, सं पु (सं न) दे 'क्लीवता'।

क्लोम, स पु (स न) क्लोम, क्लोमन् (न), तिल्व, पुप्फुस, दे 'फेफड़ा'।

क्लोरीन, स स्त्री (अ) नीरजी, हरिनम्।

क्लोरोफार्म, स पु (अ) मूर्च्छकम्, सज्ञालोपकम् (औषधभेद)।

क्वणित, वि (सं) ध्वनित, सरव, सशब्द। स पु (सं न) शब्द, स्वन।

क्वथित, वि (स) श्राण, शृत, श्रपित।

क्वाथ, सं पु (स) दे 'काढ़ा'।

क्वारंटाइन, स पु (अ) निषिद्धससर्गगृह, २ ससर्गप्रतिबन्ध,, गमनागमननिषेध।

क्वारा, वि (स कुमार) दे 'कुँवारा'।

क्वार्टर, सं पु (अ) (राज्यसस्थादिनिर्मित) गृह, गेह, सदन, भवनम्। २ पाद, चतुर्थांश ३ त्रिमासम्, वर्षपाद।

क्वीन, स स्त्री (अ) राज्ञी, राजपत्नी।

क्षतव्य, वि (सं) क्षमार्ह, मर्षणीय, सोढव्य।

क्षण, स पु (स) अत्यल्पसमय, मुहूर्त, निमेष, पल, त्रिंशत्कलापरिमितकाल २ समय ३ अवसर ४ उत्सव।

—प्रभा, स स्त्री, विद्युत (स्त्री), चचला।
—भगुर, वि, विनश्वर, क्षणिक, अस्थिर।
—भर, क्रि वि, क्षणमात्र, मुहूर्त पल, मानम्।
क्षणिक, वि (सं) क्षणस्थायिन्, अनित्य, अस्थिर, विनश्वर, निस्सार, अस्थायिन्।
क्षत, वि (सं) व्रणित, भिन्नदेह, ताडित, क्षतियुक्त, आहत।
सं पु (स न) व्रण, क्षति (स्त्री), अरुस (न), आघात, ईर्म २ स्फोट, पिटक।
—योनि, वि स्त्री (सं) समुक्ता, कृतसहवासा।
—विक्षत, वि (सं) अतीव व्रणित विद्ध आहत।
क्षति, स स्त्री (सं) क्षय, नाश २ अपचय, हानि (स्त्री) ३ व्रण, ईर्मम्।
क्षत्र, सं पु (सं न) बल, शक्ति (स्त्री) २ राष्ट्र ३ धन ४ शरीर ५ जल ६ तगर वृक्ष। (सं पु) क्षत्रिय।
—पति, सं पु, नृप।
क्षत्राणी, सं स्त्री (सं क्षत्रियाणी) (क्षत्रिय जाति की स्त्री) क्षत्रिया, क्षत्रिय(यि)का, क्षत्रियाणी २ (क्षत्रिय की पत्नी) क्षत्रियाणी, क्षत्रियी।
क्षत्रिय, स पु (सं) वर्णविशेष २ राजन्य, बाहुज, मूर्द्धाभिषिक्त, क्षत्र ३ योध, भट, वीर।
क्षत्री, स पु दे 'क्षत्रिय'।
क्षपणक, स पु (सं) दिगम्बरयति २ बौद्ध भिक्षु ३ कविविशेष। वि, निर्लज्ज।
क्षपा, सं स्त्री (सं) रात्रि (स्त्री), निशा, यामिनी।
—कर,-नाथ, सं पु (सं) चन्द्र, सोम।
क्षम, वि (सं) शक्त, समर्थ, उपयुक्त, योग्य।
क्षमता, सं स्त्री (सं) योग्यता, सामर्थ्य, शक्ति (स्त्री)।
क्षमा, सं स्त्री (सं) क्षांति (स्त्री) तितिक्षा, सहिष्णुता, मर्षण, सहनशीलता २ पृथिवी ३ खदिरवृक्ष, ४ दक्षकन्या ५ दुर्गा ६ वेत्रवती नदी ७ राधिकासखी ८ वर्णवृत्तभेद।
—करना, क्रि स, क्षम् (भ्वा आ वे, दि प वे), सह् (भ्वा आ से), मृष् (दि उ से)।
—शील, वि (सं) क्षमिन्, क्षमावत, क्षमितृ, सहिष्णु, सहन, क्षन्तृ, तितिक्षु, क्षमायुक्त।
क्षमावान, वि (सं वत्) दे 'क्षमाशील'।
क्षम्य, वि (सं) क्षन्तव्य, क्षमार्ह, क्षमोचित, मर्षणीय, सोढव्य।
क्षय, सं पु (सं) अपचय, ह्रास २ कल्पात प्रलय ३ नाश, प्रध्वस ४ गृह ५ यक्ष्म, यक्ष्मन् (पु), राजयक्ष्मन् (पु) ६ रोग ७ अत, अवसान, क्षयरोग, शोष, रोगराज, गदाग्रणी (पु), अतिरोग, रोगाधीश नृपामय।
—कास, स पु (सं) क्षयथु, यक्ष्मकास (पु)।
—मास, सं पु (सं) मलिम्लुच, मल अधिक, मास।
—रोग, सं पु, दे 'क्षय' (५)।
—रोगी, सं पु (सं गिन्) क्षयिन्, यक्ष्मिन्, रोगराज शोष-ग्रस्त।
क्षयी, वि (सं यिन्) अपचयिन्, ह्रासिन् २ शोषिन्, यक्ष्मिन्, रोगराजपीडित।
—रोग, सं पु, दे, 'क्षय' (५)।
क्षर, वि (सं) नश्वर, अनित्य।
क्षरण, सं पु (सं न) शनैः शनैः विंदुश विप्रुट्क्रमेण गलन स्यदन स्रवणम्।
क्षांत, वि (सं) क्षमाशील, क्षमावत्, क्षमिन् २ सहिष्णु, सहनशील।
क्षांति, सं स्त्री (सं) दे 'क्षमा' (१)।
क्षार, सं पु (सं) सर्जिका, विडलवण २ लवण ३ दे 'शोरा' ४ दे 'सुहागा' ५ भस्मन् (न)।
क्षिति, सं स्त्री (सं) भूमि (स्त्री), पृथिवी २ क्षय, ह्रास, नाश।
—पाल, सं पु (सं) नृप।
क्षितिज, सं पु (स न) दिक्-चक्र तट, दिगत, दिङ्मडल, अवरात, आकाशकक्षा। २ मगलग्रह, कुज ३ वृक्ष ४ दे 'केंचुआ'।
क्षिप्त, वि (सं) त्यक्त, विसृष्ट, प्रास्त २ विकीर्ण ३ अवज्ञात ४ पतित ५ वातरोगग्रस्त।
क्षिप्र, क्रि वि (सं न) द्रुत, सपदि, द्राक्, दे 'शीघ्र'।
वि, त्वरित, सत्वर, जवन, वेगवत्, शीघ्र।
—हस्त, वि (सं) शीघ्रकारिन्, आशुकर्तृ।
क्षीण, वि (सं) सूक्ष्म, प्र, तनु, श्लक्ष्ण २ कृशांग, कृश, क्षाम, क्षीण शुष्क, मास ३ नष्ट, ध्वस्त, क्षयगत।

क्षीणता, स स्त्री (स) दुर्बलता, निःशक्तता २ सूक्ष्मता, तनुता ३ कृशता क्षामता ४ ह्रास, अपचय नाश।
क्षीर, स पु (स न) दुग्ध पयस् (न) २ जल ३ पायस स।
—निधि, स पु (स) सागर।
—नीर, स पु आलिंगन २ मिश्रणम्।
—सागर, स पु (स) क्षीराब्धि (पु) दुग्ध-सागर समुद्र, क्षीरोद।
—सार, स पु, दे 'मक्खन'।
क्षीरज, स पु (स) चंद्र २ शख ३ कमल ४ दधि (न)।
क्षीरजा, स स्त्री (स) दे 'लक्ष्मी'।
क्षीरधि, स पु (स) सागर, समुद्र।
क्षीरोद, स पु (स) दे 'क्षीरसागर'।
क्षीव, वि (स) उन्मद, समद, मदोन्मत्त।
क्षुण्ण, वि (स) प्रहृत, चूर्णीकृत, खडशो भिन्न।
क्षुद्र, वि (स) अधम, निकृष्ट, नीच २ अल्प, स्तोक ३ कृपण ४ कुटिल ५ दरिद्र।
क्षुद्रता, स स्त्री (स) तुच्छता, निकृष्टता २ कुटिलता ३ दरिद्रता।
क्षुधा, स स्त्री (स) दे 'भूख'।
क्षुधातुर, **क्षुधार्त**, **क्षुधित** } वि (स) दे 'भूखा'।
क्षुप, स पु (स) क्षुपक, क्षुद्रवृक्ष गुल्म -म।
क्षुब्ध, वि (स) व्याकुल, विह्वल आतुर, उद्विग्न २ चचल ३ भीत, त्रस्त ४ क्रुद्ध।
क्षुर, स पु (स) नापितस्य लोमच्छेदकशस्त्र क्षौरी, क्षुरी क्षुरः २ शफ, गवादीनां पादाग्रम्।
क्षुरी, स पु (स रिन्) नापित, क्षौरिक मुड, मुडिन्।
क्षुल्लक, वि (स) स्वल्प, स्तोक २ दुष्ट, दुर्वृत्त ३ निर्धन, दरिद्र। स पु, बाल, बालक।
क्षेत्र, स पु (स न) खेद (दा) र, भूमि (स्त्री) वप्र प्र। २ समभूमि ३ उत्पत्ति स्थान, उद्भव, उद्गम ४ प्रदेश ५ तीर्थस्थान ६ राशि (पु, मेषादि) ७ पत्नी ८ शरीर ९ अतःकरण १० रेखावेष्टित स्थानम्।
—गणित, स पु (स) गणितशास्त्रभेद।
—फल, स पु (स न) वर्गपरिमाणम्।
क्षेत्रज, स पु (स) नियोगजपुत्र (धर्मशास्त्र)।
क्षेत्रज्ञ, स पु (स) जीव २ ईश्वर ३ कृषक। वि ज्ञाता दक्ष, निपुण।
क्षेप, स पु (स) क्षपण, प्रक्षेप, प्रसन विस र्जन २ निन्दा ३ यापन ४ दूरता।
क्षेपक, वि (स) क्षेप्तृ, प्रासक, प्रेरक २ मिश्रित ३ निन्दनीय। स पु, नाविक २ प्रक्षिप्त निवेशित, लेख।
क्षेपण, स पु (स न) दे 'क्षेप' (१ ३)।
क्षेपणी, स स्त्री (स) अस्त्रविशेष २ नौका दड, क्षेपणि (स्त्री)।
क्षेम, स पु (स पु न) लब्धरक्षण प्राप्तरक्षा २ मगल, कुशल ३ अभ्युदय ४ आनद ५ मुक्ति (स्त्री)।
क्षोणि, स स्त्री (स) क्षोणी पृथिवी।
—पति, **—पाल**, स पु (स) नृप, भूप।
क्षोद, स पु (स) चूर्ण, पिष्ट २ पेषण ३ जल।
क्षोभ, स पु (स) अशांति अनिवृति (स्त्री), चित्तचाचल्य व्यग्रता, उद्वेग, व्याकुलता २ भय ३ शोक ४ क्रोध।
क्षोभित, वि (स) दे 'क्षुब्ध'।
क्षोणी, स स्त्री (स) क्षोणि (स्त्री) पृथिवी।
क्षौद्र, स पु (स न) मधु (न) २ जल ३ क्षुद्रता। (स पु) चपकवृक्ष ४ वर्ण सकरविशेष।
क्षौम, स पु (स पु न) अट्ट, अट्टालिका (२ ४) पट्ट अतसी शणज-वस्त्र।
क्षौर, स पु (स न) } दे 'हजामत'।
—कर्म, स पु (स र्मन् न) } दे 'हजामत'।
क्षौरिक, स पु (स) दे 'नाई'।
क्ष्मा, स पु (स) पृथिवी, अवनी।
क्ष्वेड, स पु (स) ध्वनि, शब्द २ विष ३ कर्णरोगभेद।

ख

ख, देवनागरीवर्णमालाया द्वितीयव्यजनवर्णः, खकार।
खं, स पु (स न) शून्यस्थानं २ छिद्र ३ आकाश ४ इद्रिय ५ बिंदु (पु), शून्य ६ स्वर्ग ७ सुख ८ ब्रह्मन् (न)।
खंख, वि (स) रिक्त शून्य २ निर्धन, दरिद्र।
खँखरा, वि, दे 'खोखर'।
खँखार, स पु, दे 'खखार'।
खगर, स पु (देश) घनीभूतोत्तप्तपक्वेष्ट कावक। वि, अतिशुष्क।

खँगालना, क्रि स , (सं क्षालन) ईषत् धाव (म्वा , चु उ से)-प्रक्षल् (चु) ।

खन, सं पु (सं) खोर , खोर , खोट , खोट , विकल्पगति २ पादरोगभेद ।

खजन, सं पु (सं) खञ्जरीट , खञ्जन , मुनिपुत्रक , रत्ननिधि (पु), तूनीद ।

खंजर, स पु (फा) दे 'कगर'।

खजरी, स स्त्री (सं खञ्जरीट = एक ताल >) लघु , डमरु डिंडिम ।

खजरीट, सं पु (सं) दे 'खजन'।

खँड, स पु (सं खण्डम्) दे 'खाँड'।

खड, स पु (सं पु न) लव , शकल ल , अश , विभाग वि ,दल , भिन्न २ देश ३ नवमख्या ४ रत्नदोषभेद ५ अध्याय ६ पात्य , कृष्णलवण ७ दिशा । वि , अल्प , लघु , अपूर्ण ।

—**करना**, क्रि सं खण्ड-खण्ड छिद् (रु प अ)-लू (क्र उ से)-कृत् (तु प से)।

—**काव्य**, सं पु (सं न) लघुप्रबन्धकाव्यम् ।

—**प्रलय**, स पु (सं) ब्रह्माडस्य एकदेशीय आंशिक-नाश विध्वस क्षय ।

खडन, स पु (सं न) भजन , भेदन , छेदन , कर्तन , त्रोटनम् २ प्रत्याख्यान , निराकरण , निरसनम् ।

खडनीय, वि (स) भेत्तव्य , छेत्तव्य २ प्रत्या ख्येय , निरसनीय ।

खडर, सं पु (स खड + हिं घर) ध्वसाव शेष , अजर्र-जीर्ण-शीर्ण -गृह नगरम् ।

खडरिच, सं पु , दे 'खजन'।

खडश , अ (स) विभागश , अशश , अव यवश (सब अव्य) ।

खडहर, सं पु , दे 'खडर'।

खडित, वि (सं) भग्न , त्रुटित , लून , छिन्न २ असमग्र , अपूर्ण ।

खडक, सं स्त्री (अ) परिखा , खेय , राजधा न्यादिवेष्टनखात , २ बृहद्-श्वभ्र-गर्त -अवट ।

खंदा, वि (फा) सहास , हासक । स पु , हास , हास्यम् ।

—**पेशानी**, वि स्मेराननं , हास्यमुख

खभा, खभ , खंभा , सं पु (सं स्तम) डभ , स्तम , अवष्टम , स्थाणु (पु), स्थूणा ।

ख, सं पु (स न) गर्त -र्ता , अवट २ रिक्त स्थान ३ निर्गम ४ बिल , विवर ५ इन्द्रिय ६ दुख ७ शून्य ८ शकटचक्रनाभिछिद्र ९ आकाश १० स्वर्ग ११ बिंदु (पु), शून्य १२ ब्रह्मन् (न) १३ शब्द १४ कण्ठस्थ प्राणनाडी १५ सुख १६ क्षेत्र १७ पुर । (सं पु) सूर्य ।

खकखा, स पुं (अनु) अट्टहास , उच्चैर्हास , प्र-अनि-हास ।

खक्खा, सं पु (हिं खत्री का 'ख') पाचनद क्षत्रिय २ अनुभवी पुरुष ३ महागज ।

खखार, स पु (अनु) कफ , श्लेष्मन् (पु), सघान , सौम्यधातु (पु), घन ।

खखारना, क्रि अ (अनु) कफ निर्-(प्रे)- उद्गॄ (तु प से), निष्ठिव् (म्वा दि प से)।

खखोडर, स पु (स ख+कोटर >) तरुकोटर स्थ स्थ खगनीड -ड २ उलूक , निलय -कुलाय ।

खग, सं पु (स) पक्षिन् (पु), अण्डज , नीडज २ गधर्व ३ देव ४ बाण ५ ग्रह ६ मेघ ७ सूर्य ८ चंद्र ९ वायु (पु)।

—**पति**, सं पु (सं) खगेश , वैनतेय , गरुड , खगकेतु (पु), खगराज ।

खगोल, स पु (सं) आकाश-गगन , मण्डल , गगनाभोग ।

—**विद्या**, स स्त्री (सं) ज्योतिःशास्त्र , ज्योतिष ।

खचखच, स स्त्री (अनु) पके चलनध्वनि (पु)।

खचना, क्रि अ (स खचन) खच्-निविश् प्रतिवप् (कर्म) ३ अकित-चित्रित (वि)+भू ।

खचर, स पु (स) सूर्य २ मेघ ३ ग्रह ४ नक्षत्र ५ वायु ६ पक्षिन (पु) ७ बाण ८ राक्षस । वि नभश्चर , गगनचारिन् ।

खचरा, वि (हिं खचर) वर्णसकर , मिश्रज २ दुष्ट , खल ।

खचाखच, क्रि वि (अनु) निबिड , गाढ , अविरल , निरतर । वि जनाकीर्ण , जनसकुल ।

—**भरना**, क्रि अ , स आवृ (कर्म), परिपॄ (कर्म), सकुल समाकुल (वि)+भू ।

खचित, वि (सं) निवेशित , प्रत्युप्त २ लिखित , चित्रित ।

ख़च्चर, स पु (देश) वेगसर, वेस(श)र, अश्वतर (स्त्री अश्वतरी)।
खज, स पु (स) मन्थक, मथन, तक्राट २ मथन, रथ ३ युद्ध, संग्राम ४ कर्चीनि (स्त्री)।
ख़ज़ानची, स पु (फा) कोष धन,-अध्यक्ष अधीश अर्थाधिकारिन्।
ख़ज़ाना, स पु (अ) कोश प, निधान, निधि (पु), द्रव्य, राशि (पु)-संग्रह २ निक्त, द्रविण ३ कोशागार, भांडागार, कोश (प) गृहम्।
ख़जिल, वि (फा) लज्जित, व्रीडित, त्रपित।
खजूली, स स्त्री (स खर्जू स्त्री) दे 'खुजली'।
खजूर, स पु स्त्री (स खर्जूर) (वृक्ष) खर्जूरी, दुष्प्रधर्षा, दुरारोहा, यवनेष्टा, हरिप्रिया २ (फल) खर्जूर, खर्जूरफलम्। ३ मिष्टान्न भेद, खर्जूरिका।
खजूरी, वि (हिं खजूर) खार्जूर,-विषयक-सब धिन्, खार्जूर २ वेणीरूपेणग्रथित,-व्यावर्तित।
खटक, स स्त्री (अनु) भय, त्रास २ चिंता।
खट¹ वि (स षट्) दे 'छ'।
खट², स पु (अनु) सघट्टजो ध्वनि (पु), खटितिशब्द, खटखटशब्द।
—से, कि वि, सपदि, झटिति, क्षणेन।
खटकना, कि अ (अनु) खटखटायन (ना धा), खटखट शब्द कृ २ मुहु मुहु पीड् (कर्म)-टीप् (दि आ से) ३ अयुक्त-असमीचीन अनुचित (वि)+प्रति इ (कर्म) ४ भी (जु प अ), भ्रम् (दि प से) ५ वैरायते-कलहायते (ना धा), विवद् (भ्वा आ से) ६ अनिष्ट-अपकार आशंक् (भ्वा आ स)।
खटका, स पुं (हिं खटकना) खटखटा, शब्द-नाद ध्वनि २ भय, त्रास, आशंका ३ चिंता ४ कील-ल ५ अर्गल, तालक ६ पादशब्द।
—लगाना, कि अ, भ्रम् (दि प से), चिन्तित-व्यग्र (वि)+भू।
खटकाना, क्रि स, दे 'खटखटाना'।
खटकीड़ा, स पु(सं खट्वाकीट) दे 'खटमल'।
खटखट, सं स्त्री (अनु) खटखटा, शब्द ध्वनि (पु) नाद २ कलह, विवाद ३ दे 'झझट'।
खटखटाना, क्रि स (अनु) तीव्र अभिहन् (अ प अ)-तड् (चु) प्रह (भ्वा प अ) खटखटाशब्द कृ २ स्मृ (प्रे)।
खटगीर, सं पु, दे 'खटमल'।
खटखप्पर, सं पु, दे 'मसहरी'।
खटना, क्रि स, दे 'कमाना'।
खटपट, सं स्त्री (अनु) कलह, विवाद २ खटखटाशब्द, शब्द, घोष शिंजितम्।
खटबुना, सं पु (हिं खाट+बुनना) खट्वा, वाय-वाप, मच-पर्यंक,-वाय-वाप।
खटमल, सं पु (सं खट्वामल >) उद्दश, मत्कुण, ओकण, ओकोदनी।
खटमीठा, वि (हिं खट्टा+मीठा) अम्ल मधुर, शुक्तमिष्ट।
खटराग, स पु (सं षड्रागा) मेघदीपकादय षड्रागा २ कलह ३ विस्वरता, विसंवाद ३ व्यर्थवस्तुजातम्।
खटाई, सं स्त्री (हिं खट्टा) अम्लता, शुक्तता २ अम्ल, द्रावक ३ अम्ल-शुक्त,-पदार्थ।
—पड़ना, सं पु, अम्लरोग (अजीर्णभेद)।
—में पड़ना, मु, चिरायते मंदायते (ना धा), व्याक्षिप् (कर्म), अनिर्णीत (वि) स्था (भ्वा प अ)।
खटाका, सं पु (अनु) खटकार, खटिति शब्द, महा,-शब्द-रव।
खटखटा, स पु (अनु) दे 'खटपट' २ शिंजित, क्वणित। क्रि वि, खटखटाशब्द २ अनवरत, सपदि।
खटापटी, सं स्त्री दे 'खटपट' १।
खटाव¹, स पु (देश) नौकाबंधनकील-स्तम्।
खटाव², स पु, दे 'निर्वाह'।
खटास¹, स पुं (सं खट्टास-श) गन्धमार्जार, वनेचमन।
खटास, सं स्त्री (हिं खट्टा) अम्लता, शुक्तता।
खटिक, स पुं, फलादिविक्रेतृजातिभेद, *खटिक।
पलटना, क्रि अ (स प्रलोठन) नि प्रतिनि प्रत्या,-वृत् (भ्वा आ से) प्रत्या,गम् (भ्वा प अ)-या (अ प अ) २ पर्यस् (कर्म), अधोमुखी अधरोत्तरीभू, परिवृत्। ३ (दशा) परिवृत्, अवस्थान्तर जन् (दि आ से) ४ परि परा,-वृत्। क्रि स, व 'पलटना' के प्रे रूप। स पु, नि प्रत्या, वर्तन, वि, पर्यास परिवर्तनम्।

पलटा, स पु (हिं पलटना) नि प्रत्या,-वृत्ति (स्त्री), दे 'पलटना' स पु २ प्रतिफल, कर्मविपाक ३ स्वरपरावृत्ति (संगीत) ४ उत्पात, उत्प्लव ५ व्यतिहार, विनिमय ६ *परिवर्तक, (भाजनभेद)७ दे 'बदला'।

पलटाना, क्रि स, दे 'लौटाना'।

पलटा हुआ, वि, प्रतिनिवृत्त विपर्यस्त परिवृत्त, परावृत्त।

पलड़ा, स पु (स पटल>) तुला, पटल फलकम्।

पलथी, स स्त्री (स पर्यस्त>) स्वस्तिकासनम्।

—मारना, क्रि अ, स्वस्तिकासनेन उपविश् (तु प अ)।

पलना, क्रि अ (स पालन>) पाल पोष सभृ (कर्म) २ परि, पुष (कर्म) प्याय् (भ्वा आ से), पुष्ट-पीन (वि) भू।

पलवाना, क्रि प्रे, व 'पालना' के प्रे रूप।

पलस्तर, स पु (अ प्लास्टर) *पलस्तर, लेप, सुधा २ उपनाह, प्रलेपपट्टिका।

—करना, क्रि स, सुधया लिप (तु प अ) २ उपनह (दि प अ)।

—ढीला होना या बिगड़ना, मु, अत्यंत क्लिश पीड खिद् (कर्म)।

पलाडु, स पु (स) दे, 'प्याज'।

पलाद, स पु (स) पलादन, पलाश, राक्षस। वि, मांस, भक्षक आहारिन्।

पलान, स पु (स पल्ययन) पर्याण, पर्ययण, दे 'जीन'।

पलाव, स पु (स न) दे 'पुलाव'।

पलायक, स पु (स) वि-प्र-, पलायिन्, युद्ध-विमुख, पराङ्मुख-त्यागिन्।

पलायन, स पु (स न) वि, द्रव, उद्रा प्रति, द्राव, चक्रम, श्रृगालिका, अप, क्रम -यानम्।

पलायमान, वि (स) प्र वि, द्रवत्, अप, धावत् क्रामत्, परायत् (सब शत्रन्त)।

पलाश, स पु (स) किंशुक, याज्ञिक, त्रिपर्ण, ब्रह्मवृक्षक, पूतद्रु (पु), (स न) पत्र, पर्णम्।

पलाशी, स पु (स -शिन्) वृक्ष, तरु २ क्षीरवृक्ष (गूलर पीपल, बरगद, महुआ इ०) ३ राक्षस। वि सपत्र, पत्रवत् २ मांस भक्षक।

पलित, वि (स) वृद्ध, दे 'बूढ़ा' २ पक्व, धवल, श्वेत, सित, (केश)। स पु (सं न) केशपाक।

पली, स स्त्री (स परिघ>) *स्नेहनिष्कासनी, पलिका।

पलीता, सं पु (फा) भूतवद्रावकी वर्तिका वर्त्ति (स्त्री) २ दहनवर्त्ति। वि कोपाकुल, सरम्भ २ शीघ्रगामिन्।

पलीद, वि (फा) मलिन, मलीमस, अपवित्र २ नीच, खल।

पलेथन, स पु (स परिस्तरण>) (गोधूमादीना) शुष्कचूर्ण, *रोटिकापरिस्तरणम्।

—निकालना, क्रि स, परुष तड् (चु)।

पलौठा, वि (हिं पहला) *प्रथमज (पलौठा-प्रथमजा)।
पल्लव, स पु (स पु न) किस(श)लय य प्रवाल, नवपत्र, किस(श)ल २ प्र, शाखा विटप ३ नवपत्रस्तवक।
पल्लवित, वि (स) सपल्लव, सकिसलय २ तत विस्तृत ३ रोमांचित।
पल्ला¹, क्रि वि (स पर या परे>) दूर, दूरे, दूरत। स स्त्री, दूरता, विप्रकर्ष।
पल्ला पल्लू, स पु (स पटाञ्चल) वसनांत, वस्त्र,अचल २ पार्श्व अधिकारे ३ दिशा।
—छुड़ाना, मु, आत्मान उद्ह (भ्वा प अ)-मुच (प्रे), अनिष्ट त्यज (भ्वा प अ)-अपास (दि प से)।
—पसारना, मु, याच (भ्वा आ से)।
पल्ले पड़ना, मु, लभ् अधिगम् (कम)।
पल्ला³, स पु, दे 'पलटा'।
पल्ली, स स्त्री (स) ग्रामक, ग्रामटिका २ ग्राम ३ कुटी ४ गृहगोधिका।
पवन, स पु (स) अनिल, वात, दे 'वायु'।
—चक्की, स स्त्री, वायुपेषणी, *पवनचक्री।
—चक्र, स पु (स न) वातावर्त, चक्रवात।
—पुत्र, स पु (स) हनुमत् २ भीमसेन।
पवनाशन, स पु (स) पवनाश, सर्प।
पवि, स पु (स) वज्र ज, कुलिश, अशनि (पु स्त्री)।
पवित्र, वि (स) वि, शुद्ध शुचि, स्वच्छ, विशद, निर्मल २ पुण्य, निष्पाप, अनघ, अकल्मष।
पवित्रता, स स्त्री (स) शुचिता, शौच, वि,शुद्धि (स्त्री), शुद्धता २ स्वच्छता, वैशद्य, निर्मलता ३ पुण्यता, निष्पापता।
पवित्रात्मा, वि [स-त्मन (पु)] विमल शुद्ध-आत्मन् (पु), शुद्ध, मति हृदय।
पवित्री, स स्त्री (स पवित्र) पवित्रक, कुशाङ्गुलीयकम्।
पशम, स स्त्री (फा पश्म) उत्तमोर्णा, मूर्णा २ उपस्थलोमन् (न) ३ अतितुच्छवस्तु (न)।
पशमीना, स पु (फा पश्मीनह्) दे 'पशम' २ उत्तमौर्ण,-वस्त्र पट।
पशु, स पु (स) लोमलाङ्गूलवज्जीव (सिंह -व्याघ्रगोमहिषादय), जन्तु (पु), सुदार ना, मृग २ प्राणिन्, जीवमात्रम्।
—पति, स पु (स) शिव २ पशुप्रभु।
—पाल,स पु (स) पशु गो, रक्षक पालक।
—राज, स पु (स) मृगेन्द्र, सिंह।
पशुता, स स्त्री (स) पशुत्व, पशु,भाव धर्म २ मौर्ख्य, औद्धत्य, जाड्यम्।
पशुत्व, स पु (स न) दे 'पशुता'।
पश्चात्, अव्य (स) तत, तदनन्तर, तत्पश्चात, तदनु, तत, पर ऊर्ध्वम्।
पश्चात्ताप, स पु (स) अनु,-ताप शय शोक, पाप-दुष्कृत-खेद, विप्रतीसार।
—करना, क्रि अ, दे 'पछताना'।
पश्चिम, स पु (स पश्चिमा) प्रतीची, वारुणी, पश्चिम, दिशा आशा। वि, पश्चाद् उत्पन्न, २ अत्य, अंतिम।
पश्चिमा, स स्त्री (स) दे 'पश्चिम'।
पश्चिमी, वि (स पश्चिमा>) प्रतीच्य, पाश्चात्य, पश्चिमाशासंबधिन्।
पश्चिमोत्तर, स पु (स पश्चिमोत्तरा) उत्तर पश्चिमा वायवी। वि, वायव, वायुदिक्स्थ।
पश्तो, स स्त्री (देश) पश्चिमोत्तरसीमाप्रान्तस्य भाषाविशेष।
पश्यती, स स्त्री (स) वेश्या, गणिका, क्षुद्रा, रूपाजीवा २ वाणीभेद, वायुसंयोगात नातिभिन्न शब्द।
पसद, स स्त्री (फा) अभि,रुचि (स्त्री), मनोबंध। वि, मनोनीत, रुचिकर, स-अभि, मत, प्रिय।
—करना, रुच् (भ्वा आ से चतुर्थी के साथ) अभि प्रति, नंद् (भ्वा प से) अनुमुद् (भ्वा आ से) २ दे 'चुनना'।
पसंदीदा, वि (फा) अभीष्ट, वृत, रुचिकर, रोचक, उत्तम।
पस¹, स पु (अ), पूय -य, क्षतज, मलज, कुणपम्।
पस², अव्य (फा) तदनु, तत्पश्चात, तदनन्तरम्।
—(सो) पेश, पु विर्प, व्याज, छलम्।
पसरना, क्रि अ (सं प्रसरण) प्रसृ (भ्वा प अ) प्र वि तन् (कर्म) २ विस्तृ (कर्म), वृध् (भ्वा आ से) ३ करचरणान् प्रसार्य शी (अ आ से)।
पसली, स स्त्री (स पर्शुका) पार्श्वास्थि (न), पार्श्व रम्।

—का रोग, स पु, श्वसनक ।
हड्डी—तोडना, मु, भृश तड् (चु)।
पसाना, क्रि स (स प्रस्रावण), मड प्रस्रु (प्रे) २ अतिरिक्तजलांश अवस्रव (प्रे)।
पसार–रा, स पु, दे 'प्रसार'।
पसारना, क्रि स (स प्रसारण) व 'पसरना' के प्रे रूप। दे 'फैलाना'।
पसाव, स प (स प्रस्राव >) प्रस्रव, मड-ड, दे 'माड'।
पसीजना, क्रि अ (स प्रस्वेदन) (शनै) क्षर्-गल् (भ्वा प से) मु (भ्वा प अ) प्रस्नु (अ प से) २ दयार्द्रीभू (वि) भू, अनुकम्प्-दय (भ्वा आ से)।
पसीना, स पु (हिं पसीजना >) प्र,स्वेद, घर्म, घर्मस्वेद, उदक जलबिंदु (पु) श्रम वारि (न)।
—आना, क्रि अ, प्र,स्विद् (दि प अ) स्वेद सुनिस्सृ (भ्वा प अ)।
पसोपेश, स पु (फा) विचिकित्सा, वितर्क, संशय आ परि वि, शंका २ परिणाम, हानिलाभौ।
—करना, क्रि अ, दोलायते (ना धा) विलंब विकल्प् (भ्वा आ से)।
पस्त, वि (फा) पराजित, विजित २ परिश्रान्त, क्लान्त।
—कद, वि (फा) वामन, खर्व।
—हिम्मत, वि (फा) भीरु, कातर।
पहचान, स स्त्री (स परिचयन या प्रत्यभिज्ञान) प्रति,अभिज्ञा-अभिज्ञान, २ विवेक, विचारण गा, परिच्छेद ३ लक्षण, चिह्न ४ परिचय, परि,ज्ञानम्।
पहचानना, क्रि स (हिं पहचान) प्रति, अभिज्ञा (क्र उ अ) अनुस्मृ (भ्वा प अ) परिच्छिद् (र प अ), संविद् (अ प से) २ विच् (जु उ अ), विशिष् (रु प अ), परिच्छिद् ३ अवगम् ज्ञा (क्र उ अ), बुध (भ्वा प से), विद् (अ प से)। स पु, दे 'पहचान'।
पहचाननेवाला, स पु, प्रति, अभिज्ञातृ (पु), परिच्छेदक, विवेकिन्, ज्ञातृ, बोद्धृ (पु)।
पहचाना हुआ, वि, विविक्त, परिच्छिन्न, प्रति, अभिज्ञात, बुद्ध, विदित।

पह(हि)नना, क्रि स (स परिधान) परिधा (जु उ अ), वस् (अ आ से), धृ (भ्वा प अ, चु), भृ (जु उ अ)। स पु, परिधान, धा(धा)रण, भरण, वसनम्।
पहनने योग्य, वि, परिधेय, धार्य, वसनीय।
पहननेवाला, स पु, परि,धाय (पु) धायक, धर्तृ धारयितृ (पु)।
पहनवाना, क्रि प्रे } व 'पहनना'
पहनाना, क्रि स } के प्रे रूप।
पहनावा, स पु (हिं पहनना) वेश प, परिधान वस्त्राभिवसनानि (न बहु), नेपथ्य, परिच्छद।
पहना हुआ, वि, परिहित, धृत, धारित, वसित ३।
पहर, स पु (स प्रहर) याम, होरात्रय्यी २ काल युग, समय।
पहरना, क्रि स दे 'पहनना'।
पहरा, स पु (हिं पहर) रक्षा, रक्षणं, जागरण, निरूपण, अवेक्षण-क्षा, गोपन, गुप्ति (स्त्री) २ रक्षक, रक्षिन्, रक्षापुरुष, रक्षिवर्ग, प्रहरिन्, वैवोधिक ३ रक्षणकाल, प्रहर ४ प्रहरि, भ्रमण पर्यटन ५ प्रहरिपरिवर्तन ६ प्रहरिधाप।
—देना, क्रि अ, रक्षार्थं जागृ (अ प से) परि, अम् अट् (भ्वा प से)।
पहरेदार, स पु (हिं+फा) दे 'पहरा'(२)।
पहरावनी, स स्त्री (हिं पहरना) २ *परिधापनी, *परितोषवेष।
पहरी, पहरुआ, पहरू, स पु दे 'पहरा'(२)।
पहल, स स्त्री (हिं पहला) उपक्रम, प्र, आरम्भ २ अनि-आ,-क्रम, प्रथमापराध।
पहलवान, स पु (फा) मल्ल, बाहु,-योध-योद्धृ (पु) -योधिन् २ दृढाङ्ग, वज्रदेह।
पहलवानी, स स्त्री (फा) मल्ल-बाहु,-युद्धम्।
पह(हि)ला, वि (स प्रथम) दे 'प्रथम'।
पहलू, स पु (फा) पक्ष, पार्श्व-र्श्वं (सब अर्थों में) २ पक्ष पार्श्व, भाग, वपाधोभाग ३ विचारविषयस्य अग्र-भाग,-विशेष ४ गूढाशय ५ व्यंग्यार्थ।
—बचाना, मु, संघट्ट परिहृ (भ्वा प अ)।
—में बैठना, मु, अतिसमीपे उपविश (तु प अ) -निषद् (भ्वा प अ)।

पहले, अव्य (हिं पहला) पूर्व, प्रथम, आदौ, प्राक, आरम्भे २ पूर्वे, पुरा, पूर्वप्राचीन, काले ।

—पहल, अव्य , सर्वप्रथम प्रथमवारे, आदौ ।

पहाड़, म पु (स पाषाण >) दे 'पवत' (१) ३ दुस्साध्य-दुष्कर, कार्यम् ।

पहाड़ा, म पु (स प्रस्तार >) गुणनसूची ।

पहाड़िया, वि (हिं पहाड़) दे 'पवतवासी' ।

पहाड़ी, स स्त्री (हि पहाड़) पवतक , लघु गिरि (पु) २ वल्मीक क, वामलूर ।

पहिया, म पु (स परिधि) चक्र, रथाङ्गम् ।

पहिलौठा, वि , दे 'पलौठा' ।

पहुँच, स स्त्री (स प्रभूत>) उपसर्पण, अभि उप,-गम प्रवश २ गतिसीमा ३ प्राप्ति (स्त्री), प्राप्तिसूचना, अभिज्ञतासीमा, परिचय ४ आगमन, उपस्थिति (स्त्री) ।

पहुँचना, कि अ (हिं पहुच) आ, गम्-सद् (भ्वा प अ) समा सद् प्र-स आप (स्वा प अ), प्रपद् (दि आ अ) २ विस्तृ (क्रम) ३ प्रविश (तु प अ) ४ लभ् प्राप (कर्म) । स स्त्री, दे 'पहुच' ।

पहुँचनवाला, स पु , आगत उपस्थातृ (पु), लब्धप्रवेश , सहायक ।

पहुँचा, स पु , दे 'कलाइ' ।

पहुँचाना, वि स, व 'पहुँचना' के प्रे रूप ।

पहुँचा हुआ, वि, आगत, उपस्थित, प्राप्त, प्रपन्न, प्रविष्ट, लब्ध, अधिगत, सिद्ध ।

पहुँची, स स्त्री (हिं पहुचा) आवापक , मणिबन्धवलय ।

पहुनाई, स स्त्री (हिं पाहुना) प्राहुण अतिथि, सेवा सत्कार । २ अतिथित्व, प्राहुणता ।

पहेली, स स्त्री [स प्रहेलीलि (स्त्री)] प्रहेलिका मरनदृती, प्रवह्लीलि (स्त्री)-लिका २ समस्या, गूढार्थव्यापार ।

पह्लवी, म स्त्री (म पह्लव >) पारसीक देशस्थ प्राचीन भाषा, पह्लवी ।

पाँच, वि (स पञ्चन्) । स पु , उक्ता सख्या तद्क (५) च ।

—भौतिक, वि (स) पञ्चभूतनिर्मित (शरीरादि) ।

पाँचों उँगलियाँ घी में होना, मु , सर्वथा प्र उप रि (कम) समृध (दि प से) ।

पाँचवाँ, वि (हिं पाँच) पचम-मःमी (पु न स्त्री) ।

पांचाल, म पु (स) पचाल । वि पचाल देशोद्भव ।

पांचाली, म स्त्री (स) शाल भजीजिका, पुत्रिका, पचालिका २ रीतिविशेष (सा) ३ द्रौपदी, कृष्णा, याज्ञसेनी ।

पांडव, स पु (स) पाडुनन्दन, पञ्च पाण्डवा ।

पांडित्य, स पु (स न) बुद्धिधी, मत्त्व, व्युत्पत्ति (स्त्री), विद्वत्ता, विद्वत्त्व, ज्ञान, प्राज्ञता ।

पांडु, म पु (म) नृपविशेष २ सितपीत-वर्ण, हरिण, पा(डु)र ३ रक्तपीतवर्ण ४ श्वेतवर्ण ५ दे 'पाडुरोग' ।

—रोग, स पु (म) कामल-ला, पाडु (पु) ।

पांडुर, वि (स) सितपीतवर्ण, पाडु २ पीत ३ शुक्ल । स न (स) श्वित्ररोग । स पु (म) दे 'पाडुरोग' ।

पांडुलिपि, स स्त्री (म) पाडुलख , •शोध नीयलेख ।

पांडे, }
पांडेय, } स पु (स पडित) द्विज कायस्थ, भेद ३ प्राज्ञ , विद्वस् (पु) ४ शिक्षक , अध्यापक ५ पाचक , सूद ।

पाँत, **पाँति**, स स्त्री , दे 'पक्ति' ।

पांथ, स पु (स) पथिक , यात्रिन् २ प्रवासिन् ३ वियोगिन् ४ भानु ।

—निवास, स पु (स) पाथशाला, यात्रिगृहम्, धर्मशाला ।

पाँव, स पु (सं पाद) पद, चरण ण, अंघ्रि (पु) २ जघा ३ मूल, आधार , उपष्टम्भ ४ धैर्य, स्थैर्यम् ।

—का अगूठा स पु , पादागुष्ठ ।

—का सोना, स पु , पाददर्प (रोग) ।

—की अँगुली, म स्त्री , पादागुली लि (स्त्री) ।

—अड़ाना, मु , दे 'टाग अड़ाना' ।

—उखड़ना, मु , परा जि (कम), पलाय् (भ्वा आ से) ।

—उठाना, मु , निष्क्रम् (भ्वा प से) २ मत्वर चल् (भ्वा प से) ।

—जमाना, मु , निश्चल दृढ स्था (भ्वा प अ)।

—तले की मिट्टी निकल जाना, मु , जड़ी निष्पदी भू , विस्मयेन उपहन् (कर्म)।
—पड़ना, मु , चरणयो अवपत् (भ्वा प से), अनिमतया याच् (भ्वा आ से)।
—पसारना, मु प्रसृते प्रस् (प्रे) सुख स्वप (अ प अ) २ दे 'मरन'।
—पाँव, मु , पादचारी भूत्वा, पद्भ्यामेव चल्द (शत्रंत)।
—पूजना, मु चरणौ चुब् (भ्वा प से)- -सेव (भ्वा आ से)।
—फटना, मु , पादौ शीतेन स्फुट् (त प से)।
—फूँक-फूँक कर रखना, मु, सवधान प्रवृत् (भ्वा आ से) कार्येषु।
—फैला कर सोना, मु निश्चिंत स्वप (अ प अ)।
—भारी होना, मु , गर्भं आधा (जु उ अ)- धृ (जु)।
दबे—आना, मु , निभृत अया (अ प अ)।
धरती पर—न रखना, मु, नितरा दृप् (दि प अ), गर्व (भ्वा प से)।
पाँवड़ा, म पु (हिं पाँव) पादवराम्तरणम।
पाँवड़ी, म स्त्री (हिं पाँव) दे 'खड़ाऊ' तथा 'जूता'।
—**पाश (स) न**, वि (स) दूषक, कलंक जनक।
पाशु, म स्त्री (स पु) पांसु (पु), धूली लि (स्त्री), रजस (न)।
पाशुल, वि (स) रेणु-दूषित रूक्ष, धूम्रिधूसर।
पाँसा, स पु (स पाशक) अक्ष, देवन, सार, शार।
—उलटना, मु , यत्नो विपरीतफलो नम् (दि आ से)।
पा, स पु (फ़ा) पाद, पद, चरण मम्।
—अंदाज, स पु पद-पाद-प्रक्षण प्रोंछनम्।
पाइओरिया, म पु (अ) दन्तपूयम्।
पाई, स स्त्री (स पाद >) पादिका २ चतुर्थीशसूचिका ऊर्ध्वरेखा (उ ४।-मवा चार) ३ आकारमात्रा (।) ४ पूर्णविराम चिह्नम् (।)।
पाउंड, म पु (अं) निष्क', दीनार' २ पौण्ड, अङ्गरेजराज्यको देशीय आंग्लतोलभेद।
पाउडर, म पु (अ) पिष्ट, क्षोद, चूर्ण २ पम्वासक, पिष्टातक, पिष्टाप।
पाक', स पु (म) पचन, पाचन, श्रानि (स्त्री), अधिश्रयण, पक्ता, रन्धन (सात प्रकार का पाक—
भर्जन तल्न स्वेद पचन क्वथन तथा।
तार पुटपाकश्च पाक सप्तविधो मत ॥)
२ पक्व-सिद्ध, अन्न ३ परिणति (स्त्री) ४ औषधभेद ५ जठरे आहारपचन ६ दैत्य विशेष।
—शाला, म स्त्री (स) महानस-सम्।
—शासन, म पु (स) दे 'इन्द्र'।
पाक' वि (फ़ा) पवित्र, वि शुद्ध २, निष्पाप, निष्कल्मष ३ समाप्त।
—दामन, वि (फ़ा) पतिव्रता, सती।
—साफ, वि (फ़ा+अ) स्वच्छ, निर्मल।
पाकेट, स पु (अ) दे 'जेब'।
पाक्षिक, वि (स) अर्द्धमासिक, मासार्द्धिक २ पक्षपातिन्।
पाखंड, स पु (स पाषण्ड-ण्ड) दम्भ, दाम्भिकता, छाद्मिकता, आयरूपता, कपटधर्म, कुटलिंग, वृत्ति (स्त्री) कापट्यम्।
पाखंडी, वि (स पाषण्डिन्) पाषण्डक, दम्भिन्, दाम्भिक कपटिन्, कापटिक, आर्य, रूप लिंगिन्, छद्म-कपट,-वेशिन्।
पाख, म पु (स पक्ष) दे 'पखवारा'।
पाखर, स स्त्री (म प्रखर) प्रक्षर, अश्वगज, सन्नाह।
पाखा (पा) न, म पु (म पाषाण) प्रस्तर शिला, अश्मन्, ग्रावन् (पु)।
पाख़ाना, स पु (फ़ा) शौच-कूप स्थान २ उच्चार, गूथ-थ, मल, पुरीष, विष (स्त्री) विष्ठा, शकृत् (न), शमलम्।
—निकलना, मु , नितरा भी (जु प अ), त्रस् (दि प से)।
पाखाने जाना, मु , शौचकूप या (अ प अ) पुरीष उत्सृज (तु प अ)।
पाग', म स्त्री (हिं पाग) दे 'पगड़ी'।
पाग', म पु (म पाक >) मधु शर्करा,-क्वाथ २ मधुक्वाथपक्वकल्कमौषध वा।
पागना, क्रि स (म पाक >) गुड-सिता, रसे निमस्ज् (प्रे)।
पागल, स पु (देश) उन्मत्त', वातुल',

अचल २ मञ्च, मञ्चक ३ कूपच्छादनम् ४ उद्बन्धनपट्ट-टम् ५ कुड्यकोणपट्ट-टम्।

पाणि, स पु (स) कर हस्त।

—ग्रहण, स पु (स न) उद्वह, दे 'विवाह'।

—ग्राहक, स पु (स) भर्तृ (पु), दे पति'।

पाणिनि, स पु (स) अष्टाध्यायीप्रणेता वैयाकरणविशेष।

पात[1], स पु (स पत्र) दे 'पत्ता'।

पात[2], स पु (स) अध नि, पतन, स्रमन, च्युति (स्त्री) २ पातन, ३ वि नाश ध्वस ४ मृत्यु (पु), अधोनयनम्।

पातक, स पु (स न) दे 'पाप'।

पातकी, (स किन्) दे 'पापी'।

पाताल, स पु (स) अधो भुवन लोक, नागलोक २ विवर, बिल ३ भुवनविशेष।

पातिव्रत, स पु (स न) पातिव्रत्य-सतीत्वम्।

पातुर, स स्त्री (स पातली>) दे 'वेश्या'।

पात्र, स पु (स न) भाजन, अमत्र, भाण्ड कोश शी, कोष षी, कोषि(शि)का पात्री २ नट, अभिनेतृ (पु) ३ तीरद्वयान्तर (हि पाट) ४ दानमन्त्रिन् ५ स्रुवादीनि यज्ञोपकरणानि ६ *नाटकस्य कथापुरुष (नायकादि) ७ सत्पात्र, गुणास्पदम्। वि, योग्य, उचित, अर्ह।

पात्रता, स स्त्री (स) विद्य तपस्याचारयुक्तता, पात्रत्व, योग्यता, अर्हता, गुण।

पाथ[1], स पु (स पाथ) पाथस् (न), जलम्।

पाथ[2], स पु (स पथ) मार्ग, अध्वन् (पु)।

पाथना, क्रि स (हिं थापना) गोमयानि रच् (चु) निर्मा (जु आ अ) २ तट (चु)।

पाथेय, स पु (स न) स(श)म्बल पथि उपभोक्तव्य द्रव्यम्।

पाथोधि, स पु (स) सागर।

पाद[1], स पु (स) पद, चरण-ण, पद् (पु), अंहि-अंघ्रि (पु) २ मन्त्रश्लोकादीना चरण ३ चतुर्थभाग ४ प्रथमभाग ५ गिरिवृक्षादीना मूलम्।

—टीका, स स्त्री (स) पृष्ठतल पाद-टिप्पणी।

—त्राण, स पु (स न) दे 'पादुका'।

—पीठ, स पु (स न) पदासनम्।

—प्रहार, स पु (स) चरणाघात, दे 'ठोकर'।

पाद[2], स प (स पर्द) अपान अधो-वायु (पु)।

—मारना, क्रि अ, दे 'पादना'।

पादना, क्रि अ (स पर्दन) पर्द् (भ्वा आ से), अपानवायु उत्सृज (तु प अ)।

पादप, स पु (स) तरु, दे 'वृक्ष'।

पादरी, स पु (पुर्त पैद्रे) निस्तमत, पुरोहित उपदेशक।

पादविक, स पु (स) पथिक, पाथ, यात्रिन्।

पादागुली, स स्त्री (स) } दे 'पाँव' के
पादागुष्ठ, स पु (स) } नीचे।

पादात, स पु (स) पाद पद चरण, अग्र अग्रभाग २ पद-चरणावमानम् (स०)।

पादुका, स स्त्री (स) पादू (स्त्री), पाद, त्र त्राण पादरक्षिका, कौषी। २ दे 'जूता' तथा 'बूट'।

पाद्य, स पु (स न) पादप्रक्षालनजलम्।

पाधा, स पु (स उपाध्याय) गुरु (पु), आचार्य, शिक्षक २ पडित, विद्वस (पु)।

पान[1], स प (स न) पीति (स्त्री), आच मन, धयन, द्रवद्रव्यस्य गलाध करण २ मद्य सुरा, पान ३ पेयद्रव्य ४ मद्य ५ जलम्।

—करना, क्रि स, दे 'पीना'।

—पात्र, स पु (स न) पान, चषक, सरक, पानभाजनम्।

पान[2], स पु (स पर्ण) ताम्बूली, ताम्बूलवल्ली, नाग-लता-वल्ली २ ताम्बूल, पर्ण, नागवल्ली दल ३ क्रीडापत्ररगभेद ४ पत्र, किसलय।

—गोष्ठी, स स्त्री (स) आपान, मद्यपान, चक्र सभा।

—दान, स पु (हि+फा) *पर्णधान, ताम्बूल करक।

पानक, स पु (स न) *मधुराम्लपेयम्।

पाना, क्रि स (स प्रापण) प्र, आप (स्वा उ अ), लभ (भ्वा आ अ), विद (तु उ वे), समासद (प्रे) आपत्ति पद (दि आ अ) अधिगम्, आदा (जु आ अ), ग्रह (क्र प से), २ (सुखादि) अनुभू, भुज (रु आ अ) ३ बुध (भ्वा उ से), विद (अ प से) ४ तुल्य-सदृश (वि) भू

५ पाद (भ्वा प से) ६ सह (भ्वा आ से)। स पु, प्रापण, लब्धि (स्त्री), अधिगमन, आदान, अनुभव, बोध, भुक्ति इ।
पानेवाला, स पु, प्रापक, अभिगन्-आदातृ महीतृ (पु) इ।
पाने योग्य, वि, प्राप्य लभ्य, अादेय, ग्राह्य इ
पाया हुआ, वि, प्राप्त, अधिगत, लब्ध गृहीत इ।
पानिप, सं पुं (हिं पानी) द्युति कांति (स्त्री) २ दे 'पानी'।
पानी, स पु (स पानीय) वारि-अम्भस् (न), दे 'जल' २ कांति द्युति (स्त्री) ३ प्रतिष्ठा, सम्मान ४ वृष्टि (स्त्री) ५ पौरुष, वीर्य ७ वातवर्षादिसामग्री, *वायु (न) ७ रस ८ शीतवस्तु (न) ९ समय, अवसर १० परिस्थिति (स्त्री)।
—दार, वि (हिं + फा) कांतिमत्, भासुर २ मान्य ३ आत्माभिमानिन्।
—देवा, स पु, तर्पक, पिंडद २ पुत्र ३ स्वकीय।
—फल, सं पु, दे 'सिंघाड़ा'।
—से डरना, स पुं, [illegible] नल, आतङ्क सराम।
—कर देना, मु, क्रोध अपनी (भ्वा प अ) शम् (प्रे, शमयति)।
—का बुलबुला, मु, क्षणभंगुर, असार, नश्वर।
—की तरह बहाना, मु, अपव्यय् (चु), अमित व्यय, मुधा क्षि (प्रे, क्षपयति)।
—के मोल, मु, स्वल्पमूल्येन, अल्पमौल्येन।
—देना, मु, (पितॄन्) उदकेन तृप् (प्रे) २ उदकं दा (प्रे) सिच् (तु प अ)।
—पड़ना, मु, वृष् (भ्वा प से)।
—पानी होना, मु, अतीव लज्ज्-लस्ज् (तु आ से)।
—पी पी कर कोसना, मु निरंतरं आक्रुश् (भ्वा प अ) अभिशप् (भ्वा प से)।
—भरना, मु, (तुलनायां) तुच्छ (वि) प्रतीयते।
—में आग लगाना, मु, [illegible] पुन उद्दीप् (प्रे) नवीकृ।
—लगाना, मु, प्रतिकूलजलवायुनाऽस्वस्थ (वि) भू।
—का पतला, मु, जलरूप, अल्पबहुल, जल विरल।
अदरक का—, सं पु, आर्द्रकजलम्।
खारा—, स पु, क्षारजलम्।
पानीय, वि (स) पेय, पातव्य। सं पु (स) (न) दे 'जल'।
पाप, सं पुं (सं न) अधर्म, पाप्मन् (पुं) पातक, किल्बिष, कल्मष, वृजिन, अघ, अंहस्, एनस् (न), दुरित, दुष्कृत, पातक, शल्य २ अपराध, दोष ३ वध ४ पापबुद्धि (स्त्री) ५ अनिष्ट, अहितम्।
—कटना, क्रि अ, पापभ्य मुच् (कर्म) पाप नश् (दि प वे)।
—करना, क्रि स, पापं कृ अथवा आचर् (भ्वा प से) २ अपराध् (दि स्वा प अ)।
—नाशी, वि (स शिन्) पापघ्न, अघनाशक, पापहर।
—बुद्धि, वि (सं) पाप कुबुद्, मति-बुद्धि।
—रोग, सं पुं (सं) रतिजरोग (प्रमेहादि)।
—लोक, स पु (सं) दे 'नरक'।
पापक, वि (सं) दुर्जन, दुष्ट, पापिन्। स पु, दुर्जन, पाप, पातकिन् २ कुकृत्य, पापम्।
पापड़, सं पु (सं पर्पट) माषयोनि, शिंबी पूप, वैदलपिष्ट। वि, तनु २ शुष्क।
—बेलना, मु, घोरं परिश्रम् (दि प से) २ दुःखं जीव् (भ्वा प स)।
पापड़ा, स पुं (सं पर्पट) वरक, वरव, प्रगध, सुतिक्त २ दे 'पित्तपापड़ा'।
—खार, स पु (सं पर्पटक्षार) *[illegible]।
पापर, सं पुं (अं) दरिद्र, अकिंचन, निर्धन।
पापाचार, स पु (सं) दुराचार, दुर्वृत्तम्।
पापात्मा, वि (सं-त्मन्) दे 'पापी'।
पापिनी, वि स्त्री (सं) पापिनी, दुष्टा, दुराचारिणी, पाप-कारी-कारिणी, एनस्विनी-२ अपराधिनी, दोषिणी।
पापिष्ठ, वि, (सं) पापिष्ठ तम, दुष्टतम [पापिष्ठा (स्त्री) = पापतमा, दुष्टतमा]।
पापी, वि (सं पिन्) पातकिन्, पाप, पाप कर, दु पाप-दुष्ट-दुष्, कर्मन्, एनस्विन्, किल्बिषिन्, पाप, निरतबुद्धि मति, पापकृत् पापात्मन् २ अपराधिन्, दोषिन्।

पापोश, स स्त्री (फ़) दे 'जूता'।
पाबंद, वि (फ़ा) ाि, बद्ध, परतन्त्र, निरुद्ध सयत, नियन्त्रित।
पाबंदी, सं स्त्री (फ़ा) बंध, बंधन, निय न्त्रणा २ विवशता, बाध्यता।
पाम, सं पु (सं पामन्) पामा, विचर्चिका, खर्जू—घ्नी (स्त्री)।
—घ्न, सं पु, (स) पामारि, गन्धक सौगन्धिक।
पामन, वि (सं) पाम पामा-सज्, पीड़ित ग्रस्त।
पामर, वि (स) दुष्ट खल, दुर्वृत्त २ नीच अधम ३ मूर्ख, जड़।
पामाल, वि (फ़ा) पदा ति, पददलित पादधुण्ण, अव मर्दित २ वि ध्वस्त-नष्ट।
पायँचा, स पु (फ़ा) *पादायामजंघा।
पायँता, स पुं (हिं पयँ) सिरहाना *पदान, *पदतान।
पायँती, सं स्त्री, दे 'पायँता'।
पायंदाज़, सं पु (फ़ा) *पादपर्यंगम्।
पाय, सं पु (सं पाद) दे 'पाँव'।
पायख़ाना, स पु, दे 'पाख़ाना'।
पायजामा, स पु दे 'पाजामा'।
पायजेब, स स्त्री, दे 'पाजेब'।
पायदार, वि (फ़) स्थिर, स्थायिन्, दृढ।
पायदारी, सं स्त्री (फ़ा) स्थिरस्थायिता, दृढ़ता।
पायमाल, वि (फ़ा) दे 'पामाल'।
पायल, स स्त्री (हिं पाय) दे 'पाजेब' २ वशनि श्रेणी ३ द्रुतगामिनी हस्तिनी।
पायस, स पु (स पु न) परमान्न, दे 'खीर' २ श्रीवास, दे 'सारपीन'।
पाया, सं पु (सं पाद) (पर्यङ्कादीनां) पाद, अघ्रि, टंगा, २ स्तभ, स्थूणा, स्थाणु (पु) ३ पद, पदवी वि (स्त्री), स्थिति (स्त्री) ४ सोपान, पथ-मार्ग, परम्परा।
पायु, सं पु (स) दे 'गुदा'।
पारंगत, वि (स) पारग, परतीर पार-गत, २ प्रौढ़र्शिन्, अधीतिन्, सुविज्ञ, शास्त्र मर्मज्ञ।
पार, सं पु (सं पु न) पर, तीर तट २ अपवर तट ३ पर अभिमुख पार्श्व दिशा ४ अन, पर्यंत, सीमा ५ तल, अधोभाग। अव्य, पारे, दूरे, अग्रे, परत।
—करना, क्रि स, स-उद,-तृ (भ्वा प से), उत्,-प्लु (भ्वा आ से, सु), अति इ (अ प अ), अतिक्रम् (भ्वा प से)। २ समाप् (स्वा उ अ) सपूर् (चु), निर्वृ (प्रे) दे 'बींधना'।
—दर्शक, वि (स) स्वच्छ, किरणप्रकाश, मेय।
—दर्शी, वि (सं शिन्) दूरदर्शिन, भविष्य दर्शिन्।
—पाना, मु, सम्यक् बुध (भ्वा प से), आयत या (अ प अ) अथवा सपूर् (चु)।
आर—, सं पु पारापार, पारावारम्। क्रि वि, अवारपारम्।
वार—, स पुं, दे 'आरपार'।
पारखी, सं पु (हिं परख>) परीक्षक, गुण दोषविद् (पुं)।
पारग, पारगत, वि (सं) दे 'पारंगत'।
पारण, सं पुं (सं न) पारणा, उपवासान न्तर प्राथमिकभोजनं २ तर्पणं ३ समाप्ति (स्त्री)।
पारतन्त्र्य, स पु (सं न) दे 'परतन्त्रता'।
पारद, स पु (सं) दे 'पारा'।
पारदेशिक द्दी, वि, दे 'परदेसी'।
पारधी, सं पुं, दे 'शिकारी'।
पारलौकिक, वि (सं) आमुष्मिक, परलोक, सबंधिन् विषयक, अपार्थिव।
पारस, सं पुं (सं स्पर्श>) स्पर्श-मणि उपल २ अतिलाभद पदार्थ।
पारसाल, सं पुं (सं+पार+फ़ा साल) गत वर्ष, परुत् (अव्य)। क्रि वि, गताब्दे, परुत्।
पारसी, वि (फ़ा) पारसवासिन् २ भारतस्था पारसीका ३ 'फ़ारसी'।
पारसीक, सं पु (सं) पारसदेश, पारसिक २ पारसवासिन् ३ पारसप्रोद्भ, वानायुज।
पारम्परिक, वि (सं) दे 'परस्पर का'।
पारा, सं पु (स पार) महा-दिव्य, रस, रस, राज नाथ उत्तम इन्द्र, चपल, पारद, शिवबीज, सिद्धधातु।
पारायण, सं पु (स न) समापन, समाप्ति (स्त्री) २ आद्यन्तपाठ।
पारावत, स पुं (स) कपोत, २ कपि ३ पर्वत।

पारावार, स पु (स) समुद्र। (स न) तटद्वय २ सीमा पर्यंत, अवधि।

पारिजात, स पु (स) सुरदेवकल्प, तरु वृक्ष, मदार।

पारिजातक, स पु (स) देवतरुषु अन्यतम २ हरश्रृंगार ३ काचनाल, कोविदार ४ पारिभद्र देववृक्षविशेष।

पारितोषिक, स पु (स न) सिद्धिपाल, नयलाभ, दे 'इनाम'।

पारिपथिक, स पु (स) परिपथिन्, लुंट (टा ठा) क, मार्गतस्कर।

पारिभाषिक, वि (स) साकेतिक, परिभाषा सकेत, सबधिन्।

पारिषद, स पु (स) सभासद् (पु), सभ्य, पारिषद्य २ गण, अनुचरवर्ग।

पारी, स स्त्री, दे 'बार'।

पार्थक्य, स पु (स न) पृथक्त्ता, भिन्नता २ वियोग, विरह, विश्लेष।

पार्थिव, वि (स) मृण्मय (यी स्त्री), मातक (-की स्त्री) २ भौम, पृथिवीसबधिन् ३ लौकिक, ऐहिक (-की स्त्री)। स पु, नृप २ कुज।

पार्लियामेंट, स स्त्री (अ) व्यवस्थापिका सभा।

पार्वती, स स्त्री (स) उमा, अद्रिजा, अविरा, गौरी, नदा, भवानी महादेवी, शिवा, रुद्राणी, सती, सिंहवाहिनी, हिमाद्रितनया, हैमवती।

—नंदन, स पु (स) कार्तिकेय।

पार्श्व, स पु (स पु न) वक्षाधोभाग, पार्श्व पक्ष, भाग, कुक्षि २ पक्ष, पार्श्व ४ समीप निकट, स्थान ३ पार्श्वास्थि (न), पार्श्वकम्।

—वर्ती, स पु (स र्तिन्) समीपस्थ निकटस्थ, जन।

—शूल, स पु (स पु, न) शूलरोगभेद।

पाल[1], स पु (स) पालक, पोषक २ पत्रद्रुह, दे 'पीकदान'।

पाल[2], स पु (हिं पालना) फलपाकार्थ पलालास्तरणम्।

पाल[3], स पु (स पट वा पाट >) नौ, * वातपट २ पट, मंडप गृह ३ शकटाच्छादनम्।

पाल[4], स स्त्री [सं पालि (स्त्री)] सेतु, धरण, वप्रबध २ उच्च, तीर-कूल, दे 'कगार'।

पालक,[1], स पु (सं) पोषक, रक्षक, पालन कर्तृ पालयितृ २ अश्व, पाल रक्ष ३ दत्तक पुत्र ४ चित्रकवृक्ष।

पालक[2], स पु (स पालक) पालकी, सु स्निग्ध, धत्रा, मधुरा, क्षुरपत्रिका, ग्रामीणा।

पालकी, स स्त्री (स पल्यक >) शिरस्का, डयन, शिविका, *पल्यकी, रथगर्भक, याप्य यानम्।

—गाड़ी, स स्त्री, *पल्यकी शकटी।

पालतू, वि (स पालित) गृह,वर्धित पोषित, गृह्य, छेक, गृह, ग्राम।

पालथी, स स्त्री, दे 'पलथी'।

पालन, स पु (स न) भरण, पोषण, स, वर्धन, अन्नवसनै रक्षण २ निर्वाह, अनुकूला चरण, अनुवर्तन, साधन, पूरणम्।

पालना, क्रि स (स पालन) परि, पा (प्रे पालयति), परि, पुष् (भ्वा क् प से तथा प्रे), सवृध् (प्रे), सं, भृ (भ्वा जु प अ) २ (पशुविहगान्) विनी (भ्वा प अ), दम् (प्रे), गृहे पुष् सवृध् (प्रे) ३ अनुकूल आचर् (भ्वा प से), निवह् (प्रे) सपूर् साध (प्रे)। स पु, दे 'पालन' २ (शिशु) प्रेंसा दोला।

पालने योग्य, वि, परि, पालनीय पोषणीय, भरणीय, विनेय, निर्वाह्य, इ।

—वाला, स पु, दे 'पालक'(१) २ विनेतृ, गृहे पोषक ३ निर्वाहक, साधक।

पाला[1], स पु (स प्रालेय) तुषार, नीहार, कुज्झटिका, मिहिका, तुहिन, २ घनजल, जल घन, तुषारसघात, हिम ३ शीत, शैत्य, हिम।

—मार जाना, मु, नीहारेण नश् (दि प वे), तुषारेण ध्वस् (भ्वा आ से)।

पाला[2], स पु (हिं पल्ला) व्यवहारावसर, सबध।

—पड़ना, मु, व्यवहार सबध-कार्यं जन् (दि आ से)।

पाले पड़ना, मु, वशाभू, अधीन (वि) जन्।

पाला[3], स पु (स पट्ट >) प्रधानस्थान, मुख्यकार्यालय २ विभाजनरेखा ३ क्षेत्रसीमा ४ अन्नार्थं वृहत्पात्र ५ मल्लयुद्धभूमि (स्त्री), व्यायामशाला।

पालागन, स स्त्री (हिं पाँव+लगना) चरणचुंबन, पादप्रणति (स्त्री), प्रणाम, वंदना, नमस्कार।

पाला हुआ, वि , परि ,पालित, पोषित, स भृत, गृहे सवर्धित, सपूरित, रक्षित, इ ।
पालित, वि (स) दे 'पाला हुआ'।
पालिश, स स्त्री (अ) प्रमार्जम्, *कान्तिकरी।
पालिसी, स स्त्री (अ) नीति (स्त्री) नय २ राजनीति शासनरीति (स्त्री) ३ उपाय, युक्ति (स्त्री) ४ आयनिरक्षणसमयलेख्न सभाव्यहानिरक्षण पत्रम् आश्वासिका ।
—होल्डर, स , पु आश्वासिकाधारक ।
पालि¹, स स्त्री (स पालि -पक्ति >) भारत वर्षस्य प्राचीनभाषाविशेष (प्राय बौद्ध धर्म ग्रथ इसी मे है)।
पाली², वि (स ल्नि) पालक पोषक २ रक्षक।
पाली³, स स्त्री (स पल्लि स्थान>) कुक्कुट युद्ध भूमि (स्त्री)।
पावँ, स पु , दे 'पाव'।
पाव, स पु (स पाद) चतुर्थ, अश भाग, तुर्य, तुरीय २ (चार गिरह) गनतुर्य, हस्तार्द्ध ३ सेर, पाद , षट्कचतुष्कम्।
पावक, स पु (स) अनल , अग्नि २ ताप ३ सूर्य । वि , पावन, शोधक, मार्जक।
पावन, वि (सं) शुद्ध, पूत पवित्र, शुचि २ दे 'पावक'। वि [पावनी (स्त्री)]।
पावस, स स्त्री (स प्रावृष) दे 'बरसात' (मौसिम)।
पावा, स पु , दे 'पाया'(१)।
पाश, स पुं (सं) शस्त्रभेद , बधनं, २ जाल, मृगबधनी, पातिली, वागुरा ३ 'फाँसा'।
पाश्चात्य, वि (स) पश्चिमदेशज, प्रतीच्य २ उत्तर, उत्तरगामिन् ३ पश्चिम, चरम, अपर, अवर।
पापड, सं पुं , दे 'पाखड'।
पापडी, वि , दे 'पाखडी'।
पाषाण, स पु (स) दे 'पत्थर'।
पासग, सं पु (फ़ा) प्रतितोलक तुल्यपूरकम्।
पास¹, स पु (स पार्श्व -र्श्व) पक्ष , दिशा २ अधिकार , आधिपत्यं (अव्य), निकटे, समीप पे, अतिके-के, आरात्, उपकठ, निकषा, समया, सविधे (सब अव्य)।
—पडोस, सं पु , समीप-सनिहित-देश , प्रति वेश २ प्रातिवेश्या प्रतिवासिन (पु बहु)।
आस—, क्रि वि , इतस्तत अभित , परित २ दे 'लगभग'।
पास², स पु (अ) *अनुज्ञापत्रम्। वि उत्तीर्ण, सफल, सफलीभूत २ स्वीकृत, उररीकृत।
—पोर्ट, स पु (अ) पार निष्क्रम पत्रम्।
—बुक, स स्त्री (अ) धनागारपुस्तकम्।
पासा, सं पु (स पाशक) दे 'पाँसा' २ दे चौसर'।
—फेंकना, मु , भाग्यं परीक्ष (भ्वा आ से) २ अर्थे न्वि (दि प से)।
पाहुना, स पु (स प्राघुण) प्राघुण(णि)क , प्राघूणक , अतिथि २ जामातृ दे दामाद'।
पाहुनी, सं स्त्री (हि पाहुना) प्राघुणिका-की, प्र घूणकी २ आतिथ्य, अतिथि-सत्कार ।
पिंग, वि (स) आ इषत् पीत २ कपिल, पिंगल, पिशग ३ आ इषत् पिंगल-कपिल।
पिंगल, स पुं (स) छद सूत्रकारो मुनि विशेष २ (पिंगलरचित) छद शास्त्र ३ कपि ४ उल्लूक ५ अग्नि । वि , दे 'पिंग'।
—शास्त्र, स पु (स न) छन्दो,विचा विज्ञानम्।
पिंगला, स स्त्री (स) शरीर नाडीभेद ।
पिंगी, सं स्त्री (स) शमी, शिवा, भद्रा २ २ मूषा मूषिका ३ क्षुद्र मूषक-आखु ।
पिंजडा रा, स पु (स पिंजर) पजर -र, वि (वी)तस ।
पिंजर, स पु (स न) कायास्थिवृद ककाल , अस्थिपजर र २ स्वर्ण ३ दे 'पिंजडा'। वि , ईषत् पीत २ सुवर्णाभ ३ कपिल, पिंगल।
पिंड, स पु (स पु न) गोल -ल, वर्तुलद्रव्य २ लोष्ठ ठ, मृद्-खड पिंड, द्रव्यखड -ड, गड , घन ३ चय , राशि , ४ निवाप , श्राद्धोपयोगिभक्तगोल ५ आहार ६ शरीर, देह ।
—खजूर, सं स्त्री (स पिंडखर्जूर) राजजबू (स्त्री), स्थूलपिण्डा, पिंडखर्जूरी, दीप्या, फल्गुष्पा, हयभक्षा।
—दान, स पु (स न) पितृनिर्वाप ।
—छोडना, मु , न बाध (भ्वा आ से)।
पिंडली, स स्त्री (स पिंडी) जघापिंड , पिंडिका पिंडि (स्त्री), पिचिण्डिका।
पिंडा, स पु (स पिंड -ड) दे पिण्ड' (१, २, ४, ६)।
—पानी देना, मु , पितृभ्य पिंडोदक दा।

पिडालू, स पु (पिंडालु) रोमाल, रोम पिंट,-कद, रोमश ।
पिडिका, स स्त्री (स) क्षुद्रपिंड -ड २ लोष्टक ३ दे 'पिंडली' ४ चक्रनाभि (स्त्री) ५ प्रति मावेदिका।
पिडित, वि (स) पिंडी-घनी, भूत २ गणित ३ गुणित ।
पिड़ी, स स्त्री (स) दे 'पिंटिका' (१,३,४)। २ अलाबू (स्त्री) ३ पिंडखर्जूर ४ बलि वेदी ५ मृत्तगोल -लम्।
पिउ, वि (स प्रिय) वल्लभ, कान्त, दयित। स पु, पति, भर्तृ।
पिक, स पु (स) कोकिल, दे 'कोयल'।
—बंधु, स पु (स) पिक, राग-वल्लभ, आम्रवृक्ष ।
—बैनी, स स्त्री, कोकिलकंठा-ठी, सुमधु, कठा ठी।
पिकानन्द, स पु (स) पिकबान्धव, वसन्त, ऋतुराज ।
पिघलना, क्रि अ (स प्रघरणम्>) गल्, क्षर् (भ्वा प से), वि, द्रु (भ्वा प अ), द्रवीभू, वि, ली (दि आ अ) २ करुणार्द्रीं दयार्द्रीभू, करुणया द्रु, दय (भ्वा आ से)। स पु क्षरण, गलन, विलयन, द्रवण २ दयार्द्री भाव, दयनं, अनुकम्पनम्।
पिघलनेवाला, वि, वि, लेय, द्रवणीय, गलनाई।
पिघलाना, क्रि स, व 'पिघलना' (१ २) के प्रे रूप। स पु, वि, द्रावण-लावन, द्रवीकरणम्।
पिघलानेवाला, स पु, विद्रावक, विलयनकृत्।
पिघला हुआ, वि, वि-लीन, वि, द्रुत, गलित।
पिघलाया हुआ, वि, वि, द्रावित-लापित, क्षारित, गालित।
पिघालबिंदु, स पु (हिं +स) द्रावाङ्क, द्रवण, अङ्क बिंदु ।
पिच (चि) ड, स पु (स पुं न) उदर, जठर, फट ।
पिचकना, क्रि अ, व 'पिचकाना' के कर्म के रूप।
पिचकाना, क्रि स (अनु पिच) आ नि-स-पीड् (चु), समृद् (क्र् प से), आ-सं-कुच् (भ्वा प से । स पुं, संपीडनं, संमर्दनं, संकोचनम्।
पिचकानेवाला, स पु, सपीडक, संमर्दक इ।
पिचकाया हुआ, वि, सपीडित, सकोचित इ।
पिचकारी, स स्त्री (अनु पिच>) रेचन यन्त्र, शृङ्ग, शृङ्गक, वस्ति (पुं स्त्री)।
—छोड़ना या मारना, मु, शृङ्गेण क्षिप् (तु प अ), तरलद्रव्यं सवेग प्रास् (दि प से)।
पिचपिचा, (हिं पिचपिचाना) उन्न, क्लिन्न, श्यान, सार्द्र।
पिचपिचाना, क्रि अ (अनु पिचपिच>) पिचपिचायते (ना धा), शनैः क्षर् (भ्वा प से), प्रस्नु (अ प से)।
पिचुका, स पुं, दे 'पिचकारी' २ दे 'गोल गप्पा'।
पिच्छ, स पु (स न) पुच्छ, पक्ष-बाज २ मयूरपुच्छ, बर्ह र्हं, शिखण्ड, कलाप ३ शरपक्ष, पुख खम् ४ पक्ष, बाज ५ शिखा, शेखरम्।
पिच्छल, वि (स) चिक्कण -णा णम्, मेदुर रा-रम्, श्लक्ष्ण क्ष्णा-क्ष्णम्।
पिछड़ना, क्रि अ (हिं पिछाड़ी) मंद चल् र् (भ्वा प से), मदायते चिरायति (ना धा), पश्चात् वृत् (भ्वा आ से)।
पिछड़नेवाला, स पु, मद, मथर मद गामिन्।
पिछलगा, पिछलग्गू, स पु (हिं पीछे+ लगना) अनुयायिन्, अनुगामिन्, अनुवर्तिन्, शिष्य २ सेवक ३ आश्रित ।
पिछला, वि (हिं पीछा) पृष्ठस्थ, पश्चिम, पृष्ठ्य, पश्च, पश्चात्, २ उत्तर, उत्तरकालीन, अपर, पर, पाश्चात्य ३ अन्त्य, अन्तिम, उत्तर ४ गत, अतीत, पुराण।
पिछवाड़ा, स पु } (हिं पीछा) गृहस्य
पिछवाड़ी, सं स्त्री } पृष्ठ, पृष्ठभाग २ पृष्ठ पश्चाद्, भाग ३ गृहपृष्ठवर्तिभूमि (स्त्री)।
पिछाड़ी, स स्त्री (हिं पीछा) पृष्ठ, पृष्ठ पश्चाद्, भाग -देश २ (अश्वादीना) पृष्ठपादरज्जु (स्त्री)।
पिटना, क्रि अ (हिं पीटना) ताड् आहन् (कर्म)।
पिटवाना, क्रि प्रे, व 'पीटना' के प्रे रूप।
पिटाई, सं स्त्री (हिं पीटना) ताडनं, प्रहरणं, आहनन २ ताडनभृति (स्त्री)।

पिटारा, सं पु (स पिट) पेट, करड, कटोल ।
पिटारी, सं स्त्री (हिं. पिटारा) पिटक-क, पे(ग)क, पेटा, मजूषा, पेटि(डि)का, तरी रि (स्त्री)।
पिट्ठू, स पु (हिं पीठ) अनुगामिन्, अनुयायिन् २ सहाय, साहाय्यकारिन्।
पित, स स्त्री (स पित्त>) घर्मचर्चिका, घर्मस्फोटक ।
पितपापडा, स पु (स पपट) अरक, वरक, सु, तिक्त, चरक, क्षीन, प्रगाथ ।
पितर, स पु (स 'पितृ'का बहु) पिंड स्वधा श्राद्ध,भुज भाज, पिंडाश (सब बहु)।
पितराई, स स्त्री (हिं पीतल) पित्तल-नाश, रिष्ट-मलस्वाद, दे 'कमाव'।
पिता, स पु (स पितृ) तात, जनक, वप्तृ, प्रसवितृ, जनयितृ, जनितृ, जन्मद, बीजिन्।
—मह, स पु (स) दे 'दादा'।
—मही, स स्त्री (स) दे 'दादी'।
पितृ, स पु (स) दे 'पिता' २ दिवगता पूर्वपुरुषा २ देवविशेषा ।
—ऋण, स पु (स न) जायमानस्य ऋणभेद (अपना पुत्र उत्पन्न होने पर मनुष्य पितृ ऋण से मुक्त होता है। धर्म)।
—कर्म, स पु [स-र्मन् (न)] श्राद्धतर्पणादिक्रिया।
—गृह, स पु (स न) श्मशान २ दे 'मायका'।
—तर्पण, स पु (स न) तिलनिर्वाप, निवपन, निर्वपण २ दे 'तिल'।
—तिथि, स स्त्री (स पु स्त्री) अमाव(वा)स्या।
—तीर्थ, स पु (स न) गया २ वाराणस्यादितीर्थस्थानानि ३ तर्जन्यगुष्ठयोर्मध्यम्।
—पक्ष, स पु (स) आश्विनकृष्णपक्ष २ पितृसबधिन (बहु)।
—यज्ञ, सं पु (स) पितृतर्पणम्।
—लोक, सं पु (स) पितृभुवनम्।
पितृक, वि (स) दे 'पैतृक'।
पितृव्य, स पु (स) दे 'चाचा'।
पित्त, स पु (स न) मायु, पलज्वल, तिक्तधातु ।
—घ्न, वि (स) पित्त-मायु,-हर-नाशक।
—ज्वर, स पु (स) पैत्तिक-मायुन,-ज्वर ।
—की थैली, स स्त्री, पित्तकोष (gall-bladder)।
—पथरी, स स्त्री, पित्ताश्मरी।
—पापडा, स पु, दे 'पितपापडा'।
—प्रकृति, वि (स) मायुप्रकृति २ क्रोधिन्।
—प्रकोप, स पु (स) पित्त-मायु, प्रकोप-आधिक्य विकार ।
—हर, वि (स) दे 'पित्तघ्न'।
पित्तल, स पु (स न) आरकूट,-ट, आर, क्षुद्र-सुवर्ण, रीती ति (स्त्री), पीतलक, पातक, पिंगललोहम्।
—का, वि, पित्तल पीतक,-मय (-यी स्त्री)।
पित्ता, स पु (स पित्त>) दे 'पित्ताशय' २ साहस, वीर्य, शौर्य ३ कोप, क्रोध ।
—खौलना, मु, अत्यत कुप् (दि प अ)।
—निकालना, मु, नितरा परिश्रम् (प्रे)।
—पानी करना, मु, सुतरा परिश्रम् (दि प मे)।
—मारना, मु, क्रोध नि नियम् (भ्वा प अ)।
पित्ताशय, स पु (स) पित्त-मायु,-कोष ।
पित्ती, स स्त्री (स पित्त>) शीतपित्तम्, पित्तविकारज त्वग्रोगभेद, २ दे 'पित'।
पित्र्य, वि (सं) दे 'पैतृक'। स पु, (स) अग्रज २ माघमास ३ मघानक्षत्रम् ४ मधु (न) ५ माष, मासल ।
पित्र्या, स स्त्री (स) अमावस्या २ पूर्णिमा।
पिदडी, स स्त्री, दे, 'पिद्दी'।
पिद्दा, स पु } (अनु पिद)
पिद्दी, स स्त्री } चटकभेद २ तुच्छ,-जीव पदार्थ ।
पिधान, स पुं (स न) आच्छादनं, आवरण, कोष २ छद, छदन, पुट-टी ३ असि कोष ।
पिधायक, वि (स) आ प्रच्छादक, आवरक।
पिन, स स्त्री (अ) *धातुकटक-क, अल्प सूची।
पिनकना, क्रि अ (अनु) (अहिफेनमदेन) ईषत् निद्रा-स्वप् (अ प अ)।
पिनाक, स पु (स पु न) (शिवस्य) चाप, धनुस् (न) २ त्रिशूलम्।

पिनाकी, स पु (स किन्) शिव , महादेव ।

पिन्ना, स पु (स पिंड-ड) तैलकिट्ट पिण्याक, पिंड-ड २ मूत्र-गोल पिंड ।

पिन्नी, स स्त्री (स पिंडी) पिंटिका, पिटि (स्त्री) शादव, मिष्टान्न भेद २ दे 'पिडली' ।

पिपरमिंट, स पुं (अं) पुदीनजातीय क्षुप, *पिपरमिंट २ *पिपरमिंन्ट्।

पिपरामूल, स पु (स पिप्पलीमूल) चोल कटु-मूल, ग्रंथिक, सर्व पट्-कटु ग्रंथि (न) ।

पिपली, स स्त्री (स पिप्पली) पिप्पलि (स्त्री) श्यामा कृष्णा, मागधी, उ(ऊ)षणा, कोला, दतफला ।

पिपासा, स स्त्री (स) तृषा, दे 'प्यास' ।

पिपासित, वि (सं) तृषित, दे 'प्यासा' ।

पिपासु, वि (स) तृषित, दे 'प्यासा' ।

पिपीलक, स पु (स) पिपील , पिपीलिक , पीलक , दे 'चींटा' ।

पिपीलिका, स स्त्री (स) पिपी(पि)ली, हीरा, दे 'चींटी' ।

पिप्पल, सं पु (स) अश्वत्थ , दे 'पीपल' ।

पिप्पलाद, स पु (स) ऋषिविशेष ।

पिप्पली, सं स्त्री (स) दे 'पिपली' ।

—मूल, स पु, दे 'पिपरामूल' ।

पिय, पिया, वि (स प्रिय) वल्लभ, कान्त, दयित । स पु, पति भर्तृ ।

पियानो, स पु (अं) आंग्लवाद्यभेद, *प्रियध्वान ।

पिरिच, स पु (देश) दे 'तश्तरी' ।

पिरोना, क्रि स (स प्रोत>) सूत्र् (चु), गु(गुं)फ (तु प से) स,ग्रथ् (क्र्य प स), स, दृभ् (चु, भ्वा, तु प से) । सं पु, सूत्रण, गुम्फन, ग्रथन, सन्दर्भणम् ।

पिरोने योग्य, वि , सूत्रयितव्य गुम्फनीय इ ।

पिरोनेवाला, स पु, गुम्फक, ग्रथक, सूत्रयितृ इ ।

पिरोया हुआ, वि , सूत्रित, गुम्फित, ग्र(ग्रं)थित, सदृब्ध इ ।

पिल, स स्त्री (अं) गुटिका, गुलिका, वटिका ।

पिलना, क्रि अ (स पेल्न>) सहसा प्रविश् (तु प अ) २ सवर्ग अभिद्रु (भ्वा प अ)-आपत् (भ्वा प स) ३. सोत्साह प्रवृत् (भ्वा आ से) अत्यन्त परिश्रम् (दि प से) ४ निष्पीड् निकृष् (कर्म) ।

पिलपिला, वि (अनु पिलपिल) शिथिल, अतिपक्व, अतिमृदु ।

पिलाना, क्रि प्रे (हिं पीना) पा (प्रे पाय यति), धे (प्रे, धापयति), चम् (प्रे, चाम यति), २ स्तन्य-स्तन पा धे (प्रे) ।

पिल्ला, स पु (तामिल) श्व, शावक शिशु ।

पिशग, वि (स) कपिल, पिंगल ।

पिशाच, स पु (स) भूत , प्रेत , राक्षस , बेताल , असुर , दानव , दैत्य , निशाचर ।

पिशाचनी, स स्त्री (स पिशाची) पिशाचिका, निशाचरी, राक्षसी ।

पिशुन, स पु (स) छिद्रान्वेषि, सूचक, कर्णेजप २ परोक्षनिंदक, परिवादरत ३ दुर्जन, खल, नीच, गर्ह्य ।

पिशुनता, स स्त्री (स) पैशुन्य, पिशुनत्व, छिद्रान्वेषिता २ परोक्ष, निंदा परि(री)वाद ३ दुर्जनता ।

पिष्ट, वि (स) चूर्णित, चूर्णीकृत, क्षुण्ण । स पु, दे 'पीठी' ।

—पेषण, स पु (स न) चूर्णितचूर्णन, क्षुण्णक्षोदन २ पुनरुक्ति (स्त्री), पौनरुक्त्य, पुनर, वचन वाद ।

पिसनहारी, स स्त्री, (हिं पीसना) *पेषण कारी ।

पिसना, क्रि अ, द 'पीसना' के कर्म के रूप ।

पिसाई, स स्त्री (हिं पीसना) पेषण, चूर्णन, विदलन, क्षोदन २ पेषण-चूर्णन, भृति (स्त्री)-भृत्या ३ घोरपरिश्रम ।

पिसान, सं पुं (हिं पिसा+सं अन्नम्) दे 'आटा' ।

पिसा(सवा)ना, क्रि प्रे, द 'पीसना' के प्रे रूप ।

पिसौनी, सं स्त्री, पेषण, चूर्णनम् २ अन्न चूर्णन-व्यवसाय ३ अतिपरिश्रम ।

पिस्ता, स पुं (फा) मुकूलकम् ।

पिस्तौल, सं पु (अं पिस्टल) गुलिकास्त्र, लघ्वग्न्यस्त्रम् ।

पिस्सू, सं पु (फा पश्शह्=मच्छर)*कुटरी, देहिका, कुट ।

पिहित, वि (स.) तिरोहित, गुप्त २ अर्थाल कारभेद (सा)।

पींजना, क्रि स (स पिंजन=धुनकी>) *पिंज (प्रे पिंजयति) दे 'धुनना'।

पी, स पु (स प्रिय) कान्त, दयित, वल्लभ, २ पति, भर्तृ, प्राणेश्वर ।

पीक, स स्त्री (अनु पिच) पणष्ठयूत, ताबूलहाला ।

—दान, स पु (हिं +फा) पतद्ग्रह, प्रतिग्रह, *लालापात्र, निष्ठीवनपात्रम् ।

पीच, स स्त्री (स पिच्छा) पिच्छल स्त्रा, भक्तमण्ड, दे 'माड'।

पीछा, स पु (स पश्चात्>) पृष्ठ, पृष्ठ पश्च पश्चाद्भाग देश २ अनु-गमन-सरण-धावन ३ अन्वेषणम् ।

—करना, मु, अनु, इ-या (अ प अ) अनु, गम्-सृ (भ्वा प अ), अनु धाव व्रज् (भ्वा प से) २ साग्रह प्रार्थ (चु आ स)।

—छुड़ाना, मु, परिहृ (भ्वा प अ), वि परि-त्यज् (चु), आत्मानं रक्ष् (भ्वा प से)- त्रै (भ्वा आ अ)।

—छोड़ना, मु, न बाध् (भ्वा आ से) व्यथ्-मनथ् (प्रे)।

पीछे, क्रि वि (हिं पीछा) अनु (द्वितीया के साथ), पृष्ठत, पश्चात्, पश्चात्पृष्ठ, भागे-देशे २ अनन्तर, ऊर्ध्वं, पर, पश्चात् (सब अव्य) ३ अनुपस्थितौ, अभावे, परोक्षे ४ निष नानन्तर ५ हेतो, कारणात्, निमित्तात् ६ -अर्थं,-अर्थे, कृते (षष्ठी के साथ) ७ अन्त, अंते, परिणामे।

—आना, मु, विलंबेन या कालमतिक्रम्य आया (अ प अ)।

—छूटना या रहना, मु, अतिक्रम्-अतिलंघ् (कर्म) मद चल् (भ्वा प से) मन्दायते (ना धा)।

—चलना, मु, अनु, इया (अ प अ), अनु, व्रज् (भ्वा प से)-सृ (भ्वा प अ)-कृ।

—पड़ना, मु, साग्रह प्रार्थ (चु आ से) २ सतत बाध् (भ्वा आ से)-अर्द-व्यथ् (प्रे)।

—लगना, मु इष्टसिद्धये सतत अनुगम्, २ रोगादिभि निरतरं पीड् (कर्म)।

पीटना, क्रि स (स पीडन>) अभि-उप-प्र, हन् (अ प अ), आहन् (अ उ अ), प्रह (भ्वा प अ, सप्तमी के साथ) २ तड् (चु), तुद् (तु प अ), प्रह, आहन्, अर्द, पीड (चु) ३ दड् (चु), निग्रह (क्र प से)। स पु, आहति (स्त्री), आघात, प्रहार, ताडन, प्रहरण, पीडन, दडन, निग्रह, भ्रूलु, दौर, आपद्-विपद् (स्त्री)।

पीटने योग्य, वि, आहननीय, प्रहरणीय, ताडनीय, दडयितव्य ।

पीटने वाला, स पु, आ अभि, हन्, प्रहर्तृ, ताडयितृ, पीडक, दडयितृ ।

पीटा हुआ, वि, आहत, प्रहृत, ताडित, दडित इ ।

पीठ[1], स स्त्री (स पृष्ठ) पश्चिमाग, तनु चरम २ पश्चाद्पृष्ठ, भाग-देश ।

—चारपाई से लगना, मु, नितरां क्षि (भ्वा प अ)-कृशी भू।

—ठोंकना, मु, उत्तिन् प्रोत्सह (प्रे)।

—दिखाना या देना, मु, पलाय् (भ्वा आ से) अपधाव (भ्वा प से) २ परित्यज (भ्वा प अ)।

—पर हाथ फेरना, मु, दे 'पीठ ठोंकना' २ पृष्ठ परामृश् (तु प अ)।

—पीछे, मु, अनुपस्थितौ, परोक्षे।

—पीछे कहना, मु परोक्षे निंद् (भ्वा प से)।

—फेरना, मु, प्रस्था (भ्वा आ अ) २ पराङ्मुखी भू (३ ४) दे 'पीठ दिखाना'।

—लगना, मु, मल्लयुद्धे उत्तानो निपत् (भ्वा प से) २ सर्वथा पराजि (कर्म)।

—लगाना, मु, मल्लयुद्धे उत्तान निपत् (प्रे) ३ सर्वथा विजि (भ्वा आ अ)।

पीठ[2], स पु (स न) (काष्ठपाषाणधात्वा दिनिर्मित) आसन, पीठी २ (व्रतिना) कुशासन, विष्टर ३ प्रतिमाधार ४ अधिष्ठान, आवास ५ सिंहासन ६ वेदी-दिवा ७ प्रदेश, प्रान्त ।

पीठक, स.पु, दे 'पीठ'[2] १। २ शिबिकाभेद ।

पीठा, स पु, (स पिष्ट >) भोज्यभेद । पिष्ट ।

पीठिका, स स्त्री (स) दे 'पीठ' (१)। २ (स्तम्भादीना) आधार, पाद ३ प्रथमभाग ।

पीठी, स स्त्री (स पिष्टिका), पिष्टाद्रदाली लि (स्त्री), पिष्टद्विदल ।

पीड़क, स पु (स) दु ख,द न्दायक दायिन्, क्लेशकर, पीडावह ।
पीडन, स पु (स न) अर्दन, बाधन, उप मदन, क्लेशन २. दे 'दबाना'।
पीडा, स स्त्री (स) वेदना व्यथा, दु ख, रुन (स्त्री) रुजा, अ(आ)र्ति (स्त्री), क्लेश, बाध धा यातना, कष्ट, कृच्छ्र, परि स नाप ।
—कर, वि (स) दु ख कष्ट-व्यथा,-कर आवह प्रद इ [—करी (स्त्री) = दु खदा]।
मानसिक—, स स्त्री (सं) आधि, मनोव्यथा, चित्तोद्वेग ।
शारीरिक—, स स्त्री (स) व्याधि, रोग ।
पीडित, वि (स) दु खित, व्यथित, क्लेशित, सव्यथ, सरुन, कृच्छ्रगत ।
पीढ़ा, स पु (स पीठ) दे 'पीठ' (१)।
पीढ़ी, स स्त्री (स पीठी) पीठक क(काष्ठ विनिर्मित) उपासना, क्षुद्रासनम् ।
पीढ़ी[२], सं स्त्री (स पीठी) वशपरम्परावा पितृपितामहपुत्रपौत्रादीना पूर्वापरस्थान, *सन्तति क्रम ।
पीत, वि (स) हरिद्राभ, दे 'पीला'।
पीतल, स पु, दे 'पित्तल'।
पीतांबर, स पु (स न) हरिद्राभवस्त्र २ श्रीकृष्णचन्द्र । वि, पीतवस्त्रधारिन् ।
पीदड़ी, स स्त्री, दे 'पिद्दी'।
पीन, वि (स) पीवर, स्थूल, पुष्ट, मांसल ।
पीनक, स स्त्री (हिं पिनकना) अफेनतन्द्रा, अहिफेननिद्रा ।
पीनता, स स्त्री (स) पीवरता, स्थूलता, पुष्टता ।
पीनस[१], स पु (स) अपीनस, नासिका मय, घ्राणशक्तिराहित्यम् ।
पीनस[२], स स्त्री (फा फीनस) दे 'पालकी'।
पीना, क्रि स (स पान) पा पे (भ्वा प अ), चम् (भ्वा प स), पान कृ २ मद् (भ्वा आ स) ३ (क्रोधादीन्) निर्-यम् (भ्वा प अ), प्र, शम् (प्रे) ४ मद्य पा, सुरापान कृ ५ उद्, धूप् (प्रे) ६ धूम पा, धूमपानं कृ। स पु, धय, पान, आचमन, पीति (स्त्री)।
पीने योग्य, वि पेय, पानीय, चमनीय, धेय।
पीनेवाला, स पु धय पायिन्, पातृ २ पान, आसक्त रत शौंड, मद्यप ।
पीया हुआ, वि, पीत, धीत, चात ।
पीनोध्नी, स स्त्री (स) पीवरस्तनी गौ ।
पीप ब, स स्त्री (स पूय-य) क्षतज, मलज, प्रमित, पूयन, कुणपम् ।
—पड़ना, क्रि अ, पूय (भ्वा आ से)।
पीपल[१], स पु (स पिप्पल) अश्वत्थ, क्षीरशुचिबोधि, द्रुम, चल,दल पत्र, कुञ्जराशन ।
पीपल[२], स स्त्री, दे 'पिपली'।
पीपलामूल, स पु, दे 'पिपरामूल'।
पीपा, स पु (देश) *पटहपात्रम्।
पीयु, स पु (स) काक, वायस २ सूर्य ३ अग्नि (पु) ४ उलूक ५ समय ६ सुवर्णम्।
पीयूष, स पु (स पु न) सुधा, अमृत २ (नवप्रसूतायाः गो) दुग्धम्।
—वर्षी, वि (स र्षिन्) सुधास्यन्दिन्, सुमधुर।
पीर[१], सं स्त्री (स पीडा) दे 'पीडा' २ सहानुभूति (स्त्री) ३ प्रसवपीडा।
पीर[२], वि (फा) वृद्ध, जरठ २ धूर्त। स पु, धर्मगुरु, सिद्ध (मुसलमान)।
पीरी, स स्त्री (फा) जरा, वार्धक्यम्।
पील, स पु (फ़ा) गज, द्विप ।
—पाँव, स पु (फ़ा + हिं) श्लीपद, शिलीपदम्।
पीला, वि (स पीत) पीतल, हरिद्राभ, सुवर्ण कुंकुम,-वर्ण २ निस्तेजस्क, कान्तिहीन। (पीली (स्त्री) = पीता, हरिद्राभा)।
—बुखार, स पु, पीतज्वर ।
—पड़ना या होना, मु, पाण्डुच्छाय (वि) भू, गतश्रीक नीरक्त (वि) जन् (दि आ से)।
पीलिया, सं पुं (हिं पीला) दे 'पांडुरोग'।
पीलू, सं पुं (सं पीलु) गुडफल, शीतसह, विरेचन, श्याम, करभवल्लभ २ कृमि, बीर ३ रागभेद ।
पीव, स पुं, दे० 'पी'। सं स्त्री, दे० 'पीप'।
पीवर, वि (स) दे 'पीन'।
पीसना, क्रि स (स पेषण) पिष् क्षुद (रु प अ), चूर्ण् (चु), चूर्णी कृ, मृद् (क्र्या प से) २ मजलं पिष् इ ३ विरद

परिश्रम् (दि प से)। म पु, पेषण, चूर्णन, मर्दन, मर्दन २ पषणीयपदार्थ ।
पीसने योग्य, वि, पेषणीय, चूर्णयितव्य इ ।
पीसने वाला, स पु पेषक, चूर्णयितृ मर्दक ।
पीसा हुआ, वि, पिष्ट, चूर्णित, मर्दित ।
—पीसना, मु, मनन घोर च परिश्रम् ।
पीहर, स पु (स पितृगृह>) नारीणा पितृ वेश्मन् (न)।
पुगव, स प (स) वृष वृषभ । वि श्रेष्ठ उत्तम (उ नरपुगव =मानवोत्तम)।
पुज, स पु (स) उत्कर, राशि, चय ।
पुड, स पु (स) पुण्ड्र, दे 'तिलक' ।
पुडरीक, स प (स न) शुक्लपद्म शतपत्र, महापद्म, सित, अबुज अभोज २ कमल ३ सिंह ४ व्याघ्र ५ तिलक ६ श्वेतच्छत्र ७ शकरा ८ तीर्थविशेष ९ कुष्ठभेद ।
पुडरीकाक्ष, स पु (स) विष्णु । वि, कमल नयन (नयनी सा स्त्री)।
पुड्र, स पु (स) दे 'पुड्रक' (१) २ दे 'पुडरीक' (१) ३ दे 'पुड' ।
पुड्रक, स पु (स) रसाल -ली, इक्षुवाटी योनि (स्त्री), रसदालिका, करकशालि, इक्षुभेद । २ माधवी लता ३ तिलक ४ तिलकवृक्ष ।
पुलिग, स पु (स न) पुरुषचिह्न २ शिश्न ३ (प्राय) पुरुषवाचकशब्द (व्या)।
पुश्चली, स स्त्री (स) कुल्टा, व्यभिचारिणी, चपरडा, स्वैरिणी ।
पुसवन, स पु (स न) सस्कारभेद (धर्म)।
पुस्त्व, स पु (स न) पौरुष, पुरुषत्व, मैथुनसामर्थ्य २ शुक्र, वीर्य ३ तेजस्, ओजस् (न)।
पुआ, स पु (स पूप) अपूप, पिष्टक ।
पुआल, स पु, दे 'पयाल' ।
पुकार, स स्त्री (हिं पुकारना) आह्वयन, आह्वान, आहाव, अहू(हू)ति (स्त्री), आका (क)रणं-णा, सबोधन २ परिदेवन, दुःख निवेदन ३ प्रबलप्रार्थना, उच्चस्वरेण याचना ४ चीत्कार, उत्क्रोश ।
पुकारना, क्रि स (स प्लुतकरण>) आ ह्वे (भ्वा प अ) आकृ-सबुध् (प्रे) २ उच्चै वच (चु), उद्घुष (प्रे) ३ तार स्वरेण याच् (भ्वा आ से) प्रार्थ् (चु आ से) ४ रक्षार्थे आ वि क्रुश (भ्वा प अ) ५ (प्रतिकारार्थे) परिदेव (भ्वा आ से, चु) दु ख निविद् (चु) ६ नाम कृ, अभिधा (जु उ अ)। स पु, दे 'पुकार' ।
पुकारने योग्य, वि, आह्वेय आकार्य, सबोधनीय ।
पुकारने वाला, स पु आह्वायक, आकारक इ ।
पुकारा हुआ, वि, आहूत आकारित इ ।
पुक्कश, पुक्कस, स पु (स) निषादात् शूद्राया जातो मनुष्य वर्णसकरभेद । वि अधम नीच (-शी -सी स्त्री)।
पुखराज, स पु (स पुष्पराज) पुष्पराग, पीत, पीत स्फटिक -मणि -अश्मन् (पु), मजुमणि ।
पुख्ता, वि (फा -तह्) सबल, प्रबल २ दृढ, कठिन ३ स्थायिन् ४ पक्वेष्टकानिर्मित ५ अभिज्ञ ६ अनुभविन् ७ निश्चित ।
पुचकार री, स स्त्री (हिं पुचकारना) पुच,-कार -करण-कृति (स्त्री)।
पुचकारना, क्रि स (अनु पुच) पुचपुचायते (ना धा), पुचिति शब्द कृ ।
पुचारना, क्रि स, दे 'पोतना' ।
पुच्छ, स स्त्री (स पु न) दे 'पूँछ' ।
पुच्छल, वि (स पुच्छ>) पुच्छिन्, सपुच्छ, लागूलिन्, लागूलवत् ।
—तारा, स पु, धूम, केतु, उल्का, उत्पात ।
पुछल्ला, स पु (हिं पूछ) दीर्घपुच्छ -च्छं, लब्लागूल २ चाटुकार, मिथ्याशसक ३ परिहायसगिन् ।
पुजना, क्रि अ (हिं पूजना) पूज्-अभ्यर्च् (कर्म)।
पुजवाना, पुजाना, क्रि प्रे, व 'पूजना' के प्र रूप ।
पुजापा, स पु (स पूजापत्र) पूजा, प्रसेव पुट २ पूजासामग्री, देव,-उपायन-उपहार, नैवेद्यम् ।
पुजारी, स पु (स पूजाकारिन्) प्रतिमा, पूजक, देवल -लक २ भक्त, उपासक ।
पुट', स पु (अनु) शीकरासेक २ आ ईषद्, रजन ३ आ ईषद्, मिश्रण-सपर्क ।

पुट², स पु (स पु न) आच्छादन, आवरण, कोष, पिधान, वेष्टन २ पर्णपुट-ट, पत्र, द्रोण ३ द्रोणाकारपदार्थ (उ, अनलिपुट) ४ औषधपाकाय पात्रभेद ।
—पाक, स पु (स) पुटस्थौषधपचनं (वैद्यक)।
पुटकी, स स्त्री (स पुटकं>) दे 'पोटली'।
पुटित, वि (स) चूर्णित, पिष्ट २ विदारित, छेदित ३ सकुचित, आकुचित ।
पुट्ठा, स पु० (स पृष्ठ>) नितम्ब, जघन, कटिप्रोथ, २ अश्वादीना नितम्ब इ ३ ग्रथावरकपृष्ठम् ।
पुट्ठी, स स्त्री (हिं पुट्ठा>) शरग्नेमी भाग ।
पुड़ा, स पु (स पुट-ट) पत्रकोश २ दे 'पुड़ी'।
पुड़िया, स स्त्री (स पुटिका) पत्र, पुटिका २ औषधपुटिका ।
पुड़ी, स स्त्री (सं पुटी>) दे 'पुड़िया' २ पटहचर्मन् (न)।
पुण्य, स पु (स न) शुभादृष्ट, सुकृत, धर्म सुभद्र, कृत्य, धर्म, वृष, श्रेयस् (न)। वि, शुभ, मगल, पवित्र, भद्र, शास्त्र धर्म, विहित।
—भूमि, स स्त्री (स) भारत, भ(भा)रतवर्ष, आर्यावर्त ।
—लोक, स पु (स) स्वर्ग, नाक, सुर लोक ।
—वान्, वि (स-वत्) } दे 'पुण्यात्मा'।
—शील, वि (स) }
—श्लोक, वि (स) सच्चरित, आर्यवृत्त।
—स्थान, स पु (स न) पवित्रस्थल २ तीर्थस्थानम्।
पुण्यात्मा, वि (स-त्मन्) पुण्यवत्, पुण्य शील, धर्मशील, धार्मिक, धर्मात्मन् ।
पुण्योदय, स पु (स) सौभाग्योदय, पूर्व सुकृतारम्भ ।
पुतला, स पु (स पुत्तलक) दे 'पुतली'(१) (मृत्तिकावस्त्रादिनिर्मिता) प्रतिमूर्ति प्रति कृति (स्त्री)।
अक्ल का—, वि, चतुर, दक्ष ।
खाक का—, सं पुं, मानव, मनुष्यशरीरम्।
पुतली, स स्त्री (सं पुत्तली) पुत्रिका, पुत्त लिका, कुरटी, पाचालीलिका, शालभजिका २ कनीनिका, तारा,-तारका ३ तन्वी, कृशांगी ४ वस्त्रयत्र ५ मैनाकारमश्वखुरमासम्।
—का तमाशा, स पु, पुत्तली-कौतुकनृत्यम्।
—घर, स पु, वस्त्रयन्त्रालय ।
—फिरना, मु, कनीनिके स्तम्भ (कर्म, मृत्यु चिह्न) २ दृप (दि प अ)।
पुताई, स स्त्री (हिं पोतना) लेप, लेपन २ लेपन,भृति (स्त्री) भृत्या ३ सुधालेप ।
पुतारा, स पु, (हिं पोतना) उपदेहन, प्रलेपनम् २ लेपन उपदेहन, पट-वस्त्रम् ।
पुत्तलिका, स स्त्री (सं) दे 'पुतली' (१)।
पुत्तिका, स स्त्री (स) पतंगिका, मधुमक्षिका विशेष। २ दे 'दीमक'।
पुत्र, स पु (स) पुत्र, आत्मज, तनय, सुत, सूनु, तनु(नू)ज, पुत्रसतान, दायाद, नदन, आत्मजन्मन् (पु), अगज, कुमार दारक ।
—कदा, स स्त्री, (स) लक्ष्मणाकन्दा, पुत्रद औषधिभेद ।
—घ्नी, स स्त्री, गर्भनाशकयोनिरोगभेद ।
—वती, वि स्त्री (स) सपुत्रा, सुतवती।
—वधू, स स्त्री (सं) स्नुषा, वधू (स्त्री), जनी, पुत्रपत्नी।
पुत्रिका, स स्त्री (सं) दे 'पुत्री' २ दे 'पुतली' ३ कनीनिका, तारा।
पुत्री, स स्त्री (स) कन्या, आत्मजा, दुहितृ (स्त्री), तनुजा, सुता, तनया, स्वजा, नदिनी।
पुत्रेष्टि, स स्त्री (स) पुत्रनिमित्तक-यज्ञभेद ।
पुदीना, स पु (फा पोदीनह्) पुदीन, व्यञ्जन, सुगधिपत्र, वातहारिन्, अजीर्णहर, रुचिष्य ।
पुन, अव्य (स पुनर्) भूय (अव्य)।
—पुन, अव्य (स) भूयोभूय, वारंवार, रेण, अनेकवार, मुहु, असकृत्, पौन पुन्येन ।
पुनरावृत्ति, स स्त्री (स) पुन पाठ, पुन रध्ययन २ आवृत्ति प्रत्यावृत्ति (स्त्री) ३ पुन, विधान सपादन करण ४ पुनरीक्षण, सशोधनम्।
पुनरुक्ति, सं स्त्री (स) पौनरुक्त्य, पुन र्वचनम्।
पुनर्जन्म, सं पु [स-जन्मन् (न)] पुन

र्भव, पुनरत्पत्ति (स्त्री), प्रेत्यभाव, देहातरप्राप्ति (स्त्री)।
पुनर्भू, स स्त्री (स) द्विरूढा, दिधिषू (स्त्री)।
पुनर्वसू, स पु (स द्वि) यामकौ, आदित्यौ (द्वि)।
पुनीत, वि (स) पूत, पवित्र शुद्ध, निर्दोष।
पुन्य, स पु, दे 'पुण्य'।
पुमान्, स पु (स पुस) नर पु(पू) रुप, नृ (पु)।
पुरदर, स पु (स) दे 'इद्र' २ नगरभंजक ३ चौर।
पुरध्री, स स्त्री (स) पुरध्रि (स्त्री), कुटुबिनी २ नारी।
पुर, अव्य (स पुरस) अग्रे, अग्रत, समुखे, पुरत, पुरस्तात्, समक्ष (सब अव्य षष्ठी के साथ) २ पूर्वे, प्राक, अवाक् (सब अव्य पचमी के साथ) ३ प्राच्या दिशि।
पुर, स पु (स न) नगरी, पुर् (स्त्री) पुरी, पत्तन, स्थानीय २ शरीर ३ दुर्ग। ४ गृह ५ लोक, भुवनम्।
—द्वार, स पु (स न) नगर, द्वारम्।
—वासी, स पु (स मिन्) पौर, नागरिक, पुरन्नगर (जन)।
अत —, स पु (स न) अवरोध, शुद्धान
पुरखा, स पु (स पुरुष >) पूर्वजा, पूर्वपुरुषा, पितर, वशकरा (प्राय बहु मे)।
पुरजा, स पु (फा) (पत्रकस्वादोनाम्) खड ट, शकल २ अवयव, अगम्।
चलता—, सु, चतुर ३ उद्योगिन्।
पुरवा[1], स पु (स पुर>) लघुग्राम, ग्रामटिका।
पुरवा[2], स पु (स पूर्ववात) प्राचीपवन।
पुरश्चरण, स पु (स न) पुरस्क्रिया, पूर्वानुष्ठानम्।
पुरस्कार, स पु (स) पारितोषिक, उपायन, प्रतिफल २ आदर, सम्मान, पूजा।
पुरस्कृत, वि (स) आदृत, सम्मानित २ प्राप्तोपायन, लब्धपारितोषिक।
पुरा[1], अव्य (स) पूर्व प्राचीन पुरातन,-काले। वि, अतीत, प्राचीन (उ. पुरावृत्त)।
पुरा, स पु (स पुर>) ग्राम।
—कल्प, स पु (स) पूर्वकल्प २ प्राचीन काल।
पुराण, वि (स) प्राचीन, पुरातन। स पु (स न) प्राचीन,-कथा आख्यान २ हिंदू नामष्टादश आख्यानग्रथा (ब्रह्मविष्णुशिव पुराणादि)।
पुरातन, वि (स) पुराण, प्रतन, प्रत्न, चिरतन, चिरत्न, प्राचीन। (पुरातनी स्त्री)।
पुराना, वि (स पुराण) दे पुरातन' २ जीर्ण, शीर्ण ३ अनुभविन्, सानुभव।
—खुर्राट, सु, वृद्ध, जरठ २ अत्यनुभविन्।
पुरी, स स्त्री (स) नगरी, नृपावास, दे पुर'।
पुरीष, स पु (स न) विष्ठा, दे 'पाखाना' २ जलम्।
पुरु, स पु (स) नृपविशेष, ययाते कनिष्ठ पुत्र। वि, प्रचुर, बहु।
पुरुष, स पु (स) मनुज, मानुष, दे 'मनुष्य' २ नर, नृ, पुम ३ परमेश्वर ४ आत्मन् ५ पूर्वज, पूर्वपुरुष, ६ पति ७ क्रियासर्वनामादीना रूपभेद (व्या) ८ शरीरम्।
—कार, स पु (स) उद्योग, पुरुषार्थ।
—घ्नी, स स्त्री (स) पतिघातिनी नारी।
—धर्म, स पु (स) मनुष्यमात्रस्य धर्म।
—धौरेयक, स पु (स) नरपभ नरपुगव।
—पुर, स पु (स न) गाधारदेशराजधानी (वर्तमान पिशावर)।
—मेध, स पु (स) यज्ञभेद, नरमेध।
—वार, स पु (स) रवि मगल बृहस्पति शनि,-वार वासर।
—सूक्त, स पु (स न) ऋग्वेदस्य यजुर्वेदस्य च सूक्तविशेष (यह 'सहस्रशीर्षा' से आरभ होता है)।
महा—, स पु (स) महानन, नरकुञ्जर, महात्मन् २ दुष्ट, दुरात्मन्।
पुरुषत्व, स पु (स न) पौरुष, वीर्य, साहस २ पुस्त्व, नरत्वम्।
पुरुषार्थ, स पु (स) उद्यम, प्रयत्न, उद्योग, परिश्रम, पौरुष, पराक्रम, पुरुषकार २ पुरुष, प्रयोजन-लक्ष्य (धर्मार्थकाममोक्षा) ३ शक्ति (स्त्री), बलम्।
पुरुषार्थी, वि (स थिन्) उद्यमिन्, उद्योगिन्, परिश्रमिन्, उद्योग-उद्यम परिश्रम, शील-पर २ समर्थ, बलवत्।

पुरुषोत्तम, स पु (स) पुरुषर्षभ, नरकुंजर, मनुजश्रेष्ठ २ विष्णु ३ श्रीकृष्ण ।
पुरोहित, स पु (स) पुरोधस (पु), सौवस्तिक धर्मकर्मादिकारयितृ याज्ञिक, याजक ऋत्विज ।
पुरोहिताई, स स्त्री (स पुरोहित >) पौरोहित्य, पुरोहितकर्मन् (न) २ पुरोहित दक्षिणा ।
पुरोहितानी, सं स्त्री (स पुरोहित >) पुरोहित, पत्नी भार्या ।
पुल, स पु (फ़ा) सेतु, वारण संवर ।
—बाँधना, सेतु बध् (क् प अ) निर्मा (जु आ अ)।
पुलक, स पु (स) रोमाच राम, उद्गम हर्ष विकार-उद्भेद, त्वक्पुष्प, त्वगकुर २ रत्नभेद ।
पुलकावली, स स्त्री (सं) पुलकावलि (स्त्री), हर्षोत्फुल्लरोमाणि (न बहु)।
पुलकित, वि (स) रोमांचित, रोमांकित, पुलकित, जातपुलक, सपुलक, कण्टकित २ प्रहृष्ट, प्रसन्न ।
—करना, क्रि स, रोमांचयति (ना धा), रोमाणि उद् हृष् (प्रे)।
—होना, क्रि अ, रोमाणि उद्गम् (भ्वा प अ) हृष (दि प से)।
पुलपुला, वि (अनु) दे 'पिलपिला'।
पुलाव, स पु (फ़ा) मांसौदन, भक्तामिषम्, पलान्नम्।
पुलिंद, सं पु (स) चाण्डालभेद, प्राचीन जातिविशेष ।
पुलिंदा, स पु (हिं पूला) कूर्च, भार, पोट्टली ।
पुलिन, सं पु (स पु न) तोयोत्थितनतट तटी २ कूल, तीर, तट, ३ सैकत, सिकता मय तटम्।
पुलिस, स स्त्री (अ) नगररक्षका, पुरपाला, रक्षापुरुषा (बहु) रक्षिगण ।
—इन्सपेक्टर, स पुं (अं) रक्षक-रश्मि, निरीक्षक ।
—मैन, स पु (अ) रक्षक, दण्डधर, रक्षक रक्षारश्मि, पुरुष, नगरपाल, राजपुरुष ।
—सब इन्सपेक्टर, स पु (अ) रक्षकोप निरीक्षक, दे 'थानेदार'।
—सुपरिन्टेंडेंट, स पु (अ) रक्षकाध्यक्ष ।
पुवाल, स स्त्री, दे 'पयाल'।
पुश्त, स स्त्री (फ़ा) दे "पीठ" २ दे 'पीढ़ी'।
—दर पुश्त, क्रि वि, 'वंशपरंपरया'।
पुश्तैनी, वि (फ़ा पुश्त>) कुलक्रम-वंश परंपरा, आगत प्राप्त, परंपरीय, परंपरीण ।
पुष्कर, स पुं (स न) कमल, पद्म २ जल ३ तडाग-न ४ गजशुण्डाग्र ५ तीर्थविशेष ।
पुष्करिणी, स स्त्री (स) कासार २, तडाग क, सरसी, सरोवर ।
पुष्कल, वि (स) अधिक, बहु, प्रचुर, प्रभूत, बहुल, विपुल २ पर्याप्त, पूर्ण ।
पुष्ट, वि (स) पालित स, वर्धित, पोषित, भृत २ बलिष्ठ, पीन, पीवर ३ बल, प्रद वर्धक ४ दृढ ।
पुष्टई, स स्त्री (सं पुष्ट>) पुष्टिकर भक्ष्य मौषध वा, रसायनम्।
पुष्टता, स स्त्री (स) पीनता, पीवरता, दृढ़ागता।
पुष्टि, सं स्त्री (स) भरण, पोषण, स, वर्धन २ बलिष्ठता, दृढाङ्गता, पीवरता ३ दृढ़ता ४ समर्थन, अनुमोदन, दृढीकरण, उपो द्बलनम्।
—कारक, वि (सं) पुष्टि,-कर-दायक, बल वीर्य-वर्धक।
पुष्प, स पु (सं न) कुसुम, प्रसून, मणी चक, सुम, सून, सुमन, प्रसव, सुमनस् (स्त्री न, केवल बहुवचन में) २ आर्तव, ऋतुस्राव, रजःस्राव ३ नेत्ररोगभेद (हिं फूला) ४ कुबेरविमानम्।
—करंड,—डक, सं पु (सं) उज्जयिन्या प्राचीनदिव्योद्यानम् २ कुसुमकरण्डः ।
—काल, स पु (स) वसन्त, ऋतुराज । २ नारीणाम् आर्तवरज, समय ।
—कीट, स पु (स) भ्रमर, षट्पद २ कुसुमकीट ।
—द, सं पुं (सं) मकरन्द, भ्रामरम्, पुष्परस ।
—धन्वन,-बाण,-शर, —पुर, स पु (सं) पुष्पधन्वन् (पु) मदन, दे 'कामदेव'।
—पुर, स पुं (स न) दे 'पन्ना'।

—रस, स पु (स) पुष्पासव, भ्रामर, मकरद ।
—राज, स पु (स) दे 'पुखराज' ।
—रेणु, स पु (स) पराग , पुष्पधूलि (स्त्री) ।
—वाटिका, स स्त्री (स) पुष्प-कुसुम-वाटी उद्यानम् ।
—वृष्टि, स स्त्री (स) पुष्प-कुसुम,-आसार वृष्टि ।
पुष्पक, स स्त्री (स पु न) कुबेरविमान २ पुष्प ३ चक्षुरोगभेद ४ पित्तलभस्मन् (न) ।
कुरूपता शीलतया विराजते ।	सुन्दर शील से कुरूपता भी खिल उठती है ।
कुरूपी बहुचेष्टिकः ।	कुरूप मनुष्य बहुत चेष्टाएं करता है ।
कुलवधूः का स्वामिभक्तिं विना ?	पतिभक्ति विहीन कुलवधू कैसी ?
कुले कश्चिद्धन्यः प्रभवति नरः श्लाघ्यमहिमा ।	कुल में कोई ही धन्य व्यक्ति यशस्वी प्रभु होता है ।
कुवस्त्रता शुभ्रतया विराजते ।	फटे पुराने वस्त्र भी स्वच्छ रहनेसे खिल उठते हैं ।
कुवाक्यान्तं च सौहृदम् ।	कुवचनों से मित्रता नष्ट हो जाती है ।
कुशिष्यमध्यापयतः कुतो यशः ?	कुशिष्य के अध्यापक को यश कहाँ ?
कृतघ्नानां शिवं कुतः ?	कृतघ्नों का कल्याण कहाँ ?
कृतार्थः स्वामिनं द्वेष्टि ।	पूर्ण-मनोरथ व्यक्ति स्वामी से द्वेष करता है ।
कृपणानुसारि च धनम् ।	धन कृपण के पीछे चलता है ।
कृशे कस्यास्ति सौहृदम् ?	निर्बल या निर्धन से कौन मित्रता करता है ?
केचिदज्ञानतो नष्टाः ।	कई लोग अज्ञान से नष्ट हो गये ।
केचिन्नष्टाः प्रमादतः ।	कई लोग प्रमाद से नष्ट हो गये ।
केवलोऽपि सुभगो नवाम्बुदः किं पुनस्त्रिदशचापलाञ्छितः ? (रघु०)	नया मेघ वैसे भी सुन्दर होता है, परन्तु जब वह इन्द्रधनुष से युक्त हो तब तो बात ही क्या ?
केषां न स्यादभिमतफला प्रार्थना ह्युत्तमेषु ! (मेघ०)	उत्तम जनों के समक्ष की हुई किनकी प्रार्थना सफल नहीं होती !
केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय !	कहो तो, यह कविता-कामिनी किन के मन में कौतुक उत्पन्न नहीं करती !
को जानाति जनो जनार्दनमनोवृत्तिः कदा कीदृशी ?	कौन जानता है कि भगवान् के मन की वृत्ति कब कैसी होती है ?
कोऽतिभारः समर्थानाम् ।	बलवानों के लिए कोई भी भार अधिक नहीं है ।
को धर्मः कृपया विना ?	दया के बिना धर्म कैसा ?
को न याति वशं लोके मुखे पिण्डेन पूरितः ।	संसार में जिसके मुँह में ग्रास डाल दो, वही वश में हो जाता है ।
को नाम राज्ञां प्रियः !	राजाओं का प्यारा कौन होता है !
कोऽर्थान् प्राप्य न गर्वितः !	धन पाकर कौन गर्वित नहीं होता !
कोऽर्थी गतो गौरवम् ?	किस याचक को गौरव प्राप्त हुआ ?
को विदेशः समर्थानाम् ।	समर्थ व्यक्ति के लिये विदेश कौन-सा है ।
को हि मार्गममार्गं वा व्यसनान्धो निरीक्षते ? (कथा०)	कौन व्यसनान्ध मनुष्य सुपथ कुपथ का ध्यान रखता है ?

को हि वित्तं रहस्यं वा स्त्रीणां शक्नोति गूहितुम्। (कथा०)	स्त्रियाँ सम्पत्ति और गोपनीय बात को नहीं छिपा सकतीं।
को हि स्वशिरसश्छायां विधेश्चोल्लङ्घयेद् गतिम्? (कथा०)	अपने सिर की परछाईं और विधि की गति का उल्लङ्घन कौन कर सकता है?
क्रियाणां खलु धर्म्याणां सत्पत्न्यो मूलकारणम्। (कुमारसम्भवे)	धार्मिक कृत्यों का मूल कारण श्रेष्ठ पत्नियाँ होती हैं।
क्रियासिद्धिः सत्त्वे भवति महतां नोपकरणे।	बड़े लोग स्वप्रताप से कार्य सिद्ध करते हैं, उपकरणों से नहीं।
क्रुद्धे विधौ भजति मित्रममित्रभावम्।	विधाता क्रुद्ध हो तो मित्र भी अमित्र बन जाता है।
क्रोधो मूलमनर्थानाम्।	क्रोध अनर्थों की जड़ है।
क्वाश्रयोऽस्ति दुरात्मनाम्?	दुष्टों को आश्रय कहाँ?
क्षणविध्वंसिनि काये का चिन्ता मरणे रणे।	जब शरीर क्षणभंगुर है तब रण में मरने में चिन्ता कैसी।
क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः। (शिशु०)	वास्तविक सौन्दर्य वही है जो प्रतिक्षण नया-नया होता जाय।
क्षमया किं न सिध्यति?	क्षमा से क्या नहीं सिद्ध होता?
क्षान्तितुल्यं तपो नास्ति।	क्षमा के तुल्य कोई तप नहीं है।
क्षारं पिबति पयोधेर्वर्षत्यम्भोधरो मधुरमम्भः।	मेघ समुद्र का खारा पानी पीता है और मधुर जल बरसाता है।
क्षितितले किं जन्म कीर्तिं विना!	भूमि पर कीर्तिहीन जीवन क्या!
क्षीणा नरा निष्करुणा भवन्ति।	निर्धन लोग निर्दय बन जाते हैं।
क्षुधातुराणां न रुचिर्न पक्वम्।	भूख से व्याकुल व्यक्ति न स्वाद देखता है न पकना।
ख(फ)णाटोपो भयङ्करः।	फण का विस्तार-मात्र भी भयंकर होता है।
गतस्य शोचनं नास्ति।	बीती बात का शोक व्यर्थ है।
गतानुगतिको लोको न लोकः पारमार्थिकः।	लोग भेड़चाल चलते हैं, तत्त्व की पहचान नहीं करते।
गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः।	सम्पत्तियाँ स्वयं गुणों की लोभी होती हैं।
गुणान् भूषयते रूपम्।	रूप गुणों को अलंकृत कर देता है।
गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः।	गुणियों में गुण ही पूज्य होते हैं, न बाह्य चिह्न और न आयु।
गुणी गुणं वेत्ति न वेत्ति निर्गुणः।	गुण का मूल्य गुणी जानता है, निर्गुण नहीं।
गुणैर्हीना बहु जल्पयन्ति।	गुणहीन मनुष्य वाचाल होते हैं।
गुरुतां नयन्ति हि गुणा न संहतिः। (किरात०)	गौरव गुणों से मिलता है, समूह से नहीं।
गृहे या पुण्यनिष्पत्तिः साध्वनि भ्रमतः कुतः। (कथा०)	गृहस्थ्य में जो पुण्य किये जा सकते हैं वे भ्रमण में नहीं।
ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत्।	गाँव की रक्षा के लिये कुल की बलि दे दे।
घटयति योग्येन हि योग्यसङ्गमम्। (नैषध०)	योग्य से योग्य का मेल ही शोभा देता है।
चक्रवत् परिवर्तन्ते दुःखानि च सुखानि च।	दुःख और सुख (रथ के) चक्र के तुल्य घूमते हैं।
चक्षुःपूतं न्यसेत् पादम्।	देखकर ही पग रखना चाहिए।
चपलौ किल शूराणां रणे जयपराजयौ। (कथा०)	युद्ध में वीरों की जय या पराजय अनिश्चित होती है।

चाण्डालोऽपि नरः पूज्यो यस्यास्ति विपुलं धनम् ।	अति धनवान् चाण्डाल भी पूज्य है ।
चित्तमेतदमलीकरणीयम् ।	इस चित्त को निर्मल करना चाहिए ।
चित्ते वाचि क्रियाया च साधूनामेकरूपता ।	सज्जनों के मन, वाणी और कर्म मे समानता रहती है ।
चित्रा गतिः कर्मणाम् ।	कर्मों की गति न्यारी ।
चिन्ता जरा मनुष्याणाम् ।	चिन्ता मनुष्यों का बुढापा है ।
चिन्तासमं नास्ति शरीरशोषणम् ।	चिन्ता के समान शरीर को कोई भी नहीं सुखाता ।
चौराणामनृतं बलम् ।	झूठ ही चोरों का बल है ।
चौरे गते वा किमु सावधानम् !	चोर के भाग जाने पर सावधानता से क्या !
छिद्रेष्वनर्थाः बहुलीभवन्ति ।	दोषों के कारण अनेक विपत्तियाँ आ घेरती है ।
जठरं को न बिभर्ति केवलम् !	केवल अपना पेट कौन नहीं भर लेता !
जपतो नास्ति पातकम् !	जप करने वाला पाप मुक्त रहता है ।
जरा रूपं हरति ।	बुढापा सौन्दर्य का नाशक है ।
जलबिन्दुनिपातेन क्रमशः पूर्यते घटः ।	बूँद-बूँद करके घटा भर जाता है ।
जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः ।	उत्पन्न व्यक्ति की मृत्यु अटल है ।
जातापत्या पतिं द्वेष्टि ।	सन्तानवती नारी पति से द्वेष करती है ।
जातौ जातौ नवाचाराः ।	प्रत्येक जाति के आचरण अलग-अलग होते हैं ।
जानन्ति पशवो गन्धात् ।	पशु गन्ध से पहचान जाते हैं ।
जामाता दशमो ग्रहः ।	दामाद दसवाँ ग्रह है ।
जारस्त्रीणां पतिः शत्रुः ।	कुल्टा को पति शत्रु प्रतीत होता है ।
जितक्रोधेन सर्वं हि जगदेतद् विजीयते । (कथा०)	क्रोध का विजेता जगद्विजयी होता है ।
जीवन् हि धीरोऽभिमतं किं नाम न यदाप्नुयात् । (कथा०)	धैर्यशाली व्यक्ति जीवित रहे तो प्रत्येक अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ।
जीवो जीवस्य जीवनम् ।	प्राणी प्राणी का जीवन है ।
ज्ञानस्याभरणं क्षमा ।	क्षमा ज्ञान का भूषण है ।
ज्येष्ठभ्राता पितुः समः ।	बड़ा भाई पिता के तुल्य है ।
झटिति पराशयवेदिनो हि विज्ञाः । (नैषध०)	विद्वान् लोग दूसरे के भाव को तुरन्त जान जाते हैं ।
तक्रान्तं खलु भोजनम् ।	भोजन के अन्त मे मट्ठे का सेवन करे ।
तपोऽधीनानि श्रेयांसि, ह्युपायोऽन्यो न विद्यते । (कथा०)	सुख-सुविधाएँ तपस्या से ही प्राप्त होती हैं, किसी अन्य उपाय से नहीं ।
तपोऽधीना हि संपदः । (कथा०)	संपत्तियाँ तप के अधीन हैं ।
तमस्तपति घर्मांशौ कथमाविर्भविष्यति ? (अभिज्ञान०)	सूर्य के चमकने पर अन्धकार कैसे प्रकट होगा ?
तस्करस्य कुतो धर्मः !	चोर का धर्म कहाँ !
तस्य तदेव मधुरं यस्य मनो यत्र संलग्नम् ।	जिसका मन जिसमे लगा हो, उसे वही प्रिय होता है ।
तिष्ठत्येकां निशां चन्द्रः श्रीमान् संपूर्णमण्डलः ।	१. शोभान्वित पूर्ण चाँद तो एक ही रात रहता है । २. चार दिन की चाँदनी और फिर अँधेरी रात है ।

धनं सर्वप्रयोजनम्।	धन सर्वप्रमुख प्रयोजन है।
धनानि जीवितं चैव परार्थे प्राज्ञ उत्सृजेत्।	बुद्धिमान् मानव परोपकार के लिए धन और जीवन त्याग दे।
धर्मक्षयकर क्रोध·।	क्रोध धर्म का नाशक है।
धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायाम्।	धर्म का तत्त्व गुफा में छिपा है।
धर्म कीर्तिर्द्वयं स्थिरम्।	धर्म और कीर्ति ही दो स्थिर पदार्थ हैं।
धर्मं स नो यत्र न सत्यमस्ति।	जिसमें सत्य नहीं, वह धर्म नहीं।
धर्मेण हीना पशुभिः समाना·।	धर्महीन जन पशुतुल्य हैं।
धिक् कलत्रमपुत्रकम्।	अपुत्रा नारी धिक्कार्य है।
धिक् पुत्रमविनीतं च।	अनम्र पुत्र धिक्कार्य है।
धिगाशा सर्वदोषभू·।	सब दोषों की जननी आशा धिक्कार्य है।
धिग्गृहं गृहिणीशून्यम्।	गृहिणीरहित घर धिक्कार्य है।
धिग्जीवितं चोद्यमवर्जितस्य।	उद्यमहीन का जीवन धिक्कार्य है।
धिग्जीवितं व्यर्थमनोरथस्य।	विफल मनोरथ मनुष्य का जीवन धिक्कार्य है।
धिग्जीवितं शास्त्रकलोज्झितस्य।	शास्त्र तथा कला से रहित मानव का जीवन धिक्कार्य है।
धूर्ताः क्रीडन्ति बालिशैः। (कथा०)	धूर्त लोग मूर्खों को ही उल्लू बनाते हैं।
ध्रुवं फलाय महते महतां सह संगम·। (कथा०)	बड़ों की संगति का फल बड़ा होता है।
न काचस्य कृते जातु युक्ता मुक्तामणे क्षति·। (कथा०)	काँच की प्राप्ति के लिए मोती की हानि उचित नहीं।
न कामसदृशो रिपु·।	काम के समान शत्रु नहीं।
न कूपखननं युक्तं प्रदीप्ते वह्निना गृहे।	घर में आग लगने पर कुआँ खोदना उचित नहीं।
न खलु स उपरतो यस्य वल्लभो जन स्मरति।	जिसका स्मरण प्रियजन करते हैं, उसे मरा न समझिए।
न च धर्मो दयापर·।	दया से बड़ा कोई धर्म नहीं।
न चलति खलु वाक्य सज्जनानां कदाचित्।	सज्जनों की बात कभी झूठी नहीं होती।
न च विद्यासमो बन्धु·।	विद्या के समान बन्धु नहीं।
न च व्याधिसमो रिपु·।	रोग के तुल्य शत्रु नहीं।
न चापत्यसमः स्नेहः।	सन्तति के प्रति प्रेम अप्रतिम है।
न जाने संसारः किममृतमयः किं विषमयः।	न जाने यह जगत् अमृतमय है या विषमय।
न ज्ञानात् परमं चक्षु·।	ज्ञान से बड़ी आँख नहीं।
न तोषात् परमं सुखम्।	सन्तोष से बड़ा सुख नहीं।
न तोषो महतां मृषा। (कथा०)	बड़े लोगों की प्रसन्नता व्यर्थ नहीं होती।
न दरिद्रस्तथा दुःखी लब्धक्षीणधनो यथा।	निर्धन उतना दुःखी नहीं होता जितना धन को पाकर खोनेवाला।
न धर्मवृद्धेषु वय· समीक्ष्यते। (कुमार०)	धर्मवृद्धों की उमर नहीं देखी जाती।
न धर्मसदृशं मित्रम्।	धर्म के समान मित्र नहीं।
न नश्यति तमो नाम कृतया दीपवार्तया।	दीपक का नाम लेने से अँधेरा नष्ट नहीं होता।
ननु प्रवातेऽपि निष्कम्पा गिरय·। (अभि०)	आँधी में पर्वत कभी नहीं हिलते।
ननु वक्तृविशेषनि·स्पृहा गुणगृह्या वचने विपश्चित·। (किरात०)	गुणग्राही लोग बात का गुण ग्रहण करते हैं, वक्तृविशेष का ध्यान नहीं करते।
न पुत्रात् परमो लाभः।	पुत्र प्राप्ति से बड़ा कोई लाभ नहीं।

न प्राणान्ते प्रकृतिविकृतिर्जायते चोत्तमानाम्।	प्राणान्तकारी समय आ जाने पर भी उत्तम मनुष्यों के स्वभाव में विकार नहीं आता।
न भयं चास्ति जाग्रतः।	जागनेवाले को कोई डर नहीं।
न भवति पुनरुक्तं भाषितं सज्जनानाम्।	सज्जन एक ही बात को बार-बार नहीं कहते।
न भार्यायाः परं सुखम्।	पत्नी से बड़ा कोई सुख नहीं।
न भूतो न भविष्यति।	न हुआ है न होगा।
न मुक्तेः परमा गतिः।	मोक्ष से ऊँची कोई स्थिति नहीं।
नये च शौर्ये च वसन्ति सम्पदः।	सम्पदाएँ नीति और शूरवीरता में रहती हैं।
न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्। (कुमार०)	रत्न किसी को नहीं खोजता, उसी की खोज की जाती है।
नवा वाणी मुखे मुखे।	प्रत्येक मुख में वाणी पृथक्-पृथक् होती है।
न शरीरं पुनः पुनः।	शरीर बार बार नहीं मिलता।
न शान्तेः परमं सुखम्।	शान्ति से बड़ा कोई सुख नहीं।
न शास्त्रं वेदात् परम्।	वेद से बड़ा कोई शास्त्र नहीं।
न स शक्नोति किं यस्य प्रज्ञा नापदि हीयते? (कथा०)	जिसकी बुद्धि विपत्ति में भी स्थिर रहती है, वह क्या नहीं कर सकता?
न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धाः।	वह सभा ही नहीं जिसमें वृद्ध न हों।
न सुवर्णे ध्वनिस्तादृग्यादृक् कांस्ये प्रजायते।	काँसे में जैसी ध्वनि उत्पन्न होती है वैसी सोने में नहीं।
न स्पृशति पल्वलाम्भः पञ्जरशेषोऽपि कुञ्जरः क्वापि।	हाथी की हड्डियाँ निकल आवें तो भी वह जोहड़ का जल नहीं छूता।
न स्वेच्छं व्यवहर्तव्यमात्मनो भूतिमिच्छता। (कथा०)	वृद्धि के इच्छुक मनुष्य को स्वच्छन्दपूर्वक व्यवहार नहीं करना चाहिए।
न हि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति।	श्रेष्ठ लोग किये हुये उपकार को नहीं भूलते।
न हि तापयितुं शक्यं सागराम्भस्तृणोल्कया।	समुद्र का जल तिनकों की मशाल से गर्म नहीं किया जा सकता।
न हि दुष्करमस्तीह किंचिदध्यवसायिनाम्। (कथा०)	अध्यवसायी व्यक्ति के लिये जगत् में कोई भी कार्य दुष्कर नहीं।
न हि नार्यो विनेर्ष्यया।	स्त्रियाँ ईर्ष्या-रहित नहीं होतीं।
न हि प्रफुल्लं सहकारमेत्य वृक्षान्तरं काङ्क्षति षट्पदाली। (रघु०)	भौंरे पुष्पित आम्रवृक्ष पर पहुँचकर अन्य वृक्ष की इच्छा नहीं करते।
न हि वन्ध्या विजानाति गुर्वीं प्रसववेदनाम्। न हि वन्ध्याऽश्नुते दुःखं यथा हि सुतपुत्रिणी।	बाँझ को वह दुःख नहीं होता जो सुतपुत्रा नारी को।
न हि सत्त्वावसादेन स्वल्पाप्यापद् निस्तीर्यते। (कथा०)	उत्साह के त्याग से तो साधारण आपत्ति पर भी विजय नहीं मिलती।
न हि सर्वविदः सर्वे।	सब लोग सब कुछ नहीं जानते।
न हि सिंहो गजास्कन्दी भयाद् गिरिगुहाशयः। (रघु०)	हाथियों पर आक्रमण करनेवाला सिंह डर के कारण पर्वत-गुहा में नहीं रहता।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।	सोते हुए सिंह के मुख में मृग स्वयं नहीं आ घुसते।
नातिपीडयितुं भग्नानिच्छन्ति हि महौजसः। (किरात०)	ओजस्वी जन पराजितों को अत्यधिक पीड़ा नहीं देना चाहते।
नाधर्मश्चिरमृद्धये। (कथा०)	अधर्म चिरकाल तक धन नहीं देता।

नानृतात्पातकं परम्। — झूठ से बड़ा कोई पाप नहीं।

नारीणां भूषणं पतिः। — पति स्त्रियों का भूषण है।

नार्कतपैर्जलं...मेति हिमैस्तु दाहम्। (नैषध०) — कमल धूप से नहीं, पाले से झुलसता है।

नाल्पीयान् बहु सुकृतं हिनस्ति दोषः। (किरात०) — थोड़े से दोष से बहुत से पुण्यों का नाश नहीं होता।

नासमीक्ष्य परं स्थानं पूर्वमायतनं त्यजेत्। — दूसरे स्थान को देखे बिना पहले को न छोड़े।

नास्ति कामसमो व्याधिः। — काम के समान कोई रोग नहीं।

नास्ति क्रोधसमो वह्निः। — क्रोध के समान कोई तेज नहीं।

नास्ति चक्षुःसमं तेजः। — नेत्र के समान कोई आग नहीं।

नास्ति आत्मसमं बलम्। — आत्मा के तुल्य कोई बल नहीं।

नास्ति प्राणसमं भयम्। — प्राणभय के तुल्य कोई भय नहीं।

नास्ति बन्धुसमं बलम्। — बन्धु के तुल्य कोई दल नहीं।

नास्ति मेघसमं तोयम्। — मेघ के समान कोई जल नहीं।

नास्ति मोहसमो रिपुः। — मोह के समान कोई शत्रु नहीं।

नास्त्यदेयं महात्मनाम्। — ऐसी कोई वस्तु नहीं जिसे महात्मा लोग न दे सकें।

नास्त्यहो स्वामिभक्तानां पुत्रे वात्मनि वा स्पृहा। (कथा०) — अहो! स्वामिभक्तों को न पुत्र का मोह होता है न प्राणों का।

निःसारस्य पदार्थस्य प्रायेणाडम्बरो महान्। — प्रायः निकम्मी वस्तु का आडम्बर बहुत होता है।

निजेऽप्यपत्ये करुणा कठिनप्रकृतेः कुतः? (प्रसन्नराघवे) — कठोर स्वभाववाले व्यक्ति को अपनी सन्तति पर भी दया नहीं आती।

निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते। — वृक्षहीन देश में एरण्ड भी वृक्ष माना जाता है।

निर्धनं पुरुषं त्यजन्ति गणिकाः। — वेश्याएँ निर्धन पुरुष को छोड़ देती हैं।

निर्धनता सर्वापदामास्पदम्। — दरिद्रता सब दुःखों का कारण है।

निर्धनस्य कुतः सुखम्? — निर्धन को सुख कहाँ!

निर्वाणदीपे किमु तैलदानम्? — दीपक बुझ जाने पर तेल डालने से क्या?

निवसन्ति पराक्रमाश्रया न विषादेन समं समृद्धयः। (किरात०) — समृद्धियाँ पराक्रम के आश्रय पर रहती हैं, विषाद के साथ नहीं।

निवसन्नन्तर्दारुणि लंघ्यो वह्निर्न तु ज्वलितः। — लकड़ी के अन्दर विद्यमान अग्नि पर से कूदा जा सकता है, जलती पर से नहीं।

निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम्। — राग-रहित के लिए घर ही तपोवन है।

निष्प्रज्ञास्त्ववसीदन्ति लोकोपहसिताः सदा। (कथा०) — बुद्धिहीन व्यक्ति दुःख उठाते हैं तथा लोगों के उपहासास्पद बनते हैं।

निसर्गसिद्धो हि नारीणां सपत्नीषु हि मत्सरः। (कथा०) — स्त्रियों की सौतों के प्रति ईर्ष्या स्वाभाविक है।

निःस्पृहस्य तृणं जगत्। — कामनारहित के लिये जगत् तृणतुल्य है।

नीचाश्रयो हि महतामपमानहेतुः। — नीच का आश्रय लेना बड़े लोगों के लिये अपमानजनक होता है।

नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण। (मेघ०) — पहिये के हाल के समान मनुष्य की अवस्था ऊँची-नीची होती रहती है।

नीचैरनीचैरतिनीचनीचैः सर्वैरुपायैः फलमेव साध्यम्। — नीचे, ऊँचे और अत्यन्त नीचे, सभी उपायों से अभीष्ट सिद्धि करनी चाहिए।

नीचो वदति, न कुरुते, वदति न साधुः करोत्येव ।	नीच मनुष्य कहता है, करता नहीं। सज्जन कहता नहीं, कर देता है ।
नैकत्र सर्वो गुणसन्निपातः ।	सभी गुण एकत्र नहीं रहते ।
न्याय्या वृत्तिं समाचरेत् ।	जीविकोपार्जन न्याय के अनुसार करना चाहिए ।
न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।	धीर लोग न्याय के मार्ग से तनिक भी विचलित नहीं होते ।
पङ्को हि नभसि क्षिप्तः क्षेप्तुः पतति मूर्धनि । (कथा०)	आकाश में फेंका हुआ कीचड़ फेंकनेवाले के सिर पर ही पड़ता है ।
पञ्चभिर्मिलितैः किं यज्जगतीह न साध्यते । (नैषध०)	संसार में ऐसा कौन-सा काम है जिसे पाँच मनुष्य मिलकर नहीं कर सकते ?
पठतो नास्ति मूर्खत्वम् ।	अध्ययनशील मनुष्य मूर्ख नहीं रहता ।
पदं हि सर्वत्र गुणैर्निधीयते ।	गुण सर्वत्र अपना स्थान बना लेते हैं ।
पदं सहेत भ्रमरस्य पेलवं शिरीषपुष्पं, न पुनः पतत्रिणः । (कुमार०)	शिरीष का फूल भ्रमर के कोमल चरण को तो सह लेता है, पक्षी के चरण को नहीं ।
पद्मपत्रस्थितं वारि धत्ते मुक्ताफलश्रियम् ।	कमल-पत्र पर पड़ा हुआ जल मोती की शोभा धारण कर लेता है ।
पय:पानं भुजंगानां केवलं विषवर्धनम् ।	साँपों को दूध पिलाने से उनका विष ही बढ़ता है।
पयोगते किं खलु सेतुबंधः ?	बाढ़ के उतर जाने पर बाँध बाँधने से क्या लाभ ?
परदुःखेनापि दुःखिता विरलाः ।	दूसरों के दुःख से दुःखित होनेवाले लोग थोड़े ही हैं ।
परबुद्धिर्विनाशाय ।	दूसरों के मतानुसार आचरण विनाशकारी होता है ।
परभुक्ते हि कमले किमलेर्जायते रतिः ? (कथा०)	क्या भँवरा दूसरे से मुक्त कमल से प्रेम करता है ?
परमं लाभमरातिभङ्गमाहुः । (किरात०)	शत्रु का नाश सब से बड़ा लाभ कहा जाता है ।
परलोकगतस्य को बन्धुः ?	दिवंगत व्यक्ति का बन्धु कौन है ?
परवृद्धिमत्सरि मनो हि मानिनाम् । (शिशु०)	मानी मनुष्यों का मन दूसरों की उन्नति से ईर्ष्या करता है ।
परसदननिविष्टः को लघुत्वं न याति ?	दूसरे के घर जाने से किसका गौरव क्षीण नहीं होता ?
परहितनिरतानामादरो नात्मकार्ये ।	परोपकारपरायण लोग अपने कार्यों की परवाह नहीं करते ।
परेङ्गितज्ञानफला हि बुद्धयः ।	बुद्धियाँ वही हैं जो दूसरों के सङ्केत समझ जाती हैं ।
परोपकारजं पुण्यं न स्यात्क्रतुशतैरपि ।	परोपकार जन्य पुण्य सैकड़ों यज्ञों के पुण्य से श्रेष्ठ है ।
परोपकाराय सतां विभूतयः ।	सज्जनों की सम्पत्तियाँ परोपकार के लिए होती हैं।
परोपकारार्थमिदं शरीरम् ।	यह शरीर परोपकार के लिए है ।
परोपदेशवेलायां शिष्टाः सर्वे भवन्ति वै ।	दूसरों को उपदेश देते समय तो सब सभ्य बन जाते हैं ।
परोऽपि हितवान् बन्धुः ।	हितकारक बेगाना भी बन्धु ही है ।
पर्वतानां भयं वज्रात् ।	पर्वतों को वज्र से भय होता है ।

पयसा दग्धे तक्रं फूत्कृत्य पामरः पिबति।	दूध का जला छाछ को फूँक फूँक कर पीता है।
पात्रत्वाद् धनमाप्नोति।	मनुष्य योग्य होने पर धन प्राप्त करता है।
पापप्रभावान्नरकं प्रयाति।	पाप के प्रभाव से नरक को जाता है।
पितृदोषेण मूर्खता।	मूर्खता पिता के दोष से होती है।
पिपासितैः काव्यरसो न पीयते।	प्यासे काव्यरस नहीं पिया करते।
पीत्वा मोहमयीं प्रमादमदिराम् उन्मत्तभूतं जगत्।	मोहमयी प्रमाद मदिरा पीकर जगत् उन्मत्त हो गया है।
पुण्यवन्तो हि सन्तानं पश्यन्त्युच्चैः कृतान्वयम्। (कथा०)	वंश को ऊँचा करनेवाली सन्तान पुण्यवानों के घर ही होती है।
पुत्र शत्रुरपण्डितः।	मूर्ख पुत्र शत्रु है।
पुत्रप्रयोजना दाराः।	पत्नी पुत्र को जन्म देने के लिए ही होती है।
पुत्रहीनं गृहं शून्यम्।	पुत्रहीन घर सूना है।
पुत्रादपि भयं यत्र तत्र सौख्यं हि कीदृशम्?	जहाँ पुत्र से भी भय हो वहाँ सुख कैसा?
पुनर्दरिद्री पुनरेव पापी।	फिर दरिद्री, फिर पापी।
पुनर्धनाढ्यः पुनरेव भोगी।	फिर धनी, फिर भोगी।
पुरुषा अपि बाणा अपि गुणच्युताः कस्य न भयाय?	पुरुष भी और बाण भी गुण (गुण, धनुष की डोरी) से रहित हो जाने पर किसके लिए भयकर नहीं होते?
पूज्यं वाक्यं समृद्धस्य।	धनाढ्य का वाक्य पूज्य होता है।
पूर्वपुण्यतया विद्या।	विद्या पिछले पुण्यों से मिलती है।
प्रच्छन्नमप्यूह्यते हि चेष्टा। (किरात०)	चेष्टा गुप्त बात को भी व्यक्त कर देती है।
प्रजानामपि दीनानां राजैव सदा पिता।	राजा दीन प्रजाओं का दयालु पिता है।
प्रज्ञाबलं च सर्वेषु मुख्यं कार्येषु साधनम्। (कथा०)	सब कार्यों में बुद्धिबल सबसे बड़ा साधन है।
प्रणामान्तः सतां कोपः।	सज्जनों का क्रोध प्रणाम से समाप्त हो जाता है।
प्रतिबध्नाति हि श्रेयः पूज्यपूजाव्यतिक्रमः। (रघुवंश०)	पूज्यों की पूजा में उलट फेर कल्याणों का बाधक होता है।
प्राणव्ययाय शूराणां जायते हि रणोत्सवः। (कथा०)	युद्ध का मेला शूरवीरों के प्राणधन के व्ययार्थ होता है।
प्राणिनां हि निकृष्टापि जन्मभूमिः परा प्रिया। (कथा०)	प्राणियों को अपनी निकृष्ट जन्मभूमि भी अत्यन्त प्यारी लगती है।
प्राणेभ्योऽप्यर्थमात्रा हि कृपणस्य गरीयसी। (कथा०)	कंजूस को थोड़ा-सा भी धन प्राणों से अधिक प्यारा लगता है।
प्राणैरपि हि भृत्यानां स्वामिसंरक्षणं व्रतम्। (कथा०)	प्राण देकर भी स्वामी की रक्षा करना सेवकों का व्रत है।
प्राप्नोतीष्टमविक्लवः। (कथा०)	धीर अभीष्ट को पा लेता है।
प्राप्यते किं यशः शुभ्रमनङ्गीकृत्य साहसम्? (कथा०)	जान जोखिम में डाले बिना कहीं शुभ्र यश प्राप्त हो सकता है?
प्रायः श्वश्रूस्नुषयोर्न दृश्यते सौहृदं लोके।	संसार में प्राय. सास-बहू में सौहार्द नहीं देखा जाता।

प्रायः समानविद्याः परस्परयशः पुरोभागाः।

प्रायः समासन्नविपत्तिकाले
धियोऽपि पुंसां मलिनीभवन्ति।
प्रायः स्त्रियो भवन्तीह निसर्गविषमाः
शठाः। (कथा०)
प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात्प्रतिपद्यते हि
जनः।
प्रायेण गृहिणीनेत्राः कन्यार्थेषु कुटुम्बिनः।
(कुमारसम्भवे)
प्रायेण भार्यादौःशील्यं स्नेहान्धो नेक्षते
जनः। (कथा०)
प्रायेण भूमिपतयः प्रमदा लताश्च
यः पार्श्वतो भवति तं परिवेष्टयन्ति।
प्रायेण साधुवृत्तानामस्थायिन्यो विपत्तयः।

प्रायेण सामग्र्यविधौ गुणानां
पराङ्मुखी विश्वसृजः प्रवृत्तिः। (कुमार०)
प्रायेणाधममध्यमोत्तमगुणः संसर्गतो जायते।

प्रायो गच्छति यत्र भाग्यरहितस्तत्रैव
यान्त्यापदः।
प्रारभ्य चोत्तमजना न परित्यजन्ति।
प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते?

प्रियबन्धुविनाशोत्थः शोकाग्निः कं न
तापयेत्? (कथा०)
प्रियमांसमृगाधिपोज्झितः किमवद्यः करि
कुम्भजो मणिः? (शिशु०)
प्रियानाशे कृत्स्नं किल जगदरण्यं हि
भवति।
फलं भाग्यानुसारतः।
बलाधिकानुरोधेन किं न कुर्वन्ति साधवः?
(कथा०)
बधिरस्य गानम्।
बधिरान्मन्दकर्णः श्रेयान्।
बन्धुः को नाम दुष्टानाम्?
बन्धुरप्यहितः परः।
बलं मूर्खस्य मौनित्वम्।
बली बलं वेत्ति न वेत्ति निर्बलः।
बलीयसी केवलमीश्वरेच्छा।
बहुरत्ना वसुन्धरा।

बहुवचनमल्पसारं यः कथयति विप्रलापी स ।	जो अल्प सार को बहुत शब्दों मे कहता है वही विप्रलापी है ।
बहुविघ्नास्तु सदा कल्याणसिद्धय । (कथा०)	कल्याणों की सिद्धि मे सदा अनेक विघ्न पडते हैं ।
बह्वाश्चर्या हि मेदिनी ।	पृथ्वी आश्चर्यों से पूर्ण है ।
बालाना रोदन बलम् ।	रोना ही बच्चों का बल है ।
बुद्धय कुमार्गगामिन्यो भवन्ति महतामपि ।	बड़ों की बुद्धि भी कुमार्गगामिनी हो जाती है ।
बुद्धि कर्मानुसारिणी ।	बुद्धि कर्मों के अनुसार होती है ।
बुद्धिर्हि च सर्वत्र मुख्य मित्र न पौरुषम् । (कथा०)	सब स्थानों पर बुद्धि ही मुख्य मित्र है, पुरुषार्थ नहीं ।
बुद्धे फलमनाग्रह ।	हठ का न होना ही बुद्धि का फल है ।
बुभुक्षित कि न करोति पापम् ?	भूखा मनुष्य कौन सा पाप नहीं करता ?
बुभुक्षित न प्रतिभाति किंचित् ।	भूखे को कुछ नहीं सूझता ।
बुभुक्षितै-र्व्याकरण न भुज्यते ।	भूखे लोग व्याकरण नहीं खाया करते ।
ब्रुवते हि फलेन साधवो न तु कण्ठेन निजोपयोगिताम् । (नैषध०)	श्रेष्ठ लोग अपनी उपयोगिता वाणी से नहीं, फल से कहते हैं ।
भक्त्या हि तुष्यन्ति महानुभावा ।	महानुभाव लोग भक्ति (श्रद्धा) से ही प्रसन्न होते हैं ।
भद्रं प्राप्नुयाद्भद्रमभद्र चाप्यभद्रकृत् । (कथा०)	भले का भला और बुरे का बुरा होता है ।
भये सीमा मृत्यु ।	सबसे बडा भय मृत्यु है ।
भर्तृमार्गानुसरण स्त्रीणा च परम व्रतम् ।	पति निर्दिष्ट मार्ग पर चलना स्त्रियों का परम व्रत है ।
भवन्तिक्लेशबहुला सर्वस्यापीह सिद्धय । (कथा०)	ससार मे सबके कार्य अनेक कष्ट उठाने पर ही सिद्ध होते हैं ।
भवन्त्युदयकाले हि सत्कल्याणपरम्परा । (कथा०)	जब अच्छे दिन आते हैं तब सभी काम शुभ होते जाते हैं ।
भवितव्यता बलवती । (अभिज्ञान०)	होनहार बलवती है ।
भवितव्य भवत्येव कर्मणामीदृशी गति ।	कर्मों की गति ऐसी है कि होनी होकर ही रहती है ।
भग्न यस्य यत्कर्म स तत्कुर्वन् विनश्यति । (कथा०)	१ जिसका काम उसी को साजे, और करे तो डण्डा बाजे । २ जो काम जिसका न हो, उसे करने पर मनुष्य नष्ट हो जाता है ।
भस्मीभूतस्य भूतस्य पुनरागमन कुत ? (नैषध०)	भस्मीभूत प्राणी लौटकर कैसे आ सकता है ?
भाग्येनैव हि लभ्यते पुनरसौ सर्वोत्तम सेवक ।	सर्वोत्तम सेवक भाग्य से ही प्राप्त होता है ।
भार्यासम नास्ति शरीरतोषणम् ।	पत्नी के समान शारीरिक सुख देनेवाला कोई नहीं ।
भिक्षुको भिक्षुक दृष्ट्वा श्वानवद् गुर्गुरायते ।	भिखारी, भिखारी को देखकर कुत्ते के समान गुर्राता है ।
भिन्नरुचिर्हि लोक ।	लोगों की रुचि भिन्न भिन्न है ।

भीता इव हि धीराणा दूरे यान्ति विपत्तय ।
(कथा०)
भूयोऽपि सिक्त पयसा घृतेन
न निम्बवृक्षो मधुरत्वमेति ।
भोगो भूषयते धनम् ।
भ्रष्टस्य का वा गति ?
मतिरेव बलाद् गरीयसी ।
मन्दमूढबुद्धिषु विवेकिता कुत ? (शिशु०)
मद्यपस्य कुत सत्यम् ? (कथा०)
मधुरविधुरमिश्रा सृष्टयो हा विधातु ।
(प्रसन्नराघवे)
मन पूत समाचरेत् ।

मन एव मनुष्याणा कारण बन्धमोक्षयो ।
मनस्येकं वचस्येकं कर्मण्येकं महात्मनाम् ।

मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दु ख न च
सुखम् ।
मनोरथानामगतिर्न विद्यते । (कुमार०)
मरण प्रकृति शरीरिणाम् ।
मर्दन गुणवर्धनम् ।
मर्मवाक्यमपि नोच्चरणीयम् ।
महाजनो येन गत स पन्था ।

महान् महत्येव करोति विक्रमम् ।
महीपतीना विनयो हि भूषणम् ।
मातर्लक्ष्मि, तव प्रसादवशतो दोषा अपि
स्युर्गुणा ।
माता दुश्चारिणी रिपु ।
मातापितृभ्या शप्त सन् न जातु सुखम
श्नुते । (कथा०)
मातृजङ्घा हि वत्सस्य स्तम्भीभवति बन्धने ।

मात्रा सम नास्ति शरीरपोषणम् ।
मान म्लाने कुत सुखम् ?
मित च सार च वचो हि वाग्मिता ।

मूढ परप्रत्ययनेयबुद्धि ।
मूर्खस्य किं शास्त्रकथाप्रसङ्ग ?
मूर्खस्य हृदय शून्यम् ।
मूर्खाणा बोधको रिपु ।
मूर्खैहि सग कस्यास्ति शर्मणे ? (कथा०)

मूल्यः सर्वत्र तुल्यता।	मौन के सामने सब समान हैं।
मेघो गिरिजलधिवर्षी च।	मेघ पर्वत और सागर दोनों स्थानों पर बरसता है।
मोहान्धमविवेकं हि श्रीश्चिराय न सेवते। (कथा०)	मोहग्रस्त और विवेकहीन के पास लक्ष्मी अधिक नहीं ठहरती।
मौनं विधेयं सततं सुधीभिः।	बुद्धिमानों को निरन्तर चुप रहना चाहिए।
मौनं सर्वार्थसाधकम्।	मौन से सब काम सिद्ध होते हैं।
मौनिनः कलहो नास्ति।	मौनी का किसी से कलह नहीं होता।
यतः सत्यं ततो धर्मः।	जहाँ सत्य है वहाँ धर्म है।
यतो धर्मस्ततो धनम्।	जहाँ धर्म है वहाँ धन है।
यतो रूपं ततः शीलम्।	जहाँ रूप है वहाँ शील है।
यत्ने कृते यदि न सिध्यति कोऽत्र दोषः?	यदि यत्न करने पर भी सिद्धि न हो तो इसमें यत्नकर्ता का क्या दोष?
यत्र विद्वज्जनो नास्ति श्लाघ्यस्तत्राल्पधीरपि।	जहाँ विद्वान् नहीं होता वहाँ अल्पबुद्धि भी श्लाघ्य होता है।
यत्राकृतिस्तत्र गुणा वसन्ति।	जहाँ रूप वहाँ गुण भी है।
यत्रास्ति लक्ष्मीर्विनयो न तत्र।	जहाँ लक्ष्मी होती है वहाँ नम्रता नहीं।
यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रिया।	जैसा मन वैसी वाणी, जैसी वाणी वैसी क्रिया।
यथा देशस्तथा भाषा।	जैसा देश वैसी भाषा।
यथा बीजं तथाङ्कुरः।	जैसा बीज वैसा अङ्कुर।
यथा भूमिस्तथा तोयम्।	जैसी भूमि वैसा जल।
यथा राजा तथा प्रजा।	जैसा राजा वैसी प्रजा।
यथा वृक्षस्तथा फलम्।	जैसा वृक्ष वैसा फल।
यथाशक्त्यतिथेः पूजा धर्मो हि गृहमेधिनाम्। (कथा०)	अतिथि की यथाशक्ति सेवा करना गृहस्थों का धर्म है।
यथौषधं स्वादु हितं च दुर्लभम्।	जैसे स्वादिष्ट और गुणकारी दवा दुर्लभ है।
यदि वात्यन्तमृदुता न कस्य परिभूतये? (कथा०)	अत्यधिक कोमलता से किसका निरादर नहीं होता?
यदेव रोचते यस्मै भवेत्तत्तस्य सुन्दरम्।	जो जिसे अच्छा लगता है, वही उसके लिये सुन्दर होता है।
यद्धात्रा निजभालपट्टलिखितं तन्मार्जितुं कः क्षमः?	विधाता ने भाग्य में जो लिख दिया है, उसे कौन मिटा सकता है?
यद्यपि शुद्धं लोकविरुद्धं नो करणीयं नाचरणीयम्।	लोकविरुद्ध शुद्ध बात भी न करनी चाहिये।
यद्वा तद्वा भविष्यति।	कुछ न कुछ तो होगा ही।
यशः पुण्यैरवाप्यते।	यश पुण्यों से ही मिलता है।
यशस्तु रक्ष्यं परतो यशोधनैः। (रघु०)	यशस्वियों को शत्रु से यश की रक्षा करनी चाहिए।
यः क्रियावान् स पण्डितः।	जिसके कर्म अच्छे, वही पण्डित है।
याचनान्तं हि गौरवम्।	याचना गौरव को समाप्त कर देती है।
याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा। (मेघ०)	नीच से याचना के सफल होने की अपेक्षा गुणी से उसका विफल होना अच्छा।

यादृशो य कृतो धात्रा भवेत्तादृश एव स । (कथा०)	विधाता ने जिसे जैसा बना दिया वह वैसा ही होता है।
यादृशस्तन्तव काम तादृशो जायते पट । (कथा०)	जैसे तन्तु होते हैं वैसा कपड़ा बनता है।
यानरत्नं हि तुरग ।	वाहनों में घोड़ा रत्न है।
यान्ति न्यायप्रवृत्तस्य तिर्यञ्चोऽपि सहायताम् । (अनर्घराघवे)	न्यायानुसार चलनेवाले की सहायता पशु पक्षी भी करते हैं।
या यस्य प्रकृति स्वभावजनिता कनापि न त्यज्यते ।	जो जिसका सहज स्वभाव है वह छोड़ा नहीं जा सकता।
युक्तियुक्त प्रगृह्णीयाद् बालादपि विचक्षण ।	बुद्धिमान् को बच्चे की भी युक्तियुक्त बात मान लेनी चाहिए।
युद्धस्य वार्ता रम्या स्याद् ।	युद्ध के समाचार रोचक होते हैं।
ये तु घ्नन्ति निरर्थक परहित ते के न जानीमहे ।	जो दूसरों के कार्यों को व्यर्थ ही नष्ट करते हैं वे किस कोटि के होते हैं हम नहीं जानते।
येन केन प्रकारेण प्रसिद्ध पुरुषो भवेत् ।	मनुष्य को किसी भी उपाय से प्रसिद्धि प्राप्त करनी चाहिए।
यो यद् वपति बीज हि लभते सोऽपि तत्फलम् । (कथा०)	जैसा बोएगा वैसा काटेगा।
रक्षन्ति पुण्यानि पुराकृतानि ।	पूर्व पुण्य मनुष्य की रक्षा करते हैं।
रत्नदीपस्य हि शिखा वात्ययापि न नश्यति ।	रत्नों के दीये की लौ आँधी से भी नहीं बुझती।
रत्नव्ययेन पाषाण को हि रक्षितुमर्हति । (कथा०)	कौन इतना समर्थ है जो पत्थर के रक्षार्थ रत्न व्यय करे।
वनेऽपि दोषा प्रभवन्ति रागिणाम् ।	वन में भी दोष रागयुक्तों को दबा लेते हैं।
वर हि मानिनो मृत्यु , न दैन्य स्वजनाग्रत । (कथा०)	प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु अच्छी किन्तु सम्बन्धियों के सामने दीनता बुरी।
वर क्लैब्यं पुंसा न च परकलत्राभिगमनम् ।	पुरुषों का नपुंसक होना अच्छा, परस्त्री गमन बुरा।
वर भिक्षाशित्व न च परधनास्वादनसुखम् ।	भीख माँग कर खाना अच्छा पराये धन के भोग का सुख बुरा।
वर मौन कार्य न च वचनमुक्त यदनृतम् ।	झूठ बोलने की अपेक्षा चुप रहना अच्छा
वर्तमानेन कालेन वर्तयन्ति विचक्षणा ।	बुद्धिमान् वर्तमान काल के अनुसार व्यवहार करते हैं।
वस्त्रपूत पिबेज्जलम् ।	वस्त्र से छानकर ही जल पीना चाहिए
वस्त्राणामातपो जरा ।	धूप वस्त्रों का बुढ़ापा है।
वाम्ये विधौ न हि फलन्त्यभिवाञ्छितानि ।	भाग्य विपरीत हो तो अभीष्ट सिद्ध नहीं होते।
वास प्रधान खलु योग्यताया ।	योग्यता में भी परिधान प्रधान होता है।
वासोविहीन विजहाति लक्ष्मी ।	वस्त्रविहीन को लक्ष्मी छोड़ जाती है।
विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीरा । (कुमार०)	विकार के कारणों के विद्यमान होने में भी जिनके चित्त विकृत नहीं होते वे ही धीर हैं।
विक्रीते करिणि किमङ्कुशे विवाद ?	हाथी के बेच देने पर अङ्कुश के बारे में विवाद कैसा ?
विचित्ररूपा खलु चित्तवृत्तय । (किरात०)	चित्त की वृत्तियाँ के रूप विचित्र होते हैं।

विदेशे बन्धुलाभो हि मरावुत्सनिर्झरः। (कथा०)	विदेश में बन्धु मिलना मरुभूमि में अमृत स्रोत के समान है।
विद्यातुराणां न सुखं न निद्रा।	विद्या के इच्छुक व्यक्तियों को न सुख रुचता है न नींद।
विद्या ददाति विनयम्।	विद्या से नम्रता आती है।
विद्या मित्रं प्रवासेषु।	विदेश में विद्या मित्र है।
विद्यारत्नं सरसकविता।	सरस कविता करना ही उत्तम विद्या है।
विद्या रूपं कुरूपिणाम्।	कुरूप लोगों का रूप विद्या है।
विद्यासमं नास्ति शरीरभूषणम्।	विद्या के समान शरीर का कोई भूषण नहीं।
विद्या सर्वस्य भूषणम्।	विद्या सबका भूषण है।
विद्वान् कुलीनो न करोति गर्वम्।	कुलीन विद्वान् अभिमान नहीं करता।
विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।	विद्वान् की सब जगह पूजा होती है।
विनयाद् याति पात्रताम्।	विनय से मनुष्य योग्य बनता है।
विनयो हि सतीव्रतम्। (कथा०)	विनय ही सतियों का व्रत है।
विना मलयमन्यत्र चन्दनं न प्ररोहति।	चन्दन मलय पर्वत के सिवा कहीं नहीं उगता।
विनाशकाले विपरीतबुद्धिः।	विनाश के समय बुद्धि फिर जाती है।
विना हि गुर्वुपदेशेन सम्पूर्णाः सिद्धयः कुतः? (कथा०)	गुरु के उपदेश के बिना सम्पूर्ण सिद्धियाँ कहाँ?
विप्रियमप्याकर्ण्य ब्रूते प्रियमेव सर्वदा सुजनः।	कटु वचन भी सुनकर सज्जन सदा प्रिय बात ही कहते हैं।
विभूषणं मौनमपण्डितानाम्।	मौन मूर्खों का भूषण है।
विमलं कलुषीभवच्च चेतः कथयत्येव हितैषिणं रिपुं वा। (किरात०)	१ दिल दिल का साक्षी है। २ निर्मल या मलिन होता हुआ मन हितैषी या शत्रु को बता देता है।
विरक्तस्य तृणं भार्या।	विरक्त को पत्नी तृण समान लगती है।
विलासिनी हि सर्वस्य सन्ध्येव क्षणरागिणी। (कथा०)	सन्ध्या के समान सब के साथ वेश्या का राग (प्रेम लगाव) क्षणस्थायी होता है।
विवक्षितं ह्यनुक्तमनुतापं जनयति। (अभिज्ञा०)	अकथित अभिलषित वचन पश्चात्ताप उत्पन्न करता है।
विषादः कुशलेषु कः? (कथा०)	कुशलियों पर क्या विषाद?
विषं गोष्ठी दरिद्रस्य।	निर्धन की बातचीत विष है।
विषयाक्रम्यमाणा हि तिष्ठन्ति सुपथे कथम्? (कथा०)	विषयासक्त लोग सुमार्ग पर कैसे रह सकते हैं?
विपदि कस्यापदोऽस्तं गता?	किस विपदी व्यक्ति की आपत्तियाँ समाप्त हो गई हैं?
विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्। (कुमार०)	अपने पाले पोसे हुए विषवृक्ष को भी उखाड़ना उचित नहीं।
वीरो हि स्वाम्यमर्हति। (कथा०)	वीर ही स्वामी बनने के योग्य होता है।
वृक्षं क्षीणफलं त्यजन्ति विहगाः।	फलहीन वृक्ष को पक्षी छोड़ जाते हैं।
वृथा दीपो दिवापि च।	दिन में दीपक व्यर्थ है।
वृथा वृष्टिः समुद्रेषु।	समुद्रों में वर्षा व्यर्थ है।
वृद्धस्य तरुणी विषम्।	बूढ़े के लिए युवती विष है।

वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम् ।	जो धर्म की बात नहीं कहते, वे वृद्ध नहीं ।
वृद्धा नारी पतिव्रता ।	वृद्धा स्त्री पतिव्रता होती है ।
वेदाज्जानन्ति पण्डिता ।	बुद्धिमान् लोग वेद से ज्ञान पाते हैं ।
वेश्याङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा ।	वेश्या के समान राजनीति भी अनेक रूप धारण करती है ।
व्याघ्रस्य चोपवासस्य पारणं पशुमारणम् ।	भेड़िए के उपवास की पारणा पशु वध होती है ।
व्याधितस्यौषधं मित्रम् ।	औषध रोग का मित्र है ।
व्रताभिरक्षा हि सतामलङ्क्रिया । (किरात०)	व्रत का पालन सज्जनों का भूषण है ।
शत्रोरपि गुणा वाच्या दोषा वाच्या गुरोरपि ।	शत्रु के भी गुणों का और गुरु के भी दोषों का कथन करना चाहिए ।
शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् । (कुमार०)	धर्म का प्रथम साधन शरीर ही है ।
शाम्येत् प्रत्युपकारेण नोपकारेण दुर्जनः । (कुमार०)	दुष्ट जन उपकार से नहीं, अपकार से ही शान्त होता है ।
शास्त्राद् रूढिर्बलीयसी ।	शास्त्रों से रीति बलवती है ।
शीलं परं भूषणम् ।	शील सर्वोत्तम भूषण है ।
शीलं भूषयते कुलम् ।	शील कुल को अलङ्कृत करता है ।
शील हि विदुषां धनम् । (कथा०)	शील ही विद्वानों का धन है ।
शुभकृन्न हि सीदति । (कथा०)	शुभ कार्य करने वाला दुःखी नहीं होता ।
शुभस्य शीघ्रम् ।	भला काम शीघ्र ही कर देना चाहिए ।
शुष्केन्धने वह्निरुपैति वृद्धिम् ।	सूखे ईंधन में आग तुरन्त फैल जाती है ।
शूरं कृतज्ञं दृढसौहृदं च लक्ष्मीः स्वयं याति निवासहेतोः ।	वीर, कृतज्ञ और दृढ मित्र के पास रहने के लिए लक्ष्मी स्वयं जाती है ।
शूरस्य मरणं तृणम् ।	वीर के लिए मृत्यु तृणवत् है ।
शोभन्ते विद्यया विप्राः ।	ब्राह्मण विद्या से सुशोभित होते हैं ।
श्यालको गृहनाशाय ।	साला घर का नाश कर देता है ।
श्रद्धया न विना दानम् ।	श्रद्धा रहित दान दान नहीं ।
श्रेयसि केन तृप्यते ? (शिशु०)	मंगल से कौन तृप्त होता है ?
श्रोत्रस्य भूषणं शास्त्रम् ।	शास्त्र कान का भूषण है ।
संसर्गजा दोषगुणा भवन्ति ।	दोष और गुण संगति से होते हैं ।
सकलं शीलेन कुर्याद्वशम् ।	शील से सब को वशीभूत करना चाहिए ।
सकलगुणभूषा च विनयः ।	नम्रता सब गुणों का भूषण है ।
सकलगुणसीमा वितरणम् ।	दान सब गुणों की सीमा है ।
सकलसुखसीमा सुवदना ।	सुमुखी सर्व सुखों की सीमा है ।
स क्षत्रियस्त्राणसहः सतां यः ।	सज्जनों की रक्षा में समर्थ व्यक्ति क्षत्रिय है ।
सङ्कटे हि परीक्ष्यन्ते प्राज्ञाः शूराश्च सङ्गरे । (कथा०)	बुद्धिमानों की परीक्षा सङ्कट में और शूरों की परीक्षा संग्राम में होती है ।
सतां महत्सु संरम्भाद्धि पौरुषम् । (नैषध०)	सज्जनों का पौरुष बड़ों पर ही प्रकट होता है ।
सतां हि सङ्गः सकलं प्रसूते ।	सत्संगति से सब कुछ प्राप्त होता है ।
सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः । (अभिज्ञान०)	सन्दिग्ध विषयों में सत्पुरुषों का अन्तःकरण ही प्रमाण होता है ।
स तु निरवधिरेकः सज्जनानां विवेकः ।	सज्जनों के विवेक की सीमा नहीं होती ।
सत्त्वाधीना हि सिद्धयः । (कथा०)	सफलताएँ उत्साह के अधीन हैं ।

सत्पुत्र एव कुलसद्मनि कोऽपि दीपः ।	अच्छा पुत्र ही वंश का विलक्षण दीपक है ।
सत्यपूतां वदेद् वाणीम् ।	सत्य से शोधित वाणी बोलनी चाहिए ।
सत्यं कण्ठस्य भूषणम् ।	सत्य कण्ठ का भूषण है ।
सत्यं न तद् यच्छलमभ्युपैति ।	वह सत्य नहीं जो छल का आश्रय लेता है ।
सत्यमेव जयते ।	सत्य की ही विजय होती है ।
सत्येन धार्यते पृथ्वी ।	पृथ्वी को सत्य ही धारण किये हुए है ।
सदसद्वा न हि विदुः कुस्त्रीवचनमोहिता । (कथा०)	बुरी नारियों के वचन से मोहित लोग अच्छाई या बुराई नहीं समझते ।
सदो भूषा सूक्तिः ।	सुभाषित सभा का भूषण है ।
सद्भिः कुर्वीत संगतिम् ।	सज्जनों का संग करना चाहिए ।
सद्भिर्विवादं मैत्रीं च ।	झगड़ा और मैत्री सज्जनों से ही करनी चाहिए ।
सद्भिस्तु लीलया प्रोक्तं शिलालिखित-मक्षरम् ।	सज्जनों की स्वाभाविक बात भी पत्थर की लकीर होती है ।
स धार्मिको यः परमर्म न स्पृशेत् ।	धार्मिक वही है जो दूसरे का जी नहीं दुखाता ।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते ।	सज्जन परीक्षा के अनन्तर ही कोई बात स्वीकार करते हैं ।
संततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे । (रघु०)	शुद्ध वंश की सन्तान लोक परलोक में सुख दायक होती है ।
संतोष एव पुरुषस्य परं निधानम् ।	सन्तोष ही मनुष्य का सर्वोत्तम कोश है ।
संतोषतुल्यं धनमस्ति नान्यत् ।	सन्तोष के समान धन नहीं ।
संधिं कृत्वा तु हन्तव्यः संप्राप्तेऽवसरे पुनः । (कथा०)	सन्धि करके भी अवसर प्राप्त होने पर शत्रु को मार देना चाहिए ।
सभारत्नं विद्वान् ।	विद्वान् सभा का रत्न है ।
समये हि सर्वमुपकारि कृतम् । (शिशु०)	समय पर किया हुआ सब कुछ उपकारक होता है ।
समानशीलव्यसनेषु सख्यम् ।	समान शील तथा व्यसन वालों में मैत्री होती है ।
सम्पूर्णकुम्भो न करोति शब्दम् ।	भरा हुआ घड़ा शब्द नहीं करता ।
सम्भावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते । (भगवद्गीता)	सम्मानित मनुष्य के लिए अपयश मृत्यु से भी बुरा होता है ।
सरित्पतिर्न हि समुपैति रिक्तताम् । (शिशु०)	समुद्र कभी खाली नहीं होता ।
सरित्पूरप्रपूर्णोऽपि क्षारो न मधुरायते ।	नदियों के जलसमूह से भर जाने पर भी समुद्र मीठा नहीं होता ।
सर्वः कालवशेन नश्यति ।	समय पाकर सब नष्ट होते हैं ।
सर्वः कृच्छ्रगतोऽपि वाञ्छति जनः सत्त्वानुरूपं फलम् ।	विपत्ति पड़ने पर भी सब लोग अपनी योग्यतानुसार फल चाहते हैं ।
सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति । (अभिज्ञान०)	सबको अपनी वस्तु सुन्दर दिखाई देती है ।
सर्वः प्रियः खलु भवत्यनुरूपचेष्टः । (शिशु०)	अनुकूल चेष्टाओं वाले सब व्यक्ति प्यारे लगते हैं ।
सर्वं कार्यवशाज्जनोऽभिरमते तत्कस्य को वल्लभः ?	लोग सभी को कार्यवश प्यारे लगते हैं, वैसे कौन किसका प्रिय है ?
सर्वं जीवद्भिराप्यते (कथा०)	जीवित मनुष्य सब कुछ पा लेते हैं ।
सर्वं रत्नमुपद्रवेण सहितं निर्दोषमेकं यशः ।	सब रत्नों में कोई न कोई दोष होता है, निर्दोष तो केवल यश है ।

सर्वं शून्यं दरिद्रस्य ।	दरिद्र के लिए सब कुछ सूना है ।
सर्वं सावधि नावधि कुलसुवां प्रेम्ण परं केवलम् ।	सबकी सीमा है परन्तु कुलीन नारियों के प्रेम की सीमा नहीं ।
सर्वनाशाय मातुल ।	मामा सर्वनाश कर देता है ।
सर्वलोकप्रतिष्ठायां यतन्ते बहवो जना. ।	बहुत से व्यक्ति लोगों में प्रतिष्ठा पाने के लिए उद्योग करते हैं ।
सर्वांगे दुर्जनो विषम् ।	*दुष्टजन के सभी अंगों में विष रहता है ।*
सर्वारम्भास्तण्डुलप्रस्थमूला ।	सभी उद्योग दूसेरी भर धान के लिए हैं ।
सर्वास्ववस्थासु रमणीयत्वमाकृतिविशेषाणाम् । (अभिज्ञा०)	सुंदर व्यक्ति सभी दशाओं में सुंदर लगते हैं ।
सर्वे गुणा. काञ्चनमाश्रयन्ते ।	सभी गुण धन पर आश्रित रहते हैं ।
सलज्जा गणिका नष्टा ।	लज्जाशील वेश्या नष्ट हो जाती है ।
स सुहृद्व्यसने य स्यात् ।	जो विपत्ति में सहायक है, वही मित्र है ।
सहते विपत्सहस्रं मानी नैवापमानलेशमपि ।	मानी मनुष्य सहस्रों कष्ट सह लेता है, परन्तु तनिक सा भी अपमान नहीं ।
सहसा विदधीत न क्रियाम् अविवेक परमापदां पदम् ।	कोई भी कार्य एकाएक न करना चाहिए, अविवेक भारी आपत्तियों का कारण है ।
सहस्रेषु च पण्डित. ।	सहस्रों में कोई एक विद्वान् होता है ।
सागरं वर्जयित्वा कुत्र महानद्यवतरति ? (अभिज्ञा०)	बड़ी नदी सागर के सिवा कहाँ आश्रय लेती है ?
साधने हि नियमोऽन्यजनानां योगिनां तु तपसाखिलसिद्धि । (नैषध०)	साधारण जन साधनों से कार्य सिद्ध करते हैं, योगियों को तप से सब सिद्धियाँ मिलती हैं ।
साधु सीदति दुर्जन प्रभवति प्रायः कलौ दुर्युगे ।	इस कलियुग नाम के बुरे युग में सज्जन दुःख पाते हैं और दुर्जन अधिकार जमाते हैं ।
साधूनां दुर्जनाद् भयम् ।	सज्जनों को दुर्जनों से भय होता है ।
सानुकूले जगन्नाथे विप्रिय सुप्रियो भवेत् ।	भगवान् अनुकूल हो तो विरोधी भी मित्र *बन जाते हैं ।*
सामानाधिकरण्यं हि तेजस्तिमिरयो. कुत ? (शिशुपालवधे)	प्रकाश और अन्धकार एकत्र कैसे रह सकते हैं ?
सारं गृह्णन्ति पण्डिता ।	बुद्धिमान् सारग्राही होते हैं ।
सिद्धिर्भूषयते विद्याम् ।	सिद्धि विद्या को अलंकृत करती है ।
सुकविता यद्यस्ति राज्येन किम् ?	यदि सुंदर काव्य रचना आती हो तो राज्य में क्या लाभ है ?
सुकृती चानुभूयैव दु खमश्नुते सुखम् । (कथा०)	सुकर्मी मनुष्य दु ख सहकर भी सुख भोगता है ।
सुखमास्ते नि स्पृह पुरुष ।	कामनारहित मनुष्य सुखी रहता है ।
सुखार्थिन कुतो विद्या ?	सुखैषी को विद्या कहाँ ?
सुतप्तमपि पानीयं शमयत्येव पावकम् ।	पानी भले ही खूब गर्म हो फिर भी अग्नि को शान्त कर ही देता है ।
सुलभा रम्यता लोके दुर्लभं हि गुणार्जनम् । (किरात०)	संसार में सुन्दरता सुलभ है, गुण धारण दुर्लभ ।
सुलभो हि द्विषां भङ्गो, दुर्लभा सत्स्ववाच्यता । (किरात०)	शत्रु का नाश करना सरल है, सज्जनों में रहना दुर्लभ ।

सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम्। (शिशु०)	सूर्य के अस्त हो जाने पर कमल अपनी शोभा को धारण नहीं करता।
सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्रा? (रघुवंश)	जब सूर्य चमक रहा हो तब रात्रि लोगों की दृष्टि कैसे बंद कर सकती है?
सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः।	सेवा रूपी धर्म अत्यन्त कठिन है, योगी भी वहाँ तक नहीं पहुँच सकते।
स्तोत्रं कस्य न तुष्टये? (कुमार०)	प्रशंसा से कौन प्रसन्न नहीं होता?
स्त्रियश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं देवो न जानाति कुतो मनुष्यः?	स्त्री के चरित्र और पुरुष के भाग्य को भगवान भी नहीं जानता, मनुष्य भला क्या जानेगा?
स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः।	पति हीन स्त्रियाँ नष्ट हो जाती हैं।
स्त्रीणां पतिः प्राणा न बान्धवाः। (कथा०)	स्त्रियों का जीवन पति है, बन्धु नहीं।
स्त्रीणां प्रियालोकफलो हि वेषः। (कुमार०)	स्त्रियाँ सौन्दर्यवर्द्धक परिधान पहनती हैं।
स्त्री पुंवच्च प्रभवति यदा तद्धि गेहं विनष्टम्।	जब स्त्री पुरुषवत् प्रभावशाली हो जाती है तब घर नष्ट हो जाता है।
स्त्रीबुद्धिः प्रलयावहा।	स्त्री की बुद्धि प्रलयकारिणी होती है।
स्त्रीभिः कस्य न खण्डितं भुवि मनः?	भूमि पर स्त्रियों ने किस के हृदय को खण्डित नहीं किया?
स्त्री विनश्यति रूपेण।	स्त्री रूप से नष्ट होती है।
स्त्रीषु वाक्संयमः कुतः? (कथा०)	स्त्रियों में वाणी का संयम कहाँ?
स्नापितोऽपि बहुशो नदीजलैर्गर्दभः किमु हयो भवेत् क्वचित्?	नदी के जल में बहुत बार नहाने पर भी क्या कहीं गधा भी घोड़ा बनता है?
स्नुषात्वं पापानां फलमधनगेहेषु सुदृशाम्।	निर्धन घरों की पुत्रवधू बनना सुन्दरियों के पापों का फल है।
स्पृशन्ति न नृशंसानां हृदयं बन्धुबुद्धयः। (नैषध०)	सम्बन्धियों की सीख क्रूर जनों के हृदय को प्रभावित नहीं करती।
स्पृशन्त्यास्तारुण्यं किमिव न हि रम्यं मृगदृशः?	यौवन में प्रविष्ट होती हुई मृगनयनी की कौनसी बात सुंदर नहीं होती?
स्वकर्मसूत्रग्रथितो हि लोकः।	संसार अपने कर्मों के सूत्र से गूँथा हुआ है।
स्वगृहे पूज्यते मूर्खः।	मूर्ख अपने घर में ही पूजा जाता है।
स्वग्रामे पूज्यते प्रभुः।	ग्रामपति अपने गाँव में ही पूजा जाता है।
स्वदेशजातस्य नरस्य नूनं गुणाधिकस्यापि भवेदवज्ञा।	अपने देश के गुणी व्यक्ति की भी उपेक्षा की जाती है।
स्वदेशे पूज्यते राजा।	राजा की पूजा अपने ही देश में होती है।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।	अपने धर्म में मरना अच्छा है, पर धर्म भयंकर होता है।
स्वपन्त्यज्ञा हि निश्चेष्टाः, कुतो निद्रा विवेकिनाम्?	अज्ञानी गहरी नींद में सोते हैं, विवेकियों को नींद कहाँ?
स्वपदात्प्रच्यवमानस्य कस्याज्ञां को हि मन्यते? (कथा०)	अपनी पदवी से च्युत हुए की आज्ञा कौन मानता है?
स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्।	परोपकारियों का यह स्वभाव ही है।
स्वभावतः सर्वमिदं हि सिद्धम्।	यह सब स्वभाव से ही सिद्ध है।

स्वभावस्वच्छानां पतनमपि भाग्य हि भवति ।	स्वभावतः पवित्र व्यक्तियों का पतन भी भाग्यवश ही होता है ।
स्वयमेव हि वातोऽग्नेः सारथ्यं प्रतिपद्यते । (रघु०)	पवन स्वयमेव अग्नि का सारथि बन जाता है ।
स्वसुखं नास्ति साध्वीनां तासां भर्तृसुखं सुखम् । (कथा०)	सतियों का अपना कोई सुख नहीं होता वे पति के सुख को ही अपना सुख समझती हैं।
स्वस्थः को वा न पण्डितः ?	कौन स्वस्थ मनुष्य बुद्धिमान् नहीं ?
स्वस्थे चित्ते बुद्धयः सम्भवन्ति ।	स्वस्थ चित्त में ही सुविचार उत्पन्न होते हैं ।
स्वादुभिस्तु विषयैर्हृतस्ततो दुःखमिन्द्रियगणो निवार्यते । (रघु०)	स्वादिष्ट विषयों से आकर्षित इन्द्रियों को उनसे हटाना कठिन है ।
स्वाधीना दयिता सुतावधि ।	सन्तान से पूर्व ही स्त्री स्वाधीन होती है ।
हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः । (अभिज्ञा०)	हंस दूध ले लेता है और उसमें मिले जल को छोड़ देता है।
हं हो पद्मसर ! कुत्र कतिपयैर्हंसैर्विना श्रीस्तव ?	अरे कमलसर ! कुछ हंसों के बिना तुम्हारी शोभा कहाँ ?
हतं ज्ञानं क्रियाहीनम् ।	क्रिया-रहित ज्ञान व्यर्थ है ।
हतं निर्नायकं सैन्यम् ।	सेनानी के बिना सेना निकम्मी है ।
हतश्चाज्ञानतो नरः ।	मनुष्य अज्ञान से मारा जाता है ।
हरति मनो मधुरा हि यौवनश्रीः । (किरात०)	यौवन की मधुर शोभा मन को हर लेती है ।
हस्तस्य भूषणं दानम् ।	दान हाथ का गहना है ।
हितः परोऽपि स्वीकार्यो हेयः स्वोऽप्यहितः पुनः । (कथा०)	हितकारक बेगाना भी स्वीकार्य है और अहितकारक अपना भी त्याज्य ।
हितप्रयोजनं मित्रम् ।	मित्र भलाई के लिए ही होता है ।
हितभुक्, मितभुक्, शाकभुक् ।	हितकर वस्तु खानेवाला, थोड़ा खानेवाला, साग-सब्जी खानेवाला (स्वस्थ रहता है)।
हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः । (किरात०)	हितकर तथा मनोहर वचन दुर्लभ है ।
हितोपदेशो मूर्खस्य कोपायैव न शान्तये । (कथा०)	हितकारक उपदेश मूर्ख को कुपित करता है, शान्त नहीं ।
हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकापि वा । (रघुवंश०)	सुवर्ण की खराई-खोटाई अग्नि में ही परखी जाती है ।
अर्थो हि लोके पुरुषस्य बन्धुः ।	संसार में धन ही मनुष्य का बन्धु है ।

द्वितीय परिशिष्ट

हिन्दी सूक्तियों के संस्कृत पर्याय

हिन्दी	संस्कृत
अंगूर खट्टे हैं।	१ अलभ्य हीनमुच्यते। २ दुष्प्राप्या द्राक्षा अम्ला।
अंडा सिखावे बच्चे को तू चीं-चीं मत कर।	१ बालः शिक्षयति वृद्धान्। २ वृद्धानां मन्त्री बालः।
अंडे सेवे कोई बच्चे लेवे कोई।	पश्येह मधुकरीणां सञ्चितमर्थं हरन्त्यन्ये।
अंडे होंगे तो बच्चे बहुतेरे हो जायेंगे।	स्थिरे मूले ध्रुवा वृद्धिः।
अन्तःकरण के अनुसार आचरण करे।	मनःपूतं समाचरेत् (मनु०)
अँतड़ी में रूप बुकची में छब्ब।	१ रूपमन्ने छविर्वसने। २ निराहारे कुतो रूपं निर्वसने च कुतश्छविः।
अंत बुरे का बुरा।	१ दुरितस्य दुःखम्। २ दुष्टस्य कष्टम्।
अंत भले का भला।	१ भद्रस्य भद्रम्। २ शुभस्य शुभम्।
अंत मता सो गता।	अन्ते मतिः सा गतिः।
अंदर से काले बाहर से गोरे।	१ विषकुम्भाः पयोमुखाः। २ अन्तः शाक्ता बहिः शैवाः।
अंधा क्या चाहे? दो आँखें।	इष्टलाभः परं सुखम्।
अंधा क्या जाने बसंत की बहार?	१ गुणान्वमन्तस्य न वेत्ति वायसः। २ लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति? ३ न भेकः कोकनन्दिनीकिञ्जल्कास्वादकोविदः। (कथासरित्सागर)
अंधा गुरु बहरा चेला, दोनों नरक में ठेलमठेला।	अन्धस्यान्धानुलग्नस्य विनिपातः पदे पदे।
अंधा बाँटे रेवड़ियाँ फिर फिर अपनों ही को।	विवेकरहितः खलु पक्षपाती।
अंधी पीसे कुत्ता खाय।	पश्येह मधुकरीणां सञ्चितमर्थं हरन्त्यन्ये। (पंचतन्त्र)
अंधे के आगे रोवे अपने दीदे खोवे।	१ अरण्ये रोदनं व्यर्थं भस्मनि हुतमेव च। २ अरण्यरुदितमिव निष्प्रयोजनम्।
अंधे के हाथ बटेर लगना।	अन्धस्य वर्तकीलाभः।
अंधे को अंधा कहने से बुरा मानता है।	न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्।
अंधे को अँधेरे में बड़े दूर की सूझी।	बालिशस्य मतिस्फूर्तिः।
अंधे को सब अंधे ही दीखते हैं।	१ पित्तेन दूने रसने सिताऽपि तिक्तायते। २ पश्यति पित्तोपहतः शशिशुभ्रं शङ्खमपि पीतम्।
अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा।	नृपे मूढे नयः कुतः?
अंधों ने गाँव लूटा दौड़ियो रे लँगड़े।	१ अयं वन्ध्यासुतो याति खपुष्पकृतशेखरः। २ अन्धैर्लुण्ठितो ग्रामः पङ्गो रे धाव सत्वरम्।

अंधों में काना राजा।	१ निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते। २ यत्र विद्वज्जनो नास्ति श्लाघ्यस्तत्राल्पधीरपि।
अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।	उत्पतितोऽपि चणकः शक्तः किं भ्राष्ट्रं भङ्क्तुम्?
अक्ल बड़ी कि भैंस?	१ बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निर्बुद्धेस्तु कुतो बलम्। (पंचतन्त्र) २ मतिरेव बलाद् गरीयसी। ३ प्रज्ञा नाम बलं श्रेष्ठं निष्प्रज्ञस्य बलेन किम्?
अक्लमंद को इशारा, अहमक को फटकारा।	विज्ञाय संज्ञा, मूढाय दण्डः।
अक्लमंद को इशारा ही काफी है।	१ अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः। २ परेङ्गितज्ञानफला हि बुद्धयः।
अच्छी बात बच्चे की भी मान लेनी चाहिए।	युक्तियुक्तं प्रगृह्णीयाद् बालादपि विचक्षणः।
अच्छी वस्तु स्वयमेव प्रसिद्ध हो जाती है।	न हि कस्तूरिकामोदः शपथेन विभाव्यते।
अच्छी संतान सुख की खान।	१ मतति शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे। (रघु०) २ सुखमूलं सुसन्ततिः।
अटका बनिया देय उधार।	परवशैः किं न क्रियते?
अटकेगा सो भटकेगा।	संशयात्मा विनश्यति।
अढ़ाई पाव कणकी चौबारे रसोई।	निस्सारस्य पदार्थस्य प्रायेणाडम्बरो महान्।
अति का भला न बोलना, अति की भली न चुप्प। अति का भला न बरसना, अति की भली न धुप्प।	अति सर्वत्र वर्जयेत्।
अदले का बदला।	१ कृते प्रतिकृतिं कुर्यात्। २ भद्रो भद्रे खलः खले। ३ शठे शाठ्यं समाचरेत्।
अधजल गगरी छलकत जाय।	अर्द्धो घटो घोषमुपैति नूनम्।
अधिकार बड़ा है न कि बल।	स्थानं प्रधानं न बलं प्रधानम्। (पंचतन्त्र)
अधेला न दे, अधेली दे।	१ अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन् विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम्। (रघुवंश) २ पणमदत्त्वा निष्कं प्रयच्छति।
अनहोनी होती नहीं होनी होवनहार।	न यद् भावि न तद् भावि भावि चेन्न तदन्यथा। (हितोपदेश)
अपना अपना गैर गैर।	निजो निज एव परः परश्च।
अपना ढेंगर न देखे दूसरों की फुल्ली निहारे।	खलः सर्षपमात्राणि परच्छिद्राणि पश्यति। आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति॥ (महाभारत)
अपना पेट तो कुत्ता भी भर लेता है।	१ जठरं को न बिभर्ति केवलम्? २ काकोऽपि जीवति चिराय बलिञ्च भुङ्क्ते।
अपना पैसा खोटा तो परखैया का क्या दोष?	१ आत्मीया सदोषा चेत् को लाभः परदूषणे? २ समले सुवर्णे निकषो न निन्द्यः।
अपना वही जो आए काम।	१ स एव बन्धुः सहायको यः। २ परोऽपि हितवान् स्वीयः।
अपना हाथ जगन्नाथ।	स्वातन्त्र्यमिष्टप्रदम्।
अपनी अपनी डफली अपना अपना राग।	स्वार्थसिद्धौ हि ये मग्नास्तेषां साम्मत्यं कुतः?

अपनी इज़्ज़त अपने हाथ।	१ लोके गुरुत्व विपरीतता वा स्वचेष्टितान्येव नर नयन्ति। २ निजाधीनं स्वगौरवम्।
अपनी करनी पार उतरनी।	कृत्ये स्वकीये. खलु सिद्धिलब्धिः।
अपनी ग़रज़ बावली होती है।	१. अर्थार्थी जीवलोकोऽय श्मशानमपि सेवते। (पचतत्र) २. किन्न कुर्वन्ति स्वार्थिन· ?
अपनी गली में कुत्ता भी शेर होता है।	निजमदननिविष्ट श्वा न सिंहायते किम् ?
अपनी छाछ को कोई खट्टी नहीं कहता।	१. सर्व स्वात्मीय कान्त पश्यति। २ न हि कश्चिन्निजं तक्रमम्लमित्यभिभाषते।
अपनी देह किसे प्यारी नहीं ?	(अशेषदोषदुष्टोऽपि) कायः कस्य न वल्लभ ? (पंचतत्र)
अपनी नाक कटे तो कटे दूसरों का सगुन तो बिगड़े।	आत्मक्षत्याऽपि विघ्नन्ति परकर्माणि दुर्जना।
अपनी पगडी अपने हाथ।	दे 'अपनी इज्जत अपने हाथ'।
अपनी बुद्धि पराया धन कई गुना दीखता है।	स्वमति परधनञ्चैव वृद्धवृद्धं हि दृश्यते।
अपने गरीवान में मुँह डाल कर देखना।	विरूपो यावदादर्शे पश्यति नात्मनो मुखम्। मन्यते तावदात्मानमन्येभ्यो रूपवत्तरम्। (महाभारत)
अपने दही को कोई खट्टा नहीं कहता।	दे 'अपनी छाछ को...'
अपने पाँव पर आप कुल्हाड़ा मारना।	१ दु·खसदन स्वदोषेण। २.स्वकरेणागारकर्षणम्।
अपने मुँह मियाँ मिट्ठू।	इन्द्रोऽपि लघुता याति स्वयं प्रख्यापितैर्गुणैः।
अपयश से मौत भली।	सम्भावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते। (गीता)
अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत।	१. निर्वाणदीपे किमु तैलदानम् ? २. गतस्य शोचन नास्ति। ३. गत शोचन्त्यपण्डिता.। ४ गते शोको निरर्थकः।
अभी दिल्ली दूर है।	अद्यापि दूरतः सिद्धि.।
अमीर को जान प्यारी, गरीब को जान भारी।	धनाढ्यो रक्षति प्राणान् निर्धनस्त्यक्तुमिच्छति।
अरहर की टट्टी गुजराती ताला।	पाषाणे मृगमदलेप.।
अलख़ामोशी नीमरज़ा।	मौन स्वीकारलक्षणम्।
अल्पाहारी सदा सुखी।	अल्पाहारी सदासुखी।
अशरफ़ियाँ लुटीं, कोयलों पर मुहर।	१. निष्कापव्यय, पणरक्षणम्। २. चन्दनदाह·, शमीरक्षा।
अस्सी की आमद चौरासी का ख़र्च।	१. अल्प आयो व्ययो महान्। २. न्यूनायेऽधिकव्ययः।
आँख और कान में चार अंगुल का फ़र्क़ होता है।	श्रवणे दर्शने चैव वर्तते महदन्तरम्।
आँख न दीदा काढ़े कसीदा।	अन्धो वीक्षितुमुद्यत।
आँख से दूर दिल से दूर।	१. दूरता स्नेहनाशिनी। २. नयनदूरं मनोदूरम्।
आँखों के अंधे नाम नयन-सुख।	१ यस्य पार्श्वे धनन्नास्ति सोऽपि धनपाल उच्यते। २ वित्तेन हीनो नाम्ना नरेशः।

	३ ज्ञानेन हीनोऽपि सुबोधर्मश ।
	४ गुणैर्विरहितोऽपि गुणाकराख्य ।
आँधी के आम ।	अल्पार्धद्रव्यम् ।
आई को कौन टारे ?	१ अपि धन्वन्तरिर्वैद्य किं करोति गतायुषि ?
	२ मृत्योर्नास्ति भेषजम् ।
आई तो ईद बरात न आई तो जुम्मेरात ।	सघृत भोजन वित्ते, दारिद्र्ये शुष्कमेव च ।
आई थी आग लेने मालिक बन बैठी ।	१ सूचीप्रवेशे मुसलप्रवेश ।
	२ अनलार्थं समायाता सञ्जाता गृहस्वामिनी ।
आई है जान के साथ जायगी जनाज़े के साथ	जीवनभगिनी रुजा ।
आए की खुशी न गए का गम ।	१ सन्तुष्ट सदासुखी ।
	२ लाभालाभयो सम ।
आग पानी का मेल कैसे हो सकता है ?	१ सामानाधिकरण्य हि तेजस्तिमिरयो कुत ?
	२ जलानलयो सङ्गम कुत ?
आग लगने पर कूआँ नहीं खोदा जाता ।	१ सन्दीप्ते भवने तु कूपखनन प्रत्युद्यम कीदृश ? (नीतिशतक)
	२ न कूपखनन युक्त प्रदीप्ते वह्निना गृहे ।
आग लगा पानी को दौड़े ।	१ अन्तदुष्ट क्षमायुक्त सर्वानर्थकर किल ।
	२ विषकुम्भ पयोमुख ।
आगे कूआँ पीछे खाई ।	इत कूपस्ततस्तटी ।
आगे जगह देखकर पाँव रखा जाता है ।	१ दृष्टिपूत न्यसेत्पादम् । (मनु०)
	२ नासमीक्ष्य पर स्थान पूर्वमायतनं त्यजेत् ।
आगे दौड़ पीछे चौड़ ।	पूर्वाधीन तु विस्मृत्य अग्रस्थं प्रत्युत्सुक ।
आगे नाथ न पीछे पगहा, सब से भला कुम्हार का गदहा ।	का चिन्ता बन्धुहीनस्य ?
आज का काम कल पर मत छोड़ो ।	यदद्य कार्यं न श्व कुर्यात् ।
आदत सिर के साथ जाती है ।	अभ्यासो हि दुस्त्यज ।
आदि बुरा अंत बुरा ।	१ दुरारम्भो दुरन्त स्यात् ।
	२ दुर्बीजात्सुफलं कुत ?
आधा तीतर आधा बटेर ।	विषमयोगो न युज्यते ।
आधी छोड़ सारी को धावे, ऐसा डूबे थाह न पावे ।	यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवाणि निषेवते । ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति अध्रुवं नष्टमेव तु ॥
आप मरे जग परलै ।	१ आत्मप्रलये जगत्प्रलय ।
	२ आत्मनाशे जगन्नाश ।
आप मरे बिना स्वर्ग नहीं मिलता ।	१ नात्मप्रयत्न विना सिद्धि ।
	२ यावन्न निधनं तावन्न स्वर्ग ।
आप हारे बहू को मारे ।	निजापराधे भृत्यस्य भर्त्सनम् ।
आ बला, गले लग ।	विपत्ते ! परिष्वजस्व माम् ।
आमों की कमाई नींबू में गँवाई ।	इतो लाभस्तत क्षति ।
मुर्वीपतिः पालनमर्थलिप्सया ।
तस्येन्द्रवंशेऽपि गृहीतजन्मनः
सञ्जायते श्रीः प्रतिकूलवर्तिनी ॥

(ख) यों ही बड़ा हेतु हुए बिना कहीं,
होते बड़े लोग कठोर यों नहीं।
वे हेतु भी यों रहते सुगुप्त हैं,
ज्यों अद्रि अम्भोनिधि में प्रसुप्त हैं॥ (चन्द्रहास)

(३) तोटक

लक्षण—इह तोटकमम्बुधिसैः प्रथितम्। (पादान्त में विराम)

अर्थ—तोटक के प्रत्येक चरण में चार सगण होते हैं।

उदाहरण—

स स स स

(क) त्यज तोटकमर्थनियोगकरं
। । ऽ, । । ऽ, । । ऽ, । । ऽ
प्रमदाऽधिकृतं व्यसनोपहतम्।
उपधाभिरशुद्धमतिं सचिवं
नरनायक! भीरुकमायुधिकम्॥ (छन्दोवृत्ति)

(ख) अब लौं न कहीं वह देश मिला,
इसका न जिसे उपदेश मिला।
उस गौरव के गुण अस्त हुए,
गुरु के गुरु शिष्य समस्त हुए॥ (नाथूराम शंकर)

(४) द्रुतविलम्बित

लक्षण—द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ। (पादान्त में विराम)

अर्थ—द्रुतविलम्बित के प्रत्येक चरण में नगण, भगण, भगण और रगण के क्रम से १२ अक्षर होते हैं।

उदाहरण—

न भ भ र

(क) तरणिजापुलिने नववल्लवी-
। । ।, ऽ । ।, ऽ । ।, ऽ । ऽ
परिषदा सह केलिकुतूहलात्।
द्रुतविलम्बितचारुविहारिणं
हरिमहं हृदयेन सदा वहे॥ (छन्दोमञ्जरी)

(ख) मन! रमा रमणी रमणीयता,
मिल गई यदि ये विधि योग से।
पर जिसे न मिली कविता-सुधा
रसिकता सिकता-सम है उसे॥ (रामचरित उपाध्याय)

(५) मौक्तिकदाम

लक्षण—चतुर्जगणं वद मौक्तिकदाम। (पादान्त में विराम)

अर्थ—मौक्तिकदाम (हिन्दी, मोतियदाम) छंद के प्रत्येक चरण में चार जगण के क्रम से १२ अक्षर होते हैं।

उदाहरण—

ज ज ज ज

(क) मया तव किञ्चिदकारि कदापि,
। ऽ ।, । ऽ ।, । ऽ ।, । ऽ ।
विलासिनि ! वाक्यमसुस्मरताऽपि ।
तथापि मनस्तव नाश्वरानाय,
व्रजामि कुतो भवतीमपहाय ॥ (वाणीभूषण)

(ख) बड़े जन की नहिं माँगन जोग,
फबैं छल साधन में लघु लोग।
रमापति विष्णु अखग अनूप,
धर्यो एहि कारण वामन रूप ॥ (देवीप्रसाद पूर्ण)

(६) भुजङ्गप्रयात

लक्षण—भुजगप्रयात भवेद्यैश्चतुर्भि । (पादान्त में विराम)

अर्थ—भुजगप्रयात के प्रत्येक चरण में चार यगण के क्रम से १२ वर्ण होते हैं।

उदाहरण—

य य य य

(क) धनैर्निष्कुलीना कुलीना भवन्ति,
। ऽ ऽ, । ऽ ऽ, । ऽ ऽ, । ऽ ऽ
धनैरापदं मानवा निस्तरन्ति ।
धनेभ्य परो बान्धवो नास्ति लोके,
धनान्यर्जयध्वम् धनान्यर्जयध्वम् ॥

(ख) अजन्मा न आरंभ तेरा हुआ है,
किसी से नहीं जन्म तेरा हुआ है।
रहेगा सदा अन्त तेरा न होगा,
किसी काल में नाश तेरा न होगा ॥ (नाथूरामशंकर)

(७) स्रग्विणी

लक्षण—रैश्चतुर्भिर्युता स्रग्विणी सम्मता। (पादान्त में यति)

अर्थ—स्रग्विणी के प्रत्येक पाद में चार रगण के क्रम से १२ अक्षर होते हैं।

उदाहरण—

र र र र

(क) इन्द्रनीलोपलनेव या निर्मिता
ऽ । ऽ, ऽ । ऽ, ऽ । ऽ, ऽ । ऽ
शातकुम्भद्रवालकृता शोभते।
नव्यमेघच्छवि पीतवासा हरे-
र्मूर्तिरास्ता जयायोरसि स्रग्विणी ॥

(ख) वे गृही धन्य हैं जो मनोहारिणी,
मिष्टभाषी सुशीला सदाचारिणी।
धर्मशीला सती धीरताधारिणी,
सुन्दरीयुक्त हैं प्रेमशृङ्गारिणी ॥ (रामनरेश त्रिपाठी)

प्रति चरण १३ अक्षरवाले छन्द

(१) प्रहर्षिणी

लक्षण—म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्। (विराम ३, १०)

अर्थ—प्रहर्षिणी छन्द के प्रत्येक पाद में मगण, नगण, जगण, रगण और गुरु के क्रम से १३ वर्ण होते हैं। तीन और आशा (दिशा १०) पर यति होती है।

उदाहरण—

म न ज र गु

(क) ते रेखाध्वजकुलिशातपत्रचिह्नं,
S SS, I I I, I S I, S I S, S
सम्राजश्चरणयुगं प्रसादलभ्यम्।
प्रस्थानप्रणतिभिरङ्गुलीषु चक्रु-
र्मौलिस्रक्च्युतमकरन्दरेणुगौरम् ॥ (रघुवंश ४।८८)

(ख) मानो जू, रँग रहि प्रेम में तुम्हारे,
प्राणों के, तुमहिं अधार हौ हमारे।
वैसो ही, विचरहु राम हे कन्हाई,
भावे जो, शरद प्रहर्षिणी जुन्हाई ॥ (भानुकवि)

(२) रुचिरा (नामान्तर—अतिरुचिरा)

लक्षण—चतुर्ग्रहैरतिरुचिरा जभस्जगाः। (विराम ४, ९ पर)

अर्थ—रुचिरा या अतिरुचिरा छन्द के प्रत्येक चरण में जगण, भगण, सगण, जगण और गुरु के क्रम से १३ वर्ण होते हैं। चार और ग्रह (९) पर यति होती है।

उदाहरण—

ज भ स ज गु

क्व दा सुखं वरतनु कारणाहते,
I S I, S I I, I I S, I S I, S
तवागतं क्षणमपि कोपपात्रताम्।
अपर्वणि ग्रहकलुषेन्दुमण्डला,
विभावरी कथय कथं भविष्यति ॥ (मालविकाग्निमित्रम् ४।१३)

प्रति चरण १४ अक्षरवाले छन्द

(१) वसन्ततिलका (अन्य नाम-सिंहोन्नता तथा उद्धर्षिणी)

लक्षण—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः।

अर्थ—वसन्ततिलका छन्द के प्रत्येक पाद में तगण, भगण, दो जगण और दो गुरु के क्रम से १४ वर्ण होते हैं।

उदाहरण—

त भ ज ज गुरु

(क) जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं,
ऽ ऽ ।, ऽ । ।, । ऽ ।, । ऽ ।, ऽ ऽ
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं,
सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम्॥ (नीतिशतक)

(ख) रोगी दुखी विपन्न आपत्त में पड़े की,
सेवा अनेक करते निज हस्त से थे।
देसा निकेत व्रज में न मुझे दिखाया,
कोई जहाँ दुखित हो पर वे न होवें॥ (हरिऔध)

प्रति चरण १५ वर्णवाले छन्द

(१) मालिनी

लक्षण—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः। (विराम ८, ७ पर)

अर्थ—मालिनी के प्रत्येक चरण में नगण, नगण, मगण और दो यगण के क्रम से १५ अक्षर होते हैं। भोगी (८), लोक (७) पर यति होती है।

उदाहरण—

न न म य य

(क) मनसि वचसि काये, पुण्यपीयूषपूर्णा-
।।।, ।।।, ऽऽऽ, ।ऽऽ, ।ऽऽ
स्त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभिः प्रीणयन्तः।
परगुणपरमाणून्, पर्वतीकृत्य नित्यं
निजहृदि विकसन्तः, सन्ति सन्तः कियन्तः॥ (नीतिशतक)

(ख) सहृदय जन के जो, कंठ का हार होता,
मुदित मधुकरी का, जीवनाधार होता।
वह कुसुम रँगीला, धूल में जा पड़ा है,
नियति नियम तेरा, भी बड़ा ही कड़ा है॥ (रूपनारायण पांडेय)

(२) चामर (अन्य नाम—तूणक)

लक्षण—तूणकं समानिका पदद्वयं विनान्तियम्॥ (विराम ८, ७)

अर्थ—तूणक या चामर छंद के प्रत्येक चरण में रगण, जगण, रगण, जगण और रगण के क्रम से १५ अक्षर होते हैं। आठवें और पादान्त में यति होती है।

उदाहरण—

र ज र ज र

(क) मा सुवर्णकेतकं निकादि भृङ्गपूरितं,
ऽ ।ऽ, ।ऽ।, ऽ ।ऽ, । ऽ ।, ऽ । ऽ
पंचबाणबाणजालपूर्णहेतितूणकम् ।
राधिका वितर्क्य माधवाद्यमासि माधवे,
मोदमेति निर्भरं त्वया विना कलानिधे॥

(ख) मत्त-दन्ति-राज राजि, बाजिराज राजि कै,
हेम हीर मुक्त चीर, चारु साज साजि कै।
वेष वेषवाहिनी, अशेष वस्तु सोधि यों
दाइजो विदेहराज, भाँति भाँति को दियो ॥ (केशवदास)

प्रति चरण १६ वर्णवाले छन्द

पचचामर

लक्षण—जरौ जरौ ततो जगौ च पचचामरं वदेत् ॥ (८, ८ या ४, ४, ४, ४ पर विराम)

अर्थ—पचचामर छन्द के प्रत्येक पाद में जगण, रगण, जगण, रगण, जगण और गुरु के क्रम से १६ वर्ण होते हैं। ८, ८ या ४, ४, ४, ४ पर यति होनी है।

उदाहरण—

ज र ज र ज गु

(क) सुरद्रुमूलमण्डपे विचित्ररत्ननिर्मिते
। ऽ ।, ऽ । ऽ, । ऽ ।, ऽ । ऽ, । ऽ ।, ऽ
लसद्वितानभूषिते सलीलविभ्रमालसम्।
सुराङ्गनाभयल्लवीकरप्रपंचचामर-
स्फुरत्समीरवीजितं सदाच्युतं भजामि तम् ॥

(ख) उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती ॥ (मैथिलीशरण गुप्त)

प्रति चरण १७ वर्णवाले छन्द

(१) शिखरिणी

लक्षण—रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी। (६, ११ पर विराम)

अर्थ—जिस छन्द के प्रत्येक चरण में यगण, मगण, नगण, सगण, भगण और लघु-गुरु के क्रम से १७ अक्षर हों तथा रस (६) और रुद्र (११) पर यति हो उसे शिखरिणी कहते हैं।

उदाहरण—

य म न स भ ल गु

(क) करे श्लाघ्यस्त्यागः, शिरसि गुरुपादप्रणयिता,
। ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ, । । ।, । । ऽ, ऽ । ।, । ऽ
मुखे सत्या वाणी, विजयिभुजयोर्वीर्यमतुलम्।
हृदि स्वच्छा वृत्तिः, श्रुतमधिगतं च श्रवणयो-
र्विनाप्यैश्वर्येण, प्रकृतिमहतां मण्डनमिदम् ॥ (भर्तृहरि)

(ख) छटा कैसी प्यारी, प्रकृति तिय के चन्द्रमुख की
नया नीला ओढ़े, वसन चटकीला गगन का।
जरी-सा-मा-रूपी, जिस पर सितारे सब जड़े
गले में स्वर्गंगा, अनिल-छिन माला सम पड़ी ॥ (सत्यशरण रतूड़ी)

(२) पृथ्वी

लक्षण—जसौ जसयला वसुग्रहयतिश्च पृथ्वी गुरुः। (८, ९ पर विराम)

अर्थ—पृथ्वी छन्द के प्रत्येक पाद में जगण, सगण, जगण, सगण, यगण और लघु-गुरु के क्रम से १७ वर्ण होते हैं। वसु (८) और ग्रह (९) पर यति होती है।

उदाहरण—

ज स ज स य लगु

(क) लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्
।ऽ।, ।।ऽ, ।ऽ।, ।। ऽ, ।ऽऽ, ।ऽ
पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दितः।
कदाचिदपि पर्यटञ्शशविषाणमासादयेत्
न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्॥ (भर्तृहरि)

(ख) अगस्त ऋषिराज जू, वचन एक मेरे सुनौ,
प्रशस्त सब भाँति भूतल सुदेश जी में गुनौ।
सुनीर तरुखंड मंडित समृद्ध शोभा धरै,
तहाँ हम निवास की, विमल पर्णशाला करैं॥ (रामचन्द्रिका)

(३) हरिणी

लक्षण—नसमरसलागः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता। (६, ४, ७ पर विराम)

अर्थ—हरिणी के प्रत्येक चरण मे नगण, सगण, मगण, रगण, सगण और लघु-गुरु के क्रम से १७ अक्षर होते हैं। छठे, दसवें और सत्रहवें अक्षर के बाद विराम होता है।

उदाहरण—

न स म र स लगु

वहति भुवनश्रेणीं शेषः फणाफलकस्थिता,
।।।, ।।ऽ, ऽऽऽ, ऽ।ऽ, ।।ऽ, ।ऽ
कमठपतिना मध्येपृष्ठं सदा स च धार्यते।
तमपि कुरुते क्रोडाधीनं पयोधिरनादरा-
दहह महतां निःसीमानश्चरित्रविभूतयः॥ (भर्तृहरि)

(४) मन्दाक्रान्ता

लक्षण—मन्दाक्रान्ताम्बुधिरसनगैर्मो भनौ तो गयुग्मम्। (४, ६, ७ पर विराम)

अर्थ—मन्दाक्रान्ता के प्रत्येक पाद में मगण, भगण, नगण, दो तगण और दो गुरु के क्रम से १७ अक्षर होते हैं। अम्बुधि (सागर ४), रस (६) और नग (७) पर यति होती है।

उदाहरण—

म भ न त त गु गु

(क) मौनान्मूकः, प्रवचनपटुर्वाचको जल्पको वा,
ऽऽऽ, ऽ ।।, ।।।, ऽऽ।, ऽऽ ।, ऽऽ
धृष्टः पार्श्वे भवति च वसन्दूरतोऽप्यप्रगल्भः।
क्षान्त्या भीरुर्यदि न सहते प्रायशो नाभिजातः,
सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः॥ (भर्तृहरि)

(ख) जो लवेगा, नृपनि मुझ से, दण्ड दूँगी करोड़ों,
लोटा थाली, सहित तनके, वस्त्र भी बेंच दूँगी।
जो माँगेगा, हृदय वह तो, काढ दूँगी उसे भी
बेटा तेरा गमन मथुरा, मैं न आँखों लखूँगी ॥ (हरिऔध)

प्रतिचरण १९ वर्णवाले छन्द

(१) शार्दूलविक्रीडित

लक्षण—सूर्याश्वैर्मसजस्ततः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्। (१२, ७ पर विराम)

अर्थ—शार्दूलविक्रीडित छन्द के प्रत्येक चरण में मगण, सगण, जगण, सगण, दो तगण और गुरु के क्रम से १९ वर्ण होते हैं। यति सूर्य (१२) और अश्व (७) पर होती है।

उदाहरण—

म स ज स त त गु

(क) केयूराणि न भूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वला,
SSS, I I S, I S I, I I S, S S I, S S I, S
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालंकृता मूर्धजाः।
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते,
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम् ॥ (भर्तृहरि)

(ख) छोटे और बड़े जहाज जल में, देखो वहाँ वे खड़े,
सो भी दृश्य विचित्र किन्तु हमको, वे हानिकारी बड़े।
ले जाते वरवस्तु देशभर की जाने कहाँ को कहाँ,
लाते केवल ऊपरी चटक की, चीजें विदेशी यहाँ ॥ (कन्हैयालाल पोद्दार)

प्रति चरण २० वर्णवाले छन्द

(१) गीतिका

लक्षण—सजजा भरौ सलगा यदा कथिता तदा खलु गीतिका। (५, ७, ८ पर विराम)

अर्थ—गीतिका छन्द के प्रत्येक चरण में सगण, जगण, जगण, भगण, रगण, सगण और लघु गुरु के क्रम से २० वर्ण होते हैं। पाँचवें, बारहवें और बीसवें अक्षर के बाद यति होती है।

उदाहरण—

स ज ज भ र स लगु

(क) करतालचंचलकंकणस्वनमिश्रणेन मनोरमा,
I I S, I S I, I S I, S I I, S I S, I I S, I S
रमणीयवेणुनिनादरंगिमसंगमेन सुखावहा।
बहुलानुरागनिवासरासससुद्भवा तव रागिणे,
विदधौ हरिं खलु वल्लवीजनचारचामरगीतिका ॥

(ख) मज जीव री! सुकणी सुदी सुन मो वहा चित लायके,
नय कान लक्खन जानकी सह राम को नित गायके।
पद मो शरीरहि राम के बल धाम को लय धावहू,
कर बीन लै अति दीन है निज गीति कान सुनावहू ॥ (भानु कवि)

प्रति चरण २१ वर्णवाले छन्द

(१) स्रग्धरा

लक्षण—म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम् । (७, ७, ७ पर विराम)

अर्थ—स्रग्धरा के प्रत्येक पाद में मगण, रगण, भगण, नगण और तीन यगण के क्रम से २१ अक्षर होते हैं। सातवें, चौदहवें और इक्कीसवें अक्षर के अन्त में यति होती है।

उदाहरण—

म र भ न य य य

(क) प्राणाघातान्निवृत्तिः, परधनहरणे संयमः, सत्यवाक्यं,
ऽऽऽ,ऽ।ऽ,ऽ ।।,।।।।ऽ ऽ,।ऽ ऽ,।ऽऽ
काले शक्त्या प्रदानं, युवतिजनकथा, मूकभावः परेषाम् ।
तृष्णास्रोतोविभंगो, गुरुषु च विनयः, सर्वभूतानुकम्पा,
सामान्यं सर्वशास्त्रेष्वनुपहतविधिः, श्रेयसामेष पन्थाः । (भर्तृहरि)

(ख) नाना फूलों-फलों से, अनुपम जग की, वाटिका है विचित्रा,
भोक्ता हैं स्वेच्छा ही, मधुप शुक तथा कोकिला गानशीला ।
चोर भी हैं अनेकों, पर धन हरने में सदा अग्रगामी,
कोई है एक माली, सुधि इन सबकी, जो सदा ले रहा है ॥ (रामनरेश त्रिपाठी)

(ख) वर्णवृत्त, अर्द्धसम छन्द

(१) वियोगिनी (अन्य नाम—सुन्दरी)

लक्षण—विषमे ससजा गुरुः समे, सभरा लोऽथ गुरुर्वियोगिनी ।

अर्थ—वियोगिनी के विषम (प्रथम, तृतीय) चरणों में दो सगण, जगण और गुरु के क्रम से १० १० अक्षर और सम (द्वितीय, चतुर्थ) चरणों में सगण, भगण, रगण, लघु और गुरु के क्रम से ११-११ अक्षर होते हैं। (१०, ११, १०, ११)।

उदाहरण—

स स ज गु

(क) सहसा विदधीत न क्रियाम्,
।।ऽ, ।।ऽ, ।ऽ ।, ऽ
अविवेकः परमापदां पदम् ।
वृणुते हि विमृश्यकारिणं
स भ र लघु
गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥ (किरातार्जुनीय २।३०)
।।ऽ, ऽ ।।, ऽ।ऽ, ।ऽ

(ख) चिर-काल रसाल ही रहा,
जिस भावज्ञ कवीन्द्र का कहा ।
जय हो उस कालिदास की,
कविता-केलि-कला-विलास की ॥ (छन्दरत्नावली)

(२) हरिणप्लुता

लक्षण—सयुगात् सलघू विषमे गुरुर्युजि नभौ भरकौ हरिणप्लुता ।

अर्थ—हरिणप्लुता छन्द के विषम चरणों में तीन सगण और लघुगुरु के क्रम से ११-११ अक्षर और सम चरणों में नगण दो भगण और रगण के क्रम से १२-१२ अक्षर होते हैं।

(११, १२, ११, १२)

उदाहरण—

स स स लगु

स्फुटफेनचया हरिणप्लुता,

।।ऽ,।।ऽ,।।ऽ,।ऽ

वलिमनोज्ञनटा तरणे सुता ।

कलहंसकुलारवशालिनी,

न भ भ र

विहरतो हरति स्म हरेर्मनः ॥ (छन्दोमञ्जरी)

।।।,ऽ ।।,ऽ । ।,ऽ।ऽ

(३) अपरवक्त्र

लक्षण—अयुजि ननरला गुरुः समे ।
तदपरवक्त्रमिदं नजौ जरौ ॥

अर्थ—अपरवक्त्र वृत्त के विषम चरणों में दो नगण, एक रगण और लघु-गुरु के क्रम से ११ ११ अक्षर और समचरणों में नगण, दो जगण और रगण के क्रम से १२ १२ अक्षर होते हैं।

(११, १२, ११, १२)

उदाहरण—

न न र लगु

स्फुटसुमधुरवेणुगीतिभि-

।।।, ।।।,ऽ।ऽ,। ऽ

स्तमपरवक्त्रमवेत्य माधवम् ।

मृगयुवतिगणैः समं स्थिता

न ज ज र

व्रजवनिता धृतचित्तविभ्रमा ॥ (छन्दोमञ्जरी)

।।।,।ऽ ।,।ऽ।,ऽ।ऽ

(४) पुष्पिताग्रा (नामान्तर औपच्छन्दसिक)

लक्षण—अयुजि नयुगरेफतो यकारो,
युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा ।

अर्थ—पुष्पिताग्रा के विषम चरणों में दो नगण, रगण और यगण के क्रम से १२ १२ अक्षर तथा सम चरणों में नगण, दो जगण, रगण और गुरु के क्रम से १३ १३ अक्षर होते हैं।

(१२, १३, १२, १३)

उदाहरण—

न न र य

(क) अथ मदनवधूरुपप्लवान्त

।। ।, ।।।, ऽ।ऽ, । ऽ ऽ

व्यसनकृशा परिपालयांबभूव।

शशिन इव दिवातनस्य लेखा

न ज ज र गु

किरण परिक्षयधूसरा प्रदोषम्॥ (कुमारसम्भव ४।४६)

।।।, ।ऽ।, ।ऽ।, ऽ।ऽ, ऽ

(ख) प्रभु सम नहिं अन्य कोइ दाता,

सुध न जु ध्यावत तीन लोक त्राता।

सकल असत कामना विहाई,

हरि नित सेवहु मित्त चित्त लाई॥ (भानुकवि)

(ग) वर्णवृत्त, विषम छन्द

उद्गता

लक्षण—प्रथमे सजौ यदि सलौ च नसजगुरुकाण्यनन्तरम्।

यद्यथ भनजलगाः स्युरथो सजसा जगौ च भवतीयमुद्गता॥

अर्थ—उद्गता के प्रथम चरण में सगण, जगण, सगण और लघु के क्रम से १० अक्षर, द्वितीय चरण में नगण, सगण, जगण और गुरु के क्रम से १० अक्षर, तृतीय चरण में भगण, नगण, जगण और लघु गुरु के क्रम से ११ अक्षर तथा चतुर्थ चरण में सगण, जगण, सगण, जगण और गुरु के क्रम से १३ अक्षर होते हैं। (१०, १०, ११, १३)

उदाहरण—

स ज स ल

अथ वासवस्य वचनेन,

।। ऽ, ।ऽ।, ।।ऽ, ।

न स ज गु

रुचिरवदनस्त्रिलोचनम्।

।।।, ।।ऽ, । ऽ, ।ऽ

भ न ज ल गु

क्लान्तिरहितमभिराधयितुं,

ऽ । ।, ।।।, ।ऽ।, ।ऽ

स ज स ज गु

विधिवत्तपांसि विदधे धनंजयः॥ (किरातार्जुनीय १२।१)

। ।ऽ, ।ऽ।, ।।ऽ, ।ऽ।, ऽ

(घ) मात्रिक वा जाति छन्द

आर्या (विषम छन्द)

लक्षण—यस्याः पादे प्रथमे, द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि ।
अष्टादश द्वितीये, चतुर्थके पञ्चदश सार्या ॥

अर्थ—आर्याछन्द के प्रथम और तृतीय चरण में १२ १२ मात्रायें, द्वितीय में १८ तथा चतुर्थ में १५ मात्रायें होती हैं । (१२, १८, १२, १५ मात्रायें)

उदाहरण—

SS I I I I I I I I

(क) सिंह शिशुरपि निपतति, = १२

I I I I I I S I S I I I S S

मदमलिनकपोलभित्तिषु गजेषु । = १८

I I I I S S I I S

प्रकृतिरियं सत्त्ववता, = १२

I I I I S S I S S S

न खलु वयस्तेजसा हेतु । = १५

(ख) कवि निर्धन भी होकर,
शठ की सेवा कभी न करता है ।
रत्नाकर में जाकर,
हंस कभी क्या विचरता है ॥ (रामचरित उपाध्याय)

पञ्चम परिशिष्ट

संस्कृत-साहित्यकारों का संक्षिप्त परिचय

अनंगहर्ष—ये चेदिदेश के कल्चुरीवंशीय नृप नरेन्द्रवर्धन के पुत्र थे। वास्तविक नाम मायुराज (मातृराज) था। समय अष्टम शतक का उत्तरार्द्ध है। इनकी कृति 'तापस वत्सराज' (नाटक) में उदयन तथा वासवदत्ता की प्रसिद्ध कथा है। 'मायुराजसमो जज्ञे नान्य कल्चुरिः कवि' (राजशेखर)।

अप्पय दीक्षित—इनका जन्म भारद्वाजगोत्रीय रंगराज के गृह में १५५४ ई० में काञ्ची के समीप अडयपलम में हुआ था। ये अनेक वर्षों तक वेल्लोर और विजयनगर की राजसभाओं में सम्मानित रहे। प्रख्यात वैयाकरण भट्टोजीदीक्षित को वेदान्त इन्हीं ने पढाया था। पूर्व तथा उत्तरमीमांसा के ये पारदृश्वा पंडित थे। १६२६ ई० में इन्होंने ग्यारह विद्वान् पुत्रों की उपस्थिति में चिदम्बरम् में सहर्ष प्राणविसर्जन किया। काव्य, अलंकार, तर्क, दर्शन आदि अनेक विषयों पर इन्होंने १०४ ग्रंथों की रचना की जिनमें से काव्यकृतियाँ निम्नलिखित हैं—शिवपञ्चाशिका, दशकुमारचरितसंग्रह, पञ्चरत्नस्तव, शिवकर्णामृत, वैराग्यशतक, भक्तामरस्तव, शान्तिस्तव, रामायण-तात्पर्यनिर्णय, भारतसंग्रह, वरदराजस्तव, आदित्यस्तोत्ररत्न आदि। वसुमतीचित्रसेनविलास (नाटक), चित्रमीमांसा, वृत्तिवार्त्तिक, कुवलयानन्द (अलंकार) आदि के अतिरिक्त इन्होंने कई ग्रंथों पर टीकाएँ भी रची हैं।

अमरुक—इस कवि का वंश, देश, काल आदि अज्ञात है। आनन्दवर्द्धन ने 'ध्वन्यालोक' में इन के 'अमरुकशतक' के शृङ्गारी मुक्तकों की सरसता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। अतः ये नवमी शताब्दी से पूर्व विद्यमान थे। ये शब्द-कवि न थे, रस-कवि थे। हिन्दी के बिहारी, पद्माकर आदि कवियों पर इनके काव्य का पर्याप्त प्रभाव लक्षित होता है।

अश्वघोष—संस्कृत के बौद्ध कवियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। इनका जन्म साकेत में सम्भवतः ब्राह्मणवंश में सुवर्णाक्षी के गर्भ से हुआ था। परम्परानुसार ये महाराज कनिष्क (७८ ई०) के गुरु तथा आश्रित कवि थे। ये दार्शनिक तथा संगीतज्ञ भी थे। बौद्ध बनने के बाद इन्होंने बौद्धधर्म के प्रचार में भरसक सहयोग दिया। 'सौन्दरानन्द' तथा 'बुद्धचरित' इनके प्रख्यात महाकाव्य हैं। 'सौन्दरानन्द' के १८ सर्ग हैं। उनमें बुद्ध के उपदेश से उनके अनुज नन्द द्वारा पत्नी सुंदरी के परित्याग तथा दीक्षाग्रहण की कथा है। 'बुद्धचरित' के २८ सर्गों में से १७ उपलब्ध हैं और बुद्धचरित विषयक हैं। वैदर्भी रीति में रचित ये महाकाव्य संस्कृत काव्यसाहित्य के अलंकार हैं। अश्वघोष संस्कृत के प्रथम बौद्ध नाटककार हैं। इनके तीन नाटक उपलब्ध हुए हैं। 'शारिपुत्र-प्रकरण' नौ अंकों में है और पूर्ण है। इसमें बुद्ध के उपदेश से शारिपुत्र और मौदगल्यायन के दीक्षित होने का उल्लेख है। शेष दो नाटक त्रुटितनामक और खण्डित हैं। उनमें एक का कथानक 'प्रबोधचन्द्रोदय' के समान रूपकात्मक है और दूसरे का 'मृच्छकटिक' के तुल्य वेश्यानायकप्रणयात्मक।

आर्यशूर—ये बौद्धकवि सम्भवतः पाँचवीं शताब्दी में विद्यमान थे। 'जातकमाला' तथा 'पारमितासमास' इनकी दो प्रख्यात कृतियाँ हैं। इनकी कीर्ति का आधार-स्तम्भ 'जातकमाला' है जिसमें महात्मा बुद्ध के ३४ जन्मों की कथाएँ गद्य पद्यमयी सरस भाषा में वर्णित हैं। दूसरे काव्य में दान, शील, क्षान्ति आदि विषयों पर रचना की गई है। 'जातकमाला', 'पालिजातक' के आधार पर रचित स्वतन्त्र कृति है। इसके 'पद्यभाग के समान गद्यभाग भी सुश्लिष्ट, सुन्दर तथा सरस

है।' जातकमाला के कुछ अंश का चीनी में अनुवाद ९६० और ११२७ ई० के मध्य में किया गया था।

कल्हण (कल्याण)—इनके पिता चणपक काश्मीरनरेश हर्ष (१०४८–११०१ ई०) के प्रधानमन्त्री थे। ये अलकदत्त नामक व्यक्ति के आश्रित थे। इन्होंने राज-दरबार से दूर रहकर अपनी प्रख्यात ऐतिहासिक काव्यकृति 'राजतरंगिणी' की रचना सुस्सल के तनुज राजा जयसिंह (११२७–५९ ई०) के शासनकाल में की थी। 'राजतरंगिणी' का निर्मितिकाल ११४८–११५० ई० है। इसमें काश्मीर के राजनीतिक इतिहास, भौगोलिक विवरण, सामाजिक व्यवस्था, साहित्यिक समृद्धि आदि का सविस्तर और रोचक उल्लेख किया गया है। 'राजतरंगिणी' काव्य तथा इतिहास दोनों दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण कृति है जिसमें काश्मीर के प्राचीन काल से लेकर बारहवीं शती तक का विश्वसनीय वृत्त प्रस्तुत किया गया है।

कविराज सूरि—जयन्तपुरी के राजा कामदेव (११८२–९७ ई०) के सभापण्डित माधवभट्ट की ही उपाधि कविराज थी। इनकी रचना 'राघवपाण्डवीय' अपने ढंग की अपूर्व कृति है जिसका अनुकरण परवर्ती अनेक कवियों ने किया। इसका प्रत्येक पद्य श्लिष्ट है और रामायण तथा महाभारत दोनों से सम्बन्धित अर्थ व्यक्त करता है। इसी के अनुकरण पर हरदत्त ने 'राघवनैषधीय', चिदंबर ने 'राघवपाण्डवयादवीय' और विद्यामाधव ने 'पार्वतीरुक्मणीय' नामक काव्यों की सृष्टि की। इस प्रकार की श्लिष्ट रचनाएँ संस्कृत के अतिरिक्त सभी भाषाओं में अलभ्य हैं और सम्भवतः अलभ्य रहेंगी।

कालिदास—कुछ विद्वान् इन्हें ई० पू० प्रथम शताब्दी में मानते हैं तो कुछ छठी शती ईसवी में। कोई इनकी जन्मभूमि काश्मीर मानता है, कोई बंगाल और कोई उज्जयिनी। बहुमत उज्जयिनी के प्रति विशेष पक्षपात तथा सूक्ष्म भौगोलिक परिचय के आधार पर कालिदास उज्जयिनीवासी प्रतीत होते हैं।

कृतियाँ—ऋतुसंहार, कुमारसम्भव, मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय, रघुवंश, अभिज्ञान शाकुन्तल, मेघदूत।

'कुमारसम्भव' तथा 'रघुवंश' महाकाव्य हैं। 'कुमारसम्भव' के १७ सर्गों में शिव-पार्वती के विवाह, कार्तिकेय की उत्पत्ति तथा तारकासुर के वध की कथा है। 'रघुवंश' के १९ सर्गों में सूर्यवंशी राजाओं का कीर्तिगान है। मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशाकुन्तल—तीनों नाटक हैं। प्रथम में राजा अग्निमित्र और मालविका की, द्वितीय में राजा पुरूरवा और अप्सरा उर्वशी की तथा तृतीय में राजा दुष्यन्त और शकुन्तला की प्रेमकथा का वर्णन है। 'ऋतुसंहार' और 'मेघदूत' संस्कृत गीतिकाव्य की प्राचीनतम कृतियाँ हैं। ऋतुसंहार के १४४ पद्यों में षड्ऋतुओं का सुन्दर वर्णन है तथा उनका प्रेमियों के हृदय पर प्रभाव अंकित किया गया है। 'मेघदूत' के १२१ पद्यों में एक निर्वासित विरही यक्ष की मनोव्यथा का हृदयस्पर्शी चित्रण किया गया है। कालिदास की सर्वप्रियता का कारण है उनकी प्रसादपूर्ण, लालित्योपेत, परिष्कृत शैली। इन्होंने सभी ग्रन्थ वैदर्भी रीति में लिखे हैं। उपमाओं में ये अपना जोड़ नहीं रखते। भाव, रस, भाषा, शैली, छंद, अलंकार जिस किसी भी दृष्टि से देखें कालिदास उत्कृष्टतम ठहरते हैं।

कुमारदास—सिंहल की जनश्रुति के अनुसार कुमारदास ने वहाँ ५१७–५२६ ई० तक शासन किया था। आधुनिक विद्वान् इन्हें ६५० और ७५० ई० के बीच में मानते हैं। इनके महाकाव्य 'जानकीहरण' के २५ में से १५ सर्ग ही प्राप्त हैं। कथा रामायण की पुरानी ही है परन्तु वर्णन-शैली अभिरूप है। प्रसाद, सुकुमारता, शब्दसौष्ठव तथा नादसौन्दर्य कृति के उल्लेख्य गुण हैं। राजशेखर (९०० ई०) ने इसकी प्रशंसा में यों लिखा है—

जानकीहरणं कर्तुं रघुवंशे स्थिते सति।
कविः कुमारदासश्च रावणश्च यदि क्षमः॥

रघुवंश की विद्यमानता में जानकीहरण करना या तो रावण का काम है या फिर कुमारदास का।

कृष्ण मिश्र—'प्रबोधचन्द्रोदय' नामक रूपक नाटक के रचयिता कृष्ण मिश्र जेजाकभुक्ति के राजा कीर्तिवर्मा के शासनकाल में ११०० ई० के लगभग विद्यमान थे। भास के 'बालचरित' के समान इस नाटक में विवेक, मोह, ज्ञान, विद्या आदि भावों को स्त्री पुरुष पात्रों के रूप में कल्पित किया गया है। इसी कृति के अनुकरण पर यशःपाल ने 'मोहपराजय', वेंकटनाथ ने 'सङ्कल्पसूर्योदय' तथा कविकर्णपूर ने 'चैतन्यचन्द्रोदय' की रचना की। हिन्दी कवि केशवदास ने 'विज्ञानगीता' में इसका छन्दोबद्ध अनुवाद किया है। दार्शनिक दृष्टि से कृति महत्त्वपूर्ण है।

क्षेमेन्द्र—सिन्धु के पौत्र तथा प्रकाशेन्द्र के पुत्र क्षेमेन्द्र का जन्म काश्मीर के एक धनाढ्य और उदार परिवार में हुआ था। इन्होंने आचार्य अभिनवगुप्त से साहित्याध्ययन किया था। ये ११वीं शती के मध्य में विराजमान थे। शैवमंडल में रहते हुए भी ये परम वैष्णव थे और इसका कारण था भागवताचार्य सोमपाद की शिक्षा।

इनके बृहदाकार अनेक ग्रन्थों में से प्रमुख ये हैं—रामायणमञ्जरी, भारतमञ्जरी तथा बृहत्कथामञ्जरी। ये क्रमशः रामायण, महाभारत और गुणाढ्य की बृहत्कथा के आधार पर रचित स्वतन्त्र काव्यकृतियाँ हैं। 'दशावतारचरित' में विष्णु के दशावतारों का तथा 'बोधिसत्त्वावदान कल्पलता' में जातक कथाओं का सरल सुन्दर वर्णन है। अल्पाकार कृतियों में कलाविलास, चतुर्वर्ग संग्रह, चारुचर्या, नीतिकल्पतरु, समयमातृका और सेव्यसेवकोपदेश व्यवहारविषयक सुन्दर काव्यकृतियाँ हैं। इनकी रचनाएँ साहित्यिकता से पूर्ण भी हैं और लोकोपकार की भावना से ओत प्रोत भी।

गोवर्धनाचार्य—ये बंगाल के अन्तिम हिन्दूनरेश लक्ष्मणसेन (१११६ ई०) की सभा के प्रतिष्ठित कवि थे। 'आर्यासप्तशती' इनकी एकमात्र रचना है जो 'हाल' की 'गाथासप्तशती' के अनुकरण पर रचित है। 'गाथासप्तशती' तो हालकृत संग्रह है परन्तु 'आर्यासप्तशती' केवल आचार्य की रचना है। इसमें संयोग तथा वियोग शृंगार की विविध दशाओं का मार्मिक चित्रण पुष्ट आर्या छन्द में किया गया है। नागरिक ललनाओं की शृङ्गारिक चेष्टाओं तथा ग्रामीण रमणियों की स्वाभाविक उक्तियों का उल्लेख अत्यन्त रमणीय है। हिन्दी के बिहारी आदि शृङ्गारी कवि भी इसके प्रभाव से अछूते नहीं रहे।

जगन्नाथ (पंडितराज)—आंध्र ब्राह्मण जगन्नाथ काशीनिवासी पेरुभट्ट तथा लक्ष्मीदेवी के पुत्र थे। इन्होंने काव्य और अलंकार का अध्ययन अपने पिता से किया और न्याय, व्याकरण आदि विषयों का ज्ञानेन्द्रभिक्षु, महेशाचार्य, खण्डदेव, शेष वीरेश्वर आदि से। दिल्लीश्वर शाहजहाँ (शासन १६२८-६६ ई०) ने इन्हें दाराशिकोह के शिक्षार्थ दिल्ली में बुलवा लिया था। उसके पश्चात् वृद्धावस्था में इनका स्वर्गवास १६७४ ई० में मथुरा में हुआ। कहते हैं, किसी यवनी के प्रेमजाल में फँसने के कारण इन्हें स्वजातीयों का कोपभाजन भी बनना पड़ा था।

गंगालहरी, सुधालहरी, अमृतलहरी, करुणालहरी और लक्ष्मीलहरी इनके सरस काव्यस्तोत्र हैं। 'जगदाभरण' में दाराशिकोह का, 'आसफविलास' (गद्यकाव्य) में नवाब आसफ़खाँ का और 'प्राणाभरण' में कामरूपाधिपति प्राणनारायण का वर्णन है। इनकी अन्य कृतियाँ 'चित्रमीमांसा खंडन', मनोरमाकुचमर्दन' तथा 'भामिनीविलास' हैं। इनकी सर्वोत्तम कृति 'रसगंगाधर' नामक अलंकार शास्त्र है जिसमें इनके प्रकाण्ड पाण्डित्य तथा अप्रतिम काव्यप्रतिभा का पूर्ण परिचय प्राप्त होता है। इन्हें अपने पाण्डित्य और कवित्व पर जो अभिमान था, वह अनुचित न था।

जयदेव—सात अंकों के प्रसिद्ध संस्कृत नाटक 'प्रसन्नराघव' के कर्ता जयदेव का परिचय अभी तिमिराच्छन्न है। सुनते हैं, ये मिथिलावासी थे। ये १४वीं शती से पूर्व हुए हैं। 'प्रसन्नराघव' में रामायणीय कथा सुचारु रीति से चित्रित की गई है। मंजुल पदावली तथा प्रसादोपेत कविता

के कारण नाटक का नाम स्थिर है। 'रामचरितमानस' के कई स्थलों पर इस तार्किक और कवि का प्रभाव स्पष्ट लक्षित होता है।

जयदेव—अमर काव्य 'गीतगोविन्द' के रचयिता जयदेव बंगाधिपति लक्ष्मणसेन (११९६ ई०) के सभारत्न थे। बंगाल के केन्दुबिल्व नामक स्थान में इनका जन्म हुआ था। वे राधा कृष्ण की भक्ति के रस में पूर्णतया पगे हुए थे और उसी रस से पूर्ण 'गीतगोविन्द' नामक गीतिकाव्य भी है। १२ सर्गों का यह गीतिकाव्य इतना सरस व मधुर है कि कालिदास की कृतियों को भी मात करता है। भाव-सौष्ठव, कल्पनोत्कर्ष और सुललित पदावली के कारण रचना अपने ढंग की एक ही है।

तिरुमलाम्बा (रानी)—राजा अच्युत राय की पत्नी तिरुमलाम्बा ने 'वरदाम्बिकापरिणयचम्पू' की रचना १५२९ ४० के बीच में किसी समय की। इसमें अच्युत राय और वरदाम्बिका के प्रेम तथा परिणय का वर्णन है। सम्भव है, रानी ने रूपान्तर से अपनी ही कथा अंकित की हो। कृति से कर्त्री की पुष्ट कल्पना तथा संस्कृत भाषा पर पूर्ण अधिकार का परिचय मिलता है।

त्रिविक्रम भट्ट—शाण्डिल्यगोत्री त्रिविक्रम या सिंहादित्य, नेमादित्य (देवादित्य) के पुत्र थे। राष्ट्रकूट नृपति तृतीय इन्द्र (९१४ ९१६ ई०) के सभाकवि थे। 'नलचम्पू' (दमयन्तीकथा) और मदालसाचम्पू' इनकी विख्यात कृतियाँ हैं। ये संस्कृत-साहित्य के सर्वश्रेष्ठ श्लेष-कवि हैं। 'नलचम्पू' में सरस तथा चमत्कारपूर्ण श्लेषों का प्राचुर्य है। इस कृति के रमणीय उद्धरणों को भोजराज तथा विश्वनाथ ने अनेकत्र उद्धृत किया है। नलचम्पू संस्कृत का प्रथम उपलब्ध चम्पू है।

दण्डी—कहा जाता है कि दण्डी का जन्म भारवि की चौथी पीढ़ी में हुआ था। इनकी माता का नाम गौरी तथा पिता का वीरदत्त था। ये सप्तमी शती के उत्तरार्द्ध तथा अष्टमी के पूर्वार्द्ध में विद्यमान थे और काञ्ची के पल्लवनरेशों की सभा में रहते थे।

इनकी तीन रचनाएँ हैं—दशकुमारचरित, काव्यादर्श तथा अवन्तिसुन्दरीकथा (?)। एक किंवदन्ती के अनुसार इन्होंने काव्यादर्श' की रचना पल्लवनरेश के पुत्र के शिक्षार्थ की थी। 'दशकुमारचरित' नामक प्रख्यात गद्यकाव्य में दस कुमारों के रोमाञ्चजनक चरित प्रस्तुत किये गये हैं। छल-कपट, मारकाट तथा सत्यानृत से परिपूर्ण होने के कारण रचना अत्यन्त सजीव है। पात्रों के चरित्र सुन्दर शैली में हैं तथा हास्य और व्यंग्य से पूर्ण हैं। भाषाशैली के विचार से भी यह रचना स्तुत्य है। भाषा प्रवाहपूर्ण, परिष्कृत तथा मुहावरों से अलंकृत है। जो पदलालित्य दण्डी में है वह अन्यत्र दुर्लभ है। कहा भी है—'दण्डिनः पदलालित्यम्'। कुछ आलोचक वाल्मीकि और व्यास के अनन्तर इन्हें ही तीसरा कवि मानते हैं—

जाते जगति वाल्मीकौ कविरित्यभिधाऽभवत्।
कवी इति ततो व्यासे कवयस्त्वयि दण्डिनि॥

दामोदर मिश्र—इनके महानाटक 'हनुमन्नाटक' की रचना ८५० ई० के पूर्व हुई थी। इसमें १४ अंक हैं और कथानक रामायण पर आधृत है। प्रस्तावना और प्राकृत का अभाव, पद्यों की प्रचुरता, गद्य की न्यूनता, पात्रों की बहुलता तथा विदूषक की अविद्यमानता इसकी मुख्य विशेषताएँ हैं। इसके दो संस्करण हैं—प्रथम दामोदर मिश्र कृत, द्वितीय जिसमें ९ अंक हैं, मधुसूदन-रचित है।

दिङ्नाग—'कुन्दमाला' नाटक के रचयिता दिङ्नाग या धीरनाग (अथवा वीरनाग) पाँचवीं शती के बौद्ध दार्शनिक दिङ्नाग से सर्वथा भिन्न हैं। ये १००० ई० के लगभग हुए हैं। 'कुन्दमाला' की कथा 'उत्तररामचरित' के समान वैदेहीवनवास पर आश्रित है। इस पर उत्तररामचरित का पर्याप्त प्रभाव पड़ा है। यह नाटक 'उत्तररामचरित'-सा सरस तो नहीं परन्तु क्रियाशीलता में उससे बढ़कर है। शैली प्रसादपूर्ण है तथा करुण-रस की व्यञ्जना अच्छी हुई है।

धोयी—जयदेव ने 'गीतगोविन्द' (१४) में धोयी को 'श्रुतिधर' लिखा है। ये गोवर्धनाचार्य तथा जयदेव के साथ राजा लक्ष्मणसेन (११९६ ई०) की सभा में विद्यमान थे। मन्दाक्रान्ता छन्द में लिखे हुए इनके 'पवनदूत' में १०४ पद्य हैं। मलयाचल में कुवलयवती नाम्नी गन्धर्वकन्या दिग्विजयी लक्ष्मणसेन पर आसक्त हो गई और उसने उनके निकट जाने पर पवन द्वारा संदेश भेजा। मेघदूत' का प्रभाव इस कृति पर स्पष्ट दिखाई देता है। काव्य में भावसौष्ठव तथा वाक्यविन्यास मनोरम हैं।

नारायणपण्डित—ये बंगाल के राजा धवलचन्द्र के आश्रित थे। इन्होंने १४वीं शती से पूर्व हितोपदेश' की रचना बहुत सीमा तक 'पंचतंत्र' के आधार पर की। कई श्लोक कामन्दकीय नीतिसार से लिए गए हैं। हितोपदेश में नीतिसम्बन्धी रोचक गद्यपद्यमयी कथाएँ हैं। भाषा सरल एवं सुबोध है।

पद्मगुप्त—ये धारानरेश मुञ्ज तथा उनके पुत्र सिन्धुराज (नवसाहसांक) के सभा-कवि थे। इन्होंने 'नवसाहसांकचरित' काव्य की रचना सं० १००५ ई० के आसपास की थी। काव्य का विषय कृति नाम से ही अनुमित हो जाता है। उसमें सिन्धुराज और शशिप्रभा का विवाह आदि का उल्लेख है। ऐतिहासिक तथ्यों की दृष्टि से भी कृति महत्त्वपूर्ण है। कृति में १८ सर्ग तथा १९ प्रकार के छन्द हैं और कुल १५०० पद्य हैं। भाषा व शैली कालिदास से प्रभावित है। काव्य का माधुर्य तथा वर्णनकौशल प्रशस्य है।

बाणभट्ट—बाणभट्ट के पूर्वज अत्यन्त विद्वान् थे और सोननदीवर्ती प्रीतिकूट नगर में रहते थे। बाण का जन्म वात्स्यायनगोत्री चित्रभानु के गृह में हुआ था। कुसंगति में पड़कर बाण पहले तो आवारा घूमते रहे परन्तु सँभलने पर महान् विद्वान् तथा सम्राट् हर्षवर्धन के सभारत्न बन गये। बाण अपनी 'कादम्बरी' को पूर्ण नहीं कर पाये थे कि काल का निमंत्रण आ पहुँचा। उस अपूर्ण कृति को इनके पुत्र पुलिन या पुलिन्दभट्ट ने पूर्ण किया। कहते हैं बाण का विवाह मयूर कवि की पुत्री से हुआ था और उनकी एक थिक सन्तान थी। बाण का स्फुरण सातवीं शती में हुआ। उनकी प्रख्यात कृतियाँ ये हैं—

१ 'चण्डीशतक' में देवी भगवती की प्रशंसा है।

२ 'हर्षचरित' के प्रथम दो उच्छ्वासों में कवि का आत्मचरित है और शेष छह में हर्ष का चरित। यह रचना बड़ी ओजस्विनी तथा समासबहुला है। संस्कृत की प्राचीनतम उपलब्ध आख्यायिका यही है।

३ कादम्बरी' इनकी उत्कृष्टतम कृति है। दो विभाग (पूर्वार्द्ध) बाणकृत है और उत्तरार्द्ध पुलिन्दरचित। भाव, भाषा, कल्पना, वर्णन, रस-सभी दृष्टियों से कादम्बरी अनुपम है।

४ 'पार्वतीपरिणय' नाटक में शिवपार्वती के विवाह का वर्णन है, कई लोग इसे किसी अन्य बाण की कृति कहते हैं।

५ मुकुटताडितक' नाटक भी इनकी रचना कहा गया है परन्तु अभी तक प्राप्त नहीं हुआ।

किसी ने तो समग्र संसार को ही बाण का जूठा कहा है—'बाणोच्छिष्टं जगत् सर्वम्।' गोवर्धनाचार्य ने तो बाण को वाणी का अवतार ही माना है—

> जाता शिखण्डिनी प्राग् यथा शिखण्डी तथावगच्छामि।
> प्रागल्भ्यमधिकमाप्तुं वाणी बाणो बभूवेति॥

बिह्लण—अपने ऐतिहासिक महाकाव्य 'विक्रमांकदेवचरित' में बिह्लण ने स्वपरिचय भी प्रस्तुत किया है। बिह्लण ज्येष्ठकलश और नागदेवी के पुत्र तथा इष्टराम और आनन्द के भाई थे। आश्रयदाता की खोज में वे काश्मीर से निकलकर मथुरा, प्रयाग, काशी आदि होते हुए कल्याणनगर के चालुक्यवंशीय विक्रमादित्य षष्ठ (१०७६-११२७) की सभा में जा

पहुँचे। उक्त काव्य में कवि ने निज आश्रयदाता तथा उसके वंश का विस्तृत वर्णन किया है। १८ सर्गों के इस काव्य में माधुर्य एवं प्रसाद की भाषा प्रचुर है तथा वैदर्भी रीति प्रयुक्त की गई है। यह काव्य अनूठी सूक्तियों तथा वीर, शृङ्गार और करुण रस से पूर्ण है।

भट्टनारायण—इनका विशेष वृत्त अभी तक अविदित है। सुनते हैं, ये उन पाँच कनौजिया ब्राह्मणों में से थे जिन्हें बंगनरेश 'आदिशूर' ने बंग में वैदिकधर्म प्रचारार्थ बुलाया था। आदिशूर ७१५ ई० में गौडाधिपति के पद पर आसीन हुए थे। इनका नाटक 'वेणीसंहार' ८०० ई० से पूर्व रचा जा चुका था। कवि की उक्त एकमात्र कृति का विषय है महाभारत का युद्ध। रचना में गौड़ी रीति तथा ओजगुण विशिष्ट रूप से मिलता है। नाटकीय सिद्धान्तों के प्रदर्शनार्थ नाटक उपयोगी है।

भट्टि या भट्टिस्वामी—'भट्टिकाव्य' (रावणवध) के रचयिता का विशेष वृत्त अज्ञात है। इस महाकाव्य के अन्तिम पद्य से ज्ञात होता है कि वल्भी नरेश श्रीधरसेन की सभा में कवि समादृत था। भट्टि का समय छठी शती का उत्तरार्द्ध तथा सप्तमी का पूर्वार्द्ध है।

उक्त महाकाव्य की रचना सरलता से व्याकरण सिखाने को की गई थी। इसके २२ सर्गों में १६२४ श्लोक हैं। इसके प्रकीर्ण, प्रसन्न, अलङ्कार और तिङन्त नामक चार भागों में व्याकरण तथा अलंकारों का सुन्दर निरूपण हुआ है। राम-कथा के साथ-साथ पाठक को व्याकरण ज्ञान भी पूर्णतया हो जाता है। काव्यत्व की दृष्टि से भी ग्रन्थ उपादेय है। कवि ने इसके उद्देश्य के विषय में स्वयं लिखा है—

दीपतुल्यः प्रबन्धोऽयं शब्दलक्षणचक्षुषाम्।
हस्तादर्श इवान्धानां भवेद् व्याकरणादृते॥

और इस उद्देश्य की पूर्ति में कृति सफल हुई है।

भर्तृहरि—भर्तृहरि का नाम जितना प्रसिद्ध है उतना ही जीवन चरित अबुद्ध। कुछ लोग इन्हें महाराज विक्रमादित्य का अग्रज मानते हैं परन्तु अधिकतर विद्वान् इन्हें प्रख्यात वैयाकरण भर्तृहरि से अभिन्न कहते हैं। कुछ लोग इन्हें बौद्ध कहते हैं परन्तु इनकी कृतियाँ इन्हें अद्वैतवादी वैदिकधर्मी घोषित करती हैं। इनका समय सप्तमी शती कहा जाता है।

इनके तीन शतक प्रसिद्ध हैं—नीतिशतक, शृङ्गारशतक और वैराग्यशतक। भर्तृहरि ने जो पर्याप्त सांसारिक अनुभव प्राप्त किया था उसी को स्वकृतियों में अंकित कर अक्षय यश प्राप्त किया है। धार्मिक कृतियों में जैसे गीता प्रख्यात है, लौकिक कृतियों में वैसे ही इनकी शतकत्रयी।

भवभूति—इनके नाटकों की प्रस्तावना से विदित होता है कि इनका जन्म विदर्भ (बरार) के पद्मपुर नगर में उदुम्बरवंशी विप्र परिवार में हुआ था। इनका परिवार कृष्णयजुर्वेद का अध्येता तथा सोमयाजी था। ये भट्टगोपाल के पौत्र तथा नीलकण्ठ के पुत्र थे। इनकी जननी का नाम जतुकर्णी था तथा इनका निजी नाम श्रीकण्ठ था। भवभूति इनका प्राप्त प्रदत्त नाम था और ये ज्ञाननिधि के शिष्य थे। इनका जीवन-काल सम्भवतः ६५०-७५० ई० के मध्य में होगा। ये प्रख्यात मीमांसक कुमारिल भट्ट के भी शिष्य थे और दार्शनिक जगत् में भट्ट उम्बेक के नाम से विख्यात थे।

इनके तीन रूपक प्राप्त हुए हैं—महावीरचरित, मालतीमाधव और उत्तररामचरित। महावीरचरित के छह अंकों में श्रीराम का चरित प्रस्तुत किया गया है। नाटक वीररस प्रधान है। मालतीमाधव दस अंकों का विशाल 'प्रकरण' है। इसमें मालती तथा माधव की काल्पनिक प्रेम-कथा को भावपूर्ण ढङ्ग से उपन्यस्त किया गया है। उत्तररामचरित में सीताजीवन का बहुत ही करुणाजनक वर्णन है। सात अंकों की यह रचना भवभूति की सर्वोत्कृष्ट कृति है। इसमें कवि ने राम के विलाप से निर्जीव पत्थरों तक को रुलाया है। कवि ने अपने कल्पना बल से वाल्मीकीय

रामायण के कई प्रसंगों में परिवर्तन कर दिये हैं। इनकी कविता में भाव तथा भाषा का अतुल्य सामञ्जस्य है। भाषा में भावानुकूल परिवर्तन करने में ये विशेष निपुण थे। यों तो सभी रसों की अभिव्यक्ति में ये कुशल थे परन्तु करुणरस की व्यञ्जना में तो विशेष दक्ष थे। नाटककारों में कालिदास के पश्चात् इन्हीं का नाम लिया जाता है।

भारवि—'अवन्तिसुन्दरीकथा' के अनुसार ये दाक्षिणात्य थे और पुलकेशी द्वितीय के अनुज विष्णुवर्धन (शासनकाल ६१५ ई०) के सभाकवि थे। कुछ विद्वान् इन्हें श्रवणकोरवासी बताते हैं। इनका समय ६०० ई० के लगभग है।

'किरातार्जुनीय' महाकाव्य ही इनकी एकमात्र प्राप्त कृति है। महाकाव्य के सभी लक्षण इसमें पूर्णतया विद्यमान हैं। इसका कथानक, जो महाभारत के वनपर्व पर आधृत है, इस प्रकार है—द्यूत में पराजित पाण्डव जब द्वैतवन में रह रहे थे तब उनके गुप्तचर ने दुर्योधन के सुव्यवस्थित शासन की स्तुति की। इस पर द्रौपदी और भीमसेन ने युधिष्ठिर को युद्धार्थ उत्तेजित किया परन्तु धर्मपुत्र ने प्रतिशमग अनुचित माना। वेदव्यास की प्रेरणा से अर्जुन शिवजी से पाशुपतास्त्र प्राप्त करने को इन्द्रकील पर्वत पर पहुँचे। उनकी उग्र तपस्या को अप्सराएँ भी भग्न न कर सकीं। फिर अर्जुन ने किरातवेशी शिव को अपनी शक्ति से प्रसन्न कर पाशुपतास्त्र की प्राप्ति की।

समग्र संस्कृत-वाङ्मय में किरातार्जुनीय-सा ओज पूर्ण काव्य अन्य नहीं है। १८ सर्गों के इस महाकाव्य में प्रधान रस वीर है, अन्य रस गौण। अर्थगौरव अर्थात् थोड़े शब्दों में विशाल और गम्भीर अर्थ को सन्निविष्ट कर देना भारवि की उल्लेख्य विशेषता है जिसके कारण 'भारवेरर्थगौरवम्' उक्ति प्रख्यात हो चुकी है। भारवि का काव्य आपातत कठिन है परन्तु अर्थ व्यक्त होने पर वैसे ही आनन्ददायक सिद्ध होता है जैसे नारियल की जटा और खोल तोड़ देने पर उसका फल। इन्हीं गुणों के कारण महाकाव्यों का बृहत्त्रयी (किरात, माघ और नैषध) में 'किरातार्जुनीय' का स्थान प्रमुख है।

भास—प्रख्यात नाटककार भास के काल के सम्बन्ध में विद्वानों में ऐकमत्य नहीं है। कुछ इन्हें तीसरी शती ईसवी का बताते हैं तो कुछ ई० पू० दूसरी शती का। इनके तेरह नाटक प्राप्त हुए हैं जिनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

१. प्रतिमा नाटक—इसमें रामवनवास से रावणवध तक की घटनाओं का उल्लेख है। कैकय से लौटते हुए भरत देवकुल में दशरथ की प्रतिमा देखकर उनकी मृत्यु का अनुमान करते हैं। अतएव नाटक को उक्त नाम दिया गया है।

२ अभिषेक नाटक—राम के राज्याभिषेक का वृत्त है।

३. पञ्चरात्र—महाभारत से सम्बन्धित एक कल्पित घटना के आधार पर रचा गया है। दुर्योधन की शर्त के अनुसार द्रोण ने पाण्डवों को पाँच रातों में ढूँढ लिया और दुर्योधन ने उन्हें आधा राज्य दे दिया, यही कथानकसार है।

४-८ मध्यमव्यायोग, दूतघटोत्कच, कर्णभार, दूतवाक्य, ऊरुभंग के कथानक महाभारत के विशिष्ट प्रसंगों से सम्बन्धित हैं।

९. बालचरित—का सम्बन्ध बालकृष्ण की लीलाओं से है।

१०. दरिद्रचारुदत्त—इसमें निर्धन परन्तु चरित्रवान् चारुदत्त और गुणग्राहिणी वेश्या वसन्तसेना के प्रणय का चित्रण है।

११ अविमारक—में एक प्राचीन आख्यायिका को नाटकीय रूप दिया गया है।

१२ प्रतिज्ञायौगन्धरायण—इसमें मन्त्री यौगन्धरायण को नीति से वत्सराज उदयन के कारामुक्त होने तथा अवन्तिकुमारी वासवदत्ता से उनके विवाह का वर्णन है।

१३ स्वप्नवासवदत्त—इसे 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' का उत्तरार्द्ध कहना उचित है। इसमें उदयन का मगधकुमारी पद्मावती से विवाह और वासवदत्ता से पुनर्मिलन वर्णित है। यही भास की सर्वोत्तम कृति है।

भास सभी रसों की व्यंजना में कुशल हैं। उनके चरित्र चित्रण मनोवैज्ञानिक हैं और संवाद चुस्त तथा संक्षिप्त। सबसे बड़ी बात यह है कि ये नाटक अभिनय के लिए अत्यन्त उपयुक्त हैं।

भोज—सिंधुल के पुत्र परमार-वंशीय राजा भोज की राजधानी मालवा की धार या धारानगरी थी, जहाँ इन्होंने १०१८–१०६३ ई० तक शासन किया। पिता की मृत्यु के अनन्तर बालक भोज, राज्यलोलुप चाचा मुंज के हाथों कालकवलित होने को थे पर भाग्यवश बच गये। ये बहुत उदार, विद्वान् तथा विद्वानों के आश्रयदाता थे। भोजप्रबन्ध आदि कई ग्रंथों में इनके गुणों की कथाएँ लिखित हैं।

शृङ्गारमञ्जरी (आख्यायिका), विद्याविनोद (काव्य), शिवदत्त (स्तोत्र), शिवतत्त्वरत्नकलिका (शिवस्तोत्रव्याख्या), सुभाषित, सङ्गीतप्रकाशिका, शृङ्गारप्रकाश, रामायणचम्पू और सरस्वती कण्ठाभरण इनकी कृतियाँ कही जाती हैं।

मङ्खक—काश्मीरनरेश महाकवि मंखक प्रख्यात आलंकारिक रुय्यक के शिष्य थे और गुरु-शिष्य दोनों ही काश्मीरनरेश राजा जयसिंह (११२९–५० ई०) के सभापण्डित थे। स्वर्गीय पिता की आज्ञानुसार ही मंखक ने 'श्रीकण्ठचरित' नामक २५ सर्गों के सुन्दर महाकाव्य की रचना की जिसमें शंकर और त्रिपुर का युद्ध वर्णित है। इनकी शैली कालिदासानुसारिणी है। प्राकृतिक दृश्यों, सरस भावों तथा प्रभावक कल्पनाओं को कोमल पदावली में व्यक्त करने में मंखक विशेष कुशल हैं।

मयूरभट्ट—ये बाणभट्ट के सगे सम्बन्धी थे और वाराणसी के पूर्व में रहते थे। बाण के समान ये भी हर्षवर्द्धन की सभा के कवि थे। इन्होंने अपने कुष्ठ रोग के निवारणार्थ स्रग्धरा वृत्त में 'सूर्यशतक' स्तोत्र का प्रणयन किया जो वस्तुतः प्रौढ और मार्मिक कृति है। ये सूर्यदेव के रथ, अश्व आदि उपकरणों के वर्णन में तथा अनुप्रासमयी भाषा के प्रयोग में विशेष सफल हुए हैं।

माघ—महाकवि माघ के पितामह सुप्रभदेव गुजरात के वर्मलात नामक राजा के मुख्यमन्त्री थे और पिता दत्तक प्रकाण्ड विद्वान् तथा वदान्य। माघ का जन्म भीनमाल नगर में हुआ था और ये धारा के भोज से भिन्न किसी अन्य राजा भोज के मित्र थे। सुसम्पन्न कुल में उत्पन्न होने पर भी, कहते हैं इनकी मृत्यु अत्यधिक उदारता के कारण, दरिद्रतावश हुई थी। ये सातवीं शती के उत्तरार्द्ध में विद्यमान थे।

ये अपने एकमात्र उपलब्ध महाकाव्य 'शिशुपालवध' के कारण अमर हो गये हैं। बीस सर्गों के इस महाकाव्य में युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण के हाथों शिशुपाल के वध का विस्तृत वृत्त वर्णन है। काव्य के अध्ययन से माघ की राजनीतिज्ञता और अलंकारप्रियता का अच्छा परिचय प्राप्त हो जाता है। माघ केवल रससिद्ध कवि ही नहीं, सर्वशास्त्रविद् गम्भीर विद्वान् भी थे। शास्त्रीय सिद्धान्तों का जितना सुन्दर सरस प्रतिपादन शिशुपालवध में उपलब्ध होता है, किसी अन्य काव्य में नहीं। माघ का पाण्डित्य सर्वतोमुखी है, वेद तथा दर्शन से लेकर राजनीति तक की विशेषज्ञता इनके ही काव्य में दिखाई देती है। नव-नव शब्दों के प्रयोग तथा व्याकरणानुरूप नव-नव शब्दरूपों के व्यवहार के कारण भी माघ विशेष प्रख्यात हैं।

किसी भारतीय आलोचक का मत है—

उपमा कालिदासस्य, भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिन पदलालित्यं, माघे सन्ति त्रयो गुणाः ॥

मुरारि—'अनर्घराघव' नाटक के रचयिता मुरारि मौद्गल्यगोत्री वर्धमानक तथा तन्तुमती के पुत्र थे। ये सम्भवतः माहिष्मती (दक्षिण में स्थित मान्धाता नगरी) के निवासी थे और ८०० ई०

के लगभग वर्तमान थे। 'अनर्घराघव' सात अंकों का और भवभूति के महावीरचरित से प्रभावित नाटक है। उसमें ताड़कावध से लेकर रामराज्याभिषेक तक की घटनाएँ वर्णित हैं। कविता प्रौढ़ तथा पाण्डित्यपूर्ण है, वर्णन प्रशस्य हैं और शब्दराशि विशाल है। इनकी उपमाओं की मौलिकता देखकर ही कहा गया है—'मुरारेस्तृतीय: पन्था'।

रत्नाकर—काश्मीरी महाकवि रत्नाकर, अमृतभानु के पुत्र और काश्मीर-नरेश जयापीड (८०० ई०) के सभापण्डित थे। इनके 'हरविजय' महाकाव्य में ५० सर्ग तथा ४३२१ पद्य हैं। आकार के कारण ही नहीं, काव्योचित अन्य गुणों के कारण भी यह महाकाव्य संस्कृतवाङ्मय में विशिष्ट स्थान रखता है। यह महाकाव्य ललित, मधुर, प्रसादोपेत भाषा तथा चित्र, यमक और श्लेष के चमत्कारों से मण्डित है।

इस महाकाव्य में शंकर द्वारा अन्धक असुर के वध का वर्णन है। रत्नाकर ने 'शिशुपालवध' को मात करने के लिए इस काव्य का प्रणयन किया था और उनका प्रयास व्यर्थ नहीं हुआ।

राजशेखर—ये 'महाराष्ट्रचूडामणि' कविवर अकालजलद के प्रपौत्र तथा दुर्दुक और शीलवती के पुत्र थे। ये स्वयं यायावर क्षत्रिय थे और इनकी पत्नी अवन्तिसुन्दरी चौहान, संस्कृत और प्राकृत की प्रकाण्ड विदुषी थी। राजशेखर महाराष्ट्र, सम्भवतः विदर्भ के रहनेवाले थे और कन्नौज-नरेश महेन्द्रपाल के गुरु थे। अतः इनका काल नवीं शती का उत्तरार्ध तथा दशमी का पूर्वार्द्ध माना जाता है। राजशेखर धुरंधर विद्वान् थे और अपने को वाल्मीकि तथा भवभूति का अवतार समझते थे। ये भूगोल के बहुत बड़े पण्डित थे परन्तु इनका इस विषय का ग्रन्थ 'भुवनकोश' आज अप्राप्य है। ये संस्कृत, प्राकृत, पैशाची तथा अपभ्रंश के दिग्गज विद्वान् तथा लेखक थे।

इनके चार नाटक उपलब्ध हैं—कर्पूरमंजरी, विद्धशालभंजिका, बालरामायण और बालभारत अथवा प्रचण्डपाण्डव। कर्पूरमंजरी प्राकृत में लिखित एक 'सट्टक' है जिसमें चण्डपाल तथा राजकुमारी कर्पूरमंजरी का विवाह चित्रित किया गया है। विद्धशालभंजिका चार अङ्कों की प्रेमाख्यानात्मक नाटिका है। बालरामायण दस अङ्कों का महानाटक है। बालमहाभारत के दो ही अंक प्राप्त हैं। भाषा-कौशल तथा सुन्दर उक्तियों से युक्त होने पर भी इनके नाटक नाटकीय कला की दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं माने जाते। इनका महाकाव्य 'हरविलास' तो आज उपलब्ध नहीं है परन्तु 'काव्यमीमांसा' इनका अलंकारविषयक प्रौढ़ ग्रन्थ है।

वत्सराज—कालिंजर-नरेश परमर्दिदेव (११६३-१२०३ ई०) के मन्त्री वत्सराज के छह रूपक उपलब्ध हुए हैं—१ किरातार्जुनीय-व्यायोग, २ कर्पूरचरित, ३. हास्यचूडामणि, ४. रुक्मिणीहरण, ५ त्रिपुरदाह और ६ समुद्रमथन। किरातार्जुनीयव्यायोग की रचना भारवि के किरातार्जुनीय के आधार पर हुई है। कर्पूरचरित 'भाण' में धूतकर कर्पूर ने स्वरोचक अनुभव वर्णित किये हैं। हास्यचूडामणि एकांकी प्रहसन है। रुक्मिणीहरण चतुरात्मक 'ईहामृग' है। त्रिपुरदाह चतुरंकी 'डिम' है जिसमें शिव द्वारा त्रिपुर असुर के पुर के विध्वंस का वर्णन है। समुद्रमथन त्र्यंकी 'समवकार' है जिसमें समुद्रमथन तथा लक्ष्मीविष्णु के विवाह का चित्रण है। भास के पश्चात् वत्सराज ने ही अनेक प्रकार के रूपकों की रचना की है। इनके लघ्वाकार नाटकों की शैली सरल और सशक्त है। उनमें नाटकीय क्रियाशीलता और रोचकता प्रचुर है।

वाल्मीकि—कहते हैं वाल्मीकि पहले एक दस्यु थे परन्तु सत्संगति से ऋषि बन गये। वे भारत के आदिकवि माने जाते हैं और रामायण आदिकाव्य। श्रद्धालु लोगों का विश्वास है कि रामायण की रचना श्री राम के आविर्भाव से सहस्रों वर्ष पूर्व की जा चुकी थी परन्तु आधुनिक विद्वान् इसे आज से प्रायः ढाई सहस्र वर्ष पूर्व की कृति बताते हैं। अधिकतर विद्वान् इसके उत्तरकाण्ड को पूर्णतः और बालकाण्ड को अंशतः प्रक्षिप्त मानते हैं। रामायण में २४००० श्लोक हैं जिनमें बहुलता अनुष्टुप् छन्द की है। उत्तरी भारत, बंगाल तथा काश्मीर में रामायण के

जो सम्वरण प्राप्त होते है उनमे पर्याप्त पाठभेद है। सच्चा कवि और उत्तम महाकाव्य कैसा होना चाहिए, यह हमें वाल्मीकि रामायण से ही विदित होता है। सामान्य मनुष्य गृहस्थ बनता है परन्तु गार्हस्थ्य को सफल बनाना कितना दुष्कर है, इसे गृहस्थ ही जानते हैं। इसी उच्च उद्देश्य की सिद्धि का मार्ग वाल्मीकि ने दशरथ, राम, लक्ष्मण, सीता, भरत आदि के दिव्य चरित्रों से प्रशस्त किया है। किसी विद्वान् का यह विचार अत्युक्तियुक्त नहीं है कि ससार भर के साहित्य में सदाचार और काव्यत्व का जितना सुन्दर मिश्रण वाल्मीकि-रामायण में हुआ है, उतना अन्यत्र कहीं नहीं। रामायण करुणरस प्रधान महाकाव्य है। इसमें बाह्य प्रकृति तथा मानवीय प्रकृति का अत्यन्त मनोरम चित्रण हुआ है। यह प्राचीन भारत की सभ्यता का उज्ज्वल दर्पण है। यही कारण है कि इसके उदात्त आदर्शों तथा पवित्र कथा के आधार पर परवर्ती असख्य कवियों ने अपने काव्य, नाटक, चम्पू आदि की रचना की तथा इस पर तिलक, शृङ्गारतिलक, रामायणकूट, वाल्मीकितात्पर्यतरणि, विवेकतिलक आदि अनेक टीकाएँ लिखकर विद्वानों ने अपने प्रयास को सफल समझा।

विशाखदत्त—इनके पितामह बटेश्वरदत्त अथवा वत्सराज कहीं के सामन्त थे और पिता भास्करदत्त या पृथु ने महाराज-पदवी प्राप्त की थी। विशाखदत्त राजनीति, दर्शन और ज्योतिष के विशेषज्ञ थे। ये वैदिकधर्मावलम्बी थे परन्तु साम्प्रदायिक कट्टरता से रहित थे। इन्होंने अपने प्रख्यात राजनीतिक तथा कूटनीतिक नाटक 'मुद्राराक्षस' की रचना छठी शती ईसवी के उत्तरार्द्ध में की थी। नाटक में चाणक्य का समग्र उद्योग इसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए है कि राक्षस को चन्द्रगुप्त मौर्य का प्रधान मन्त्री बना दिया जाय और अन्तत वे उसमे सफल होते हैं। राजनीतिक चालों तथा चरित्र-चित्रण की दृष्टि से नाटक विशेष महत्त्वपूर्ण है। विशाखदत्त की दूसरी रचना 'देवीचन्द्रगुप्त' के कुछ ही उद्धरण अन्य कृतियों मे प्राप्त हुए हैं। उन्हीं के आधार पर चन्द्रगुप्त के अग्रज रामगुप्त की सत्ता ऐतिहासिकों ने स्वीकृत की है।

विष्णुशर्मा—महिलारोप्य के शासक अमरशक्ति अपने मूर्ख राजकुमारों को चतुर बनाने के लिए योग्य शिक्षक की खोज में थे। इस कार्य को विष्णुशर्मा नामक ब्राह्मण ने पंचतन्त्र की रचना द्वारा छह मास में ही पूर्ण कर दिया। 'पचतत्र' का रचना-काल ३०० ई० के लगभग माना जाता है। छठी शती में इसका पहलवी भाषा में अनुवाद भी हो गया था। कदाचित् आरम्भ में इसके बारह भाग थे परन्तु वर्तमान में इसके पाँच भाग हैं—मित्रभेद, मित्र-सम्प्राप्ति, काकोलूकीय, लब्ध प्रणाश, अपरीक्षितकारक। इस कथा-ग्रन्थ में कथाएँ गद्य में हैं और शिक्षाप्रद बातें पद्यों में। एक एक मुख्य कथा के अन्तर्गत अनेक गौण कथाएँ दी गई हैं। सदाचार, व्यवहार और नीति के शिक्षार्थ यह कृति अत्यन्त उपयोगी है और यही कारण है कि अनेक विदेशी भाषाओं तक में अनूदित हो चुकी है।

वेंकटाध्वरि—ये मद्रास प्रान्त के श्रीवैष्णव थे। इन्होंने अपने 'विश्वगुणादर्शचम्पू' में मद्रास में अंग्रेजों के दुराचार का भी वर्णन किया है जिससे ये सत्रहवीं शती के मध्य के प्रतीत होते हैं। इनका यशोविस्तारक काव्य तो "लक्ष्मीसहस्र" है जिसकी एक सहस्र ललित व भावपूर्ण पद्यों की रचना कहते हैं, इन्होंने एक ही रात में कर दी थी। काव्य में श्लेष तथा अन्यालङ्कारों की छटा अवलोकनीय है। इस अत्यन्त सरस व उत्प्रेक्षाबहुल रचना से कवि अमर हो गया है।

व्यास—व्यासजी का पूरा नाम कृष्णद्वैपायन व्यास था। ये पराशर और सत्यवती के पुत्र थे। सुनते हैं, रंग से कृष्ण होने के कारण कृष्ण, द्वीप में उत्पन्न होने के कारण द्वैपायन तथा वैदिक मन्त्रों को वर्तमान व्यवस्थित रूप देने के कारण ये व्यास कहलाए। भारतीय परपरा इन्हें महाभारत, १८ पुराणों तथा ब्रह्मसूत्रों का कर्ता मानती है, परन्तु आधुनिक विद्वान् महाभारत को न एककर्तृक मानते हैं न एककालीन। उनका मत है कि महाभारत के विभिन्न अंशों की रचना अनेक विद्वानों द्वारा समय समय पर होती रही और उसे वर्तमान रूप ३२० ई० पू० तथा ५० ई० के मध्य में किसी समय प्राप्त हुआ।

किया गया है। कृति का प्रेमि प्रेमविषयक अंश भासकृत 'दरिद्रचारुदत्त' से बहुत अधिक प्रभावित है परन्तु राजनीतिक भाग कवि की निजी सम्पदा है। 'मृच्छकटिक' की सबसे बड़ी विशेषता उसकी प्राकृत भाषा है। जितनी प्राकृत इस नाटक में प्रयुक्त हुई है उतनी अन्य किसी में भी नहीं। नाटक में पात्रों का चरित्र तथा समाज का चित्र सरल शैली में सम्यक् चित्रित किया गया है। नाटक का प्रधान रस शृङ्गार है।

श्रीहर्ष—श्रीहर्ष का जन्म हीर पण्डित और मामल्लदेवी के गृह में हुआ था। हीर पण्डित कान्यकुब्जेश्वर जयचन्द्र के पिता विजयचन्द्र की सभा के प्रधान पण्डित थे परन्तु संयोगवश मैथिल नैयायिक उदयनाचार्य से शास्त्रार्थ में पराजित हो गये थे। मरणासन्न हीर ने पुत्र को कहा—'यदि तुम सुपुत्र हो तो मेरे विजेता को पराजित करना' श्रीहर्ष ने गंगातट पर चिन्तामणि मन्त्र का वर्ष भर जप किया और सफलमनोरथ हुए। श्रीहर्ष जयचन्द्र की सभा के रत्न तो थे ही, सम्भवतः विजयचन्द्र की सभा को भी सुभूषित करते रहे होंगे, क्योंकि उन्होंने 'विजयप्रशस्ति' उन्हीं के नाम पर रची है। ये रससिद्ध कवि ही न थे, प्रकाण्ड पण्डित भी थे, जैसा कि इनके 'खण्डनखण्डखाद्य' से सिद्ध होता है। इनका सिद्ध योगी होना नैषधकाव्य के अन्त्य श्लोक से सिद्ध होता है—

य: साक्षात् कुरुते समाधिषु परं ब्रह्म प्रमोदार्णवम्।

इनका आविर्भावकाल बारहवीं शती का उत्तरार्द्ध है।

श्रीहर्ष ने अपनी कृतियों का उल्लेख 'नैषध' में इस क्रम से किया है—(१) स्थैर्यविचारण प्रकरण (दर्शन), (२) विजयप्रशस्ति, (३) खण्डनखण्डखाद्य (वेदान्त), (४) गौडोर्वीशकुलप्रशस्ति, (५) अर्णववर्णन, (६) छिन्दप्रशस्ति, (७) शिवशक्तिसिद्धि, (८) नवसाहसाङ्कचरितचम्पू, (९) नैषधीयचरित। सुविख्यात 'नैषधीय चरित' में २२ सर्ग हैं और २८३० श्लोक। इसमें नल-दमयन्ती की कथा का सरस तथा सुविस्तृत वर्णन है। नैषध में वैदग्ध्य तथा पाण्डित्य का अद्भुत मिश्रण है। वक्रोक्ति के प्रयोग में श्रीहर्ष विशेष कुशल हैं। भाव-पक्ष तथा कला पक्ष दोनों की अभिव्यक्ति नैषधकाव्य में मार्मिक ढंग से की गई है। किसी आलोचक का यह पद्य नैषध के महाभाष्य का सच्चा निदर्शक है—

तावद्भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः।
उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः॥

सुबन्धु—अविदित-वृत्त सुबन्धु अपने एकमात्र गद्यकाव्य 'वासवदत्ता' से अक्षय कीर्ति के भागी बने हैं। इस काव्य की कथा का वासवदत्ता की प्राचीन कथा से राई-रत्ती भर का भी सम्बन्ध नहीं है। पूर्ण कथानक कवि के उर्वर मस्तिष्क की कल्पना है। अनुमानतः इसकी रचना सातवीं शती के प्रथम चरण में की गई थी।

अति संक्षेप में कथा यह है कि राजकुमार चिन्तामणि स्वप्न में एक सुन्दर कन्या को देखकर मुग्ध हो जाता है और जगने पर मित्र मकरन्द के साथ उसकी खोज में निकल पड़ता है। उधर कुसुमपुर की राजकुमारी वासवदत्ता भी स्वप्न में एक सुरूप युवक को देखकर स्वयंवर में आये युवकों का विचार त्याग देती है। कई विघ्न-बाधाओं के अनन्तर प्रेमियों का सुखद मिलन हो जाता है। 'वासवदत्ता' एक वर्णनबहुल आख्यायिका है जिसमें उपमा, उत्प्रेक्षा और विरोधाभास की बहुलता है परन्तु सभंग या अभंग श्लेष तो प्रतिपद पाया जाता है जहाँ कवि की कल्पना प्रशंसनीय है, वहाँ श्लेष की 'अति' तथा तज्जनित दुरूहता अरुचिकर हो गई है।

सोड्ढल—ये गुजरात के लाटप्रदेश के निवासी थे और कोंकणाधीश मुम्मुणिराज (१०६० ई०) के आश्रित थे। इनका 'उदयसुन्दरीकथा' चम्पूकाव्य है जिसमें प्रतिष्ठान नरेश मलयवाहन और नागराज शिखण्डतिलक की पुत्री उदयसुन्दरी के विवाह का वर्णन है। कृति बाण के हर्षचरित

से प्रभावित है और उसने भाषा का माधुर्य और लालित्य प्रशंसनीय है। लेखक कमनीय कल्पनाएँ करने में कुशल है।

सोमदेव सूरि—ये जैनकवि राष्ट्रकूटनरेश कृष्णराजदेव के समकालीन थे। ९५८ ई० में रचित इनके 'यशस्तिलकचम्पू' में अवन्तिनरेश यशोधर की कथा का वर्णन है। रानी की सकपट चालों से राजा की विरक्ति, वध तथा पुनर्जन्म की घटनाओं का रोचक उल्लेख है। जैनधर्म के पालन के महत्त्व को सम्यक् व्यक्त किया गया है। इसमें अनेक अज्ञात काव्यकारों और कृतियों का उल्लेख है, अतएव साहित्य के इतिहास के विचार से भी कृति महत्त्वपूर्ण है।

हरिचन्द्र—जैनकवियों में हरिचन्द्र का नाम विशेष उल्लेख्य है। ये कायस्थ आर्द्रदेव तथा रथ्यादेवी के तनुज थे। सम्भवतः इनका समय ग्यारहवीं शती है। इनके 'धर्मशर्माभ्युदय' नामक महाकाव्य में पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथजी का चरित्र वर्णित है। वैदर्भी रीति में उपनिबद्ध इस काव्य की भाषा अतिसुन्दर और अलङ्कृत है। जैनसाहित्य में २१ सर्गों के इस महाकाव्य का वही स्थान है जो नैषध और शिशुपालवध का ब्राह्मण साहित्य में।

हर्षवर्धन—ये थानेसर के महाराज प्रभाकरवर्द्धन के द्वितीय पुत्र थे और अग्रज राज्यवर्धन के पश्चात् सिंहासनासीन हुए थे। इन्होंने ६०६–६४८ तक शासन किया था। बाणभट्ट, मयूरभट्ट और दिवाकर इन्हीं के सभापण्डित थे। इनके तीन रूपक मिलते हैं—रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानन्द। प्रथम दो संस्कृत की प्राचीनतम नाटिकाएँ हैं और वत्सराज उदयन की प्रणयकथाओं के आधार पर प्रणीत हैं। नागानन्द का आधार एक बौद्ध कथानक है जिसमें नागों को गरुड़ से बचाने के लिए जीमूतवाहन आत्मसमर्पण कर देता है। इस उच्चादर्श के कारण नागानन्द विद्वत्समाज में विशेष सम्मानित है।

हेमचन्द्र—प्रसिद्ध जैनमुनि हेमचन्द्र का जन्म धंधुका में १०८८ ई० में हुआ। इनके पिता का नाम चाचिगश्रेष्ठी और माता का पाहिनी था। इनकी माता ने इन्हें पाँच वर्ष के वय में ही देवेन्द्र सूरि को सौंप दिया और वे विद्याध्ययन में संलग्न हो गये। वे संस्कृत और प्राकृत वाङ्मय के विभिन्न विभागों में ऐसे निष्णात हो गये कि 'कलिकालसर्वज्ञ' कहाने लगे। इनके संस्कृत प्राकृत ग्रन्थों की पङ्क्तिसंख्या साढ़े तीन करोड़ है। वे गुजरात में राजा जयसिंह और कुमारपाल की सभा में रहे थे और इनकी प्रेरणा से जैनधर्म राज्यधर्म बन गया था। इन्होंने अनशन समाधि से ११७३ ई० में प्राणत्याग किया। इनके 'कुमारपालचरित' में २८ सर्ग हैं—पहले २० संस्कृत में और अन्तिम ८ प्राकृत में। 'त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित' और 'स्थविरावली-चरित' में जैन सन्तों की जीवनियाँ हैं। कुछ अन्य कृतियाँ ये हैं—काव्यानुशासन, छन्दोऽनुशासन, देशीनाममाला, अभिधानचिन्तामणि, अनेकार्थसंग्रह, निघण्टुशेष, शब्दानुशासन, योगशास्त्र।

तथा 'भेड़चाल' मुहावरे इसी के समानार्थक हैं। उदाहरण—'विरलविरला एव जना नगति र्विवेकेनाचरन्ति प्रायस्तु परम्परयैवावलोक्यते।'

६. अरण्यरोदनन्याय—उक्त न्याय का अर्थ है निर्जन में रोने की कहावत। ग्राम, नगर आदि में रोनेवाले व्यक्ति से उसका कष्ट पूछा जाता है और उसे नष्ट करने का उद्योग भी किया जाता है। परन्तु सुनसान स्थान में रोना तो सर्वथा व्यर्थ है। इसी प्रकार किसी व्यर्थ कार्य के लिए या किसी क्रूर के समक्ष प्रार्थना के समय पर यह न्याय होता है। यथा—'अरण्यरोदनमेव धना ढ्येभ्य साहाय्ययाचनं प्रायशो भवति।'

७ अरुन्धतीप्रदर्शनन्याय—अरुन्धतीप्रदर्शन न्याय अर्थात् अरुन्धती नक्षत्र दिखाने का न्याय। इसकी व्याख्या स्वामी शंकराचार्य ने इस प्रकार की है—'अरुन्धतीं दिदर्शयिषुस्तत्समीपस्थां स्थूलां ताराममुख्यां प्रथममरुन्धतीति ग्राहयित्वा, तां प्रत्याख्याय पश्चादरुन्धतीमेव ग्राहयति।' अर्थात् किसी को अरुन्धती दिखाने का इच्छुक व्यक्ति पहले उसके समीपवर्ती किसी बड़े नक्षत्र को ही अरुन्धती बताता है और उसके बाद वास्तविक अरुन्धती को दिखाता है जिसका प्रकाश मन्द होता है। इस प्रकार जहाँ किसी सूक्ष्म वस्तु के स्पष्टीकरणार्थ पहले किसी स्थूल वस्तु को बताकर निषेध किया जाता है, वहाँ 'अरुन्धतीनक्षत्रन्याय' का प्रयोग होता है। यथा—'अयमेव सूर्यो देव इति पूर्वमुद्दिश्य तत्पश्चाद्—वास्तविको देवस्तदन्यवर्तीति अरुन्धतीप्रदर्शनन्यायेन गुरुः शिष्यं ज्ञापयति।'

८ अशोकवनिकान्याय—अशोकवनिकान्याय अर्थात् अशोकनामक वृक्षों की वाटिका का न्याय। रावण ने अपहृत सीता को अशोकवाटिका में रखा था परन्तु यह कहना कठिन है कि अन्यत्र कहीं न रखकर वहीं क्यों रखा? इसी प्रकार जहाँ किसी कार्य की निष्पत्ति के अनेक समान उपायों में से किसी एक का प्रयोग किया जाए, परन्तु यह न बताया जा सके कि अन्यों को छोड़ उसी को क्यों प्रयुक्त किया गया है, वहाँ 'अशोकवनिकान्याय' व्यवहृत होता है। जैसे—'प्रायो निर्विवेकाः स्वामिनः स्वसेवकान् अशोकवनिकान्यायेन विविधकार्येषु प्रवर्तयन्ति।'

९ अश्मलोष्टन्याय—अश्मलोष्टन्याय अर्थात् पत्थर और ढेले का न्याय। जिस प्रकार मिट्टी का ढेला रूई से कठोर होता है और पत्थर से कोमल, उसी प्रकार कोई मनुष्य अपने से छोटों की अपेक्षा तो महान् होता है और बड़ों की अपेक्षा क्षुद्र। उदाहरण—'अस्मिन् संसारे सर्वे सापेक्षमश्मलोष्टवत्, न हि किमपि अत्यन्तमुत्कृष्टमपकृष्टं वा कथयितुं पार्यते।'

१० अहिकुण्डलन्याय—अहिकुण्डलन्याय अर्थात् साँप की कुण्डलाकार स्थिति का न्याय। साँप स्वभावतः कुण्डली मार कर बैठता है, इसके लिए उसे प्रयास नहीं करना पड़ता। इसी प्रकार जहाँ किसी पदार्थ के स्वाभाविक धर्म का उल्लेख किया जाता है, वहाँ इस न्याय का प्रयोग होता है। जैसे—'अहिकुण्डलवत् स्वाभाविकं हि कवेः काव्यं न हि तत्र तस्य महाप्रयासस्यापेक्षा।'

११ आकाशमुष्टिहननन्याय—इस न्याय का शाब्दार्थ है आकाश को मुक्के से पीटने की कहावत। जैसे आकाश को मुक्कों से पीटना असंभव है, वैसे ही किसी को असंभव कार्य करते देख इस उक्ति का प्रयोग किया जाता है। यथा—'आकाशमुष्टिहननमेव तवायमुद्योगो प्रधानमन्त्रि पदप्राप्तये।'

१२. आम्रसेकपितृतर्पणन्याय—इस न्याय का अर्थ है, आम सींचने और पितरों के तर्पण करने की कहावत। आशय वही है जो हिन्दी की कहावत 'एक पंथ दो काज' का है। जहाँ एक क्रिया से दो प्रयोजनों की सिद्धि अभीष्ट हो वहाँ इस न्याय का प्रयोग न्याय्य है। यथा—'ससत्वरस्या आम्रसेकपितृतर्पणन्यायेन राष्ट्रसेवामपि कुर्वन्ति, पर्याप्तं वेतनं चापि प्राप्नुवन्ति।'

१३ आशामोदकतृप्तन्याय—इस न्याय का अर्थ है—प्रत्याशित लड्डुओं से तृप्त मनुष्य का दृष्टान्त। लड्डू खाने पर ही प्रसन्नता का प्रकाशन उचित है। जो मनुष्य काल्पनिक लड्डुओं से तृप्ति का अनुभव कर मुदित होता है, वह सयाना नहीं माना जाता। सो वास्तविक और काल्प निक प्रसन्नता में भेद करना ही समीचीन है। जैसे—को नाम व्यवहारपटुर्मानवो नात्याशामो दकैस्तृप्तो दृश्यते।

१४. इषुकारन्याय—इस न्याय का अर्थ है, बाण बनानेवाले का दृष्टान्त। यह न्याय महाभारत के शान्तिपर्व के १७८वें अध्याय के निम्नलिखित श्लोक पर आधृत है—इषुकारो नरः कश्चिदिषा वासक्तमानसः। समीपेनापि गच्छन्तं राजानं नावबुद्धवान्।' भाव यह कि एक बाणनिर्माता बाण-निर्माण में इतना निमग्न था कि वह पास से जाते हुए राजा को भी न देख सका। इसी प्रकार की एकाग्रचित्तता के लिए यह न्याय व्यवहृत होता है। यथा—'विद्यार्थी स्वग्रन्थाध्ययने इत्थं निमग्न आसीत् यदिषुकारन्यायेन कक्षायामागतम् याचकमपि न ज्ञातवान्।'

१५ इषुवेगक्षयन्याय —इस न्याय का अर्थ है—बाणवेग के नाश का दृष्टान्त। धनुष से फेंके हुए बाण की गति क्रमशः क्षीण होती जाती है और अन्ततः समाप्त हो जाती है। इसी प्रकार जहाँ किसी पदार्थ में कारणवशात् जातक्रिया आदि का क्रमशः ह्रास और अन्त में विनाश हो जाता है, वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है यथा—'इयं सुष्टिरिषुवेगक्षयन्यायेन कालेन स्वयमेव प्रलयमुपैति।'

१६ उत्खातदंष्ट्रोरगन्याय —उक्त न्याय का अर्थ है, निर्दन्त किये हुए सर्प का दृष्टान्त। दाँत उखाड़ देने पर सर्प की भयंकरता नष्ट हो जाती है। इसी प्रकार जहाँ किसी घातक पदार्थ के अनिष्टकर अङ्ग का निवारण कर उसकी घातकता नष्ट कर दी जाती है, वहाँ इस न्याय का व्यवहार होता है। यथा—'इन्द्रप्रदत्तशक्त्या घटोत्कचं हत्वा कर्णः पाण्डवेभ्य उत्खातदंष्ट्रोरगवत् निरुपद्रव सञ्जातः।'

१७. उष्ट्रलगुडन्याय —उक्त न्याय का अर्थ है—ऊँट और लकड़ी का दृष्टान्त। ऊँट पर लकड़ी का भार प्रायः लादा जाता है। आवश्यकता के समय उन्हीं में से एक लकड़ी निकालकर (उष्ट्रचालक) ऊँट को पीट भी देता है। इसी प्रकार जहाँ विरोधी की युक्ति से ही विरोधी की शक्ति का खंडन कर दिया जाये अथवा वैरियों के उपकरण से ही वैरियों का नाश कर दिया जाये वहाँ यह न्याय व्यवहृत होता है। जैसे—'शक्तो गृहस्थ उष्ट्रलगुडन्यायेन चौरशस्त्रेणैव चौरं गतासुमकरोत्।'

१८. ऊषरवृष्टिन्याय —इस न्याय का अर्थ है, ऊसर में वर्षा का दृष्टान्त। भूमि उर्वरा हो तो वृष्टि सफल होती है। ऊसर में बरसना न बरसना बराबर है। इसी प्रकार जहाँ कोई कार्य सर्वथा बेकार हो वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'इमा सुधाम्यन्दिन्य सूक्तयोऽरसिकेभ्य ऊषरवृष्टिवन्निष्फलाः।'

१९. एकवृन्तगतफलद्वयन्याय —उक्त न्याय का अर्थ है, एक डंठल पर लगे दो फलों की उक्ति। जैसे एक डंठल पर कभी कभी दो भी फल लग जाते हैं, वैसे ही जब श्लेष आदि के बल से कोई शब्द दो अर्थ देता है या एक क्रिया फलयुग्म की साधिका होती है, तब यह न्याय व्यवहृत होता है। यथा—'एकवृन्तगतफलद्वयन्यायेन देवदत्त आहूतैरागन्तुकैरदत्त भारतीयबालचरणं प्रतिनिधित्वमपि चाकरोत्॥'

२०. कदम्बकोरक (गोलक) न्याय —कदम्बकोरकन्याय अर्थात् कदम्ब की कलियों का न्याय। कहा जाता है कि कदम्ब की सब कलियाँ एक साथ विकसित हो उठती हैं। इसी प्रकार जहाँ

कुछ व्यक्ति एकदम उठ खड़े हों या सब लोग एक साथ ही कार्य में जुट जायें वहाँ इस न्याय का व्यवहार किया जाता है। यथा—'श्रीकृष्णचन्द्रमवलोक्य कदम्बकोरकन्यायेन प्रहृष्टा बभूवु पाण्डवा.।'

२१. कफोणिगुडन्याय :—उक्त न्याय का शब्दार्थ है कोहनी और गुड़ की कहावत। यदि किसी की कोहनी पर कुछ गुड़ लगा दिया जाय और उसे जिह्वा से चाटने को कहा जाय तो वह अपने उद्योग में कदापि सफल न होने के कारण उपहासास्पद बनेगा। इसी प्रकार इस उक्ति का प्रयोग तरसानेवाली परन्तु अलभ्य वस्तु के विषय में होता है। यथा—'सरोवरे पतित प्रतिबिम्ब वीक्ष्य कफोणिगुडन्यायेन चन्द्रग्रहणाय प्रयतते शिशु ।'

२२ कम्बलनिर्णेजनन्याय :—अर्थ है—कम्बल स्वच्छ करने का दृष्टान्त। कई बार मनुष्य कम्बल की मिट्टी झाड़ने के लिए उसे अपने पाँव पर झटकते हैं। इस एक क्रिया के दो फल होते हैं। कम्बल भी स्वच्छ हो जाता है और पाँव भी झड़ जाते हैं। इस प्रकार यह न्याय हिन्दी के 'एक पंथ दो काज' का समानार्थक है। उदाहरण—'ह्य सायमहं भ्रमणार्थं नागच्छम, प्रदर्शनीक्षेत्र एवाभ्रमम् एवं कम्बलनिर्णेजनन्यायेन भ्रमणमपि जात, नवज्ञानञ्चाप्युपलब्धम् ।'

१३ करिबृंहितन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—हाथी की चिंघाड़ का न्याय। प्रश्न होता है, 'चिंघाड़' के साथ 'हाथी' शब्द के प्रयोग की आवश्यकता नहीं क्योंकि 'चिंघाड़' शब्द हाथी की चीख के लिए ही प्रयुक्त होता है। उत्तर यह है कि ऐसे वाक्यों में फालतू प्रतीत होने वाला शब्द विशिष्टता का सूचक होता है। यहाँ 'करि' शब्द मस्त या प्रबल हाथी के लिए व्यवहृत हुआ है। ऐसे ही अवसरों पर जहाँ कोई शब्द व्यर्थ प्रतीत होता हुआ भी विशिष्टतासूचक हो, यह न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'किं कवेस्तस्य काव्येन किं काण्डेन धनुष्मत । परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिर.॥ इति। अस्मिन् श्लोके 'कवे' इति पदं करिबृंहितन्यायेन प्रयुक्तम् ।'

२४. काकतालीयन्याय :—काकतालीयन्याय अर्थात् कौए और ताड़ के फल की कहावत। एक कौआ ताड़ के वृक्ष पर बैठा ही था कि एकाएक ऊपर की शाखा से उसका भारी फल टूट कर कौए के सिर पर आ लगा जिससे वह मर गया। इस प्रकार की आकस्मिक घटना के लिए यह न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'अपहृत ममेदं पुस्तकं काकतालीयन्यायेन पुनरधिगतमापणात् ।'

२५. काकदधिघातकन्याय :—इस न्याय का शब्दार्थ है—दही को बिगाड़ने वाले कौओं का दृष्टान्त। आशय यह है कि जब किसी को कौओं से दही की रक्षा करने के लिए कहा जाता है तब वह रक्षक कुत्तों आदि से भी दही को बचाता ही है। इसलिए जहाँ एक वस्तु अनेक का प्रतिनिधित्व करती है, अर्थात् उपलक्षण होती है, वहाँ यह न्याय व्यवहृत होता है। यथा—'अश्लीलोऽयं मदनमोहनाख्योपन्यासो नाध्येतव्य इति तातेनोपदिष्ट सुपुत्रोऽन्यानपि कुग्रन्थाननाधीते काकदधिघातकन्यायेन ।'

२६. काकदन्तगवेषणन्याय :—काकदन्तगवेषणन्याय अर्थात् कौए के दाँत की खोज का न्याय। चिड़िया के दूध तथा शश के सींग के समान कौए के दाँत नहीं होते। इसलिए इस न्याय का प्रयोग वहाँ किया जाता है जहाँ कोई किसी नितान्त निरर्थक कार्य के लिए उद्योगशील हो। उदाहरण सामान्येषु सार्वजनिकपुस्तकालयेषु पुरातनग्रन्थरत्नानामन्वेषणं तु काकदन्तगवेषणमेव ।'

२७. काकाक्षिगोलकन्याय :—काकाक्षिगोलकन्याय अर्थात् कौए की आँख के ढेले का न्याय। जैसे कि कौए के पर्याय 'एकाक्ष', 'एकदृष्टि' आदि संस्कृत शब्द से व्यक्त होता है कि लोगों का यह विश्वास रहा है कि कौआ दो आँखें रखता हुआ भी देखता एक ही आँख से है। तात्पर्य यह है कि उसे जिधर देखना होता है, उधर की आँख में उसकी पुतली चली जाती है। इसी

प्रकार इस न्याय का व्यवहार वहाँ होता है। जहाँ वाक्य के किसी शब्द का अन्वय एक से अधिक तरफ किया जाय अथवा कोई व्यक्ति आवश्यकतानुसार एक से अधिक पक्षों से सम्बन्ध रखे। यथा—'बलिनोर्द्विषतोर्मध्ये वाचात्मानं समर्पयन्। द्वैधीभावेन वर्तेत काकाक्षिवदलक्षितः॥' (कामन्दकीय नीतिसार ९।२४)

२८ कुल्याप्रणयनन्याय—शब्दार्थ है—कूलनिर्माण का न्याय। किसान लोग अपने खेतों की सिंचाई के लिए ही नदी-नालों से कूल निकालते हैं। परन्तु ध्यान रखने पर उसमें से पानी पी भी लेते हैं। इसी प्रकार जहाँ एक उद्देश्य से किये हुए कार्य से दूसरा कार्य भी सिद्ध कर लिया जाय वहाँ इस न्याय का प्रयोग करते हैं। यथा—'भक्तिभावेन देशसेवायां रता नेतारः कदाचित् कुल्याप्रणयनन्यायेन समसदस्या अपि जायन्ते।'

२९ कूपमण्डूकन्याय—इस न्याय का अर्थ है कुएँ के मेढक की कहावत। कुएँ का मेढक कुएँ में रहता है, इसलिए *कुएँ से विस्तृत या विशाल स्थान का अनुमान नहीं कर सकता।* इस न्याय का प्रयोग उस अनुभवहीन व्यक्ति के लिए किया जाता है जिसका पालन-पोषण संकुचित वातावरण में हुआ हो और जो सार्वजनिक जीवन तथा मानव जाति की गतिविधि से अनभिज्ञ हो। यथा—'कथं खलु देशभक्तोऽपि कूपमण्डूक इव मन्यते युगधर्मस्य 'वसुधैव कुटुम्बकम्' इति लक्षणम्।'

३० कूपयन्त्रघटिकान्याय—कूपयन्त्रघटिकान्याय अर्थात् अरहट की घड़ियों (लोटों) का न्याय। अरहट की माला के साथ बँधे हुए लोटों की दशा समान नहीं होती। जब कुछ लोटे नीचे पानी से भरते हैं, तभी ऊपर के लोटे रिक्त होते हैं। कुछ पूर्ण लोटे एक ओर से ऊपर को आते हैं तो कुछ रिक्त नीचे को जाते हैं। संसार में मनुष्यों के भाग्य की दशा भी इसी प्रकार भिन्न-भिन्न है। इसी अर्थ में इस न्याय का प्रयोग यों होता है—'कूपयन्त्रघटिका इव अन्योन्यमनुपतन्ति रायः।'

३१ क्षीरनीरन्याय—इस न्याय का अर्थ है—दूध और पानी का दृष्टान्त। जब दूध और पानी परस्पर मिल जाते हैं तब यह जानना दुष्कर होता है कि उसमें दूध या पानी कितना और कहाँ है। इसी प्रकार जब दो या अधिक पदार्थों में घनिष्ठ सम्बन्ध बताना हो तब दूध-पानी की उपमा दी जाती है। यथा—'क्षीरनीरन्यायेन सज्जनानामेव मित्राणां मैत्री श्रेयस्करी भवति।'

३२. गगनरोमन्थन्यायः—इस न्याय का अर्थ है, आकाश की जुगाली या पागुर करने का न्याय। यदि कोई पशु नीचे आकाश को घास का मैदान मानकर मुँह हिलाता हुआ यह समझने लगे कि घास की जुगाली कर रहा हूँ तो उसका यह उद्योग नितान्त निष्फल होगा। इसी प्रकार के निरर्थक उद्योग के विषय में इस न्याय का प्रयोग होता है। जैसे—'लोकसेवां विना शाश्वतयशोऽभिलाषो ननु गगनरोमन्थ इव।'

३३. गड्डरिकाप्रवाहन्याय :—इस न्याय का अर्थ है भेड़ियाधसान। यदि भेड़ों के झुंड में से एक भेड़ नदी आदि में गिर जाए तो शेष भेड़ें भी रोके नहीं रुकतीं और नदी में कूद पड़ती हैं। इसी प्रकार जहाँ लोग समझाने पर भी सत्पथ का अनुसरण न करें और अन्धाधुन्ध किसी के पीछे चलने लगें, वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है। जैसे—'न जातु गड्डरिकाप्रवाहं विचरन्ति धीमन्तः।'

३४ गुडजिह्विकान्याय—उक्त न्याय का अर्थ है, गुड़ को जिह्वा पर लगाने की कहावत। प्रायः बालक कड़वी दवाएँ प्रसन्नतापूर्वक नहीं पीते। जब उनके हित के लिए उन्हें वह पिलानी अनिवार्य होती है तब बुद्धिमान् मनुष्य पहले उनकी जिह्वा पर गुड़ का लेप कर देते हैं इससे औषध की कड़वाहट लुप्त या न्यून हो जाती है। इसी प्रकार जब किसी मनुष्य को किसी दुष्कर कार्य में प्रवृत्त करना होता है तब कोई प्रलोभन आदि दे दिया जाता है। ऐसे ही अवसर इस न्याय के

प्रयोगार्थ उपयुक्त होते हैं। जैसे—'न हि लोकाः प्रायशो विना गुडजिह्विका दुष्करकर्मसु प्रवर्तन्ते।'

३५ **घट्टकुटीप्रभातन्याय**:—घट्टकुटीप्रभातन्याय अर्थात् चुंगी की चौकी के समीप सवेरा होने का न्याय। चुंगी से बचने के लिए गाड़ीवान आदि रात को उन मार्गों से निकलने का यत्न करते थे जिनसे चुंगी देने से बच जायँ। परन्तु कभी कभी दुर्भाग्यवश प्रभात वहाँ हो जाता था जहाँ चुंगी की चौकी समीप होती थी। इस प्रकार उनके किये-कराये पर पानी फिर जाता था। इस कहावत का प्रयोग ऐसे ही अवसरों पर किया जाता है जिन पर परिहार्य वस्तु अवश्य ही समक्ष आ जाती है। यथा—'कानिचिद् वस्तून्येकाकयेव क्रेतुमहं मध्याह्ने आपणमगच्छम्, परन्तु घट्टकुटीन्यायेन मोहनस्तत्र मा विफलमनोरथं व्यदधात्।'

३६ **घुणाक्षरन्याय**:—घुणाक्षरन्याय अर्थात् घुन या किसी अन्य कीड़े द्वारा लकड़ी आदि में कोई अक्षर बन जाने का न्याय। घुन आदि कीड़े लकड़ी, पुस्तक के पन्ने आदि को खाते रहते हैं। कभी-कभी उनके खाने से कोई अक्षर-सा बन जाता है, जिसे देख कौतुक होता है। इसी प्रकार दैवयोग से होने वाली बातों के लिए इस न्याय का व्यवहार होता है। पूर्वोक्त अन्धचटक-न्याय का आशय भी इसी प्रकार का है। यथा—'प्राचीनहस्तलिखितग्रन्थान्वेषणाय गतेन मया तत्र 'विमाननिर्माणम्' अपि घुणाक्षरन्यायेन धिगतम्।'

३७. **चन्दनन्याय**:—इस न्याय का अर्थ है, चन्दन के तेल की उपमा। यदि शरीर के किसी एक भाग पर चन्दन के तेल की बूँद या चन्दन का लेप लगाया जाए तो उसके आह्लादक प्रभाव का समस्त शरीर में अनुभव होता है। इसी प्रकार जहाँ एकत्र स्थित पदार्थ व्यापक प्रभाव डाले वहाँ इस न्याय का व्यवहार होता है। यथा—'चन्दनन्यायेन भ्रमति दिग्दिगन्तं युगा-युगाद्य महात्मनां कीर्तिः।'

३८. **चौरापराधान्माण्डव्यनिग्रहन्याय**:—इस न्याय का अर्थ है, चोरों के अपराध पर माण्डव्य को दण्ड देने की कहावत। महाभारत के आदिपर्व में ऋषि अणीमाण्डव्य के मौनव्रत से सम्बन्धित तप की कथा आती है। जब वे तपोमग्न थे तब चोर, चुराई हुई सम्पत्ति के सहित उनके आश्रम में आ छिपे। राजकर्मचारियों ने चोरों के साथ उन्हें भी पकड़ लिया और लगे सूली पर चढ़ाने। अन्त में मुनिजी छोड़ तो दिये गये परन्तु सूली की अणी के शरीर में रह जाने के कारण अणीमाण्डव्य कहलाने लगे। इसी प्रकार जहाँ 'करे कोई और भरे कोई' का व्यवहार होता है वहाँ उक्त न्याय प्रयुक्त होता है। जैसे—'कदाचित्तु नृपः कुल्यानदुष्टापराधेन सर्वानेव ग्रामवासिनः चौरापराधमाण्डव्यनिग्रहन्यायेन दण्डयति।'

३९ **छत्रिन्याय**:—उक्त न्याय का अर्थ है, छातेवालों की कहावत। आशय यह है कि यदि किसी जाते हुए जन समुदाय में अनेक लोगों ने छत्रियाँ तानी हुई हों तो हम उन सबको 'छाते वाले लोग' कह देते हैं चाहे सबके पास छत्रियाँ न भी हों। इसी प्रकार जहाँ कुछ एक के सम्बन्ध में कही-हुई बात सब पर चरितार्थ कर दी जाती है, वहाँ इस न्याय का व्यवहार उचित होता है। जैसे—'पुरा देवा राहुं सुरमेव मेनिरे छत्रिन्यायेन।'

४०. **जामातृशुद्धिन्याय**:—इस न्याय का अर्थ है—जमाई कृत पुनरीक्षण की कहावत। मेरुतुंग के 'प्रबन्धचिन्तामणि' में कहानी यों दी गई है कि विक्रमादित्य ने राजकुमारी के लिए वर ढूँढने का काम वररुचि को सौंपा। राजकुमारी ने वररुचि से पढ़ते समय एक दिन उनकी अवज्ञा की थी, इसलिए चतुराई से वररुचि ने एक मूढ़ को राजा का जामाता बना दिया। वररुचि के उपदेशानुसार जमाता चुप ही रहता था परन्तु राजकुमारी ने परीक्षार्थ एक पुस्तक उसे दोहराने को दी। उसने अक्षरों के ऊपर के बिन्दु और मात्राएँ नखछेदिनी से मिटा डालीं। कुमारी पहचान गई कि यह तो कोई चरवाहा है। तब से मूर्ख से शोधन-कार्य कराने के सम्बन्ध

में यह न्याय चल पड़ा है। यथा—केचिद् अयोग्यजनैः कारितं कार्यं आमात्प्रवुद्धिवदुपहा-सास्पदमेव भवति।'

४१ तिलतण्डुलन्याय :—उक्त न्याय का अर्थ है—तिल और चावल की उपमा। दूध और पानी भी मिलते हैं तथा तिल और चावल भी। परन्तु प्रथम मेल में दूध पानी का पार्थक्य अज्ञेय होता है, द्वितीय में स्पष्ट। तिल चावल की तरह जहाँ मेल तो हो परन्तु दोनों पदार्थ पृथक् पृथक् प्रतीत भी होते हों, वहाँ तिलतण्डुलन्याय का प्रयोग किया जाता है। जैसे—'कथं नाम मौनमेवापण्डितानामज्ञताया आच्छादनं भवितुमर्हति विदुषां समाजे, तिलतण्डुलयोः स्पष्टं पृथग्दर्शनात्।'

४२ तुलोन्नमनन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—तुला को उठाने की कहावत। आशय यह है कि जब तुला का एक पल्ला हाथ से उठाया जाता है तब दूसरा स्वयमेव नीचे चला जाता है। इसी प्रकार जहाँ एक क्रिया से दूसरी क्रिया करना भी अभिप्रेत होता है वहाँ इस न्याय का व्यवहार होता है। जैसे—'आततायिनमायान्तं हन्यादेवाविचारयन्, तेन हि तुलोन्नमनन्यायेन दुष्टनाशो जायते देवप्रसादश्च।'

४३ तृणभक्षणन्याय :—इस न्याय का शब्दार्थ है—तिनका खाने का न्याय। भारत में यह रीति रही है कि जब कोई व्यक्ति किसी के सम्मुख दाँतों से तिनका दबा लेता था तब इसका आशय होता था—पराजय की स्वीकृति। ऐसी दशा में वह अवध्य माना जाता है। हिन्दी में यह उक्ति 'दाँतों तले तिनका दबाना' के रूप में प्रचलित है। पराजय की स्वीकृति के अर्थ में इसका प्रयोग यों होता है—'आर्य, पराजिता रिपवः खलु तृणभक्षणन्यायेन निजप्राणानरक्षन्।'

४४ दग्धेन्धनवह्निन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—उस अग्नि का दृष्टान्त जो ईंधन को जलाकर स्वयं भी बुझ गई हो। इसी प्रकार जहाँ कोई वस्तु अपने कार्य को सम्पन्न कर स्वयं भी समाप्त हो जाए, वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है। 'जलकतकरेणुन्याय' का आशय भी ऐसा ही है। यथा—'पाण्डवानां कोपः दुर्योधनादीन् विनाश्य दग्धेन्धनवह्निन्यायेन शान्तः।'

४५. देहलीदीपकन्याय :—देहलीदीपकन्याय अर्थात् दहलीज में रखे हुए दीपक का न्याय। कमरे के कोने में रखा हुआ दीपक तो कमरे को ही आलोकित करता है परन्तु दहलीज पर रखा हुआ अन्दर और बाहर दोनों ओर प्रकाश देता है। इसी प्रकार जहाँ कोई शब्द, वाक्यांश या कोई अन्य वस्तु दो तरफ अपना प्रभाव डाल रही हो, वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है। उदाहरण—'भवति हि पितुरर्थार्थं अविनस्य भोजनस्याविष्युपकारकत्वं देहलीदीपकन्यायेन।'

४६ धान्यपलालन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—अनाज और भूसे का दृष्टान्त। जिस प्रकार लोग अनाज को ग्रहण कर लेते हैं और भूसे को त्याग देते हैं, उसी प्रकार जहाँ सारसहित वस्तु को लिया तथा निस्सार को छोड़ दिया जाता है, वहाँ इस न्याय का व्यवहार होता है। जैसे—'ग्राह्यो बुधैः सारः निस्सारम् अपास्य फल्गु-धान्य-पलालन्यायेन।'

४७. नष्टाश्वदग्धरथन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—नष्ट घोड़ों और जले रथ की कहावत। कहावत की आधार-कथा इस प्रकार है कि दो यात्री अपने अपने रथों में यात्रा करते हुए रात को एक गाँव में ठहरे। दैवयोग से रात को गाँव में आग लगी जिससे एक के घोड़े नष्ट हो गये और दूसरे का रथ जल गया। तब एक के घोड़ों को दूसरे के रथ में जोड़ दिया गया और यात्रा जारी रही। इसी प्रकार यह न्याय वहाँ व्यवहृत होता है जहाँ पारस्परिक लाभ के लिए मिल जुलकर काम किया जाए। जैसे—'भवद्गृहमिति हि से तथा पुस्तकं तु गणिते, मन्ये नष्टाश्वदग्धरथन्यायेनैवावां परीक्षामुत्तरिष्याव।'

४८ नासिकाग्रेण कर्णमूलस्पर्शनन्याय —इस न्याय का शब्दार्थ है—नाक की नोक से कान के अधोभाग को खींचने की कहावत। जैसे नाक के अग्रभाग से कान के निचले भाग को खींचना असम्भव है, वैसे ही अशक्य विषयों में यह न्याय प्रयुक्त किया जाता है। यथा—'यो वै विद्यार्थी परिश्रम विनैव विद्वान् भवितुमिच्छति, स खलु नासिकाग्रेण कर्णमूल स्पृशति'

४९. नृपनापितपुत्रन्याय —नृपनापितपुत्रन्याय अर्थात् राजा और नाई के बेटे की कहावत। कहा जाता है, कि एक राजा ने अपने नाई को राज्य भर में से सुन्दरतम बालक लाने का आदेश दिया। वह नाई सारे देश में बहुत घूमा फिरा परन्तु उसे ऐसा कोई बालक दिखाई न दिया जैसा कि राजा चाहता था। विवश होकर वह घर लौट आया। उसका अपना पुत्र न सुरूप था न सुलक्षण परन्तु उसे वही सुन्दरतम प्रतीत हुआ। इसलिए वह उसे ही लेकर राजा के समक्ष जा उपस्थित हुआ। पहले तो राजा यह समझकर कि यह मेरा उपहास कर रहा है, क्रुद्ध हुआ; परन्तु कुछ सोचने पर उसे इस मनोवैज्ञानिक तथ्य का बोध हुआ कि प्रत्येक व्यक्ति आत्मीय पदार्थ को ही सर्वोत्तम समझता है। अत इस न्याय का प्रयोग उन्हीं अवसरों पर होता है जिनमें कोई व्यक्ति अपनी बुरी वस्तु को भी अच्छी समझता है। जैसे—'अकाव्यमपि स्व कुकवय नृपनापितपुत्रन्यायेन सत्काव्यपदे गणयन्ति।'

५० पङ्कप्रक्षालनन्याय :—पङ्कप्रक्षालनन्याय अर्थात् कीचड़ धोने का न्याय। शरीर पर लगे कीचड़ को सभ्य मनुष्य तुरन्त धो डालता है। परन्तु उससे कहीं अच्छी बात यह है कि कीचड़ लगने ही न दिया जाय। इसी प्रकार परिस्थितियों से पहले ही बचना उत्तम है जिनमें पड़ने के पश्चात् फिर उनके प्रभाव को मिटाने का यत्न किया जाय। जैसे—'पश्चात्त्यागाद्धि वित्तस्य वरं पूर्वमसङ्ग्रह । प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शन वरम्।'

५१ पङ्ग्वन्धन्याय :—इस न्याय का अर्थ है लँगडे और अंधे की कहावत। न अंधा मार्ग देख सकता है न पंगु पथ पर चल सकता है। परन्तु यदि पंगु अंधे के कंधों पर बैठ जाय तो दोनों निर्विघ्न यात्रा कर सकते हैं। इसी प्रकार जहाँ पारस्परिक लाभार्थ सहयोग किया जाय, वहाँ उक्त न्याय प्रयुक्त किया जाता है। यथा—'सुवक्ताऽपि देवदत्तो न पण्डित, सुपण्डितोऽपि यज्ञदत्तो वक्तृत्वविहीन, तथापि तौ पङ्ग्वन्धन्यायेन संगत्य स्वदेशसेवायां सलग्नौ दृश्येते।'

५२ पिष्टपेषणन्याय :—पिष्टपेषणन्याय अर्थात् पीसी हुई वस्तु को पुन पीसने का न्याय। गेहूँ, मकई आदि को तो पीसा जाता है परन्तु उनके आटे को पीसना निरर्थक होता है। साथ ही वह पेषक पेषक की मूर्खता का द्योतक माना जाता है। इसी प्रकार के अनावश्यक और अनर्थक कार्यों के सम्बन्ध में उक्त न्याय का प्रयोग इस प्रकार किया जाता है—'महान् दोष एवाय यदिद मुक्तस्य पुन पुनर्वचनम्, पिष्टपेषण हि तद्।'

५३ पुष्टलगुडन्याय —इस न्याय का अर्थ है, मोटे डंडे का दृष्टान्त। आशय यह है कि यदि भौंकने वाले कुत्ते की ओर मोटा डंडा फेंका जाय तो वह सबका दूसरे कुत्तों को भी लग कर शान्त कर देगा। इसी प्रकार जहाँ एक क्रिया से एकाधिक कार्यों की सिद्धि हो जाय, वहाँ इस न्याय का प्रयोग होता है। जैसे—'हीरोशीमानागासाकीनगरयोरणुबमाभ्या विध्वस्तयोर्महद् युद्ध पुष्टलगुडन्यायेन निमिषेण समाप्तिमगात्।'

५४ प्रधानमल्लनिबर्हणन्याय —इस न्याय का अर्थ है, मुख्य शत्रु के विनाश की कहावत। आशय यह है कि जब प्रबलतम वैरी का विनाश कर दिया जाता है तब सामान्य वैरी स्वयमेव वश में हो जाते हैं। इसी प्रकार जब भारी बाधाएँ मिटा दी जाती हैं तब सामान्य विघ्न बाधक नहीं बन सकते। जैसे—'हतयोर्भीष्मद्रोणयोर्निश्चित एवाभूत् पाण्डवानां विजय प्रधानमल्लनिबर्हणन्यायेन।'

५५. प्रपानकरसन्याय —प्रपानकरसन्याय अर्थात् शर्बत की उपमा। शर्बत बनाने के लिए अनेक द्रव्यों को मिश्रित करना पड़ता है। शर्बत का स्वाद उनमें से किसी एक के भी तुल्य नहीं होता। इसी प्रकार जहाँ अनेक वस्तुओं के संयोग से एक विलक्षण पदार्थ निर्मित हो जाय वहाँ यह न्याय प्रयुक्त किया जाता है। यथा—'अभिमन्युः किल प्रपानकरसन्यायेन कृष्णोऽपि पाण्डवांश्च गुणैरतिरिच्यत।'

५६. फलवत्सहकारन्याय —इस न्याय का अर्थ है—आम के फलित पेड़ का दृष्टान्त। आम का फलवान् वृक्ष फल ही नहीं देता, अपितु यात्रियों को सुगन्ध और छाया भी प्रदान करता है। इसी प्रकार जहाँ कोई क्रिया अभीष्ट फल के अतिरिक्त भी कोई फल दे, वहाँ इस न्याय का प्रयोग किया जाता है। यथा—'पुत्रोऽपत्यं हि नाम प्रसववर्धित्री मातृवत्सलं, प्रशमयित्री पितुः नेत्रयोर्विकाशयित्री च भवति वंशस्य फलवत्सहकारन्यायेन।'

५७. बहुराजदेशन्याय —इस न्याय का शब्दार्थ है—अनेक राजाओं के देश की तरह। जहाँ एकाधिक राजाओं का शासन होता है वहाँ उनकी परस्पर विरोधी आज्ञाओं के कारण प्रजा अति पीड़ित हो उठती है। यथा—'यस्मिन् कुले मातापित्रोर्वैमत्यं विद्यते तत्रापि दुःखिता भवति सन्ततिर्बहुराजकदेशवत्।'

५८. बीजाङ्कुरन्याय —बीजाङ्कुरन्याय अर्थात् बीज और अंकुर का न्याय। इस न्याय का उद्गम बीज और अंकुर के पारस्परिक कारण-कार्यभाव से हुआ है। बीज से अंकुर उत्पन्न होता है अतः बीज कारण है, अंकुर कार्य। परन्तु आगे चलकर उसी अंकुर से बीज भी उत्पन्न होता है, इसलिए अंकुर कारण और बीज कार्य बन जाता है। इस प्रकार जहाँ दो पदार्थ एक दूसरे के कारण और कार्य भी हों वहाँ यह न्याय प्रयुक्त किया जाता है। यथा—'स्वास्थ्येन वित्तमधिगम्यते वित्तेन च पुनः स्वास्थ्यं बीजाङ्कुरवत्।'

५९. मण्डूकप्लुतिन्याय —उक्त न्याय का अर्थ है, मेंढक की छलाँग की लोकोक्ति। मेंढक सर्वदा समग्र मार्ग का स्पर्श करता हुआ नहीं चलता, छलाँगें लगाता जाता है, जिससे मध्यवर्ती स्थान अस्पृष्ट रह जाता है। इसी प्रकार जहाँ कोई नियम सब पर समानरूप से लागू न हो, बीच-बीच में कई वस्तुओं को छोड़ता जाए, अथवा कोई काम बीच-बीच में छोड़कर किया जाए वहाँ इस न्याय का प्रयोग होता है। यथा—'अस्माकमध्यापकः पाठ्यपुस्तकं मण्डूकप्लुतिन्यायेन पाठयति न तु यथाक्रमम्।'

६०. मात्स्यन्याय —मत्स्य न्याय अर्थात् मछलियों का दृष्टान्त। प्रायः यह देखा जाता है कि बड़ी मछलियाँ छोटी मछलियों को हड़प जाती हैं। इस प्रकार जहाँ बलवान् निर्बल को मारने या सताने लग जाएँ वहाँ इस न्याय का प्रयोग किया जाता है। हिन्दी की लोकोक्ति 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' भी इसी आशय को व्यक्त करती है। उदाहरण देखिए—'सुशासनाभावे यदि राष्ट्रे मात्स्यन्यायः प्रवर्तेत, तर्हि किमाश्चर्यम्।'

६१. रथकारन्याय —इस न्याय का अर्थ है—रथकार (रथ बनानेवाले) का दृष्टान्त। शास्त्र में कहा गया है कि रथकार वर्षाऋतु में अग्नि की स्थापना करे। प्रश्न उठता है, रथकार का अर्थ रथ बनाने वाला कोई भी व्यक्ति है या विशेष उपजाति का मनुष्य। जैमिनि ने निर्णय किया है कि केवल जातिविशेष का व्यक्ति ही। इस प्रकार इस न्याय का भाव यह है कि शब्दों का रूढ़ या प्रचलित अर्थ यौगिक अर्थों से बलवान् होता है। यथा—'अयं तु रथकारन्यायेन कर्मपटुरेव कुशलो मन्यते न पूर्ववत् गुरोः कुले कुशलनयनदक्ष एव।'

६२. राजपुरप्रवेशन्याय —इस न्याय का शब्दार्थ है—राजधानी में प्रवेश का दृष्टान्त। राजपुर में प्रवेश करने का नियम यह है कि पंक्ति बनाकर पर्याय से प्रविष्ट हुआ जाए। जो उच्छृङ्खल

इस नियम को भंग करता है, उसके पिटने की आशंका रहती है। इसी प्रकार जहाँ किसी कार्य को नियमानुसार करना अभीष्ट हो, वहाँ इस न्याय का प्रयोग करते हैं। दृष्टान्त लीजिए—'यस्मिन् तु विद्यालये छात्रा राजपुरप्रवेशन्यायेन स्वकक्षां प्रविशन्ति न तत्र कोलाहलो जायते।'

६३ रुमाक्षिप्तकाष्ठन्याय :—इस न्याय का अर्थ है, नमक की खान और लकड़ी का दृष्टान्त। यह प्रसिद्ध है कि जो वस्तु नमक की खान में फेंकी जाती है, नमक बन जाती है। इसी प्रकार जहाँ कुसंगति के प्रबल प्रभाव से अन्य वस्तु भी वैसी बन जाए, वहाँ इस न्याय का प्रयोग उचित है। यथा—'विनीता अपि जना अधिकारं प्राप्य रुमाक्षिप्तकाष्ठन्यायेन दृप्ता भवन्ति।'

६४ लोहचुंबकन्याय :—लोहचुम्बकन्याय अर्थात् लोहे और चुम्बक का न्याय। यह न्याय उस सम्बन्ध को व्यक्त करता है जिसके कारण दो पदार्थ दूर होते हुए भी, स्वभावतः एक-दूसरे के समीप जाने का उद्योग करते हैं। जैसे—'दूरस्था अपि सज्जना लोहचुम्बकवत् मिथो मिलितु वाञ्छन्ति।'

६५. बकबन्धनन्याय :—इस न्याय का अर्थ है, बगुले को पकड़ने का दृष्टान्त। किसी ने बगुला पकड़ने की रीति यह बताई कि जब बगुला बैठा हो तो चुपके से उसके सिर पर मक्खन रख देना चाहिए। जब मक्खन धूप से पिघलकर उसकी आँखों में पड़ेगा तो वह अन्धा हो जायगा और झट पकड़ लिया जाएगा। वस्तुतः यह विधि हास्यास्पद है क्योंकि बगुला तभी क्यों न पकड़ लिया जाए जब उसके सिर पर मक्खन रखा जाए। इसी प्रकार जहाँ सहज सरल विधि को छोड़कर किसी हास्यास्पद ढंग को स्वीकार किया जाता है वहाँ उक्त न्याय प्रयुक्त होता है। जैसे—'बकबन्धनन्यायपरा इव एतायं यद् गलघण्टिकारोपेण अवगते मार्जारागमे मूषाणामात्मरक्षाविचारः।'

६६. वनसिंहन्याय :—इस न्याय का शब्दार्थ है—वन और सिंह का दृष्टान्त। सिंह न हो तो लोग वन को ही काट डालें और वन न हो तो सिंह को ही मार डालें। ये दोनों वस्तुतः एक दूसरे के रक्षक हैं। इसी प्रकार जहाँ पदार्थ परस्पर रक्षक हों वहाँ इस न्याय का प्रयोग किया जाता है। जैसे—'न जातु सेव्यसेवकौ अन्योऽन्यं हन्तुं पारयतः वनसिंहवदन्योऽन्याश्रयित्वात्।'

६७ वह्निधूमन्याय :—वह्निधूमन्याय अर्थात् अग्नि और धूएँ के निरन्तर साथ साथ रहने का न्याय। जहाँ धूआँ होता है वहाँ अग्नि होती ही है। इसी प्रकार जहाँ एक पदार्थ का दूसरे से अनिवार्य साहचर्य बताया जाए वहाँ यह न्याय व्यवहृत होता है। जैसे—'यत्र योगेश्वरः कृष्णः यत्र च धनुर्धरः पार्थः, तत्र विजयो वह्निधूमन्यायेन निश्चित एव।'

६८. विषकृमिन्याय :—विषकृमिन्याय अर्थात् विष के कीड़ों का न्याय। साधारण प्राणी तो विष के प्रभाव से मर जाते हैं, परन्तु विष के कीड़े विष में ही उत्पन्न होते हैं, उसी को खाते हैं और फिर भी जीवित रहते हैं। इस न्याय का प्रयोग उन अवसरों पर होता है जिन पर सामान्य प्राणी तो प्राणों से हाथ धो बैठते हैं परन्तु व्यक्तिविशेष सुरक्षित रहते हैं। जैसे—'हरिजनानां कर्म कुर्वन्तः सामान्यास्तु अचिरात् कालकवलिता भवेयुः ते च हरिजनाः पुनः विषकृमिन्यायेन दीर्घजीविनो भवन्ति।'

६९ विषवृक्षन्याय :—विषवृक्षन्याय अर्थात् विषैले पेड़ का न्याय। कालिदास ने 'कुमारसम्भव' में कहा है—'विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसांप्रतम्' अर्थात् यदि विष का वृक्ष भी स्वयं लगाया और पाला पोसा गया हो तो उसे काटना या उखाड़ना उचित नहीं होता। इसी प्रकार जिस व्यक्ति का स्वयं पालन पोषण किया हो, वह बड़ा होने पर अनिष्टकर भी सिद्ध हो, तो भी उसका विध्वंस समीचीन नहीं। यही इस न्याय का आशय है। उदाहरण द्रष्टव्य है—'विषवृक्षन्यायमनुसरता पित्रा कुपुत्रस्याप्यहितं कर्तुं न पार्यते।'

७० वीचितरङ्गन्याय —वीचितरङ्गन्याय अर्थात् तरंग और तरंग का न्याय। नदी, सरोवर, समुद्र आदि में हम देखते हैं कि लहरें क्रमशः एक दूसरी को तट तक आगे-आगे ढकेलती जाती हैं जब तक वे सब तट तक नहीं पहुँचतीं। इसी प्रकार जब कुछ वस्तुएँ या व्यक्ति एक-दूसरे की सहायता से लक्ष्य तक आ पहुँचते हैं तब इस न्याय का निम्नलिखित प्रकार से प्रयोग किया जाता है—'वीचितरङ्गन्यायेन अन्योऽन्योपकारि खलु सकलमिह जीवितम्।'

७१ वृद्धकुमारीवाक्य(वर)न्याय —वृद्धकुमारीवाक्यन्याय अर्थात् बूढ़ी कन्या के वर का न्याय। पतञ्जलि ने महाभाष्य में लिखा है कि जब इन्द्र ने एक बूढ़ी कन्या को वर माँगने को कहा तब वह बोली—'पुत्रा मे बहुक्षीरघृतमोदनं काञ्चनपात्र्यां भुञ्जीरन्' अर्थात् मेरे पुत्र सोने के पात्रों में प्रभूत दूध और घी से युक्त चावल खावें। अब यदि यह वर प्राप्त हो जाए तो पति, सन्तान, गौ, दूध, घी, सुवर्ण आदि सभी पदार्थ स्वतः स्वयं प्राप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार जहाँ कोई ऐसी वस्तु माँगी जाए जिसके साथ अनेक उपयोगी द्रव्यों की प्राप्ति अनिवार्य हो जाए, वहाँ इस न्याय का प्रयोग होता है। जैसे—'स्वर्गैक राज्यमिह मनस्यमलोऽलिप्सुमिच्छन्त्यै वरं देव याचमानेन न्यवृद्धेन आत्मनः कृते यौवनं स्त्री पत्नी पुत्र पौत्रश्च श्रुत।'

७२ व्यालनकुलन्याय —इस न्याय का अर्थ है—साँप और नेवले की कहावत। साँप और नेवले में जन्मजात वैर होता है। वे जहाँ एक-दूसरे को देखते हैं, लड़ पड़ते हैं। उन्हीं की तरह जब दो वस्तुओं में स्वाभाविक वैर हो तब व्यालनकुलन्याय (अहिनकुलन्याय) का व्यवहार होता है। यथा—'भवत्स्वे तु रूपनरोरूपोदशाव्यालनकुलवद् दृश्यते।'

७३ शतपत्रपत्रशतभेदन्याय —उक्त न्याय का अर्थ है—कमल के सौ पत्तों को छेदने का दृष्टान्त। जब कोई व्यक्ति कमल के सौ कोमल पत्तों को सुई से छेदता है तब ऐसा लगता है कि सब पत्र एक-साथ ही छिद गये हैं। परन्तु वस्तुतः छिदे एक दूसरे के अनन्तर ही हैं। इसी प्रकार जहाँ क्रमशः होने वाली अनेक क्रियाओं का एक साथ होना कहा जाता है, वहाँ यह न्याय व्यवहृत होता है। जैसे—'पतिं मृतं श्रुत्वा सा साध्वी वनिता मूर्च्छिता मृता च शतपत्रशतभेदन्यायेन।'

७४ शलभन्याय —इस न्याय का अर्थ है पतंगे का दृष्टान्त। मूर्ख पतंगा जलते हुए दीपक को देख ऐसा मुग्ध होता है कि प्राणों तक की चिन्ता नहीं करता। इसी प्रकार मूर्ख लोग विषयों से आकृष्ट होकर प्राणों से हाथ धो बैठते हैं। आजकल इसका प्रयोग प्रशंसा के लिए भी किया जाता है। दोनों के दृष्टान्त एक ही वाक्य में देखें—'विषयेषु शलभायन्ते मूढाः, प्रमदासु कामुकाः, राष्ट्रसेवायां च राष्ट्रभक्ताः।'

७५ शाखाचन्द्रन्याय —शाखाचन्द्रन्याय अर्थात् वृक्ष की शाखा और चाँद का न्याय। आकाश में चन्द्र तो बहुत दूर होता है परन्तु प्रतिपदा आदि के दिन किसी को दिखाने के लिए प्रायः कहा जाता है—'देखो, वह वृक्ष की शाखा के ऊपर है।' इसी प्रकार जहाँ कोई पदार्थ हो तो बहुत दूरवर्ती पर उसको दिखाने के लिए ऐसे पदार्थ की ओर संकेत किया जाय जो उसके समीप प्रतीत होता हो, वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है। जैसे—शाखाचन्द्रन्यायेन पेरिसनगरमपि रोम नगरपार्श्वेनैव दृश्यते काशि मन्ये।'

७६ शिरोवेष्टनेन नासिकास्पर्शन्याय —उक्त न्याय का अर्थ है—बाहु को सिर के पीछे से लाकर नाक को छूने का दृष्टान्त। नाक को सामने से छूना सुकर है, बाहु पीछे से लाकर छूना दुष्कर। जब उद्देश्य केवल नासिकास्पर्श हो तो बाहु को सिर के पीछे से लाकर छूने में कोई लाभ नहीं है। इसी प्रकार कई लोग किसी कार्य को सीधे ढङ्ग से नहीं करते, घुमा-फिराकर व्यर्थ कष्ट

महते या देते हैं। ऐसे ही अवसरों पर उक्त न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'को लगोऽनेन शिरोवेष्टनेन नासिकास्पर्शेन, प्रकृत स्पष्ट ब्रूहि।'

७७ श्वपुच्छोन्नामनन्याय :—इस न्याय का शब्दार्थ है—कुत्ते की पूँछ को सीधा करने का दृष्टान्त। कुत्ते की पूँछ अनेक यत्न करने पर भी सीधी नहीं होती, प्रयत्न करने वाले का श्रम व्यर्थ ही सिद्ध होता है। इसी प्रकार जहाँ काम के लिए किया हुआ उद्योग सर्वथा निष्फल रहे, वहाँ यह न्याय व्यवहृत होता है। यथा—'श्वपुच्छोन्नामनमेवैतद् यद् दुर्जना यावदपि यद् दुर्जन-जीनि प्रेम्णा वशीकर्तुमयतत।'

७८ शवोद्वर्तनन्याय :—इस न्याय का शब्दार्थ है—मृतक को उबटन लगाने का दृष्टान्त। सुगन्धित द्रव्य सजीव शरीर के शोभावर्द्धक हैं, निर्जीव के नहीं। इसी प्रकार जहाँ सर्वथा निष्फल उद्योग किया जाता है, वहाँ यह न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'पङ्किल्लनिर्माणानन्तर मुक्तिमिच्छतीयस्य पुन मारते समारम्भन शवोद्वर्तनमेव।'

७९ सिंहावलोकनन्याय :—सिंहावलोकनन्याय अर्थात् सिंह के समान देखने का न्याय। चलता हुआ सिंह सामने तो देखता ही है, थोड़ी-थोड़ी देर बाद पीछे भी दृष्टिपात कर लेता है कि कोई भक्ष्य जन्तु पहुँच के भीतर पीछे भी है या नहीं। इसी प्रकार जब कोई व्यक्ति आगे-आगे कार्य करता हुआ पिछले कार्य पर भी कुछ दृक्पात करता है, तब सिंहावलोकनन्याय का प्रयोग होता है। जैसे—'सान्नाईर्पि छात्रैर्पीतम्य सिंहावलोकन कर्तव्यमेव।'

८० सिकतातैलन्याय :—अर्थात् रेत से तेल निकालने की कहावत। जैसे गधे या शश के सिर पर सींग नहीं निकलते वैसे ही रेत से तेल की उत्पत्ति असम्भव है। इसी प्रकार की असम्भव बातों के लिए यह न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्ताराधन कदाचिदपि सिकतासु तैलमिवोपलब्धुमशक्यम् उपनीयते।'

८१ सुन्दोपसुन्दन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—सुन्द और उपसुन्द की उपमा। महाभारत के आदिपर्व (अध्याय २०९–२१२) में सुन्दोपसुन्द नाम के दो अजेय असुर भाइयों की कथा आती है। उन्हें नष्ट करने के उद्देश्य से ब्रह्मा ने विश्वकर्मा को एक अद्वितीय सुन्दरी (तिलोत्तमा) निर्माण करने को कहा। ब्रह्मा ने तिलोत्तमा को उन असुरों के पास कैलाश-सोपान में भेजा। दोनों उसे देख मुग्ध हो गये और उसे अपनी-अपनी ओर खींचने। अन्तत: दोनों क्रुद्ध होकर लड़ पड़े और दोनों ही मर गये। इन्हीं के समान जब दो समान बलवाले पदार्थ एक दूसरे के नाशक हों, तब इस न्याय का प्रयोगस्थल होता है। जैसे—'त्वद्गुणलोककाराष्ट्रे परस्पर युध्यमाने सुन्दोपसुन्दवत् न नश्यत., शान्तिमन्तवत् सिद्धस्त्वम् एव।'

८२ सूचीकटाहन्याय :—सूचीकटाहन्याय अर्थात् सूई और कड़ाहे का न्याय। किसी लोहार के पास जब एक व्यक्ति कड़ाहा बनवाने आ पहुँचे और दूसरा सूई, तब लोहार पहले सूई बनाता है क्योंकि उसे वह सहज ही अल्प काल में बना लेता है। इसी प्रकार इस न्याय का आशय यह है कि कठिन तथा दीर्घकालसाध्य कार्य पीछे करना चाहिए और सुकर तथा अल्पकालसाध्य कार्य पहले। जैसे—'अशेषाध्यापनकार्यात् शिक्षक शुल्काध्यायनकार्यागतां सूचना, प्रकृत पाठ स्थापयित्वा, सूचीकटाहन्यायेन प्रथम श्रावयति।'

८३ सूत्रबद्धशकुनिन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—सूत से बँधे हुए पक्षी का दृष्टान्त। सूत से बँधा हुआ पक्षी न इधर-उधर स्वच्छन्द उड़ सकता है, न कहीं यथेष्ट विश्राम कर सकता है। जिस पराधीन व्यक्ति की दशा इसके समान हो, उसके विषय में यह न्याय प्रयुक्त किया जाता है। यथा—'कैकेयीनोदनयावशवद्धस्य दशरथस्य दशा सूत्रबद्धशकुनेरिवासीत्।'

८४ सोपानारोहणन्याय —सोपानारोहणन्याय अर्थात् सीढ़ियाँ चढ़ने का दृष्टान्त। जैसे मनुष्य छत पर एकाएक नहीं जा पहुँचता, एक-एक सीढ़ी चढ़कर ही पहुँचता है, वैसे ही ज्ञानादि की प्राप्ति भी क्रमशः ही होती है। ऐसे ही अवसर इस न्याय के प्रयोगार्थ उचित हैं। जैसे—'सोपानारोहणन्यायेनैव भवति विद्योपचयो विद्यार्थिना, धनवृद्धिश्च सज्जनानाम्।'

८५ स्थालीपुलाकन्याय :—स्थालीपुलाकन्याय अर्थात् देगचे और पुलाव का न्याय। जब किसी देगचे में चावल पकाये जाते हैं तब पाचक प्रत्येक दाने को निकाल कर नहीं देखता कि वह गल गया है या नहीं। दो चार दाने देखकर ही अनुमान कर लेता है कि सब के सब गल गये या कुछ कसर है। इसी प्रकार जहाँ किसी समुदाय के दो-चार व्यक्तियों से सबके सम्बन्ध में कुछ अनुमान किया जाता है, वहाँ इस न्याय का इस प्रकार व्यवहार किया जाता है—'विद्यालय-निरीक्षका स्थालीपुलाकन्यायेनैव विद्यार्थिनां योग्यतां परीक्षन्ते।'

८६. स्थावरजङ्गमविषन्याय :—अर्थ है—स्थावर और जंगम विष का दृष्टान्त। पौधों और खनिज द्रव्यों के विष स्थावर विष कहलाते हैं तथा प्राणियों के विष जंगम विष। कहते हैं, विष को विष नष्ट करता है, जैसे कि महाभारत की कथा में भीमसेन को दुर्योधन द्वारा दिया हुआ स्थावर विष नदी में साँपों के जंगम विष से दूर हो गया था। इसी प्रकार जहाँ एक वस्तु का प्रतिकार दूसरी से हो जाय, वहाँ यह न्याय प्रयोक्तव्य है। यथा—'वर्तमाने बहूनां रोगाणां चिकित्सा स्थावरजङ्गमविषन्यायेनैव विधीयते।'

८७ स्थूणानिखननन्याय —स्थूणानिखननन्याय अर्थात् खंबा गाड़ने का न्याय। जैसे भूमि में खंबा गाड़ना हो तो उसे बार-बार हिलाकर गहरा ठोंका जाता है, वैसे ही अपने पक्ष के सुसमर्थन के लिए जब कोई वक्ता, लेखक आदि अनेक युक्तियाँ, दृष्टान्त आदि प्रस्तुत करता है तब यह न्याय प्रयुक्त होता है। यथा—'स्थूणानिखननन्यायेन समर्थयति प्रवक्ता स्वकीयं पक्षं दृष्टान्तपरम्परया।'

८८ स्वामिभृत्यन्याय :—स्वामिभृत्यन्याय अर्थात् मालिक और नौकर का न्याय। स्वामी और सेवक में पोषक तथा पोष्य या धारक और धार्य का सम्बन्ध होता है। इसी प्रकार का सम्बन्ध जहाँ दो वस्तुओं या व्यक्तियों में दिखाई दे, वहाँ उक्त न्याय व्यवहृत होता है। यथा—'इह लोके सर्वत्र जनेश्वरयोः व्यवहारः स्वामिभृत्यन्याय इव दृश्यते।'

८९ स्वेदजनिमित्तेन शाटकत्यागन्याय :—इस न्याय का अर्थ है—पसीने से उत्पन्न कीड़ों के कारण वस्त्र फेंक देने का न्याय। इसी को कहीं पर '*यूकाभिया कन्थात्यागन्याय*' भी कहते हैं जिसका हिन्दी रूपान्तर 'जुओं के डर से गुदड़ी नहीं फेंकी जाती' है। आशय यह है कि सामान्य भयों से भीत होकर भारी हानि सहन करना बुद्धिमत्ता नहीं है। यथा—'परीक्षाया वैफल्यमपि सम्भवतीति भयेन परीक्षायां छात्रा न सम्मिलिता भवेयुरिति न, स्वेदजनिमित्तेन त्यागन्यायेन।'

९० ह्रदनक्रन्याय :—ह्रदनक्रन्याय का अर्थ है—झील और मगर का दृष्टान्त। इसका आशय 'वनसिंहन्याय' के समान है। विस्तारार्थ वहीं देखिए।

सप्तम परिशिष्ट

प्राचीन भारत का भौगोलिक परिचय

मातृसंस्कृति से अपना सम्बन्ध स्थापित करने के लिए जहाँ मातृभाषा का परिचय आवश्यक है, वहाँ मातृभूमि के विषय में भी कुछ न कुछ ज्ञान अपरिहार्य है। इसी ध्येय से प्रस्तुत अनुक्रम हम जोड़ रहे हैं।

जिस वृद्ध भारत के विषय में हम सदा गर्व अनुभव करते हैं, उसके तीर्थादि स्थानों के सम्बन्ध में परिचयात्मक संकेत प्राचीन साहित्य में जहाँ तहाँ बिखरे पड़े हैं। संस्कृत-नाटकों के कथा प्रवाह को भी, उनकी पृष्ठभूमि के अभाव में, समझ सकना असम्भव है। हमारी विभिन्न बोलियों, रीति वृत्तियों, कवि-समयोक्तियों के मूलोद्गम भी तो लोक-संस्कृति के यही उर्वर प्रदेश ही थे। राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का जितना श्रेय अश्वमेध की परम्परा को अक्षुण्ण रखने वाले हमारे चक्रवर्ती सम्राटों को रहा है, उतना ही श्रेय इस देश के महाकवियों (वाल्मीकि, व्यास) को भी है। मेघदूत का सन्देशहर बादल स्वयं कवि का उदार हृदय है, जिसके मुक्त व्योम में उमड़ने-उड़ने में भारत, मानो एक घोंसले में आबद्ध हो गया है।

हमारे प्राचीन भूगोल को लेकर कोई क्रमबद्ध अनुसन्धान अभी तक नहीं किया गया। श्री नन्दूलाल दे की 'दि जिओग्राफ़िकल डिक्शनरी ऑव एन्शेण्ट एण्ड मिडीवल इण्डिया' (प्रथम संस्करण १८८९, द्वितीय १९२७) आज स्वयं संशोधन चाहती है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने जिस प्रकार पाणिनिकालीन तथा बाणकालीन भारतवर्ष के सांस्कृतिक रूप को एकसूत्रित करने का यत्न किया है, जिस प्रकार डा० ऑरेलस्टाइन ने काश्मीर के विस्मृत नामों का उद्धार किया था, उसी प्रकार की बृहत्तर भारत की क्रमिक कहानी के लेखक को अभी जन्म लेना है।

प्राचीन भारत के कुछ एक नामों का तुलनात्मक उल्लेख हम कर रहे हैं, इस आशा से कि कोई अज्ञात युवक, एक ही सही, उस 'प्रथम प्रभात' के सस्पर्श से पुलकित होकर अनुसन्धान की इस अछूती दिशा में प्रयत्नशील हो जाए।

अंग—प्राचीन भारत के १६ 'राजनीतिक' जनपदों में एक, जो कभी रोमपाद (रामायण) तथा कर्ण (महाभारत) के शासन में था। आजकल भागलपुर के आसपास का प्रदेश।

अञ्जनगिरि—पंजाब की 'सुलेमान' पर्वतमाला (वराह०*)।

अगस्त्याश्रम—नासिक, कोल्हापुर (बम्बई), उत्तरप्रदेश, गढवाल, सतपुड़ा आदि में ऋषि अगस्त्य के नाम से प्रसिद्ध आश्रम। अगस्त्य ही वे 'चरित्र विजयी' वीर थे, जिन्होंने सर्वप्रथम आर्य-सभ्यता का दक्षिण में प्रवेश सम्भव किया था। लोगों का विश्वास है कि अगस्त्य आज भी ताम्रपर्णी के उद्गम स्रोत (तिनिवेली में) 'अगस्त्यकूट' पर समाधिस्थ हैं।

अचिन्त—मध्यभारत में एलोरा के प्राय ६० मील उत्तरपूर्व की ओर 'अजिण्ठा' ('अजन्ता' उच्चारण अशुद्ध है) नामक गुहा समूह, जहाँ (बौद्धों के) योगाचार्य मत के संस्थापक आर्य असंग का प्रथम 'आश्रम' था। गुहाओं में भव्यचित्रकला का अङ्कन विहार के स्थविर 'अचल' के आदेश पर ५वीं–६ठी शती में सम्पन्न हुआ था।

अचि(जि)रावती—अवध की राप्ती (रेवती) नदी, जिस पर कभी श्रावस्ती नगर बसा हुआ था। २ इरावती (रावी)। (वराह०)

---

* संकेतों के विवरण के लिए ग्रन्थारम्भ में संकेत-सूची देखिए।

अच्छोद—काश्मीर का एक सरोवर (आधु० अच्छावत), जिसके तट पर कभी 'सिद्धाश्रम' अवस्थित था। (कादम्बरी)

अनन्तनाग—झेलम के दक्षिण तट पर स्थित (काश्मीर की) प्राचीन राजधानी। (आधु० इस्लामाबाद)

अनन्तशयन—त्रावनकोर का पद्मनाभपुर, जहाँ एक मन्दिर में विष्णु की शेषनाग पर प्रसुप्त मुद्रा में अंकित मूर्त्ति सुरक्षित है। (पद्म० उत्तर०)

अनहिलपत्तन—वल्लभी-साम्राज्य के विध्वंस पर 'वनराज' द्वारा गुजरात (उत्तर-बड़ौदा) में (७४६ ई०) प्रतिष्ठापित एक (आधु० अनहिलवाड़) नगर।

अनुराधपुर—सिंहल (सीलोन) की पुरानी राजधानी, जहाँ महेन्द्र तथा संघमित्रा द्वारा रोपित बोधिवृक्ष की शाखा से विकसित 'अश्वत्थ' आज भी विद्यमान है। (महावंश)

अनूप—दक्षिण मालव देश, हैहय, माहिष (माहिषक)। (हरिवंश०)

अन्तर्वेद—गंगा तथा यमुना के अन्तर्गत दोआब। (भविष्य०)

अपगा—अफगानिस्तान। (ब्रह्माण्ड०)

अपरान्त (क)—कोंकण तथा मालाबार, पश्चिमी घाट। (रघु०, मत्स्य०)

अभिसारा (रि)—पेशावर डिविजन में एक जिला, उरशा (आधु० हजारा), जिसे अर्जुन ने (सभापर्व०, पद्म०) अपनी उत्तर दिग्विजय में जीता था।

अमरकण्टक—गोंडवाना में मेकल पर्वतमाला का एक भाग, जो नर्मदा तथा शोण का उद्गमस्थल है, आम्रकूट (?) (पद्म०, स्कन्द०, मेघदूत)।

अमरावती—आन्ध्र में कृष्णा के तट पर, बेजवाड़ा के प्रायः २० मील पश्चिम की ओर स्थित प्रसिद्ध बौद्धस्तूप (का भव्य स्थान) जिसे चतुर्थ शती के अन्त में आन्ध्रों ने निर्मित किया था।

अम्बर—जयपुर (के समीप प्राचीन नगर आमेर)। इसकी मूल प्रतिष्ठा मान्धाता के पुत्र अम्बरीष ने की थी तथा 'वर्तमान' रूपान्तर मानसिंह ने अकबर के दिनों में किया था। (भविष्य०)

अयोध्या—'राम-राज्य का पुनीत धर्मक्षेत्र', अवध। बौद्धयुग में सरयू नदी अयोध्या को उत्तरकोसल तथा दक्षिणकोसल में विभक्त करती थी। अयोध्या के ध्वस्त तीर्थों का पुनरुद्धार ५वीं शती में किसी गुप्त 'विक्रमादित्य' ने किया था।

अरण्य—सैन्धव, दण्डक, नैमिष, कुरुजांगल, अपरावृत्त, जम्बुमार्ग, पुष्कर, हिमालय तथा अरण्य का नौ तीर्थ-वनों में परिगणन होता है। (देवी०)

अरुणाचल—कैलास के पश्चिम में एक पर्वतमाला। २ दक्षिण भारत में सुरक्षित 'अष्टमूर्त्ति' (शिवजी महाराज) की पाँच 'भौतिक' मूर्त्तियों में एक—'अग्नि प्रतिमा' जहाँ प्रतिष्ठित है। (ब्रह्माण्ड०)

अरुणोद—गढ़वाल। (स्कन्द०)

अर्धगंगा—कावेरी। (हरिवंश०)

अर्बुद—(राजपूताना की) सिरोही रियासत में अरवली पर्वतमाला की 'आबू' शाखा, जहाँ से वशिष्ठ ने विश्वामित्र के विरुद्ध युद्ध करने के लिए 'परमार' जैसे वीर को एक 'अग्निकुण्ड' से उत्पन्न किया था। (महाभा०, पद्म०)

अलका—यक्षपति कुबेर की राजधानी, जिसका नामकरण, सम्भवतः, गढ़वाल में बहती अलकनन्दा (अपरनन्दा, वसुधारा) नामक नदी के अनुकरण पर हुआ था। (स्कन्द०)

अवन्ती—मालव राज्य की 'राजधानी' उज्जयिनी (उज्जैन), जिसे ७-८वीं सदी से मालवा कहते आए हैं। कभी यह संवत्प्रवर्तक विक्रमादित्य की 'राजधानी' थी। २ सिप्रा (नदी का एक नाम), जिस पर प्राचीन उज्जैन स्थित था।

अविमुक्त—काशी, वाराणसी (बनारस)। (शिव०, मत्स्य०)।

अश्मक—(दशकुमारचरित में) विदर्भ के अधीन एक राज्य, जो अर्थशास्त्र के टीकाकार *भट्टस्वामी के अनुसार*, **महाराष्ट्र** है—*और कभी अवन्ती-सामान्य के उत्तर-पश्चिम में था।* (कूर्म० हर्ष०, नाटक०) **वक्षु (अश्मन्वती आमू)** की सभ्यता का देश—ऑक्सियाना, 'पाताल'।

अश्मन्वती—वक्षु (आक्सस), इक्षु, वक्षु, आमू दरिया। (रघु०)

असिक्नी—चनाब की एक धारा।

अहिच्छत्र—*रोहीलखण्ड में बरेली से २० मील पश्चिम की ओर, आधुनिक रामनगर;* **अहिक्षेत्र,** *छत्रवती। (महा०)*

आदर्शावली—अरवली पर्वतमाला। (दे० आर्यावर्त)

आनर्त—गुजरात (तथा मालवदेश का कुछ अंश), जिसकी राजधानी कभी **कुशस्थली (द्वारिका)** *भी। उत्तर गुजरात की राजधानी का नाम भी कभी* **आनर्तपुर (आनन्दपुर,** अधु० वाडनगर) रहा था। (भागवत०)

आन्ध्र—*गोदावरी तथा कृष्णा नदियों का 'मध्यदेश', राज०* **अमरावती।** सदियों यहाँ वेंगी के पल्लवों तथा कल्याणपुर के चोलों का उत्थान पतन होता रहा। स्वयं आन्ध्रों का राजवंश, इतिहास में, *सातवाहन अथवा सातकर्णि के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। (गरुड०, अनर्घराघव)*

आपगा—(पश्चिमी पंजाब की) रावी के पश्चिम में एक सरिता। २. कुरुक्षेत्र में चितांग नदी की एक सहायिका, जिसे **ओघवती** तथा 'आपगा' भी कहते हैं। (वामन०)

आभीर—नर्मदा के मुहाने के गिर्द, गुजरात का दक्षिणपूर्वीय भाग। (ब्रह्माण्ड०, महाभा०)

आम्रकूट—अमरकण्टक।

आर्जिकीया—व्यास (**विपाशा**) की एक धारा।

आर्यावर्त—(मनु के अनुसार) हिमाद्रि तथा विन्ध्य के मध्य में स्थित देश, **उत्तरापथ।** पतञ्जलि के समय में आर्यावर्त की चार 'पार्वती' मर्यादाएँ थीं—१. उत्तर में हिमालय, २. दक्षिण में **पारियात्र,** ३ पश्चिम में **आदर्शावली,** तथा ४ पूर्व में कालकवन। राजशेखर के बाल-रामायण के अनुसार दक्षिणभारत तथा उत्तरभारत की स्वाभाविक विभाजन रेखा **है—नर्मदा।**

आशापल्ली—*अल्बेरूनी का येस्साइल अथवा आसावल, आजकल का अहमदाबाद।*

इन्द्रपुर—इन्दौर। (स्कन्दगुप्त के अभिलेख, शंकरविजय)

इन्द्रप्रस्थ—पुरानी दिल्ली, **बृहस्थल, खाण्डवप्रस्थ** (महाभा०)। *कहते हैं पुराने किले का* निर्माण (कलियुग ६५३ में ?) युधिष्ठिर ने किया था, लोकभाषा में उसे आज भी 'इन्द्रपत' कहते हैं। महाभारतकाल में यह युधिष्ठिर की राजधानी थी, किले का पुनर्निर्माण हुमायूँ का किया बतलाते हैं।

इ (ऐ) रावती—रावी (पंजाब) २ (अवध की) राप्ती (**अचिरावती**)। (गरुड०)

ऋषिपत्तन—ऋषिपत्तन, सारनाथ।

उदण्ड(न्त)पुर—पटना जिले का 'बिहार' शहर, जो कभी बंगाल के पाल राजाओं की राजधानी था। यहाँ बोधिसत्त्व अवलोकितेश्वर की चन्दनमयी मूर्ति से सुशोभित एक प्रसिद्ध बौद्ध विहार भी है। (द्राविड़ अवदान)

उग्र—दैरल (देवीपु०)। बिहार में **महास्थान** (पद्म०)।

उच्च—बरण, बुलन्दशहर, जहाँ जनमेजय ने 'नागसत्र' (अर्थात् पुराणों के प्रवचन) का प्रचलन किया था।

उज्जयिनी—प्राचीन मालवदेश (अर्थात् अवन्ती) की राजधानी। तीसरी सदी ई० पू० में *बिन्दुसार के शासनकाल में अशोक यहाँ राज्यपाल थे। विक्रमादित्य संवत्प्रवर्तक ने शकों को*

(५७ ई० पू०) पराजित कर इसे अपनी राजधानी बनाया था। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (द्वि०) ने सुराष्ट्र-मालव देश के शकों को भारत से निर्वासित कर उज्जैन की प्राचीन परम्पराओं को अन्तत समाप्त कर दिया। गाथाओं में उदयन की प्रेम लीलाओं का भी इधर से ही सम्बन्ध रहा है। शहर के मध्य मे कभी यहाँ कालप्रियनाथ भगवान् का एक मन्दिर था, जहाँ शिव पुराण के प्रसिद्ध १२ ज्योतिर्लिङ्गों मे एक की प्रतिष्ठा थी।

उ(ओ)ड्र—उडीसा, उत्कल (उत्-कलिंग, अर्थात कलिंग का उत्तर भाग)। इसकी दक्षिणी सीमा पर जगन्नाथ **(पुरी)** का प्रख्यात मन्दिर था। पुराणों के युग में उत्कल तथा कलिंग का विभाजन हो चुका था।

उत्तरकुरु—गढवाल तथा **हूणदेश** का उत्तरीय भाग, जो हिमालय के परतर प्रदेशों का एक पुज था—और जिसे अर्जुन ने अपनी दिग्विजय मे युधिष्ठिर के साम्राज्य का अङ्ग बना लिया था।

उत्तरापथ—काश्मीर तथा काबुल का 'एक राज्य'। २ उत्तर भारत (भारतवर्ष)।

उत्तरमद्र—फारस में 'मद' प्रान्त, जिसमें अवस्ता का 'आयानन वार्नो' (आर्य अपवर्ग) भी सम्मिलित था।

उत्तरविदेह—नेपाल का दक्षिण भाग, जिसकी राजधानी गन्धवती थी। (स्वयम्भू पुराण)

उत्पलारण्य—कानपुर से १४ मील दूर (आधु० बिठूर'), **'वाल्मीकि आश्रम'**, जहाँ सीता ने प्रवास में लव तथा कुश को जन्म दिया था। यहीं पर, सरस्वती तथा दृषद्वती के 'मध्यदेश' (ब्रह्मावर्त्त) में ध्रुव के पिता उत्तानपाद ने **'प्रतिष्ठान'** की स्थापना की थी।

उदयगिरि—उडीसा मे भुवनेश्वर के पाँच मील पूर्व एक पर्वत, जिसकी प्रसिद्ध गुहाओं में ई० ५०० पू०—५०० ई० के सहस्र वर्षों में भारतीय कलाकार अपना सर्वस्व उँडेलते रहे।

उदीच्य (भूमि)—सरस्वती के उत्तर पश्चिम का प्रदेश। (अमरकोश)

उरग (पुर)—काश्मीर के पश्चिम मे, जेहलम तथा सिन्ध नदियों के बीच का प्रदेश (हजारा), **उरशा, अभिसारा** (मत्स्य०)। २ त्रिचनापली = उरैयुर, जो छठी शती मे पाण्डवों की राजधानी थी, **नागपत्तन** (?)। (रघु०) ११वीं शती मे चोलों का सम्पूर्ण तमिल देश पर प्रभुत्व जम चुका था। 'पवनदूत' का कवि इसे, **ताम्रपर्णी** पर प्रतिष्ठित करता हुआ, भुजंगपुर नाम से स्मरण करता है।

उरुविल्व (ल्ल)—'गया' के ६ मील दक्षिण मे, **'बुद्धगया'**, जहाँ छठी शती ई० पू० में भगवान् बुद्ध ने बोध प्राप्त किया था। यहीं से बोधिवृक्ष की शाखाओं का देश विदेश में प्रतिरोपण हुआ था। आज यहाँ एक महान् विहार भी है, जिसकी स्थापना छठी शती ई० पू० मे अमरदेव ने की थी।

ऋक्षपर्वत—विन्ध्य की पूर्व शाखा जो **शोण, शुक्तिमती, नर्मदा, महानदी** आदि का उद्गम है।

ऋषिपत्तन—(काशी में) इसिपत्तन, सारनाथ। (ललितविस्तर)

ऋष्यमूक—किष्किन्धा मे (तुङ्गभद्रा पर) **पम्पा** का उद्गमस्रोत।

(ऋष्य) शृङ्गगिरि—मैसूर मे बेलूर के उत्तर में एक पर्वतशृङ्ग, जहाँ स्वामी शङ्कराचार्य ने वैदिक धर्म के पुनरुद्धार के लिए (चार मठों में, दक्षिण में) 'शृङ्गेरी' का प्रसिद्ध मठ स्थापित किया था। (शंकरविजय)

एल(ा)पुर—एलोरा।

एरण्डपल्ल—खानदेश। (हरिषेणप्रशस्ति)

एरिकिण—एरण।

औदुम्बर—जि० गुरदासपुर।

कण्वाश्रम—सहारनपुर तथा गढवाल में से गुजरती मालिनी ('चुका') नदी के किनारे ऋषि कण्व का आश्रम था, जहाँ शकुन्तला का भरण पोषण हुआ था। (कोटद्वार से ५ किलोमीटर की दूरी पर)। (शतपथ०)

कनक—नागनगोर। (पद्म०)

कनिष्कपुर—श्रीनगर से दस मील दक्षिण की ओर कनिष्क की बसाई नगरी, जहाँ ७८ ई० में अन्तिम 'बौद्धसंगीति' का अधिवेशन तथा 'शक संवत्' का प्रवर्तन हुआ था।

कन्या(कुमारी)—'केप कौमोरिन' (कु)कुमारी।

कपिलवास्तु—शाक्यों की राजधानी, भगवान् बुद्ध की जन्मभूमि—जो आज फैजाबाद से २५ मील उत्तरपूर्व में, 'भुइला' के नाम से विदित है।

कपिलाश्रम—बंगाल में 'सागरसंगम' तीर्थ, जहाँ महाराज सगर के अश्वमेधीय अश्व का इन्द्र ने अपहरण किया था।

कपिशा—कुभा (काबुल) नदी के नाम पर उसका 'उत्तरप्रदेश' भी 'कपिशा' कहलाने लगा; कभी कपिशा नगरी 'गान्धार' साम्राज्य की राजधानी थी। २ रघुवंश में उड़ीसा की 'स्वर्णरेखा' (नदी) को कवि ने 'कपिशा' (पलाशिनी) कहा है।

कम्बोज—(पूर्वी) अफगानिस्तान। अरग। (राजत०, मार्कण्डेय०) यास्क के अनुसार 'गलचा' भाषा का प्रदेश, जहाँ आज भी (!) √शु (गतौ) का क्रियात्मक प्रयोग (मात्र 'शव = प्रेत' नहीं) होता है, और जिसे अर्जुन ने अपनी दिग्विजय में युधिष्ठिर के साम्राज्य में जोता था। (महा०)

करतोया—रंगपुर, दीनाजपुर, बोगरा में से गुजरती हुई एक तीर्थ नदी सदानीरा, जो कभी बंगाल तथा कामरूप (आसाम) की विभाजक रेखा थी। (स्कन्द०)

कर्णसुवर्ण—(बंगाल में) मुर्शिदाबाद जिले में, रंगामाटी (कानसोना), जो कभी शशांक की राजधानी थी।

कर्णाट—कुन्तलदेश, राज० कल्याणपुर।

कर्तृपुर—कुमाऊँ, गढ़वाल, अल्मोड़ा, कांगड़ा का पर्वतीय राज्य—जिसे समुद्रगुप्त ने विजित कर गुप्त साम्राज्य का अंग कर लिया था। (हरिषेण०)

कर्णकुण्ड—(हैदराबाद में हीरों की खानों के लिए प्रसिद्ध) गोलकुण्डा, 'सर्वदर्शनसंग्रह'-कार माधवाचार्य की जन्मभूमि।

कलडि(टि)—(केरल में) शंकराचार्य की जन्मभूमि।

कलिंग—'उत्तरी सरकार' का इलाका, जिसको 'युद्धविजय' से खिन्न हुए अशोक में 'धर्मविजय' की प्रेरणा जगी थी। 'कलिंगविजय', भारत ही की नहीं, विश्व भर की आत्मा में एक नवल चेतना स्पर्श का मुहूर्त है। (एच० जी० वेल्स)

कलिंगनगर—(उड़ीसा में) भुवनेश्वर (पुरी)। (दशकुमार०)

कल्याणपुर—(निज़ाम साम्राज्य में) बीदर के ६ मील पश्चिम में, चालुक्यों (के कुन्तलदेश) की राजधानी।

काञ्ची (पुर)—कान्जिवेरम्, जो शंकराचार्य द्वारा स्थापित 'विष्णुकाञ्ची' मन्दिर के लिए तथा 'नालन्दा विश्वविद्यालय' के लिए प्रसिद्ध है। अष्टमूर्ति शिव की 'भौतिक' मूर्तियों में 'आकाश-तत्त्व' की प्रतीक मूर्ति (चिदम्बरम्) इधर दक्षिण में ही क्यों मिलती है? (दे० अरुणाचल)

कान्यकुब्ज—विश्वामित्र की जन्मभूमि (रामायण), तथा (बौद्धयुग) में दक्षिण-पाञ्चालों की राजधानी—कन्नौज। हर्षवर्धन से पूर्व यह कुछ समय तक मौखरियों की राजधानी भी रहा। इसी के ('त्रिकोण' दुर्ग के) दक्षिणपश्चिम में स्थित 'रंग महल' से ही पृथ्वीराज ने संयोगिता का हरण किया था। (भविष्य०)

कामरूप—असम (अहोम, उच्चारण 'आसाम' नहीं) जिसकी राजधानी था—प्राग्ज्योतिष। कुछ विद्वान् प्राग्ज्योतिष का कामाख्या अथवा गोहाटी से एकीकरण करते हैं। (मेघदूत,

कालिका पु०) कुछ हो, 'कामदहन' का माला का सारा वातावरण (तीर्थों तथा लोकवाङ्मय की साक्षी पर) इधर ही अधिक उचित उतरता है। (मेघदूत)

काम्पिल्य—दक्षिण पंचाल (द्रुपददेश) की राजधानी।

कार्तिकेयपुर—(कुमाऊँ में) वैजनाथ (वैद्यनाथ) तीर्थ। (देवी पु०)

कालीघाट—सती से सम्बद्ध इसी 'पीठ' के आधार पर 'कलकत्ता' का नामकरण हुआ प्रतीत होता है।

काश्यपपुर—उपनिषदों के 'चरैवेति' युग में ऋषि कश्यप द्वारा सम्थापित (उपनिवेशित) नगरों, प्रदेशों का 'सर्वनाम', यथा—काश्मीर, मुलतान।

काश्यपीगंगा—गुजरात की साबरमती (नदी)। (पद्म०)

किम्पुरुष (देश)—नेपाल।

किरात (देश)—नेपाल के सुदूरपूर्व की ओर किरातों की बस्ती—(त्रिपुरा) तिपारा, जहाँ 'त्रिपुरेश्वरी' का तीर्थमन्दिर है। (ब्रह्म०)

किष्किन्धा—तुङ्गभद्रा के दक्षिण तट पर धारवाड़ में आज भी इसे उसी पुराने नाम से लोग जानते हैं। लोकगाथा के अनुसार, यहीं (राक्षस) बाली का ध्वंस हुआ था। अयोध्या से किष्किन्धा तथा किष्किन्धा से लंका—कुल दो सौ मील की दूरी थी। 'लंका'—सिंहल (सीलोन) नहीं है।

कुण्डग्राम—वैशाली का एक और नाम, जो महावीर की जन्मभूमि था और आधुनिक मुजफ्फरपुर (तिरहुत) में अवस्थित था। (जैनसूत्र)

कुण्डिनपुर—विदर्भ की प्राचीन राजधानी, बीदर (?)। (मालतीमाधव)

कुन्तल (देश)—नर्मदा, तुङ्गभद्रा, पश्चिमसागर और गोदावरी से सीमित इस प्राचीन देश ने चालुक्यों तथा मराठों के हाथ कई उत्थान पतन देखे, कई राजधानियाँ (कल्याण, नासिक) बदलीं। (दशकुमार०, तारानाथ)

(कुन्ती) भोज—मालवदेश का एक पुराना नगर, जहाँ पाण्डवों की माता का बाल्यकाल, 'कुन्तीभोज' की छत्रछाया में बीता था।

कुभा (कुहु)—काबुल (नदी)।

कुमारवन—कुमाऊँ, कूर्माचल। (विराटपर्व)

कुम्भघोण—तंजोर जिले में चोलों की राजधानी तथा विद्यापीठ रहा है। (चैतन्यचरित०)

कुरुक्षेत्र—'महाभारतों का धर्मक्षेत्र भी, युद्धक्षेत्र भी—थानेसर।

कुरुजांगल—हस्तिनापुर के दक्षिण पश्चिम का 'आरण्यक' प्रदेश।

कुलिन्द (देश)—कभी सतलुज तथा गंगा के बीच का सारा प्रदेश 'कुलिन्द' कहलाता था, आज गढ़वाल के साथ (उत्तर) दिल्ली तथा सहारनपुर उसमें शामिल करने होंगे। (महा०)

कुलूत—कुल्लू, कभी कुलिन्द का ही एकांश था। (बृहत्संहिता)

कुश(भवन)पुर—अवध में गोमती के तट पर, सुल्तानपुर। इक्ष्वाकुओं की पुरानी राजधानी अयोध्या को छोड़कर, कुश इधर आ बसा था। (रघु०)

कुशाग्रपुर—मगध की प्राचीन राजधानी, राजगृह, गिरिव्रज।

कुशस्थली—द्वारिका। इतिहास में आनर्तों की राजधानी भी रही है। प्रसिद्ध विद्वान् पौध ने इसे (कुशी की 'हिस्ट्री आव गुजरात' पर सम्मति देते हुए) श्रीकृष्ण, दयानन्द तथा गांधी की जन्मभूमि होने का श्रेय दिया है।

कुशीनगर—जहाँ भगवान् बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था, गोरखपुर के निकट आधु० 'कसिया' गाँव (विल्सन)।

कुसुमपुर—पाटलिपुत्र (पटना)। (मुद्राराक्षस)

कूर्माचल—कुमाऊँ। कुमारवन।

केकय—व्यास तथा सतलज के बीच का प्रदेश, जिसकी एक राजकुमारी (कैकेयी) की ईर्ष्या से राम को वनवास मिला था।

कोसल—अयोध्या। जब कोसल साम्राज्य को (उत्तर, दक्षिण) दो भागों में विभक्त कर दिया गया, उनकी राजधानियाँ भी क्रमश कुशावती तथा श्रावस्ती बन गई। भगवान् बुद्ध के समय में कोसल एक बलशाली साम्राज्य था, कपिलवस्तु तथा बनारस उसके अन्तर्गत थे। किन्तु, ३०० ई० पू० में इसका मगध में समावेश हो गया और इसकी राजधानी भी तब श्रावस्ती न रहकर पाटलिपुत्र हो गई। कहीं-कहीं दक्षिण-कोसल की प्रसिद्धि 'महाकोसल' नाम से भी मिलती है।

कौशाम्बी—इलाहाबाद के प्राय ३० मील पश्चिम की ओर 'कोसम' जो कभी वत्सदेश की राजधानी थी। (बृहत्कथा, भास)

क्रोड़ (देश)—कुर्ग। (कावेरीमाहात्म्य)

क्रौञ्च (रन्ध्र,-पर्वत)—'तिब्बत तथा भारत' में (कुमाऊँ की घाटी में) प्रवेशद्वार, जिसका 'उद्घाटन' परशुराम ने किया था। कुछ विद्वानों के अनुसार यह 'बर्मा-आसाम' की पूर्वीय पर्वतमाला का द्योतक है। रामायण के अनुसार क्रौञ्चपर्वत कैलास का वह भाग है जहाँ मानसरोवर झील शोभायमान है। तो क्या 'कैलास' शिव पार्वती के इस क्रीडा शैलों का एक सामान्य नाम है और तथैव क्या मानसरोवर का भी?

खश(स)—किश्तवाड़ तथा वितस्ता के बीच का इलाका, जिस पर कभी खशों का 'साम्राज्य' था। कुछ विद्वानों के अनुसार इन पार्वतीय खशों को परास्त करके ही चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य' बने थे, किन्तु अधिक सम्भव यही है कि शकाधिपति किदार को वक्षु तक खदेड़ कर चन्द्रगुप्त ने *शकों का नामशेष तो किया ही था, साथ ही गुप्तों की डूब चुकी प्रतिष्ठा का उद्धार करके वे* वराह-अवतार भी कहलाये। (देवीचन्द्रगुप्त, हर्षचरित, रघुवंश १३)

गजसाह्वय—हस्तिनापुर। (भागवत०)

गजेन्द्रमोक्ष—गंगा तथा गण्डकी के संगम पर प्रसिद्ध तीर्थ (भागवत०)। शोणपुर।

गन्धमादन—कैलास की दक्षिणी शाखा, जहाँ कभी हनुमान का आवास था—बदरिकाश्रम भी यहीं स्थित है। (कालिका०, विक्रमो०)

गाधिपुर—कान्यकुब्ज (कन्नौज) जिसे विश्वामित्र के पिता ने बसाया था।

गान्धार, गन्धर्वदेश—काबुल नदी के साथ-साथ बसा हुआ कुनार तथा सिन्धु नदियों का 'मध्यदेश', जिसमें कभी पेशावर तथा रावलपिण्डी समाविष्ट होते थे। पुरुषपुर (पेशावर) तथा तक्षशिला इसकी दो राजधानियाँ थीं।

गिरिकर्णिका—(गुजरात में) साबरमती।

गिरिनगर—गिरिनार-जूनागढ में एक पर्वतमाला, जहाँ नेमिनाथ तथा पार्श्वनाथ के प्रसिद्ध जैन मन्दिर हैं। कभी ऋषि दत्तात्रेय का आवास था। अशोक के कुछ शिलालेख यहाँ भी अभिलिखित हुए थे। सुदर्शन झील का तथा उसके उद्धारक रुद्रदामन् का नाम भी इससे सम्बद्ध है। (स्क० ट०, बृहत्सं०)

गिरिव्रज—(बिहार में) मगध की प्राचीन राजधानी—राजगृह—'वसु' के द्वारा संस्थापित होने से इसे वसुमती भी कहा जाता है (रामायण)। 'बुद्धयुग' में इसे कुसुमपुर भी कहते लगे थे। प्रसिद्ध विश्वविद्यालय 'विक्रमशिला (बिहार)' यहीं स्थित था। (महावग्ग)

गृध्रकूट—'गिरिनगर' के दक्षिण की ओर रत्नगिरि मण्डल का एक भाग, जहाँ तपोमग्न बुद्ध पर

देवदत्त ने शिला फेंकी थी। यहीं, जीवक वन में, अजातशत्रु तथा उसके प्रधानमन्त्री वर्षकार ने स्वयं भगवान् की सेवा में उपस्थित हो, 'पाटलिपुत्र' की स्थापना-योजना बनाई थी। (चुल्लवग्ग)

गुप्तकाशी—(उड़ीसा में) भुवनेश्वर। (कुमाऊँ में) शोणितपुर (हरिवंश)।

गोकर्ण—(उत्तर गो०) गंगोत्तरी से ८ मील दूर, भगीरथ का 'तपोवन'। (दक्षिण गो०) करवाल में गेंडिया तीर्थ।

गोकुल—कृष्ण के बाल्यकाल की क्रीडाभूमि—व्रज गोकुल मथुरा से ६ मील पर है।

गो(गौ)तमी—गोदावरी। (शिव०)

गोनर्द(न्द)—पंजाब, क्योंकि काश्मीर के राजा गोनर्द ने इसे जीत लिया था। एक 'गोनर्द' अवध में भी है, (गोंडा), जहाँ महाभाष्यकार पतञ्जलि ने जन्म ग्रहण किया था।

गोपवन—आबु० गोआ। (विक्रमांकदेवचरित)।

गोपाद्रि—१ रोहतास (पर्वत)। २ काश्मीर में 'तख्ते सुलेमान', जिसे शास्त्रों में 'शङ्कराचार्य' पर्वत भी कहा गया है। ३ ग्वालियर। (राजतरंगिणी)

गोवर्धन—वृन्दावन से १८ मील दूर, वही पर्वत जिसे ('पैधो' ग्राम में) बाल कृष्ण ने अपनी उंगली पर उठा लिया था।

गौड़—(मगध साम्राज्य से मुक्त हुए) बंगाल की प्रतिष्ठा (७वीं सदी में) इस नाम से हुई थी। यह अंग देश के दक्षिण में था। (इप०)

गोमती, चर्मण्वती (दे० 'रन्तिपुर')। गोमल।

घर्घरा—घग्गर नदी, जो कुमाऊँ में निकल कर सरयू में आ मिलती है। (पद्म०)

चक्षु—वक्षु (इक्षु) और आमू नामक नदी जो महाभारत, रघुवंश तथा चन्द्र के महरौली अभिलेख के अनुसार 'शाकद्वीप' में बहती थी।

चन्दनगिरि, मलयगिरि—मालावार घाट। (त्रिकाण्ड०)

चन्द्रना—साबरमती।

चन्द्रभागा—चनाब (चन्द्रिका), जिसकी एक शाखा असिक्नी थी।

चम्पा—श्यामाद्वीप (अन्नाम)। २ अंग तथा मगध के बीच बहनेवाली चम्पा नदी (पद्म०)। ३ चम्ब। रियासत (राजतरंगिणी)। ४ अंग देश की राजधानी (जिसका पुराना नाम 'मालिनी' था)।

चम्पारण्य—(मध्य भारत में) राजिम के पाँच मील उत्तर में, जैनों का एक तीर्थ (जैमिनि भारत)। २ पटना डिवीजन में 'चम्पारन'। (शक्तिसङ्गमतन्त्र)

चरणाद्रि—(मिर्जापुर में) चुनार का प्रसिद्ध अजेय दुर्ग, जिसे बंगाल के पाल राजाओं ने ८-१२वीं सदियों में बनवाया था।

चरित्रपुर—(उड़ीसा में) पुरी का तीर्थ, तीर्थपुरी।

चर्मवती—'रन्तिपुर' गोमती नदी।

चिताभूमि—सन्थाल परगना में, वैद्यनाथ अथवा देवघर, जहाँ १२ ज्योतिर्लिंगों में एक (रावण द्वारा स्थापित) है।

चित्रकूट—बुन्देलखण्ड में पयस्विनी मन्दाकिनी के तट पर वह पर्वत-तीर्थ, जहाँ भगवान् रामचन्द्र ने अपने प्रवास की कुछ अवधि बिताई थी।

चिदम्बरम्, चित्ताम्बरम्—दक्षिण में शिव की पाँच भौतिक मूर्तियों में 'आकाश-तत्त्व' का प्रतिष्ठा-स्थान। (देवी भाग०)।

चेदि—'शम्भी सिन्धु' तथा तोंस के मध्यगत, बुन्देलखण्ड तथा मध्यप्रान्त का कुछ भाग, जो कभी 'शिशुपाल' की राजधानी था।

चैत्यगिरि—भीलसा से तीन मील उत्तर की ओर, बेसनगर—जहाँ अशोक का ससुराल था। (कपिलवस्तु में लुम्बिनी, सारनाथ में बोधगया, काशी में मृगदाव, श्रावस्ती में जेतवन, मगध में राजगृह वैशाली, कुशीनगर आदि बौद्धों के ८ तीर्थ 'चैत्य' कहाते हैं।) कुछ विद्वानों ने इसकी स्थिति-समता साँची तथा विदिशा से भी की है। (महावंश)

चोल—पिनाकिनी (पेन्नार) तथा कुर्ग नदियों के बीच में कोरोमण्डल घाट जिसकी राजधानी, कावेरी पर अवस्थित, 'उरैपुर' थी।

च्यवन—(बंगाल के शाहाबाद जिले में) च्यवन ऋषि का आश्रम।

जन(क)स्थान—गोदावरी तथा कृष्णा के बीच का प्रदेश (जनकपुर विदेह) तथा औरंगाबाद जो 'पहले' दण्डकारण्य का एक भाग था—दण्डकारण्य में पंचवटी (नासिक) भी शामिल थी। (भवभूति)

जमदग्नि—गाजीपुर में ('जमानिया' नाम से प्रसिद्ध) ऋषि परशुराम का आश्रम।

जाबालिपुर—जबलपुर। (प्रबन्धचिन्तामणि)

जयपुर—प्राचीन मत्स्यदेश, विराटनगर।

जाह्नवी—गंगा। किन्तु, जह्नु का आश्रम आजकल, सुल्तानगंज (भागलपुर) के सम्मुख गंगा से निकल रही एक चट्टान पर था, ऐसा बताते हैं।

जीर्णनगर—पूना जिले का जुनेर—जो कभी क्षत्रप राजा नहपान की राजधानी था।

जूर्णनगर—यवननगर, जूनागढ़।

जेतवन (विहार)—श्रावस्ती से १ मील दक्षिण की ओर 'जोगिनीभरिया' नाम का टीला, जहाँ कभी उपवन के अन्दर श्रावस्ती के श्रेष्ठी दानवीर 'अनाथपिण्डक' सुदत्त ने एक 'विहार' स्थापित किया था। (चुल्लवग्ग)

ज्वालामुखी—कांगड़ा में एक 'पीठ', जहाँ 'सती' की जिह्वा गिरी थी। ज्वालामुखी पर्वत की ऊँचाई ३२८४' है, जहाँ १८८२' पर महेश्वरी की एक 'मूर्ति' स्थापित है।

झारखण्ड—छोटा नागपुर, जिसको राजा मधुसिंह की पराजय के अनन्तर अकबर ने १५८५ ई० में मुगल-साम्राज्य में मिला लिया था।

टक्क—व्यास तथा सिन्धु के मध्य का प्रदेश, पंजाब। (मृच्छकटिक)

तक्षशिला—जिला रावलपिण्डी का एक प्राचीन नगर, जहाँ बौद्धयुग में एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था। पाणिनि तक्षशिला-विद्यापीठ में 'आचार्य' थे। 'दिव्यावदान' में अंकित है कि बुद्ध किसी पूर्वजन्म में 'भद्रशिला' के राजा थे, जहाँ एक ब्राह्मण भिक्षु ने उनका सिर काट डाला था। तब से भद्रशिला को लोग 'तक्षशिला' कहने लगे। बौद्धयुग में यहाँ पाणिनि के 'संस्कृत व्याकरण' का अध्यक्ष नियुक्त होना (तथा धनुर्वेद का पाठ्यक्रम में समावेश) हमारी बौद्ध 'पाली' तथा अहिंसा विषयक धारणाओं को एकदम निर्मूल सिद्ध कर देता है।

तपनी—ताप्ती, तापती। (मेघदूत)

तमसा—(अवध में) टौंस नदी, जिसके तट पर वाल्मीकि का 'आदि' जीवन बीता था।

तालवन—कावेरी पर चोल राजाओं की पुरानी राजधानी 'तलकाड'। तीसरी सदी से यहाँ गंगवंश का राज्य रहा था, जिसे ११वीं सदी में चोलों ने तमिल देश से उखाड़ फेंका।

ताम्रपर्णी—(बौद्ध वाङ्मय में) सिंहल द्वीप। २ दक्षिण में अगस्त्यकूट पर्वत से उद्भूत ताम्रपर्णी नदी। (रघुवंश)

ताम्रलिप्ती—प्राचीन सुह्म देश की एक नदी एवं राजधानी, मौर्यकाल से लेकर गुप्तों के पतन तक (एक सहस्र वर्ष !) इसका यथावत् ऐतिहासिक महत्त्व रहा। (महा०, रघु०)

तीरभुक्ति—तिरहुत। (देवीभाग०)

तुंगभद्रा—मैसूर के दक्षिण-पश्चिमी सीमान्त पर कृष्णा की सहायक नदी।
तुण्डीरमण्डल—द्रविड़ देश का एक भाग, 'तोण्डमण्डल' (कोरोमण्डल ?) जिसकी राजधानी काञ्चीपुर थी। (मल्लिकमारुत)
तुरुष्क—पूर्वी तुर्किस्तान। (राज०)
तुषार—यूनानी लेखकों का 'बक्ट्रिया' तथा अरबी लेखकों का 'तुखारिस्तान', जिसमें बल्ख तथा बदख्शां शामिल थे।
तृष्णा—तिस्तानदी। शाल्मलि द्वीप (कालडिया) में 'टाइग्रिस नदी'।
त्रिककुद्, त्रिविष्टप—(तिब्बत)। २ त्रिकूट (सिंहल में भी ?)। ३ जुनर।
त्रि(क)लिंग—तेलंगाना।
त्रिगर्त—जालन्धर—'रावी-व्यास-सतलज' का 'त्रि-दोआब'।
त्रिपदी(ति)—तिरुपति, वेङ्कटगिरि। रामानुज ने यहाँ विश्वनाथ की मूर्ति स्थापित की थी, 'रसगंगाधर' के रचयिता पण्डितराज जगन्नाथ की जन्मभूमि।
त्रिपुरा—किरात देश, तिपारा—जो कामरूप के अन्तर्गत था।
त्रिपुरी—जबलपुर से सात मील पश्चिम में, नर्मदा तट पर, 'तिओर' जहाँ महादेव ने त्रिपुरासुर का वध किया था (लिङ्ग०)। २ कलचुरियों की राजधानी—चेदिनगर। ३ शोणितपुर।
त्रिवेणी—(प्रयाग में) गंगा-यमुना-सरस्वती का, तथा पूर्व की ओर गण्डकी देविका-ब्रह्मपुत्र—का 'सङ्गम-तीर्थ'। (बंगाल में 'मुक्त' त्रिवेणी, इलाहाबाद में 'युक्त'-त्रिवेणी)
त्रिशिरपल्ली—'त्रिचनापल्ली', जहाँ रावण का सेनापति रहा करता था।
त्र्यम्बक—नासिक से २० मील पर, प्रसिद्ध गोदावरी-तीर्थ।
दक्षिण-गंगा—गोदावरी अथवा कावेरी अथवा नर्मदा अथवा तुङ्गभद्रा।
दक्षिणगिरि—दशार्ण (कालिदास), जिसकी राजधानी 'चेतिय' थी, भूपाल राज्य।
दक्षिण-मथुरा—मदुरा अथवा मीनाक्षी, पाण्ड्यों की प्राचीन राजधानी।
दक्षिणापथ—दाक्षिणात्य जनपद, अर्थात् 'विन्ध्य के दक्षिण का भारत'।
दण्डकारण्य—विन्ध्य तथा शिवालय के मध्य का 'महाकान्तार' अथवा 'महाराष्ट्र', जो जनस्थान के पश्चिम में था। (भवभूति)
दर्दुर—(मद्रास में) नीलगिरि पर्वतमाला।
दर्भवती—(गुजरात में) दभोइ।
दशपुर—(मालवा में) मन्दसौर (मन्दशपुर) अर्थात् दासौर।
दशार्ण—'पूर्वी मालवा' देश। (दक्षिणगिरि) जिसकी राजधानी (अशोक के समय में) 'चैत्यगिरि' थी।
दारोरक—मालवा। (त्रिकाण्ड०)
दुर्जयलिंग—दार्जिलिंग।
दुर्वासाश्रम—भागलपुर से २५ मील की दूरी पर; 'कल्हगाम' के निकट, 'पत्थर पहाड़' पर दुर्वासा ऋषि का आश्रम।
दृषद्वती—अम्बाला और सरहिन्द के मध्य की नदी, घग्गर।
देवगिरि—निजाम राज्य में, दौलताबाद। ३ महाराष्ट्र (देवराष्ट्र ?) में। शिवालय। २. अरावली की एक शाखा। (मेघदूत)
देवपत्तन—प्रभास = सारनाथ।
देवपुर—मध्यभारत में, महानदी तथा पैरी के संगम पर, राजिम।
देवराष्ट्र, महाराष्ट्र (?)—समुद्रगुप्त की दक्षिण विजय के समय इसका राजा कुबेर था।

नि(नं)जना (रा)—फल्गु नदी (अश्वघोष), जिसके तट पर भगवान् बुद्ध को बोध प्राप्त हुआ था।

पचकेदार—गढ़वाल की पर्वतमाला पर केदारनाथ, तुङ्गनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमेश्वर, कल्पेश्वर नाम क (महादेव के अङ्ग के द्योतक) पाँच शृङ्ग। (बदरीविशाल०)

पञ्चगौड—बंगाल के प्राचीन विभाग—पुण्ड्र, राढ, मगध, ताम्रलिप्ति, वारेन्द्र। (राजत०)

पचग्राम—दे० पाणिप्रस्थ।

पचतीर्थ—हरिद्वार की पश्चिमी धारा में (सप्त, सीता, अमृत, राम, सूर्य) कुण्ड। (स्कन्द०)

पचद्रविड—द्राविड कर्णाट गुजरात महाराष्ट्र, आन्ध्र—दक्षिण के जिस विभाग का आधार, भूगोल नहीं, ब्राह्मणों का 'अन्तर्जातीय भेद' है।

पचनद—पंजाब। कुरुक्षेत्र में एक तीर्थस्थान। कृष्णा, वेत, तुङ्ग, भद्रा, कोन (नदियों का) 'दाक्षिणी' पंचाल।

पचप्रयाग—भिन्न संगमों पर अवस्थित देव, कर्ण, रुद्र, नन्द तथा विष्णु—'प्रयाग' तीर्थ।

पचबदरी—बदरीनाथ, वृद्धबदरी, भविष्यबदरी, आदिबदरी, पाण्डुकेश्वर आदि।

पञ्चवटी—नासिक्य (नासिक), जहाँ रावण ने सीता का अपहरण किया था। यहीं शूर्पणखा तथा मारीच के काण्ड हुए थे।

पचाल—रोहिलखण्ड, जो पहले गंगा की धारा द्वारा दक्षिण तथा उत्तर पचालों में विभक्त था। उत्तर पचाल की राजधानी अहिच्छत्रा थी, दक्षिण (जहाँ की द्रौपदी थी) की काम्पिल्य।

पद्मक्षेत्र—उड़ीसा में, 'कोणार्क' नाम से प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर।

पद्मपुर, पद्मावती—भवभूति की जन्म तथा दीक्षाभूमि, आधु० पद्मपवाया (विजयनगर = विद्यानगर)। (उत्तरचरित)

पम्पा—किष्किन्धा में, तुङ्गभद्रा की एक धारा। यहाँ पर, ऋष्यमूक के चरणों में 'पम्पा' सरोवर भी है।

पयस्विनी—त्रावनकोर में, पापनाशिनी नदी।

परुष्णी—इरावती (पंजाब की रावी) नदी।

पर्णाशा—राजपूताना में, चम्बल की एक धारा, बनास।

पल्कट—पल्घाट दशनपुर।

पलाशिनी—कपिशा, सुवर्णरेखा।

पल्लव—दक्षिण में, कोरोमण्डल से सीमित देश—राज० काञ्ची।

पवमान—पारियात्र की, या हिन्दूकुश की, एक पर्वतमाला।

पशुपतिनाथ—(नेपाल) मृगस्थली में, महादेव का प्रसिद्ध मन्दिर।

पश्चिम सागर—अरब सागर।

(अ?) पह्ल(न)व—प्राचीन पार्थ (फारस) राज्य का 'मद' प्रदेश। यहीं की 'पह्लवी' लिपि में ज़ेन्द 'अवस्ता' को सर्वप्रथम लिपिबद्ध किया गया था। पह्लव देश कभी (अरबी?) घोड़ों के लिए भी विख्यात था।

पाटलिपुत्र—पटना, जिसका मूल निर्माण अजातशत्रु (४८० ई० पू०) ने किया था। मगध की प्राचीन राजधानी गिरिव्रज (राजगृह) का त्याग कर, पाटलिपुत्र को नयी राजधानी उदयाश्व ने बनाया था।

पाठेय्य—बुद्धयुग में 'पश्चिमी' भारत—जिसमें कुरु, पंचाल, अवन्ती, गान्धार, कम्बोज, शूरसेन आदि सम्मिलित थे। (महावग्ग)

पाणिप्रस्थ—पानीपत। पाणि, शाण, इन्द्र, तिल, मर्ग—ये पाँच 'प्रस्थ' (ग्राम) लेकर भी

युधिष्ठिर सन्तुष्ट था, किन्तु दुर्योधन न माना। इन 'पाँच ग्रामों' के नाम महाभारत ने तथा वेणीसंहार में कुछ भिन्न हैं।

पाण्डु (पाण्ड्य)—दक्षिण के अधु० तिन्नेवेल्ली तथा मदुरा डिवीजन—जो समय-समय पर अपनी राजधानी—उरैपुर>मदुरा>कोल्कई—बदलते रहे। यहाँ के राजा पुरु ने २६ ई० पू० में अपने दूत रोम भेजे थे।

पाताल—(रामायण में) अम्मन्दवती (अमू) के उत्तर में और वल्ख के द० पू० अश्मक = 'औक्सियाना' देश।

पापनाशिनी—पयस्विनी।

पारमफुत्र—मिश्र। (अर्थशास्त्र)

पारसीक, पारस्य—फ़ारस। (रघु०, विष्णु०)

पारस्कर—सिन्ध में 'थल पारकर'। (पाणिनि)

पारिया(पा)त्र—विन्ध्य की पश्चिमी शाखा, जो कभी आर्यावर्त्त की दक्षिणी सीमा थी। (महाभाष्य)

पावनी—(कुरुक्षेत्र में घग्घरा = दृषद्वती) घग्घर नदी, जो पञ्जाब के हिन्दी पञ्जाबी जनपदों की प्राकृतिक 'नाप' है।

पिनाकिनी—(मद्रास में) नन्दिदुर्ग से उद्गत, 'पेन र' नदी।

पिष्टपुर—गोदावरी जि० में, 'पिठापुर'। (हरिषेणप्रशस्ति)

पुण्ड्रवर्धन—पंचगौड (बंगाल) में, गंगा तथा हेमाद्रिकूट का 'मध्यदेश'।

पुण्यपत्तन—पुणे, पूना, पुनक।

पुरुषपुर—गान्धार देश की (एक) राजधानी, पेशावर। (विष्० स्त्रीराज्य)

पुरुषोत्तमक्षेत्र—(उड़ीसा में) पुरी।

पुलिन्द—भारत की पूर्वीय (कामरूप) तथा पश्चिमीय (बुन्देलखण्ड, सागर) सीमाओं पर कभी पुलिन्दों तथा शबरों के घर थे।

पुष्कर—अजमेर से ६ मील दूर, झील 'पोखरा'। महाभारत के समय में यहाँ उत्सवसंकेतों की सात (म्लेच्छ ?) जातियाँ रहा करती थीं।

पुष्करद्वीप—मध्य-एशिया में, 'बोखारा'।

पुष्करावती—प्राचीन गान्धार की राजधानी—जिसे भरत ने अपने पुत्र के नाम से बसाया था और जिस (अष्टनगर) पर सिकन्दर का पहला आक्रमण हुआ था।

पुष्करावती नगर—रंगून। (दीपवंश)

पुष्पपुर—कुसुमपुर, पटना।

पूर्वगंगा—नर्मदा।

पृथूदक—करनाल में, सरस्वती नदी पर, 'पेहोवा'—जहाँ प्रसिद्ध 'ब्रह्मयोनितीर्थ' अवस्थित है।

पृष्ठचम्पा—बिहार।

पौरव—जेहलम के पूर्व में, पौरवों का राज्य—जहाँ सिकन्दर पुरु की 'अग्निपरीक्षा' पर चकित रह गया था।

प्रतिष्ठान—उत्पलारण्य (बिठूर), जहाँ के (राजा उत्तानपाद के पुत्र) ध्रुव ने मथुरा में घोर तपस्या की थी। पालिग्रन्थों में गोदावरी के तट पर अश(श्म)क (महाराष्ट्र) की (राजधानी) का उल्लेख 'ब्रह्मपुरी' प्रतिष्ठान नाम से हुआ है। इलाहाबाद के सम्मुख गंगा पार झूँसी को आज भी 'प्रतिष्ठानपुर' कहते हैं। जिला गुरदासपुर (औदुम्बर) की राजधानी पठानकोट का भी पुराना नाम 'प्रतिष्ठान (कोट ?)' ही था।

प्रत्यग्रह—अहिच्छत्र।

प्रभास—काठियावाड (जूनागढ) में सोमनाथ का प्रसिद्ध तीर्थ, प्राचीन नाम देवपत्तन। यहीं भगवान् कृष्ण का प्राणोत्सर्ग हुआ था।

प्रयाग—प्राचीन कोसल का वह भाग, जिसकी राजधानी प्रतिष्ठान (झूँसी) थी। इतिहास में पुरूरवा (दुष्यन्त), नहुष, ययाति, पुरु, भरत का सम्पर्क इधर से ही अधिक रहा है, आधुनिक इलाहाबाद।

प्रवरपुर—प्रवरसेन द्वितीय द्वारा प्रतिष्ठापित (काश्मीर की राजधानी) श्रीनगर।

प्रस्थल—फिरोज़पुर पटियाला सिरसा के अन्तर्गत प्रदेश। (मार्क०)

प्रस्रवण—गोदावरी के तट पर, जनस्थान में शोमायमान (औरंगाबाद) की पहाड़ियाँ, जिन्हें रामायण में माल्यवान् (गिरि) भी कहा गया है।

प्रह्लादपुरी—मुलतान।

प्राग्ज्योतिष—प्राचीन 'कामरूप' की राजधानी-कामाख्या, गोहाटी।

प्राच्य—(सरस्वती के) दक्षिण पूर्व का भारतवर्ष।

फल्गु—निरंजना नदी-भगवान् बुद्ध के नव जन्म एवं बोध की भूमि। (अश्वमेध)

बंग—'बंगाल', किन्तु दे० पचगौड।

बदरी—बदरिकाश्रम, बदरीनाथ। दे० पंचबदरी।

बालुकेश्वर—(बम्बई के निकट) 'मालाबार हिल'।

बालोक्ष—बलोचिस्तान। (अवदानकल्पलता)

बिन्दुसर—गंगोत्तरी के दो मील दक्षिण की ओर, 'रुद्र हिमालय' पर प्रसिद्ध सरोवर, जो भगीरथ की तपोभूमि था।

बेस्सनगर—वैश्यनगर (?) भूपाल में, साँची के निकट, भीलसा से तीन मील पर, चैत्यनगर, जो प्राचीन दशार्ण की राजधानी था। दे० चैत्यगिरि।

ब्रह्मकुण्ड—ब्रह्मपुत्र का उद्गम स्रोत।

ब्रह्मदेश—बर्मा।

ब्रह्मनाल—काशी में, 'मणिकर्णिका' कुण्ड।

ब्रह्मर्षिदेश—ब्रह्मावर्त तथा यमुना के अन्तर्गत देश—जिसमें कुरुक्षेत्र, मत्स्य, पंचाल तथा शूरसेन समाविष्ट थे। (मनुसं०)

ब्रह्मसर—रामह्रद।

ब्रह्मावर्त्त—सरस्वती तथा दृषद्वती का 'मध्यप्रदेश', जो आर्यों का प्रथम 'उपनिवेश' था।

भद्रा—यारकंद, तथा यारकंद की जरफ्शां नदी।

भर (भृगु) कच्छ ?—भड़ोच, जहाँ वामन ने राजा बली का अभिमान भंग किया था।

भारतवर्ष—भरत के नाम से 'भारतवर्ष' कहलाने से पूर्व हमारे देश का नाम 'हिमाह्व' अथवा 'हैमवत' था। अर्थात् मूल अर्थों में भारतवर्ष 'उत्तर भारत' का नाम था। मार्कण्डेय तथा विष्णु पुराण के अनुसार भारतवर्ष की सीमाएँ थीं—उत्तर में हिमालय, दक्षिण में समुद्र, पश्चिम में यवन तथा पूर्व में किरात। दक्षिणापथ में प्रथम प्रवेश अगस्त्य ने, पश्चात् अशोक के धर्म ने तथा समुद्रगुप्त की बाहुओं ने किया था।

भार्गव—पश्चिमी आसाम। (ब्रह्माण्ड०)

भास्करक्षेत्र—प्रयाग। (प्रायश्चित्ततत्त्व)

भीम(ा)—विदर्भ (देश एवं नदी)।

भोज (पाल)—मध्यभारत में, राजा भोज के बनाये (झीलों के) पालों (बाँधों) के नाम पर 'भूपाल' (देश)।

भोटांग—काश्मीर-कामरूप के अन्तर्गत देश, भूटान, तिब्बत। (तारातन्त्र)।

भ्रातृदर्शन—(अवध में) नन्दिग्राम, भादरसा—जहाँ भरत ने राम के वियोग में १४ वर्ष काटे थे। (अर्वाचनार)

मगध—दक्षिण बिहार, जिसकी राजधानी गिरिव्रज थी। अजातशत्रु ने वैशाली के वृज्जियों की उन्नति पर रोक रखने के लिए 'पाटलिग्राम' को नई राजधानी में परिणत कर दिया था। यहीं पर भीम ने जरासन्ध का वध किया था।

मणिकर्णिका—कुल्लू की घाटी में व्यास की एक धारा, जिसके निकट कुण्डों के गरम पानी में सब्जियाँ आग के बिना उबाली जा सकती हैं।

मणितट—(आसाम में) मणिपुर। (मघ०)

मत्स्य—जयपुर का प्राचीन क्षेत्र, जिसमें आधु० अलवर तथा भरतपुर शामिल थे। पाण्डवों का अज्ञातवास इधर ही विराट के महलों में गुजरा था।

मद्र—रावी-चनाब का मध्यदेश, जिसकी राजधानी शाकल (स्यालकोट) थी। शल्य तथा अश्वपति (सावित्री का पिता) यहीं के राजा रहे। 'माद्री' कन्याएँ अपने रूप-लावण्य के लिए प्रसिद्ध थीं।

मधुपुरी—मधुरा (मथुरा)। इसे शत्रुघ्न ने बसाया था। मधु (राक्षस) की नगरी सम्भवतः आजकल की 'महोली' है (जहाँ 'मधुवन' तीर्थ भी है)।

मध्यदेश—हिमगिरि, विन्ध्य, सरस्वती और प्रयाग के अन्तर्गत देश (जिसमें अन्तर्वेद सम्मिलित था), बौद्ध ग्रन्थों का 'मज्झिमदेश'। इसमें कुरु, पचाल, मत्स्य, यौधेय, कुन्ती, शूरसेन आदि का समावेश होता था। (मनु०)

मध्यमराष्ट्र—दक्षिणकोसल, महाकोसल। (अर्थशास्त्र)

मन्दाकिनी—गढ़वाल में, केदारपति से उद्गत, कालीगंगा। (मन्दाग्नि)

मन्दारगिरि—भागलपुर की एक पहाड़ी, जो 'समुद्रमन्थन' में मथन-दण्ड के रूप में प्रयुक्त हुई थी।

मरु(-धन्व,-स्थल)—राजपूताना, मारवाड़।

मरुद्वृधा—मरुवर्दवाँ, असिक्नी (चनाब की एक धारा, 'आंस') के पश्चिम में।

मयूर—हरिद्वार के निकट, मायापुरी।

मलयगिरि—पश्चिमी घाट का दक्षिण भाग, 'त्रावनकोर हिल्ज़'।

मलयालम्—मलार, मालबार—जिसके अन्तर्गत कोचीन-त्रावनकोर का सारा प्रदेश था। (राजावली)।

मल्लदेश—मालव-देश, मुलतान।

मल्लराष्ट्र—महाराष्ट्र।

महती, महिता—(मालवा में) माही नदी।

महाकोसल—दक्षिणकोसल।

महाकौशिक—नेपाल में सात 'कोसियों' से निर्मित एक और 'सप्तसिन्धु' देश, जहाँ 'ताम्रोर-अरुण-सुन' की 'त्रिवेणी' भी है।

महाराष्ट्र—कृष्णा-गोदावरी के इस 'मध्यदेश' को पहले 'दक्खिन' भी कहा करते थे, अश्मक भी। अशोक ने यहाँ महाधर्मरक्षित को भेजा था। 'आन्ध्रभृत्य, क्षत्रप, राष्ट्रकूट, चालुक्य-जिनके ही राजवंशों के उत्थान पतन के अनन्तर, इतिहास में, मराठों का युग आता है।

महावन—ब्रज, गोकुल।

महिष(मण्डल)—अनूपदेश अथवा हैहय राज्य (आधु० मैसूर से कुछ अधिक), राज० माहिष्मती। यहीं शंकर तथा मण्डन मिश्र का प्रसिद्ध शास्त्रार्थ हुआ था। (दायभाग)

महेन्द्र—उड़ीसा से मदुरा तक व्याप्त पर्वतशृङ्खला।

महोत्सव—बुन्देलखण्ड का 'महोबा', जिसके नाम पर कभी-कभी सारे के सारे बुन्देलखण्ड को भी महोत्सव' कह देते थे। (प्रबोधचन्द्रोदय)

महोदधि—बंगाल की खाड़ी। (रघु०)

महोदय—कान्यकुब्ज, गाज़ीपुर।

मातङ्ग—कर्मरूप में, दक्षिण पूर्व की ओर, हीरों की खानों के लिए प्रसिद्ध एक 'पट्टी'।

मानस—पश्चिमी तिब्बत (हूणदेश) में कैलाश के चरणों में प्रसिद्ध पुण्य स्रोत।

माया पुरा—मयूर। हरिद्वार-कनखल में मायापुरी की त्रिपुरी।

मारकण्ड—समरकन्द।

मारव—मारवाड़, मरुस्थल।

मार्तिकावत—अलवर (शाल्व)।

माल(*)—(विदेह के पूर्व तथा मगध के उत्तर पश्चिम में) एक 'श्यामल' देश।

मालिनी—हस्तिनापुर के निकट की 'मन्दाकिनी', जिस पर कण्व ऋषि का आश्रम था।

माल्यवत्—तुङ्गभद्रा पर प्रस्रवण गिरि।

मित्रवन—मुलतान।

मिथिला—जनकपुर, विदेह। 'नवद्वीप' विश्वविद्यालय की स्थापना ने मिथिला एवं विक्रमशिला को स्मृतिशेष कर दिया था।

मीनाक्षी—मदुरा।

मुक्तवेणी—इलाहाबाद की 'युक्तवेणी' के विपरीत, हुगली पर त्रिवेणी का 'विप्रलम्भ' संगम।

मुण्डा—छोटा नागपुर में, जि० राँची।

मुद्ग(ल)गिरि—(बिहार में) मुंगेर, जहाँ कभी मुद्गल ऋषि का आश्रम था और जहाँ बुद्ध के महान् शिष्य मौद्गल्यायन ने 'श्रुतविंशतिकोटि' श्रेष्ठी को धर्म में दीक्षित किया था। (भारतब्राह्मण)

मुरला—आसाम की एक धारा। नर्मदा। केरल = मालाबार।

मू(मौ)जवत्—काश्मीर में एक पर्वत, जिस पर सोम बहुत था।

मूलस्थान—माल्यवस्थान (?), मुल्तान। प्रसिद्ध ऐतिहासिक पूछे के नाम-'व्युत्पत्ति' के आधार पर इसे 'सृष्टि का उद्गम' माना है। पौराणिक गाथाओं के अनुसार यहीं नृसिंह के द्वारा हिरण्यकशिपु का वध हुआ था, सो, इसका एक नाम प्रह्लादपुरी (अर्थात् 'होली' का मूलस्थान) भी है। हर्षचरित के अनुसार माल्वदेश, रामायण के अनुसार मल्लदेश भी। यूनानियों ने इसी को हिरण्यपुरी (हिरण्यकशिपु की पुरी, होला = हिरण्य = Aura ?) कहा है।

मूषिक—सिन्ध का ऊपर का भाग, सम्भ० 'अलोर'।

मृ(मि)गदाव—सारनाथ, 'धम्म-चक्कपवत्तन' का 'मूला विहार'।

मृत्तिकावती—पर्णाशा (बनास) पर भोजराजाओं का एक देश, मार्त्त = मारवाड़।

मेकल—विन्ध्य का पूर्वांश, अमरकण्टक शृङ्खला, 'मेकलकन्यका' (नर्मदा) का उद्भव।

मेघना (द)—पू० बङ्गाल की एक नदी। आसाम में, 'समुद्रोमुख' ब्रह्मपुत्र।

मेदपाट—मेवाड़।

मेहत्नु—क्रुमु (काबुल) की एक धारा।

मैनाक—'शिवालिक' शृङ्खला।

मोक्षदा—हरिद्वार, मथुरा, काशी, काञ्ची आदि (सात) 'मोक्षदा' पुरी मानी गई हैं।

मौलि—'रोहतास हिल'।

मौलिस्था(स्था ?)न—माल्व , मल्ल , मूल-स्थान, मुलतान।

यज्ञपुर—उड़ीसा मे वैतरणी नदी पर, **ययातिपुर**—जो छठी-दसवीं सदियों में केसरी राजवश की राजधानी था।

यव—'जावा' द्वीप, जिसे गुजरात के एक राजकुमार ने सातवीं सदी के आरम्भ मे बसाया था। (ब्रह्माण्ड०)

यवननगर, जूर्णनगर—गुजरात का जूनागढ। वक्षु नदी का क्षेत्र, **अश्मक** 'आसियाना', जहाँ (५वीं सदी ई० मे) हूणों की एक उपजाति 'ज्वाँ-ज्वाँ' (यवनी) रहा करती थी। (रघु०)

युक्तवेणी—बंगाल की 'विप्रलब्धा' **मुक्तवेणी** के विपरीत, **प्रयाग** की 'सम्भोगिनी' **त्रि-वेणी**।

यौधेय—बहावलपुर का जोहिय वाड़, जो महाभारत तथा गुप्तयुग मे यौधेयों का सीमान्त था। बाइबिल मे इन्हें 'हुर' तथा १६वीं सदी के यात्रावृत्तों में 'आयुध' कहा गया है।

रत्नद्वीप—सिंहल।

रत्नपुर—बिलासपुर के १५ मील उत्तर, (मयूरध्वज हैहयों की) दक्षिणकोसल की राजधानी।

रथस्था—अवध की राप्ती (**रेवती**) नदी।

रन्तिपुर—गोमती तट पर 'रिन्ताम्बूर'। **गोमती (चर्मण्वती)** के तट पर रन्तिदेव का दैनिक 'गोमहत्त्व साव' (यज्ञ) होता था।

रसा—*अवस्ता की 'रन्हा' नदी, अथवा यूनानियों की 'जक्सार्टिस'—जो शकों नागों हूणों का* मूल-आवास थी।

रसातल—कैस्पियन सागर के उत्तर की ओर, **हूण राज्य**, पश्चिमी तातार। हूणों की विभिन्न जातियों के आधार पर रसातल के सात लोक थे—अतल, नितल, वितल, तलातल, महातल, सुतल, पाताल (?)।

राजगृह—मगध की प्राचीन राजधानी, जिसे (गिरिव्रज के उत्तर मे) बिम्बिसार ने बसाया था।

राजपुरी—(काश्मीर मे) पुछ के द० पू०, 'राजौरी'।

राढ़—'**पंचगौड़**' का पश्चिमी प्रदेश।

रामगिरि—कालिदास के यक्ष की तथा रामायण के शम्बूक की तपोभूमि—मध्यभारत मे, 'रामटेक' पर्वतशृङ्खला।

रामणीयक—आर्मीनिया। (महा०)

रामदासपुर—अमृतसर—गुरु नानक का, रामदास द्वारा प्रस्तुत, 'शान्ति निकेतन'।

रामह्रद—(कुरुक्षेत्र मे) '**ब्रह्मसर**' तीर्थ, जो राजा कुरु की तपोभूमि, पुरूरवा उर्वशी की मिलन-*भूमि तथा वृत्र की मृत्युभूमि था। यहीं 'प्रतिज्ञा'-भंग कर कृष्ण ने भीष्म के विरुद्ध 'सुदर्शन चक्र'* उठाया था—**चक्रतीर्थ**।

रामेश्वरम्—*सिंहल तथा भारत के मध्य,* **सेतुबन्ध**।

रावणह्रद—कैलास के निकट, 'अनवतप्त' सरोवर, रावण की तपोभूमि।

रेवती—अचिरावती (राप्ती)।

रेवा—नर्मदा—

रैवत(क)—*जैन सन्त नेमिनाथ की जन्मभूमि, गुजरात का गिरिनार पर्वत।*

रोह (हि)—अफगानिस्तान।

रोहितक—बंगाल के शाहाबाद जिले में विन्ध्य की एक शाखा, **रोहिताश्म(श्व)**। पंजाब के 'रोहतक' का संस्थापक रोहिताश्व (हरिश्चन्द्र का पुत्र) नहीं था—अपितु यह नाम ही स्वयं '**बहु-धान्यक**' का पर्याय एवं अपभ्रंश है।

लंका—विन्ध्याचल, जो कि भारत की रीढ़ (तु० पंजाबी मे 'लक') है। रावण की 'लङ्का' (गोंडवाना ?) कहीं विन्ध्य शिखर पर थी—जहाँ के गोंड आजकल भी अपने को रावण के वंशज बताते हैं, जहाँ के ओरांवा आज भी अपने को वानरों के वंशज बतलाते हैं, जहाँ हर टीले (शृङ्ग) को 'लंका' तथा हर नदी को 'गोदा' कहते हैं। स्वयं रामायण के अनुसार अयोध्या

किंपि ध्या-लका २०० मील का अन्तर था। वराहमिहिर के अनुसार उज्जयिनी और लका एक ही अक्षांश पर स्थित थीं, पुराणों के अनुसार भी लका तथा सिंहल दो भिन्न भिन्न द्वीप हैं। साहश्य का प्रथम 'आरोप', सभवत, धर्मकीर्त्ति मे मिलता है, और आज तो 'सेतुबन्ध' आदि कितने ही 'तीर्थों' ने इतिहास की स्पष्टता एव परम्परा को सर्वथा धूमिल कर दिया है।

ल(न)वपुर—लवकोट, लोभपुर, लोहोर (राजत०), लाहौर।

ला(ना)ट (देश)—दक्षिण गुजरात (माही–ताप्ती का दोआब)।

ली(नी) राजल (न)—बुद्ध तथा सुजाता की तपोभूमि-पुनर्भवभूमि—निरंजना(रा), फल्गु। (अश्वघोष)

लुम्बि(म्बि)नी—नेपाल की तराई मे, 'रुम्मिनदेई'—भगवान् बुद्ध का जन्म तपोवन, जिसका स्थान बौद्धों के ८ चैत्यों मे प्रथम है।

लोध्रकानन—कुमाऊँ मे, गर्ग ऋषि का आश्रम, 'लोधमूना'। (रघु०)

लौहित्य—ब्रह्मपुत्र नदी, जहाँ परशुराम ने मातृहत्या के पाप को धोया था, कालिदास के दिनों में प्राग्ज्योतिष की सीमा।

वक्षु—वंक्षु, रक्षु, चक्षु—औक्सस् अर्थात् आमू दरिया।

वश—वत्स (देश)।

वटपद्रपुर—गायकवाड की राजधानी, बडोदा।

वत्स—इलाहाबाद के पश्चिम मे उदयन का राज्य, राज० कौशाम्बी।

वन—ब्रजमण्डल के १२ वनों—वृन्दा, मधु, कुमुद आदि—का सर्वनाम, वामनपुराण के अनुसार कुरुक्षेत्र के ७ वनों का।

वरदा—मध्यभारत में 'वर्धा' नदी।

वराहक्षेत्र—काश्मीर मे, जेहलम के तट पर, 'वारामूला'।

वर्धमान (कोटि)—काशी तथा प्रयाग का मध्यवर्ती, अस्थिक (ग्राम), जहाँ महावीर ने 'कैवल्य' सिद्धि पाकर प्रथम 'वर्षा' बिताई थी।

वर्ष—वराहपुराण में वर्णित—नील, निषध, श्वेत, हेम, हिमवत, शृङ्गवत—६ पर्वत।

वलभि—वलभि युग में सुराष्ट्र की राजधानी।

वशिष्ठाश्रम—अवध मे अर्बुद (आबू) पर्वत पर, तथैव कामरूप में, वशिष्ठ का तपोवन।

वसुधारा—अलकनन्दा।

वाकाटक—हैदराबाद-दक्खिन मे, कैल्किल यवनों का—तथा अनन्तर (वाकाटक) विन्ध्य शक्ति द्वारा सस्थापित गुप्तकालीन—राज्य।

वातापिपुर—बीजापुर में, 'बादामी'–जो छठी सदी में महाराष्ट्र राज पुलकेशी की राजधानी था।

वामनस्थली—जूनागढ के निकट, वनथाली। राजस्थान की 'वनस्थली' (?)।

वाराणसी—'वरणा' तथा 'अस्सी' के सगम पर अवस्थित होने से, काशी का यथार्थ नाम।

वाल्मीकि-आश्रम—कानपुर से १४ मील दूर, बिठूर (उत्पलारण्य)—जहाँ भगवान् राम के यज्ञिय अश्व को लव कुश ने बाँध लिया था।

वाशिष्ठी—गोमती नदी, चर्मण्वती (?)।

वाहीक—व्यास तथा सतलज का दोआब (केकय के उत्तर में), पजाब।

वाह्लीक—श(ा)कद्वीप, बैक्ट्रिया की राजधानी, बल्ख। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने, शकाधिपति को बल्ख तक खदेड़ कर, मानो वराह-अवतार द्वारा पृथ्वी का उद्धार करते हुए ध्रुवस्वामिनी तथा गुप्तसाम्राज्य की 'लाज रखली' थी। (मेहरौली अभिलेख, मुद्राराक्षस, रघुवंश)

विक्रमपुर—ढाका में, 'वल्लालपुरी'—आदिशूर की तथा सेन राजाओं की राजधानी।

विक्रमशिला—आठवीं सदी के राजा धर्मपाल द्वारा स्थापित बौद्ध विहार, जिसका महत्त्व, आखिर, 'नवद्वीप विद्यापीठ' की स्थापना के अनन्तर ही कुछ घटा था।
विजयनगर—बंगाल के राजशाही डिवीजन में, सेन राजाओं की राजधानी। **विद्यानगर।**
वितस्ता—वि-तमसा (?), जेहलम (नदी)।
विदिशा—मालवा में बेतवा (**वेत्रवती**) नदी पर भील्सा, जो प्राचीन **दशार्ण** की राजधानी थी, विशाला। (मेघ०)
विदेह—दरभंगा में जनकपुरी, **तीरभुक्ति** (तिरहुत), **मिथिला, जनस्थान।**
विद्यानगर—तुङ्गभद्रा पर विजयनगर के सङ्गम राजाओं की राजधानी, **विजयनगर।**
विनशन—कुरुक्षेत्र (सरहिन्द, पटियाला) में जहाँ सरस्वती लुप्त हो जाती है, वह तीर्थ।
विनाशिनी—गुजरात में बनास नदी।
विनीतपुर—उड़ीसा में, कटक।
विन्ध्यपाद—ताप्ती आदि का उद्गम, 'सतपुड़ा' पर्वतश्रेणी।
विपाशा—व्यास नदी।
विराटनगर—मत्स्यदेश, जयपुर—पाण्डवों का अज्ञातवासगृह।
विशाला—अवन्ती की राजधानी, उज्जैन (उज्जयिनी)। बौद्ध युग में वैशाली की राजधानी, बसाढ़।
विशाखा (पत्तन)—विजगापट्टम्।
विश्वामित्राश्रम—जहाँ ताटका का वध हुआ था, बिहार के शाहाबाद जिले में बक्सर, **वेदगर्भपुरी।**
वीतभयपत्तन—प्राचीन '**वीचिग्राम**', अल्लाहाबाद से ११ मील दक्षिण पश्चिम, 'विठा'—जहाँ कई ऐतिहासिक मुद्राएँ मिली हैं।
वृद्धकाशी—मद्रास का तीर्थ, 'पुदुवेलिगोपुरम्'।
वेंकटगिरि—मद्रास में, तिरुपति के निकट, '**तिरुमलई**' पर्वत।
वेंगी—गोदा-कृष्णा के अन्तर्गत, आन्ध्रों की राजधानी।
वेणी—कृष्णा नदी।
वेत्रवती—बेतवा नदी।
वेदारण्य—तंजोर में, अगस्त्य का तपोवन।
वेदगर्भपुरी—बक्सर, 'जहाँ विश्वामित्र को 'गायत्री' ने आलोकित किया था।'
वेन—मध्यभारतीय गंगा, गोदावरी की एक धारा।
वैकुण्ठ—ताम्रलिप्ती पर एक तीर्थ।
वैतरणी—परशुराम के भगीरथ प्रयत्न से 'अवतारित', उड़ीसा की गंगा—जहाँ कभी **ययाति-पुर** बसा था।
वैशाली—मगध विदेह के मध्य का प्राचीन साम्राज्य, जो आजकल मुजफ्फरपुर जिले का दक्षिणी भाग ठहरता है। बौद्ध युग में यह वृज्जियों-लिच्छवियों की राजधानी थी।
व्याघ्रसरोवर—बक्सर, **विश्वामित्राश्रम।**
शंकरतीर्थ—नेपाल में, जहाँ शिव ने 'पार्वती विजय' के लिए तप किया था।
शंकराचार्य—काश्मीर में, 'तख्ते सुलेमान', सन्धिमान गिरि।
शंकास्य—**कान्यकुब्ज।**
शकस्थान—सीस्तान, शकों का मूल देश जहाँ से वे मध्य-एशिया की ओर बढ़े।
शतद्रु—सतलज।

शम्बूकाश्रम—मध्यभारत में, **रामगिरि** (रामटेक)। (रामा०)
शर्यणावत्—रामह्रद, ब्रह्मसरोवर।
शाकंभरि—पश्चिमी राजपूताना में, 'साभर'—जहाँ शर्मिष्ठा ने देवयानी को 'देवोदानी' कूप में ढकेल दिया था।
शाकद्वीप—मध्यएशिया में 'शक-भूमि', 'तारतरी'—बोखारा तथा समरकन्द के मध्यगत 'साइथिया' अथवा 'सोग्दियाना'।
शाकल—मद्र देश की राजधानी, स्यालकोट।
शान्ति—साँची। (महा०)
शार्ङ्गनाथ—सारनाथ।
शालातुर—प्राचीन गान्धार में, पाणिनि की जन्मभूमि।
शाल्मली (द्वीप)—काल्दया। मैसोपोटामिया। सीरिया। (ब्रह्माण्ड०)
शाल्व—कुरुक्षेत्र के निकट सत्यवान् के पिता द्युमत्सेन का राज्य, जिसमें जोधपुर, जयपुर, अलवर शामिल थे—**मार्तिकावत**। **शाल्वपुर** = **सौभनगर** (अलवर) उसकी राजधानी थी।
शिवालय—एलोरा।
शिरोवन—प्राचीन **चेर** (केरल) की राजधानी, तञ्चल्ड'।
शुक्तिमती—(उड़ीसा में) **सुवर्णरेखा** नदी।
शूद्रक—सिन्ध तथा सतलज के मध्यगत देश, राज० उच्च।
शूरसेन—कृष्ण के बाबा क नाम से विख्यात राज्य, राज० **मथुरा**।
शूर्पारक—**सुपारा**, सूरत।
शृङ्गगिरि—शृङ्गेरी, दक्षिण में जहाँ वैदिक धर्म के पुनरुद्धार के लिए शंकराचार्य ने अपने चार मठों में एक स्थापित किया था।
शेषाद्रि—त्रिपदी, तिरुपति, तिरुमलई।
शैवाल—**शिवालय**, एलोरा। रामटेक। (**रामगिरि**)
शोण—गोंडवाना में **अमरकण्टक** से उद्गत नदी, जो मगध की पश्चिमी (प्राकृतिक) सीमा थी।
शोणप्रस्थ—सोनीपत।
शोणितपुर—कुमाऊँ में, केदारगगा (**मन्दाकिनी**) के तट पर, एक नगर। आसाम में, आधु० तेजपुर'।
शौरिपुर—नेमिनाथ की जन्मभूमि, **मथुरा**। मध्यदेश की 'शौरसेनी' हमारी (वर्तमान) 'राष्ट्र भाषा' की जननी थी।
श्रवणाश्रम—अवध में, जहाँ दशरथ ने शिकार करते हुए अन्धे माता-पिता के इकलौते बेटे श्रवण को भूल से मार डाला था।
श्रावस्ती—अवध में, गोंडा जिले में, राप्ती नदी के तट पर, आधु० 'सहेत महेत'। बुद्ध-युग में श्रावस्ती गौरव के शिखर पर थी।
श्रीपथ—जयपुर से ९० मील उत्तर में, 'बिआना'—'पथयमपुरी'।
श्रीप(इ)द—सिंहल का 'एडम्स पिक'।
श्रीकण्ठ, कुरुजांगल, महाकान्तार—जिसकी राजधानी बिलासपुर थी।
श्रीक्षेत्र—उड़ीसा में, पुरी।
श्रीनगर—काश्मीर की राजधानी, जिसकी स्थापना ५वीं सदी में प्रवरसेन द्वितीय ने की थी।
श्रीरंगपट्टन—(मैसूर में) आधु० 'सेरिंगपटम्'।
श्रीशैल—कृष्णा के दक्षिण में एक तीर्थ पर्वत।
श्रीस्थानक—(बम्बई में) 'थाना', जो कभी उत्तरी कोङ्कण की राजधानी था।
श्रीहट्ट—सिल्हेत। (योगिनी०)

श्लेष्मातक—नेपाल में, पशुपतिनाथ के उत्तर-पूर्व, उत्तर-गोकर्ण।
षष्ठी—बम्बई से १० मील उत्तर की ओर, सालसेट द्वीप।
संगम (तीर्थ)—रामेश्वरम्।
संध्या—मालवा में, यमुना की धारा, सिन्धु।
सदानीरा—प्राचीन पुण्ड्र की एक नदी, जो 'पार्वती परिणय' के क्षण में शिव के हाथ से छूटे पसीने से बनती थी—करतोया। गण्डकी। राप्ती।
सपादलक्ष—शाकम्भरि।
सप्तकुलाचल—महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान, गन्धमादन, विन्ध्य, पारियात्र।
सप्तगंगा—गंगा, कावेरी, गोदावरी, ताम्रपर्णी, सिन्धु, सरयू, नर्मदा।
सप्तगंडकी—गंडकी के 'सप्तमुख'।
सप्तगोदावरी—गोदावरी के 'सप्तमुख'।
सप्तद्वीप—जम्बु, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौञ्च, शाक, पुष्कर।
सप्तमोक्षदापुरी—दे० मोक्षदा।
सप्तर्षि—महाराष्ट्र में सतारा।
सप्तसागर—जम्बुद्वीप (भारत) की 'समुद्रीय' सीमाएँ—लवण, क्षीर, सुरा, घृत, इक्षु, दधि, स्वादु।
सप्तसिन्धु—पंजाब, प्राचीन भारतवर्ष। (उत्तरापथ)
समतट—बंग अर्थात् पूर्वी बंगाल।
समन्तपंचक—कुरुक्षेत्र।
सरयू—(अवध में) घागरा नदी।
सरोवर—ब्रह्माण्डपुराण के मानस आदि १२ तीर्थसर, विशे० नारायणसर।
सह्याद्रि—कावेरी के उत्तर में, पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग (मलयादि)। कावेरी का एक नाम सह्यात्मजा भी है।
सांची—भीलसा के द० पू० में, प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ, शान्ति।
साकेत—अवध, अयोध्या।
सागरसंगम—'गंगामुख' पर कपिलाश्रम, जहाँ सगर के सहस्र पुत्र 'भस्म' हुए थे।
साभ्रमती—साबरमती।
साम्बपुर—मुलतान।
सारस्वत—अजमेर में, पुष्कर सरोवर।
सिंहल—सीलोन। लंका कुछ और थी—'विन्ध्यपाद' में।
सिद्धपुर—कपिल ऋषि की जन्मभूमि, भगीरथ की तपोभूमि—बिन्दुसर।
सिद्धाश्रम—शाहाबाद में, बक्सर—जहाँ विष्णु ने वामनावतार ग्रहण किया था।
सिप्रा—मालवा में, 'क्षिप्रा' नदी—जिस पर उज्जैन बसा था।
सुगन्धा—गोदावरी पर, नासिक।
सुदर्शन—जम्बू द्वीप। काठियावाड़ की प्रसिद्ध ऐतिहासिक झील, जिसका मौर्यकाल में निर्माण तथा, गुप्त युग तक, कितनी ही बार 'उद्धार' हुआ था।
सुदाम(ा)पुरी—गांधी तथा कृष्ण की 'जन्मभूमि', पोरबन्दर। (कीथ)
सुपारग—शूर्पारक, सूरत।
सुब्रह्मण्य—मद्रास में, कुमारस्वामी (तीर्थ)।

सुभद्रा—इरावती नदी।
(सु)मागधी—पटना की शोण नदी, जिस पर कभी राजगृह बसा हुआ था।
सुमनकूट—श्रीप(ा)द।
सुमेरु—गढ़वाल में, बदरीनाथ के निकट, पंचपर्वत (रुद्र हिमा०)—स्वर्णगिरि अथवा हेमकूट नहीं।
सुरथ (अद्रि)—नर्मदा आदि का स्रोत, अमरकण्टक।
सु(सौ)राष्ट्र—सूर्यपुर, सुपारग (सूरत), काठियावाड़ तथा गुजरात का कुछ अंश।
सुवास्तु—गान्धर्वदेश की नदी, स्वात।
सुवर्णभूमि—ब्रह्मदेश (बर्मा)
सुवर्णगिरि—(मैसूर में) मास्की। अशोक के समय में चार 'राज्यपाल' स्थान थे—तक्षशिला, उज्जैन, तोसाली तथा सुवर्णगिरि।
सुवर्णग्राम—(ढाका में) सोनारगाँव।
सुवर्णरेखा—गिरिनार की पलाशिनी। उड़ीसा की कपिशा।
सुह्म—बंग तथा कलिंग के अन्तर्गत देश, राढ़, दे० पंचगौड़।
सूर्यनगर—श्रीनगर।
सूर्यपुर—सूरत। यहीं शंकराचार्य ने अपनी 'वेदान्त भाष्य' रची थी।
सेतुबन्ध—भारत तथा सिंहल के बीच में, श्रीप(ा)द।
सोम पर्वत—अमरकण्टक।
सोमनगर—शाल्वपुर (अलवर)।
सौवीर—सिन्ध तथा मद्र का अन्तर्देश (यौधेय ?)।
स्त्रीराज्य—कुमाऊँ अथवा गढ़वाल का पुराना नाम। महाभारत-युग में यहाँ स्त्रियों का अनुशासन होता था—प्रमीला ने इधर ही अर्जुन से लोहा लिया था। (विप० पुरुषपुर)
स्थाने(ण्वी)श्वर—थानेसर (कुरुक्षेत्र), स्थाणुतीर्थ।
स्रुघ्न—जौनसार जिले में, कालसी।
हंसद्वार—क्रौंचद्वार।
हत्याहरण—अवध में, हरदोई से २८ मील उत्तर-पूर्व, एक तीर्थ—जहाँ भगवान् राम ने (रावण की) ब्रह्महत्या का पाप प्रक्षालन किया था।
हरकेल—बंग, दे० 'पंचगौड़'।
हरक्षेत्र—भुवनेश्वर।
हरिवर्ष—उत्तर कुरु, जिसमें तिब्बत का पश्चिमी भाग शामिल था।
हस्तिनापुर—कुरुओं की प्राचीन राजधानी, गजसाह्वय, किन्तु जनमेजय के दो पीढ़ी बाद, नयी राजधानी कौशाम्बी हो गई थी।
हिरण्यपर्वत—मुदग(ल)गिरि, मुंगेर।
हिरण्यबाहु—शोण नदी।
हृषीकेश—बदरीनाथ तथा हरिद्वार के मध्यस्थित प्रसिद्ध तीर्थ, 'ऋषिकेश'।
हेमकूट—कैलास।
हैमवत—भारतवर्ष।
हैमवती—गंजाम के निकट, महेन्द्र से उद्गत ऋषिकुल्या नदी। इरावती। शतद्रु (सतलुज), जो वशिष्ठ के दृष्टिपात से सौ-सौ धाराओं में फूट गई।
हैहय—अनूपदेश अथवा 'माहिष्मती राज्य' अथवा मालवदेश।
ह्लादिनी—ब्रह्मपुत्र नदी।

सहायक ग्रन्थों की सूची

हिंदी-ग्रन्थ

१ हिन्दी शब्दसागर—नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।

२ भाषा शब्दकोश—डा रमाशंकर शुक्ल।

३ हिन्दुस्तानी कोश—श्री रामनरेश त्रिपाठी।

४ प्रामाणिक हिन्दी कोश—श्री रामचन्द्र वर्मा।

५ हिन्दी पर्यायवाची कोश।

६ पारिभाषिक शब्दकोश—श्री मुकुन्दीलाल श्रीवास्तव।

७ भारत भूमि और उसके निवासी—श्री जयचन्द्र विद्यालंकार।

८ भारत के इतिहास की रूपरेखा— " "

९ इतिहास प्रवेश— " "

१० इतिहास मीमांसा— " "

११ पाणिनिकालीन भारतवर्ष— डा वासुदेवशरण अग्रवाल।

१२ हर्षचरित का सांस्कृतिक अध्ययन— " "

१३ भारत ब्राह्मण (बँगला)— घोषाल

१४ केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद की शब्द सूचियाँ।

१५ बृहत् हिन्दी कोश—कालिका प्रसाद।

संस्कृत-ग्रन्थ

१ पद्मचन्द्रकोश।

२ संस्कृत हिन्दी कोश—आप्टे।

३ वाचस्पत्य कोश।

४ शब्दकल्पद्रुम।

५ शब्दार्थचिन्तामणि।

६ अमरसिंह, हेमचन्द्र, केशव, हलायुध आदि कोश।

७ सिद्धान्तकौमुदी।

८ सुभाषितरत्नभांडागार।

९ सुभाषितरत्नाकर।